2022-23

UPP CONSTABLE

Practice Book

यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड

सिपाही (आरक्षी)

UPP CONSTABLE

प्रैक्टिक बुक

क्र.सं.	विषय	अधिकतम अंक
1.	सामान्य ज्ञान	300 अंक
2.	सामान्य हिन्दी	
3.	संख्यात्मक एवं मानसिक योग्यता परीक्षा	
4.	मानसिक अभिरूचि परीक्षा/ बुद्धिलब्धि परीक्षा/तार्किक परीक्षा	

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा आयोजित

आरक्षी नागरिक पुलिस एवं आरक्षी प्रादेशिक आर्म्ड कांस्टेबुलरी भर्ती परीक्षा

UPP
सिपाही (आरक्षी)
CONSTABLE
प्रैक्टिस बुक

प्रधान सम्पादक

आनंद कुमार महाजन

लेखन एवं सहयोग

यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स परीक्षा विशेषज्ञ समिति

आंतरिक सज्जा

बालकृष्ण, चरन सिंह, विनय साहू

सम्पादकीय कार्यालय

यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स

12, चर्च लेन, प्रयागराज-211002

फोन : 9415650134

Email : yctap12@gmail.com

Website : www.yctbooks.com

प्रकाशन घोषणा

प्रधान सम्पादक एवं प्रकाशक आनन्द कुमार महाजन ने रूप प्रिंटिंग प्रेस, प्रयागराज से मुद्रित करवाकर, यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स, 12, चर्च लेन, प्रयागराज के लिए प्रकाशित किया।

इस पुस्तक को प्रकाशित करने में पूर्ण सावधानी बरती गई है
फिर भी किसी त्रुटि के लिए आपका सुझाव सादर आमंत्रित है।

किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा।

मूल्य : 160/-

विषय सूची

- उत्तर प्रदेश पुलिस परीक्षा पाठ्यक्रम ---------- 3-4

- उत्तर प्रदेश पुलिस प्रैक्टिस सेट-1 5-12
- उत्तर प्रदेश पुलिस प्रैक्टिस सेट-1 का व्याख्या सहित हल 13-23

- उत्तर प्रदेश पुलिस प्रैक्टिस सेट-2 24-31
- उत्तर प्रदेश पुलिस प्रैक्टिस सेट-2 का व्याख्या सहित हल 32-41

- उत्तर प्रदेश पुलिस प्रैक्टिस सेट-3 42-49
- उत्तर प्रदेश पुलिस प्रैक्टिस सेट-3 का व्याख्या सहित हल 50-59

- उत्तर प्रदेश पुलिस प्रैक्टिस सेट-4 60-68
- उत्तर प्रदेश पुलिस प्रैक्टिस सेट-4 का व्याख्या सहित हल 69-78

- उत्तर प्रदेश पुलिस प्रैक्टिस सेट-5 79-85
- उत्तर प्रदेश पुलिस प्रैक्टिस सेट-5 का व्याख्या सहित हल 86-95

- उत्तर प्रदेश पुलिस प्रैक्टिस सेट-6 96-103
- उत्तर प्रदेश पुलिस प्रैक्टिस सेट-6 का व्याख्या सहित हल 104-114

- उत्तर प्रदेश पुलिस प्रैक्टिस सेट-7 115-123
- उत्तर प्रदेश पुलिस प्रैक्टिस सेट-7 का व्याख्या सहित हल 124-134

- उत्तर प्रदेश पुलिस प्रैक्टिस सेट-8 135-142
- उत्तर प्रदेश पुलिस प्रैक्टिस सेट-8 का व्याख्या सहित हल 143-152

- उत्तर प्रदेश पुलिस प्रैक्टिस सेट-9 153-161
- उत्तर प्रदेश पुलिस प्रैक्टिस सेट-9 का व्याख्या सहित हल 162-172

- उत्तर प्रदेश पुलिस प्रैक्टिस सेट-10 173-181
- उत्तर प्रदेश पुलिस प्रैक्टिस सेट-10 का व्याख्या सहित हल 182-192

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड
आरक्षी नागरिक पुलिस एवं आरक्षी प्रादेशिक आर्म्ड कांस्टेबुलरी भर्ती परीक्षा
लिखित परीक्षा का पाठ्यक्रम

क्र.सं.	विषय	अधिकतम अंक
1	सामान्य ज्ञान	300 अंक
2	सामान्य हिन्दी	
3	संख्यात्मक एवं मानसिक योग्यता परीक्षा	
4	मानसिक अभिरुचि परीक्षा/बुद्धिलब्धि परीक्षा/तार्किक परीक्षा	

1. सामान्य ज्ञान

सामान्य विज्ञान, भारत का इतिहास, संविधान, भारतीय अर्थव्यवस्था एवं संस्कृति, भारतीय कृषि, वाणिज्य एवं व्यापार, जनसंख्या, पर्यावरण एवं नगरीकरण, विश्व भूगोल तथा भारत का भूगोल और प्राकृतिक संसाधन, उ.प्र. की शिक्षा संस्कृति और सामाजिक प्रथाओं के सम्बन्ध में विशिष्ट जानकारी, उ.प्र. में राजस्व, पुलिस व सामान्य प्रशासनिक व्यवस्था, मानवाधिकार, आंतरिक सुरक्षा एवं आतंकवाद, भारत और उसके पड़ोसी देशों के बीच सम्बन्ध, राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय महत्व के समसामयिक विषय, राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय संगठन, विमुद्रीकरण और उसका प्रभाव, साइबर क्राइम, वस्तु एवं सेवाकर, पुरस्कार और सम्मान, देश/राजधानी/मुद्राएं, महत्वपूर्ण दिवस, अनुसंधान एवं खोज, पुस्तक और उनके लेखक, सोशल मीडिया कम्युनिकेशन।

2. सामान्य हिन्दी

1-हिन्दी और अन्य भारतीय भाषायें, 2-हिन्दी व्याकरण का मौलिक ज्ञान- हिन्दी वर्णमाला, तद्भव-तत्सम, पर्यायवाची, विलोम, अनेकार्थक, वाक्यांशों के स्थान पर एक शब्द, समरूपी भिन्नार्थक शब्द, अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध करना, लिंग, वचन, कारक, सर्वनाम, विशेषण, क्रिया, काल, वाच्य, अव्यय, उपसर्ग, प्रत्यय, सन्धि, समास, विराम-चिन्ह, मुहावरे एवं लोकोक्तियां, रस, छन्द, अलंकार आदि, 3-अपठित बोध, 4-प्रसिद्ध कवि, लेखक एवं उनकी प्रसिद्ध रचनायें, 5-हिन्दी भाषा में पुरस्कार, 6-विविध।

3. संख्यात्मक एवं मानसिक योग्यता परीक्षा

(क) संख्यात्मक योग्यता परीक्षा-संख्या पद्धति-Number System, सरलीकरण-Simplification, दशमलव और भिन्न-Decimals and Fraction, महत्तम समापवर्तक और लघुत्तम समापवर्तक-Highest common factor and lowest common multiple, अनुपात और समानुपात-Ratio and Proportion, प्रतिशतता-Percentage, लाभ और हानि-Profit and Loss, छूट-Discount, साधारण ब्याज-Simple interest, चक्रवृद्धि ब्याज-Compound interest, भागीदारी-Partnership, औसत-Average, समय और कार्य-Time and Work, समय और दूरी-Time

and Distance, सारणी और ग्राफ का प्रयोग-Use of Tables and Graphs, मन्सुरेशन-Menstruation, अंकगणितीय संगणना व अन्य विश्लेषणात्मक कार्य-Arithmetical computations and other analytical functions, विविध-Miscellaneous।

(ख) **मानसिक योग्यता परीक्षा-** तार्किक आरेख-Logical Diagrams, संकेत-सम्बन्ध विश्लेषण-Symbol-Relationship Interpretation, प्रत्यक्ष ज्ञान बोध-Perception Test, शब्द रचना परीक्षण-Word formation Test, अक्षर और संख्या श्रृंखला-Letter and number series, शब्द और वर्णमाला में आंशिक समरूपता-Word and alphabet Analogy, व्यावहारिक ज्ञान परीक्षण-Common Sense Test, दिशा ज्ञान परीक्षण-Direction Sense Test, आंकड़ों का तार्किक विश्लेषण-Logical interpretation of data, प्रभावी तर्क-Forcefulness of argument, अंतर्निहित भावों का विनिश्चय करना-Determining implied meanings।

4-मानसिक अभिरुचि परीक्षा/बुद्धिलब्धि परीक्षा/तार्किक परीक्षा

(क) **मानसिक अभिरुचि परीक्षा-** निम्नलिखित के प्रति दृष्टिकोण-Attitude towards the following: जनहित-Public Interest, कानून एवं शांति व्यवस्था-Law and order, साम्प्रदायिक सद्भाव-Communal harmony, अपराध नियंत्रण-Crime Control, विधि का शासन-Rule of law, अनुकूलन की क्षमता-Ability of Adaptability, व्यावसायिक सूचना (बेसिक स्तर की)-Professional Information (Basic level), पुलिस प्रणाली-Police System, समकालीन पुलिस मुद्दे एवं कानून व्यवस्था-Contemporary Police Issues & Law and order, व्यवसाय के प्रति रुचि-Interest in Profession, मानसिक दृढ़ता-Mental toughness, अल्पसंख्यकों एवं अल्प अधिकार वालों के प्रति संवेदनशीलता-Sensitivity towards minorities and underprivileged, लैंगिक संवेदनशीलता-Gender sensitivity।

(ख) **बुद्धिलब्धि परीक्षा-** सम्बन्ध व आंशिक समानता परीक्षण-Relationship and Analog Test, असमान को चिन्हित करना-Spotting out the dissimilar, श्रृंखला पूरी करने का परीक्षण-Series Completion Test, संकेत लिपि और सांकेतिक लिपि को समझना-Coding and Decoding Test, दिशा ज्ञान परीक्षण-Direction Sense Test, रक्त सम्बन्ध-Blood Relation, वर्णमाला पर आधारित प्रश्न-Problem based on alphabet, समय-क्रम परीक्षण-Time sequence Test, वेन आरेख और चार्ट सदृश परीक्षण-Venn Diagram and chart type test, गणितीय योग्यता परीक्षण-Mathematical ability Test, क्रम में व्यवस्थित करना-Arranging in order।

(ग) **तार्किक परीक्षा-** समरूपता-Analogies, समानता-Similarities, भिन्नता-Differences, खाली स्थान भरना-Space visualization, समस्या को सुलझाना-Problem solving, विश्लेषण निर्णय-Analysis judgement, निर्णायक क्षमता-Decision making, दृश्य स्मृति-Visual memory, विभेदन क्षमता-Discrimination, पर्यवेक्षण-Observation, सम्बन्ध-Relationship, अवधारणा-Concepts, अंकगणितीय तर्क-Arithmetical reasoning, शब्द और आकृति वर्गीकरण-Verbal and figure classification, अंकगणितीय संख्या श्रृंखला-Arithmetical number series, अमूर्त विचारों व प्रतीकों तथा उनके सम्बन्धों से सामंजस्य की क्षमता-Abilities to deal with abstract ideas and symbols and their relationships।

PRACTICE SET - 1

सामान्य जानकारी

1. भाषा के आधार पर राज्यों का पुनर्गठन किस वर्ष में किया गया था?
   (a) 1950 (b) 1951
   (c) 1952 (d) 1956
2. जापान में 'होन्शू' नामक द्वीप किसके लिए प्रसिद्ध है?
   (a) कोयला (b) लौह अयस्क
   (c) तेल (d) हीरे
3. भारत में किस गवर्नर जनरल को 'स्थानीय स्वशासन का पिता' कहा गया था?
   (a) लॉर्ड वेलेजली (b) लॉर्ड कैनिंग
   (c) लॉर्ड विलियन बेन्टिक (d) लॉर्ड रिपन
4. निम्नलिखित में से किसने पहले 1935 में संविधान सभा का सुझाव प्रस्तावित किया?
   (a) नेहरु (b) गाँधी
   (c) जे.पी. नारायण (d) एम.एन. रॉय
5. वर्तमान कम्प्यूटिंग में, समस्त विश्व में कौन-सा कोड प्रयोग किया जाता है और स्वीकार्य है?
   (a) ए.एस.सी.आई.आई. (b) होलरिथ कोड
   (c) ई.बी.सी.डी.आई.सी. (d) आई.एस.सी.आई.आई.
6. 'व्हेन द रिवर स्लीप्स' उपन्यास किसके द्वारा लिखी गई?
   (a) अनुराधा रॉय (b) विक्रम सेठ
   (c) शोभा डे (d) इस्टेरीन कायर
7. प्रत्येक वर्ष कितने नोबल पुरस्कार दिए जाते हैं?
   (a) 5 (b) 7
   (c) 4 (d) 6
8. 'वर्ल्ड वाइड वेब' का आविष्कार किसने किया?
   (a) टिम बर्नर्स-ली (b) मार्टिन कूपर
   (c) आर. सैम्यूल टॉमलिन्सन (d) चार्ल्स बैबेज
9. जल्लीकट्टू.....के साथ जुड़ा हुआ है।
   (a) त्रिचुर (b) कार्तिगाई
   (c) ओणम (d) पोंगल
10. भारत में महिलाओं के लिए आरक्षण उपलब्ध है।
   (a) लोकसभा में (b) राज्य विधान सभाओं में
   (c) पंचायती राज निकायों में (d) उपर्युक्त सभी स्थानों पर
11. भारत में सबसे पहली जनगणना किस वर्ष में हुई थी?
   (a) 1852 (b) 1872
   (c) 1881 (d) 1952
12. निम्नलिखित में से कौन सा रोजगार प्राथमिक क्षेत्र से जुड़ा हुआ नहीं है?
   (a) टोकरी बुनने वाला (b) माली
   (c) कुम्हार (d) पुजारी
13. आई.एस.डी.एन. (ISDN) एक दूरसंचार प्रौद्योगिकी है, जहाँ
   (a) ध्वनि, वीडियो एवं डाटा साथ-साथ संचरित होते हैं।
   (b) केवल ध्वनि संचरित होती है।
   (c) केवल वीडियो संचरित होता है
   (d) केवल डाटा संचरित होता है।
14. नई दिल्ली का मुख्य वास्तुविद एवं डिज़ाइनर कौन था?
   (a) एडविन लुटयेन्स (b) धनपत राय चौधरी
   (c) ली कोर्बुज़ीयर (d) इनमें से कोई नहीं
15. 20 दिसंबर, 2021 को नागर विमानन मंत्री वी.के. सिंह द्वारा प्रदत्त सूचना के अनुसार, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा लगभग कितने हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया गया है?
   (a) 54 हेक्टेयर (b) 56 हेक्टेयर
   (c) 62 हेक्टेयर (d) 52 हेक्टेयर
16. 20 दिसंबर, 2021 को वर्ल्ड एंटी-डोपिंग एजेंसी (WADA) द्वारा किस वर्ष की डोपिंग-रोधी नियम उल्लंघन रिपोर्ट प्रकाशित की गयी?
   (a) 2020 (b) 2021
   (c) 2019 (d) 2018
17. संविधान का निम्न में से कौन-सा संशोधन केन्द्र तथा राज्य में मंत्रिपरिषद् के मंत्रियों की अधिकतम संख्या सीमित करता है?
   (a) 93 वाँ संशोधन (b) 95 वाँ संशोधन
   (c) 97 वाँ संशोधन (d) 91 वाँ संशोधन
18. हुमायूँ की दुर्घटना के आकस्मिक मृत्यु के उपरांत उनके बेटे अकबर को कहाँ मुगल सिंहासन पर बैठाया गया?
   (a) लाहौर (b) सरहिन्द
   (c) कलनौर (d) काबुल
19. भारत का निम्नलिखित में से कौन-सा राष्ट्रपति निर्विरोध निर्वाचित हुआ था?
   (a) डॉ. एस. राधाकृष्णन (b) के. आर. नारायणन
   (c) नीलम संजीवा रेड्डी (d) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
20. रेडियो तरंग का वेग कितना होता है?
   (a) 3×10^8 मी./सेकन्ड (b) 1×10^6 मी./सेकन्ड
   (c) 3×10^6 मी./सेकन्ड (d) 1×10^8 मी./सेकन्ड
21. FM प्रसारण बैन्ड _____ के बीच होता है।
   (a) HF रेंज (b) VHF रेंज
   (c) UHF रेंज (d) उपर्युक्त सभी
22. टेप रिकार्डर में टेप की चाल कितनी होती है?
   (a) 5 सेमी. / सेकन्ड (b) 3.75 सेमी. / सेकन्ड
   (c) 10 सेमी. / सेकन्ड (d) 4.76 सेमी. / सेकन्ड
23. नदी के प्रवाह को मापने के लिए निम्न में से किसका उपयोग होता है?
   (a) ब्यूफोर्ट स्केल (b) क्यूसेक
   (c) रिक्टर स्केल (d) एनीमोमीटर

24. सुपरसॉनिक स्पीड मापने का यूनिट क्या है?
(a) मैक (b) नॉट
(c) रिक्टर (d) हर्ट्ज़

25. खाद्यान्नों के संरक्षण हेतु निम्न में से किसका प्रयोग किया जाता है?
(a) विनेगर (b) सोडियम क्लोराइड
(c) पोटैशियम परमैंगनेट (d) सोडियम बेंज़ोएट

26. किसी स्थान की आर्द्रता जानने के लिए निम्न में से किसका उपयोग किया जाता है?
(a) हाइग्रोमीटर (b) पाइरोमीटर
(c) पेरिस्कोप (d) हाइड्रोमीटर

27. वह कौन-सी पर्यावरणीय परत है, जो विकिरण को वापस पृथ्वी में प्रत्यावर्तित करती है?
(a) स्ट्रेटोस्फियर (b) आयनोस्फियर
(c) एक्सोस्फियर (d) ट्रोपोस्फियर

28. निम्न राज्यों में से कौन-सा राज्य UDAY योजना के लिए समझौता-ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है?
(a) उत्तर प्रदेश (b) मध्य प्रदेश
(c) झारखण्ड (d) उत्तराखण्ड

29. महात्मा गाँधी भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस के अध्यक्ष किस वर्ष बने?
(a) 1923 (b)1924
(c) 1925 (d)1922

30. 'क्रीमी लेयर' सम्बन्धित है
(a) बायोस्फियर से (b) सामाजिक एवं आर्थिक हालात से
(c) कुक्कुट-पालन से (d) दुग्ध उत्पादों से

31. 3 दिसंबर, 2021 को खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा किस उत्तर-पूर्वी राज्य में 'आरई-एचएबी परियोजना' की शुरूआत की गई?
(a) असम (b) मणिपुर
(c) मेघालय (d) त्रिपुरा

32. 13 दिसंबर 2021 को किस राज्य/संघशासित क्षेत्र ने जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण पर एक पूर्ण पाठ्यक्रम विकसित किया और संबंधित पाठ्यक्रम शुरू करने वाला पहला राज्य भी बन गया?
(a) पंजाब (b) जम्मू और कश्मीर
(c) गोवा (d) महाराष्ट्र

33. लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम स्थित है–
(a) नई दिल्ली में (b) हैदराबाद में
(c) इलाहाबाद में (d) कानपुर में

34. 19 नवंबर 2021 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा उत्तर प्रदेश के झांसी के गरौठा में कितने मेगावॉट के 'अल्ट्रा मेगा सोलर पावर पार्क' की आधारशिला रखी गई है?
(a) 600 मेगावॉट (b) 800 मेगावॉट
(c) 650 मेगावॉट (d) 700 मेगावॉट

35. रक्त लाल दिखाई देने का कारण होता है–
(a) प्लाज्मा (b) कतिपय स्रावों का होना
(c) लोहिताणु (d) हीमोग्लोबिन

36. 17 दिसंबर, 2021 को किस राज्य सरकार ने 'तमिल थाई वाझथु' गीत को राज्य गीत घोषित किया?
(a) आन्ध्र प्रदेश (b) तेलंगाना
(c) तमिलनाडु (d) कर्नाटक

37. 25 नवंबर से 5 दिसंबर, 2021 के मध्य स्पेन में आयोजित डेविस कप, 2021 का खिताब मारिन सिलिच को पराजित कर किसने जीता?
(a) नोवाक जोकोविक (b) टिम पुएट्ज़
(c) माइकल वीनस (d) डेनियल मेदवेदेव

38. 'गोल्डन पेन ऑफ फ्रीडम, पुरस्कार किससे सम्बन्धित है?
(a) पत्रकारिता (b) सिने-कला
(c) खेल सम्पादकीय (d) साहित्य - सम्बन्धी लेखन

सामान्य हिन्दी

39. समास बताइये - 'भरपेट'
(a) अव्ययीभाव समास (b) द्वंद्व समास
(c) तत्पुरुष समाज (d) बहुव्रीहि समास

40. "एक दिन बैठे-बैठे यह बात अपने ध्यान में चढ़ी कि कोई कहानी ऐसी कहिये कि जिसमें 'हिन्दवी' छुट और किसी बोली का पुट न मिले, पंक्ति किस लेखक की है?
(a) मलिक मोहम्मद जायसी
(b) मुंशी इंशा अल्ला खाँ
(c) राजा शिवप्रसाद 'सितारेहिन्द'
(d) मुंशी सदासुखलाल

41. निम्न में से क्रिया-विशेषण अव्यय चुनिए-
(a) कुत्ता भौंक रहा है (b) राम खाना खा रहा है
(c) अधिक मत बोलो (d) राधा रातभर जागती रही

42. निम्न में से कौन जीवनी है?
(a) अतीत के चलचित्र (b) चिन्तामणि
(c) आवारा मसीहा (d) नीड़ का निर्माण फिर

(प्रश्न संख्या 43 से 45) अपठित-

"इस संसार में धन ही सब कुछ नहीं है। धन की पूजा तो बहुत कम जगहों में होती देखी गयी है। संसार का इतिहास उठाकर देखिए और उदाहरण ढूँढ-ढूँढ कर सामने रखिये तो आपको विदित हो जायेगा कि जिनकी हम उपासना करते हैं, जिसके लिये हम आँखे बिछाने तक को तैयार रहते हैं, जिसकी स्मृति तरोताजा रखने के लिये हम अनेक तरह के स्मारक चिन्ह बनाकर खड़े करते हैं, उन्होंने रुपया कमाने में अपना समय नहीं बिताया था, बल्कि उन्हीं ने कुछ ऐसे काम किये थे, जिनकी महत्ता हम रुपये से अधिक मूल्यवान समझते हैं। जिन लोगों के जीवन का उद्देश्य केवल रुपया बटोरना है उनकी प्रतिष्ठा कम हुई है। अधिकांश अवस्थाओं में उन्हें किसी ने पूछा तक नहीं है। उन्होंने जन्म लिया, रुपया कमाया और परलोक की यात्रा की। किसी ने जाना तक नहीं कि वे कौन थे और कहाँ गये। मानव समाज स्वार्थी अवश्य है, पर वह स्वार्थ की उपासना करना नहीं जानता। अन्त में वे ही पूजे जाते हैं जिन्होंने अपने जीवन को अर्पित करते समय सच्चे मनुष्यत्व का परिचय दिया है।"

43. गद्यांश का उचित शीर्षक होगा-
(a) धन की लोलुपता (b) धन की महत्ता
(c) धन और मनुष्यता (d) मनुष्यता का महत्व

44. उपर्युक्त गद्यांश के अनुसार संसार में किस तरह के मनुष्य की पूजा होती है?
(a) जो धनार्जन एवं त्याग दोनों करता है
(b) जो पैसों को कल्याणकारी कार्यों में लगाता है
(c) जो मानवता की सेवा में लगा रहता है
(d) जो सच्चे मनुष्यत्व के लिये कार्य करता है

45. धन की पूजा से क्या अभिप्राय है?
(a) धन से ज्यादा मानवता प्रबल है
(b) धन कमाने वाला अधिक नाम नहीं कर पाता है
(c) धन की पूजा व्यक्ति को स्वार्थी बनाती है
(d) धन कमाने की अपेक्षा सच्चा मनुष्य होना ज्यादा अच्छा है।

46. शुद्ध शब्द छाँटिए-
(a) अध्यस्थ (b) अधियस्त
(c) अध्यस्त (d) अधयस्त

47. कौन सा शब्द तुर्की भाषा का नहीं है?
(a) पैगम्बर (b) बेगम
(c) चेचक (d) बारूद

48. जल, प्राण, पुत्र किस शब्द का अनेकार्थी है?
(a) औषधि (b) सार
(c) तत्व (d) जीवन

49. उपवाक्य पहचानिए-
''वह आदमी जो कल आया था, आज भी आया है।''
(a) संज्ञा उपवाक्य (b) विशेषण उपवाक्य
(c) क्रिया विशेषण उपवाक्य (d) क्रिया उपवाक्य

50. कौन सी ध्वनि महाप्राण नहीं है?
(a) ख (b) घ
(c) ज (d) झ

51. निम्नलिखित पद में कौन सा पद 'वैया' प्रत्यय लगाने से बना है?
(a) रवैया (b) डटैया
(c) खवैया (d) बचैया

52. निम्न में एक 'देवता' का पर्यायवाची नहीं है-
(a) निर्जर (b) त्रिदश
(c) किंकर (d) गीर्वाण

53. 'साकेत' महाकाव्य के रचयिता हैं
(a) जयशंकर प्रसाद (b) सुमित्रानन्दन पंत
(c) मैथिलीशरण गुप्त (d) नागार्जुन

54. 'गौः + चरति' की सन्धि है-
(a) गोस्चरति (b) गौचरति
(c) गौश्चरति (d) गौहचरति

55. 'ठेठ हिन्दी का ठाठ' किसकी रचना है?
(a) ज्योतिरीश्वर ठाकुर
(b) अयोध्यासिंह उपाध्याय ''हरिऔध''
(c) किशोरीदास बाजपेयी
(d) चंद्रधर शर्मा गुलेरी

56. शुद्ध वाक्य छांटिए-
(a) उस वन में प्रातः काल के समय का दृश्य बहुत ही सुहावना होता था।
(b) उस वन में सुबह के समय का दृश्य बहुत ही सुहावना होता था।
(c) उस वन में प्रातःकाल का दृश्य बहुत ही सुहावना होता था।
(d) उस वन में सवेरे के समय का दृश्य बड़ा ही मनोरम होता था।

57. किस शब्द में उपसर्ग नहीं है?
(a) अपवाद (b) पराजय
(c) प्रभाव (d) ओढ़ना

58. निम्नलिखित में स्त्रीलिंग शब्द है-
(a) किन्नर (b) अहिंसा
(c) अंतरी (d) अपरिग्रह

59. 'रत्नावली दोहा संग्रह' किसके द्वारा रचा गया?
(a) रत्नावली (b) तुलसीदास
(c) बिहारी (d) रामानंद

60. लिंग बताइये-
मन-गढ़न्त
(a) पुल्लिंग (b) स्त्रीलिंग
(c) उभयलिंग (d) नपुंसकलिंग

61. वाक्यांश का एक शब्द बनाइये-
'जिसके हृदय में ममता नहीं है।'
(a) निर्मम (b) निर्दय
(c) निर्भय (d) निहृदय

62. किस वाक्य में विराम चिह्न का उचित प्रयोग नहीं है?
(a) मैं मनुष्य में मानवता देखना चाहती हूँ। उसे देवता बनाने की मेरी इच्छा नहीं।
(b) वह दूर से, बहुत दूर से आ रहा है।
(c) सुनो! सुनो! वह गा रही है।
(d) प्रिय महाशय, मैं आपका आभारी हूँ।

63. निम्न में महाप्राण व्यंजन कौन सा है?
(a) त (b) द
(c) थ (d) म

64. निम्न में अघोष वर्ण कौन सा है?
(a) प (b) घ
(c) ब (d) ग

65. निम्न में कण्ठ्य वर्ण कौन सा है?
(a) उ (b) अ
(c) इ (d) ई

66. निम्नलिखित में रूढ़ शब्द है–
(a) दूधवाला (b) घुड़सवार
(c) नाक (d) लम्बोदर

67. 'रत्नाकर' का संधि विच्छेद होगा–
(a) रत्न + आकर (b) रत्न + आकार
(c) रत्ना + कर (d) रति + आकार

68. 'प्रतिमान' में समास है–
(a) तत्पुरुष (b) अव्ययीभाव
(c) द्वंद्व (d) द्विगु

69. 'परिक्रमा' में उपसर्ग है–
(a) आ (b) प
(c) पर (d) परि

70. 'भलाई' में प्रत्यय है–
(a) ई (b) आई
(c) लाई (d) ष

71. निम्न में कौन सा शब्द तत्सम है?
(a) आलस्य (b) आम
(c) आग (d) आसरा

72. निम्न में कौन सा शब्द तद्भव है?
(a) चूर्ण (b) छिद्र
(c) ज्ञान (d) छत

73. निम्न में कौन सा शब्द देशज है?
(a) आग (b) बच्चा
(c) खिड़की (d) फूल

74. निम्न में विदेशी शब्द कौन सा है?
(a) उष्ट्र (b) अमीर
(c) प्रिय (d) भक्त

75. निम्न में संज्ञा शब्द है –
(a) गंगा (b) पुराना
(c) नीला (d) मोटा

संख्यात्मक & मानसिक क्षमता

76. यदि 100 बिल्लियाँ 100 दिन में 100 चूहे मारती हैं तो 4 बिल्लियाँ 4 चूहे कितने दिन में मारेगी?
(a) 4 दिन (b) 3 दिन
(c) 40 दिन (d) 100 दिन

77. 100 मदों का औसत 30 पाया गया। यदि गिनती के समय दो मदों को 23 और 11 के स्थान पर गलती से 32 और 12 गिना गया हो तो सही औसत क्या होगा?
(a) 29.8 (b) 29
(c) 29.9 (d) 29. 5

78. 300 तथा 500 के बीच कितनी ऐसी संख्याएँ होंगी, जिनमें 4 केवल एक बार आये?
(a) 99 (b) 100
(c) 110 (d) 120

79. 5, 11, 17, 25, 33, 43, ?
(a) 49 (b) 51
(c) 52 (d) 53

80. यदि $6 \times 7 = 2, 3 \times 5 = 5$ और 6×8 का मान होगा–
(a) 8 (b) 6
(c) 68 (d) 0

81. किसी तीन धन पूर्णांकों के वर्ग का जोड़ 323 है। यदि दो संख्याओं के वर्गों का जोड तीसरी संख्या से दुगना हो, तो उनका गुणनफल बताइए?
(a) 255 (b) 260
(c) 265 (d) 270

निर्देश (प्रश्न संख्या 82 से प्रश्न संख्या 86) :
निम्न पाई-चार्ट एवं बार ग्राफ का अध्ययन कर के प्रश्नों का उत्तर दें। पाई-चार्ट छः विद्यालयों के विद्यार्थियों की संख्या को दिखाता है।



विद्यार्थियों की कुल संख्या–8500

बार-चार्ट विद्यालयों में छात्राओं की संख्या दर्शाता है।



82. विद्यालय D में कितने छात्र पढ़ते हैं?
(a) 780 (b) 800
(c) 840 (d) 850

83. विद्यालय E में छात्रों की संख्या, विद्यालय A एवं B के कुल छात्रों की संख्या से कितना प्रतिशत कम है?
(a) 32% (b) 36%
(c) 37.5% (d) 56.25%

84. विद्यालय D में छात्रों की संख्या एवं विद्यालय B में छात्राओं की संख्या का अनुपात क्या है?
(a) 9 : 5 (b) 7 : 8
(c) 5 : 4 (d) 3 : 2

85. निम्नलिखित विद्यालय में वह विद्यालय जिसमें छात्रों की संख्या के सम्बन्ध में छात्राओं की संख्या का अनुपात सबसे अधिक है?
(a) B (b) F
(c) D (d) A

86. यदि 20% छात्र एवं 12% छात्राएँ गैर स्थानीय विद्यार्थी हैं, तो सभी विद्यालयों में कुल स्थानीय विद्यार्थी कितने हैं?
(a) 7072 (b) 7602
(c) 7312 (d) 7582

87. यदि FILO का कोड BCDE हो तो XURO का कोड होगा–
(a) HGFE (b) HGEF
(c) HGGF (d) GHFE

88. यदि 'MEAN' का कोड \$57* तथा 'DOME' का कोड '93\$5' है, तब 'MOAN' का कोड होगा–
(a) \$*37 (b) 3\$7*
(c) \$73* (d) \$37*

89. $(256)^{0.16} \times (256)^{0.09} = ?$
(a) 4 (b) 16
(c) 64 (d) 256.25

90. दी गई शृंखला में कौन सा एक पद गलत है?
3, 7, 17, 41, 85, 179
(a) 17 (b) 85
(c) 179 (d) 41

91. निम्नलिखित समीकरण को हल करें:
36–2(20+12+4×3–2×2)+12=?
(a) 2 (b) –2
(c) –4 (d) 4

92. निम्नलिखित समीकरण को हल करें:

$$\frac{(449+144)^2-(449-144)^2}{2(449\times144)}=?$$

(a) 1 (b) 2
(c) –2 (d) –1

93. कोई विक्रेता कोई वस्तु अंकित कीमत से 5 प्रतिशत कटौती पर बेचता है। यदि अंकित कीमत, क्रय मूल्य से 12 प्रतिशत अधिक हो और वह वस्तु ₹ 532 में बेची गई हो तो उस वस्तु का क्रय मूल्य (₹ में) क्या होगा?
(a) 500 (b) 525
(c) 505 (d) 520

94. का उत्तर क्या होगा-
(3+11×22+6)–(9+4×12+3)+(25+11×22÷10)=??
(a) 5 (b) –3
(c) 9 (d) –9

95. x का मान ज्ञात करें-

$$\frac{121}{1.21}=\frac{1.21}{x}$$

(a) 0.00121 (b) 0.121
(c) 0.0121 (d) 1.21

96. 10^2, 11^2 और 12^2 का लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) क्या होगा?
(a) 435600 (b) 453600
(c) 345600 (d) 654300

97. दो ऐसी संख्याएँ हैं जिनका अनुपात 2 : 7 हैं यदि उनमें से प्रत्येक में 4 जोड़ दिया जाए, तो उनका अनुपात 4:9 हो जाता है। मूल संख्याएँ क्या हैं?
(a) 8, 28 (b) 4, 14
(c) 6, 21 (d) 2, 7

98. यदि ब्याज 20% प्रति वर्ष की दर से वार्षिक रूप से संयोजित होता है, तो ज्ञात करें कि 3 वर्ष के पश्चात् ₹2500 की राशि कितनी हो जाएगी?
(a) ₹4200 (b) ₹4230
(c) ₹4320 (d) ₹4310

99. यदि 10% और 11% के लाभ पर एक बैग के विक्रय मूल्यों का अंतर ₹11 हो, तो बैग का लागत मूल्य क्या है?
(a) ₹1100 (b) ₹1000
(c) ₹1200 (d) ₹1010

100. 240 व्यक्ति किसी कार्य -भाग को 30 दिनों में पूर्ण कर सकते हैं। 12 दिनों तक कार्य करने के पश्चात् 80 व्यक्ति कार्य छोड़ कर चले गए। सम्पूर्ण कार्य कितने दिनों में पूर्ण होगा?
(a) 27 (b) 39
(c) 32 (d) 34

101. किसी आभूषण में सोने तथा ताँबे का अनुपात 3:2 है। आभूषण में सोने का प्रतिशत कितना है?
(a) 60 (b) 40
(c) 30 (d) 20

102. एक ट्रेन 48किमी/घंटा की गति से अपनी यात्रा 10 घंटों में पूर्ण कर सकती है? यदि इतनी ही दूरी 8 घंटों में तय करनी हो तो ट्रेन की गति क्या होनी चाहिए?
(a) 45km/hr (b) 50km/hr
(c) 55km/hr (d) 60km/hr

103. एक टंकी में दो नल लगे है। जो इसे क्रमशः 10 घंटों और 15 घंटों में भर सकते हैं। एक नल पूर्णतः भरी टंकी को 12 घंटों में खाली कर सकता है। यदि खाली टंकों के तीनों नलों को एक साथ खोल दिया जाए तो टंकी को पूर्णतः भरने में कितना समय लगेगा?
(a) 16 घण्टे (b) 10 घण्टे
(c) 12 घण्टे (d) 15 घण्टे

104. घड़ी की सुइयाँ एक दिन में कितनी बार एक दूसरे के लंबवत होती हैं?
(a) 44 बार (b) 22 बार
(c) 11 बार (d) 88 बार

105. निम्नलिखित प्रश्न में एक अनुक्रम दिया गया है, जिसमें एक पद लुप्त है। दिए गए विकल्पों में से वह सही विकल्प चुनिये जो अनुक्रम को पूरा करें–
1, 6,15, ?, 45, 66
(a) 26 (b) 24
(c) 28 (d) 23

106. किस प्रतिवर्ष वार्षिक साधारण ब्याज की दर से कोई धन 8 वर्ष में दुगुना हो जायेगा ?
(a) 12% (b) $12\frac{1}{2}\%$
(c) 13% (d) 15%

107. सरल कीजिए : $\left[\frac{x^b}{x^c}\right]^a \times \left[\frac{x^c}{x^a}\right]^b \times \left[\frac{x^a}{x^b}\right]^c$
(a) 1 (b) 0
(c) x^{a+b+c} (d) इनमें से कोई नहीं

108. हल कीजिए : $7\frac{1}{2}-\left[2\frac{1}{4}\div\left\{1\frac{1}{4}-\frac{1}{2}\left(1\frac{1}{2}-\frac{1}{3}-\frac{1}{6}\right)\right\}\right]=?$
(a) $\frac{2}{9}$ (b) $4\frac{1}{2}$
(c) $9\frac{1}{2}$ (d) $1\frac{77}{228}$

109. तीन अंकों की कितनी संख्यायें हैं जो 17 से विभाज्य है?
(a) 51 (b) 52
(c) 53 (d) 54

निर्देश : (प्रश्न संख्या 110-111) : निम्नलिखित प्रश्नों में प्रश्नचिन्ह (?) की जगह पर कौन-सी अनुमानित संख्या होगी?

110. $26.003 \times 37.998 - 309.010 = ?$
(a) 685 (b) 695
(c) 680 (d) 670

111. $7885.009 - 519.999 - 94.989 = ?$
(a) 7270 (b) 7300
(c) 7500 (d) 7220

112. इनमें से गलत संख्या पहचाने-
644, 328, 164, 84, 44, 24, 14
(a) 328 (b) 164
(c) 84 (d) 44

113. विलुप्त संख्या ज्ञात कीजिए।
101, 100, _____87, 71, 46
(a) 92 (b) 88
(c) 89 (d) 96

मानसिक योग्यता और तर्क क्षमता

निर्देश : (प्रश्न संख्या 114 से 116 तक) दिये गये विकल्पों में से संबन्धित शब्द/अक्षरों/संख्या को चुनिए।

114. मोर : भारत :: भालू :?
(a) आस्ट्रेलिया (b) अमेरिका
(c) इंग्लैण्ड (d) रूस

115. BDCE : FHGI :: RTSU : ?
(a) VYWX (b) XYVW
(c) VWXY (d) VXWY

116. 6 : 5 :: 8 : ?
(a) 2 (b) 4
(c) 6 (d) 10

निर्देश : (प्रश्न संख्या 117 से 119 तक) दिए गए विकल्पों में से विषम शब्द/अक्षर/संख्या चुनिए।

117. (a) चन्द्रमा (b) मंगल
(c) शुक्र (d) बृहस्पति

118. (a) ACEG (b) IKMO
(c) FHJL (d) TUWY

119. (a) 6 (b) 24
(c) 64 (d) 120

120. निम्नलिखित शब्दों को शब्दकोश के क्रम में लिखिए।
(a) Approach, (b) Appropriate, (c) Approval, (d) Approve
(a) acdb (b) abdc
(c) cdab (d) abcd

121. दिए गए अनुक्रम में एक पद लुप्त है। दिए गए विकल्पों मे से वह सही विकल्प चुनिए जो श्रृंखला को पूरा करता है।
ajs, gpy, ?, sbk, yhq
(a) dmv (b) mve
(c) oua (d) qzi

122. दिए गए अनुक्रम में एक पद लुप्त है। दिए गए विकल्पों मे से वह सही विकल्प चुनिए जो श्रृंखला को पूरा करता है।
5, 9, 6, 11, 7, ?
(a) 13 (b) 15
(c) 17 (d) 19

123. आनन्द प्रेमा का पुत्र है। राजीव, प्रेमा का भाई है। नेहा, रश्मि की पुत्री है। नेहा राजीव की बहन है। आनन्द का रश्मि से सम्बन्ध बताइए?
(a) पुत्र (b) पौत्र
(c) दादा (d) पौत्री

124. निखिल अपने भाई रोहन से 8 वर्ष छोटा है। रोहन तब कितने वर्ष का होगा जब वह निखिल से दुगुनी उम्र का होगा?
(a) 4 वर्ष (b) 6 वर्ष
(c) 8 वर्ष (d) 16 वर्ष

125. निम्नलिखित विकल्पों में से वह शब्द चुनिए जो दिए गए शब्द के अक्षरों का प्रयोग करके नहीं बनाया जा सकता :
ORGANISATION
(a) GRANT (b) NATION
(c) GIANTS (d) ORANGE

126. यदि EARTHQUAKE को EKAUQHTRAE के रूप में लिया जाता है तो ELECTORATE को किस प्रकार लिखा जाएगा?
(a) ETAROELECT (b) EARTOTCELE
(c) ETAROTCELE (d) ETAROCTELE

127. यदि a का आशय × से है, b का आशय + से है c का आशय + से है और d का आशय – से है तो, 8 a 3 c 24 b 12 d 19 = ?
(a) 17 (b) 7
(c) 14 (d) 8

128. निम्नलिखित समीकरण एक विशेष प्रणाली के आधार पर हल किए गए हैं। उसी आधार पर अनुत्तरित समीकरण का सही उत्तर ज्ञात कीजिए।
यदि 2+4+6 = 48 और 3+2+8= 48
तो 2+5+7= ?
(a) 48 (b) 70
(c) 14 (d) 59

129. दिए गए विकल्पों में से लुप्त संख्या चुनिए?

28	20	7
84	35	12
45	?	9

(a) 19 (b) 22
(c) 26 (d) 25

130. यदि उत्तर को उत्तर-पश्चिम कहा जाए, पश्चिम को दक्षिण-पश्चिम कहा जाए, दक्षिण को दक्षिण-पूर्व कहा जाए और इत्यादि। एक व्यक्ति दक्षिण-पश्चिम से सीधा उत्तर पूर्व की ओर जाए और फिर बायें मुड़े, फिर सीधे चल कर दोबारा बायें मुड़े तो वह किस दिशा की ओर जा रहा है।

(a) दक्षिण (b) उत्तर-पूर्व
(c) उत्तर (d) दक्षिण-पश्चिम

131. निम्नलिखित प्रश्न में, एक या एक से अधिक वक्तव्य दिए गए हैं जिसके आगे दो निष्कर्ष/मान्यताएं, I और II उल्लेखित हैं। आपको मानना है कि वक्तव्य सत्य ही है चाहे वह सामान्यत: ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होता हो। आपको तय करना है कि दिए गए वक्तव्य में कौन-से निष्कर्ष/मान्यतायें निश्चित रूप से सही हैं। अपने उत्तर को निर्दिष्ट कीजिए।

कथन : I. कुछ राजा रानियाँ हैं। सभी रानियाँ सुन्दर हैं।

निष्कर्ष : I. सभी राजा सुन्दर हैं।

II - सभी रानियाँ राजा हैं।

(a) केवल निष्कर्ष I सही है
(b) केवल निष्कर्ष II सही है
(c) या निष्कर्ष I सही है या II
(d) न निष्कर्ष I सही है और न निष्कर्ष II

132. आकृति में त्रिकोणों की संख्या बताइए?



(a) 12 (b) 10
(c) 18 (d) 16

133. वह आरेख चुनिए जो नीचे दिए गए वर्गों के बीच सही सम्बन्ध को दर्शाता है।

हाथी, शेर और पशु

(a) (b)

(c) (d)

134. निम्नलिखित प्रश्न में एक या दो वक्तव्य दिये गये हैं, जिसके आगे दो निष्कर्ष/मान्यताएँ I और II निकाले गये हैं। आपको विचार करना है कि वक्तव्य सत्य है चाहे वह सामान्यत: शर्त तथ्यों से भिन्न प्रतीत होता हो। आपको निर्णय करना है कि दिए गए वक्तव्य में से कौन–सा निश्चित रूप से सही निष्कर्ष/मान्यता निकाला जा सकता है?

कथन : 1. सभी बकरियाँ गाय है।
2. सभी गायें जानवर है।

निष्कर्ष : I. सभी बकरियाँ जानवर है।
II. सभी जानवर बकरियाँ है।

(a) केवल निष्कर्ष I सही है
(b) केवल II निष्कर्ष सही है।
(c) निष्कर्ष I और II दोनों सही है
(d) न निष्कर्ष I सही है और न निष्कर्ष II

135. दी गई उत्तर आकृतियों में से उस आकृति को चुनिए जिसमें प्रश्न आकृति निहित है।



(a) (b) (c) (d)

136. प्रश्न आकृतियों में दिखाए अनुसार कागज को मोड़कर काटने तथा खोलने के बाद वह किस उत्तर आकृति जैसा दिखाई देगा?





(a) (b) (c) (d)

137. यदि एक दर्पण को MN रेखा पर रखा जाये तो दी गई उत्तर आकृतियों में से कौन-सी आकृति प्रश्न आकृति का सही प्रतिबिम्ब होगी?



(a) (b) (c) (d)

138. एक शब्द केवल एक संख्या-समूह द्वारा दर्शाया गया है, जैसे कि विकल्पों में से किसी एक में दिया गया है। विकल्पों में दिए गए संख्या समूह अक्षरों के दो वर्गों द्वारा दर्शाए गए हैं, जैसे कि नीचे दिए गए दो आव्यूहों में हैं। आव्यूह I के स्तंभ और पंक्ति की संख्या 0 से 4 और आव्यूह II की 5 से 9 दी गई है। इन आव्यूहों से एक अक्षर को पहले उसकी पंक्ति और बाद में स्तम्भ संख्या द्वारा दर्शाया जा सकता है। उदाहरण के लिए 'A' को 12, 24 आदि द्वारा दर्शाया जा सकता है तथा 'R' को 57, 76 आदि द्वारा दर्शाया जा सकता है। इसी तरह से आपको दिए हुए शब्द 'ROSE' के लिए समूह को पहचानना है।

Matrix-I

	0	1	2	3	4
0	A	E	S	T	H
1	T	H	A	E	S
2	E	S	T	H	A
3	H	A	E	S	T
4	S	T	H	A	E

Matrix-II

	5	6	7	8	9
5	P	O	R	K	L
6	K	L	P	O	R
7	O	R	K	L	P
8	L	P	O	R	K
9	R	K	L	P	O

(a) 86, 67, 33, 44 (b) 88, 76, 31, 32
(c) 95, 75, 02, 32 (d) 57, 87, 32, 33

139. A, B, C, D तथा E का वजन अलग-अलग है। C केवल A से भारी है। D, B से हल्का है पर E से भारी है। पाँचो में से सबसे भारी कौन है?
(a) A (b) B
(c) E (d) C

140. निम्नलिखित प्रश्न में एक या दो वक्तव्य दिये गये हैं, जिसके आगे दो निष्कर्ष/मान्यताएँ I और II निकाले गये हैं। आपको विचार करना है कि वक्तव्य सत्य है चाहे वह सामान्यतः शर्त तथ्यों से भिन्न प्रतीत होता हो। आपको निर्णय करना है कि दिए गए वक्तव्य में से कौन–सा निश्चित रूप से सही निष्कर्ष/मान्यता निकाला जा सकता है?

वक्तव्य : 1. जब पानी ठण्डा होता है तब वह बर्फ में बदल जाता है।
2. जब पानी को गरम किया जाता है तो वह भाप में बदल जाता है।

निष्कर्ष : I. जल ठोस है।
II. जल गैस है।

(a) केवल निष्कर्ष I निकलता है
(b) केवल निष्कर्ष II सही है।
(c) निष्कर्ष I और II दोनों सही है।
(d) ना ही निष्कर्ष I और ना ही निष्कर्ष II निकलते हैं।

141. नीचे दी गई आकृति में कुल कितने त्रिकोण हैं?



(a) 16 (b) 32
(c) 40 (d) 12

142. यदि 83 + 87 = 80, 77 + 57 = 84 हो, तो 95 + 47 = ?
(a) 73 (b) 82
(c) 99 (d) 104

143. यदि 26 जनवरी 2015 को सोमवार रहा हो, तो 2 अक्टूबर, 2015 को कौन-सा दिन होगा?
(a) रविवार (b) मंगलवार
(c) शुक्रवार (d) शनिवार

144. यदि बीते कल से पहले (परसों) शुक्रवार था, तो सोमवार कब होगा?
(a) आज
(b) आनेवाला कल
(c) आनेवाले कल के दो दिन बाद
(d) आनेवाले कल के एक दिन बाद

145. नीचे चार आकृतियाँ 1, 2, 3, और 4 दी गई हैं। इन चार आकृतियों में से तीन आकृतियों में समानता है तथा एक आकृति अन्य तीन आकृतियों से बिलकुल भिन्न है। भिन्न आकृति कौन-सी है?

(1) (2) (3) (4)
(a) 1 (b) 2
(c) 3 (d) 4

146. एक सभा में आठ व्यक्ति उपस्थित थे। सभा के अन्त में सभी ने एक-दूसरे से हाथ मिलाया। सभा के अन्त में कुल कितनी बार हाथ मिलाए गए?
(a) 56 (b) 28
(c) 48 (d) 64

147. रमेश 2 किलोमीटर उत्तर की ओर चला, फिर वह दाहिने घूमकर 1 किलोमीटर चला फिर वह दाहिने घूमा और 2 किलोमीटर चला। अब उसका चेहरा किस दिशा में है?
(a) पूर्व (b) पश्चिम
(c) दक्षिण (d) उत्तर

148. एक सर्वेक्षण से पता चला कि 62% लोग दूरदर्शन पर समाचार देखते हैं, 44% लोग समाचार-पत्र पढ़ते हैं तथा 24% लोग समाचार-पत्र भी पढ़ते है और दूरदर्शन पर समाचार भी देखते हैं। कितने प्रतिशत लोग ऐसे हैं जो न तो समाचार-पत्र पढ़ते हैं और न ही दूरदर्शन पर समाचार देखते है?
(a) 8% (b) 18%
(c) 10% (d) 0%

149. यदि किसी कागज को नीचे दिए प्रश्न में दिखाए अनुसार मोड़कर काटा जाए तो खोलने के बाद यह किस आकृति जैसा दिखाई देगा?



(a) (b)
(c) (d)

150. यदि नीचे दी गई संख्याओं को आरोही क्रम में सजाया जाए, तो ऊपर से चौथी संख्या का मध्य अंक क्या होगा?
568, 988, 376, 476, 843, 776, 292
(a) 9 (b) 8
(c) 7 (d) 6

SOLUTION : PRACTICE SET-1

ANSWER

1. (d)	2. (c)	3. (d)	4. (d)	5. (a)	6. (d)	7. (d)	8. (a)	9. (d)	10. (c)
11. (b)	12. (d)	13. (a)	14. (a)	15. (d)	16. (c)	17. (d)	18. (c)	19. (c)	20. (a)
21. (b)	22. (d)	23. (b)	24. (a)	25. (d)	26. (a)	27. (a)	28. (c)	29. (b)	30. (b)
31. (b)	32. (d)	33. (b)	34. (a)	35. (d)	36. (c)	37. (d)	38. (a)	39. (a)	40. (b)
41. (d)	42. (c)	43. (c)	44. (d)	45. (b)	46. (c)	47. (a)	48. (d)	49. (b)	50. (c)
51. (c)	52. (c)	53. (c)	54. (c)	55. (b)	56. (c)	57. (d)	58. (b)	59. (a)	60. (c)
61. (a)	62. (d)	63. (c)	64. (a)	65. (b)	66. (c)	67. (a)	68. (b)	69. (d)	70. (b)
71. (a)	72. (d)	73. (c)	74. (b)	75. (a)	76. (d)	77. (c)	78. (a)	79. (d)	80. (a)
81. (a)	82. (d)	83. (b)	84. (c)	85. (c)	86. (a)	87. (a)	88. (d)	89. (a)	90. (d)
91. (b)	92. (b)	93. (a)	94. (b)	95. (c)	96. (a)	97. (b)	98. (c)	99. (a)	100. (b)
101. (a)	102. (d)	103. (c)	104. (a)	105. (c)	106. (b)	107. (a)	108. (b)	109. (c)	110. (c)
111. (a)	112. (a)	113. (d)	114. (d)	115. (d)	116. (c)	117. (a)	118. (d)	119. (c)	120. (d)
121. (b)	122. (a)	123. (b)	124. (d)	125. (d)	126. (c)	127. (b)	128. (b)	129. (d)	130. (d)
131. (d)	132. (c)	133. (c)	134. (a)	135. (c)	136. (c)	137. (b)	138. (c)	139. (b)	140. (d)
141. (a)	142. (a)	143. (c)	144. (b)	145. (a)	146. (b)	147. (c)	148. (b)	149. (c)	150. (d)

SOLUTION

1. (d)
भाषा के आधार पर राज्यों के पुर्नगठन के लिए केन्द्र सरकार ने फजल अली की अध्यक्षता (अन्य सदस्य हृदय नाथ कुंजरू तथा के.एम. पणिक्कर) में राज्य पुनर्गठन आयोग का गठन (1953) किया। यद्यपि आयोग ने 16 राज्यों एवं 3 संघ राज्य क्षेत्रों के गठन का सुझाव दिया था, लेकिन राज्य पुनर्गठन अधिनियम, 1956 के अंतर्गत 14 राज्यों एवं 6 संघ राज्य क्षेत्रों का गठन किया गया।

2. (c)
'होन्शू' का अर्थ (जापानी भाषा) है 'मुख्य प्रांत' होन्शू जापान का सबसे बड़ा द्वीप है। यह दुनिया का सातवाँ सबसे बड़ा द्वीप है। इस द्वीप का अधिकतर भाग पहाड़ी है, जिस पर बहुत से ज्वालामुखी भी फैले हुए हैं। यह द्वीप तेल, जस्ता (Zn) और ताँबा (Cu) के लिए प्रसिद्ध है।

3. (d)
भारत में स्थानीय स्वशासन की शुरूआत 1882 ई. में लार्ड रिपन के कार्यकाल में हुआ, जिस कारण रिपन को स्थानीय स्वशासन का जनक कहा जाता है। लार्ड रिपन के द्वारा किये गये कुछ प्रमुख कार्य–

- वर्नाकुलर प्रेस एक्ट की समाप्ति (1882 ई.)
- प्रथम फैक्ट्री एक्ट (1881 ई.)
- प्रथम नियमित जनगणना की शुरूआत (1881 ई.)
- स्कूली शिक्षा हेतु हंटर कमीशन की नियुक्ति (1882 ई.)
- इल्बर्ट बिल विवाद (1882 ई.)
- अकाल संहिता की स्थापना (1883 ई.)

4. (d)
भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने अधिकारिक तौर पर पहली बार वर्ष 1935 में एक संविधान सभा की मांग की थी, संविधान सभा का विचार एम.एन. राय के दिमाग की उपज थी। ब्रिटिश सरकार ने लिनलिथगो प्रस्ताव या अगस्त प्रस्ताव (1940) में द्वितीय विश्व युद्ध की समाप्ति पर संविधान सभा के गठन पर विचार (निश्चित आश्वासन नहीं) की बात कही। क्रिप्स प्रस्ताव (1942) में ही सर्वप्रथम भारतीयों की संविधान सभा की मांग को स्वीकार किया गया।

5. (a)
अमेरिका स्टैण्डर्ड कोड फार इन्फार्मेशन इंटरचेंज (American Standard Code For Information Interchange– ASCII) वर्तमान कम्प्यूटिंग में, समस्त विश्व में प्रयोग किया जाने वाला कोड है। जिसका उपयोग कम्प्यूटर में टेक्स्ट को निरूपित करने के लिए किया जाता है। ASCII कोड में 7 या 8 बिट का इस्तेमाल होता है।

6. (d)
'व्हेन द रिवर स्लीप (When the river sleep)' उपन्यास की लेखिका इस्टेरीन कायर (Easterine kire) है। इस उपन्यास के लिए इस्टेरीन कायर को वर्ष 2015 का 'हिन्दू पुरस्कार' प्रदान किया गया। इनके द्वारा लिखी गयी कुछ अन्य पुस्तकें–ए टेरिबल मैट्रिआर्ची (A Terrible matriarchy), मारी (Mari), विटर वार्मवुड (Bitter wormwood), फारेस्ट सांग (Forest song), द रेन मैडेन एण्ड द बियर मैन (The rain-maidan and the bear man) आदि है।

7. (d)
नोबेल पुरस्कार, नोबेल फाउंडेशन द्वारा प्रत्येक वर्ष स्वीडिश वैज्ञानिक अल्फ्रेड नोबेल की स्मृति में शांति, साहित्य, भौतिक, रसायन, चिकित्सा और अर्थशास्त्र के क्षेत्र में दिया जाता है। इन क्षेत्रों में दिया जाने वाला यह विश्व का सर्वोच्च पुरस्कार है। इस पुरस्कार की शुरुआत अल्फ्रेड बर्नहार्ड नोबेल ने सन् 1901 में की थी। पहले नोबल पुरस्कार पाँच क्षेत्रों में दिया जाता था। अर्थशास्त्र के लिए पुरस्कार स्वेरिजेश रिक्स बैंक, स्वीडिश बैंक द्वारा अपनी 300वीं वर्षगाठ के उपलक्ष्य में 1969 ई. में आरम्भ किया गया। इसे अर्थशास्त्र में नोबेल स्मृति पुरस्कार भी कहा जाता है।

8. (a)
वर्ल्ड वाइड वेब (World wide web–www) का आविष्कार टिम बर्नर्स-ली ने किया था। www हाइपर लिंक द्वारा आपस में जुड़े हुए सूचनाओं का विशाल समूह है जिसे इन्टरनेट पर वेब ब्राउजर की सहायता से प्राप्त किया जाता है। यह इन्टरनेट पर उपलब्ध सबसे उपयोगी सेवा है।

9. (d)
जल्लीकट्टू तमिलनाडु का एक परंपरागत खेल है जो 'पोंगल त्यौहार' पर आयोजित किया जाता है। इस खेल के तहत गांव के ताकतवर और मजबूत बैलों के सींग में सिक्कों से भरी थैली बाँधी जाती है और उस बैल को लोगों की भीड़ में खुला छोड़ दिया जाता है, फिर लोग उस सिक्के की थैली को प्राप्त करने के लिए बैल को काबू में करने का प्रयास करते है, जो उस बैल को काबू में कर लेता है उसे विजेता घोषित कर ईनाम दिया जाता है।

10. (c)
संविधान के 73वें व 74वें संशोधन ने पंचायतों को शक्ति प्रदान की है। उनके नियमित चुनाव होंगे सभी स्तरों पर महिलाओं के लिए एक तिहाई स्थान आरक्षित होंगे। उनकी वित्तीय स्थिति सुदृढ़ करने के लिए राज्य वित्त आयोग का गठन का प्रावधान किया गया है। यह राज्यपाल द्वारा गठित किया जायेगा। पंचायतों को ग्यारहवीं व बारहवीं अनुसूची में दिये गये विषयों पर कार्य की पूर्ण शक्ति होगी। ग्यारहवीं व बारहवीं अनुसूची मे क्रमशः 29 व 18 विषय हैं। लोकसभा व राज्यसभा में महिलाओं के आरक्षण की व्यवस्था नहीं है।

11. (b)
- भारत में जनगणना की शुरूआत 1872 में लार्ड मेयो के कार्यकाल में हुई।
- भारत में नियमित जनगणना की शुरूआत 1881 में लार्ड रिपन के कार्यकाल में हुई
- 2011 की जनगणना भारत की 15वीं जनगणना तथा स्वतंत्र भारत की 7वीं जनगणना है।

12. (d)
अर्थव्यवस्था के प्राथमिक क्षेत्र प्राकृतिक संसाधनों के प्रत्यक्ष उपयोग पर आधारित अर्थव्यवस्था है।
- अर्थव्यवस्था के प्राथमिक रोजगार में कृषि, वनिकी, मछली पकड़ने और खनन् आदि है।
- द्वितीय क्षेत्र में विनिर्मित वस्तुओं का उत्पादन है और तृतीय क्षेत्र सेवाओं को व्यक्त करता है।

स्पष्ट है कि पुजारी तृतीय क्षेत्र के अंतर्गत आयेगा।

13. (a)
आई.एस.डी.एन (ISDN)–इसे हम इण्टीग्रेटेड सर्विसेज डिजिटल नेटवर्क कहते है, ये डिजिटल टेलीफोन सेवा (ध्वनि, वीडियो एवं डाटा) प्रदान करने का एक अर्न्तराष्ट्रीय मानक है।

14. (a)
पहले भारत की राजधानी कलकत्ता थी। किंतु 1911 में दिल्ली को भारत का राजधानी बना दिया गया। राजधानी के लिए दिल्ली को विकसित करना था अतः अंग्रेज डिज़ाइर सर एडविन लुटियंस तथा सर हरवर्ट बेकर को यह कार्य सौंपा गया। इन्होंने बड़े मनोयोग से कार्य किया तथा कई वर्षो बाद दिल्ली बनकर तैयार हो गई।

15. (d)
20 दिसम्बर, 2021 को नागर विमानन मंत्री वी.के. सिंह द्वारा प्रदत्त सूचना के अनुसार, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा लगभग 52 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया गया है। ध्यातव्य है कि यह अधिग्रहण नोएडा (जेवर) अंतरर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के निर्माण के कारण विस्थापित लोगों के पुनर्वास हेतु किया गया है।

16. (c) : 20 दिसंबर 2021 को वर्ल्ड एंटी-डोपिंग एजेंसी (WADA) द्वारा डोपिंगरोधी नियम उल्लंघन रिपोर्ट 2019 (ADRV–Anti Doping Rule Violations 2019) प्रकाशित की गयी। यह WADA की 7वीं वार्षिक डोपिंगरोधी नियम उल्लंघन रिपोर्ट है। इस रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2019 में 117 देशों और 89 खेलों के 1914 व्यक्तियों द्वारा डोपिंगरोधी नियमों के उल्लंघन की पुष्टि की गयी है।

17. (d)
91 वाँ संविधान संशोधन, 2003 द्वारा केन्द्र तथा राज्य में मंत्री परिषद के मंत्रियों की संख्या सदन के कुल सदस्यों के 15 प्रतिशत से अधिक नहीं हो सकती है।

18. (c)
जनवरी 1556 ई. में 'दीनपनाह' भवन में स्थित पुस्तकालय की सीढ़ियों से गिरकर हुमायुँ की मृत्यु का समाचार सुनते ही बैरम खाँ ने अकबर को 14 वर्ष की उम्र में कलनौर (पंजाब) में अकबर का राजतिलक कर बादशाह घोषित कर दिया था। ज्ञातव्य है कि बैरम खां अकबर का संरक्षक था।

19. (c)
26 मार्च 1977 को नीलम संजीव रेड्डी को सर्वसम्मति से लोकसभा का स्पीकर चुना गया लेकिन 13 जुलाई, 1977 को इन्होंने पद छोड़ दिया क्योंकि राष्ट्रपति पद के लिए नामांकन किया जा रहा था। राष्ट्रपति पद के लिए कुल 21 नामांकन पत्र दाखिल किये गये थे, जिनमें से कुछ उम्मीदवार को आवश्यक संख्या में विधायकों का समर्थन नहीं था या उम्मीदवारों ने 2500 रुपये की जमानत राशि जमा नहीं कराई थी। 21 जुलाई, 1977 को चुनाव अधिकारी ने प्रेस को सूचित किया कि नीलम संजीव रेड्डी निर्विरोध चुनाव जीत गए हैं। इस घोषणा के पश्चात् नीलम संजीव रेड्डी ने लोक सभा की सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया तथा भारत के 8 वें राष्ट्रपति के रूप में पदभार ग्रहण किये।

20. (a)
रेडियो तरंगों का वेग लगभग प्रकाश के वेग के समान अर्थात् 3×10^8 मी./से. होता है।

21. (b)
FM प्रसारण वैन्ड VHF (Very High Frequency) के बीच होता है। जिसका रेंज 30Mhz से 300 Mhz होती है।

22. (d)
टेप रिकार्डर में टेप की चाल 4.76 सेमी./सेकण्ड होती है।

23. (b)
नदी के प्रवाह को मापने के लिए क्यूसेक मीटर का प्रयोग किया जाता है। व्यूफोर्ट स्केल पर समुद्र में हवा की गति, रिक्टर स्केल पर भूकम्प की तीव्रता तथा एनीमोमीटर पृथ्वी तल पर हवा की गति मापा जाता है।

24. (a)
सुपरसॉनिक स्पीड मापने की इकाई मैक है।

$$\text{मैक} = \frac{\text{वस्तु की गति}}{\text{माध्यम में ध्वनि की गति}}$$

जब मैक संख्या का मान 1 हो तब वस्तु की गति ध्वनि की गति के समान हो जाती है। यदि मैक संख्या 1.35 हो तो इसका अर्थ है कि वस्तु की गति ध्वनि की गति से 35% अधिक है।

25. (d)
सोडियम वेंजोएट ($NaC_7H_5O_2$) का प्रयोग खाद्यानों के संरक्षण हेतु प्रयोग किया जाता है।

26. (a)
किसी स्थान की आर्द्रता जानने के लिए हाइग्रोमीटर का प्रयोग किया जाता है। पाइरोमीटर, सतह का तापमान मापन तथा हाइड्रोमीटर द्वारा द्रवों का आपेक्षिक घनत्व मापा जाता है। पेरिस्कोप पनडुब्बियों में उपयोग होने वाला उपकरण है जिसकी सहायता से पानी में डुबे हुए भी पानी की सतह पर किसी वस्तु को देखा जाता है। इसके द्वारा प्रेक्षक छिपा रहकर भी अपने चारों ओर के वातावरण को देख सकता है।

27. (a)
पृथ्वी से निकलने वाली विकिरण 'समताप मण्डल (Stratosphere)' से टकराकर वापस पृथ्वी पर आ जाती है, जबकि आयनोस्फियर (आयनमण्डल) से रेडियो तरंगे टकराकर वापस पृथ्वी पर आती हैं।

28. (c)
Ujwal DISCOM Assurance Yojana (UDAY) योजना का शुभारंभ नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमण्डल द्वारा 5 नवबंर, 2015 को किया गया। इस योजना का लक्ष्य वितरण कंपनियों का वित्तीय सुधार तथा पुनरूद्धार करना है। झारखण्ड देश का पहला राज्य है जिसने UDAY योजना के लिए समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया।

29. (b)
महात्मा गांधी ने वर्ष 1924 में कांग्रेस के 40वें अधिवेशन की अध्यक्षता की थी। यह अधिवेशन बेलगाँव (कर्नाटक) में संपन्न हुआ था।
1923 – विशेष अधिवेशन - अबुल कलाम आजाद (दिल्ली)
1923 – 39वाँ अधिवेशन - मौलाना मोहम्मद अली (काकीनाडा)
1922 – 38वाँ अधिवेशन - देश बंधु चित्तरंजनदास (गया)
1925 – 41वाँ अधिवेशन - श्रीमती सरोजिनी नायडू (कानपुर)

30. (b)
"**क्रीमीलेयर**" शब्द 1971 में सत्तानाथन आयोग ने दिया। यह **सामाजिक और आर्थिक हालात** से संबंधित है। इस शब्द का प्रयोग अन्य पिछड़ा वर्ग के अमीर और शिक्षित परिवारों के लिए आयोग ने किया।

31. (d)
3 दिसंबर, 2021 को खादी और ग्रामोउद्योग आयोग द्वारा पूर्वी राज्य असम में 'आरई-एचएबी परियोजना की शुरूआत की गई। यह परियोजना हाथियों और मानव के बीच के संघर्ष को रोकने का एक प्रभावी तरीका है। इससे जानवरों और मनुष्यों दोनों को कोई नुकसान नहीं होता।

32. (d)
13 दिसंबर, 2021 को महाराष्ट्र राज्य सरकार ने जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण पर एक पूर्ण पाठ्यक्रम विकसित किया और संबंधित पाठ्यक्रम शुरू करने वाला पहला राज्य भी बन गया। ध्यातव्य है कि उप-राष्ट्रीय स्तर पर जलवायु को बचाने की दिशा में महाराष्ट्र के प्रयासों को अंडर-2 गठबंधन द्वारा मान्यता दी गई जो जलवायु कार्रवाई के लिए प्रतिबद्ध राज्यों और क्षेत्रों का सबसे बड़ा वैश्विक नेटवर्क है।

33. (b)
लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम जिसे पहले फुटबॉल और क्रिकेट का फतेह मैदान के नाम से जाना जाता था, हैदराबाद, तेलंगाना में है। इस स्टेडियम का नाम 1967 में बदलकर पूर्व प्रधानमंत्री के नाम पर लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम रख दिया गया।

34. (a) : 19 नवंबर, 2021 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा उत्तर प्रदेश के झांसी के गरौठा में प्रदेश का सबसे बड़ा अल्ट्रा मेगा सोलर पॉवर पार्क का शिलान्यास किया। यह अल्ट्रा मेगा सोलर पॉवर पार्क गरौठा तहसील के पाँच गांवों की 3023 एकड़ भूमि पर ये 3013 करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया जाएगा। 16 माह पश्चात इस सोलर पार्क में प्रतिदिन 600 मेगावॉट बिजली का उत्पादन होगा।

35. (d)
रक्त लाल, हीमोग्लोबिन के कारण दिखाई देता है।
क्योंकि हीमोग्लोबिन नीले-पीले प्रकाश को अवशोषित कर लेती है और जब वे ऑक्सीजन के सम्पर्क में आते हैं तो लाल दिखाई पड़ते है।

36. (c)
17 दिसंबर, 2021 को तमिलनाडु सरकार ने तमिल मातृभूमि की प्रशंसा में गाए जाने वाले गीत 'तमिल थाई वाझथु' (Tamil thai vaazhthu) को राज्यगीत घोषित किया है। इस गीत को मनोनमनियम सुंदरम पिल्लई द्वारा लिखा गया है। मुल्लईपानी रागम (मोहना रागम) में इस गीत को 55 सेकंड में गाया जाना चाहिए। यह गीत शैक्षणिक संस्थानों और सकरारी ऑफिसों के सभी सार्वजनिक कार्यक्रमों में गाया जाएगा।

37. (d)
25 नवंबर से 5 दिसंबर 2021 के मध्य स्पेन में आयोजित डेविस कप, 2021 का खिताब डेनियल मेदवेदेव ने दूसरे एकल मैच में मारिन सिलिच को हरा कर रूस को क्रोएशिया पर 2–0 बढ़त दिलाई और 2006 के बाद से उसका (रूस) पहला डेविस कप खिताब जीता। मेदवेदेव ने 3 माह पूर्व नोवाक जोकोविच को हरा कर यूएस ओपन के रूप में अपना पहला ग्रैंडस्लैम खिताब जीता था।

38. (a)
"गोल्डेन पेन ऑफ फ्रीडम" पुरस्कार अंतर्राष्ट्रीय पत्रकारिता से संबंधित है जो 1961 में शुरू किया गया। यह पुरस्कार विश्व समाचार संगठन द्वारा व्यक्ति या समूह को दिया जाता है।

39. (a)
'भरपेट' का समास विग्रह 'भर-पेट' होता है। इसमें अव्ययी भाव समास है। अव्ययीभाव समास में पूर्वपद अव्यय होता है तथा यही प्रधान होता है। समस्त पद अव्यय की भाँति काम करता है। द्वंद्व समास में दोनों पद प्रधान होते हैं, इसमें 'और', 'या', 'अथवा' का लोप पाया जाता है। इसके उदाहरण हैं- सीताराम, पाप-पुण्य, रात-दिन आदि। तत्पुरुष समास का उत्तर पद प्रधान होता है। कर्म से

लेकर अधिकरण तक इसके कुल छः भेद होते हैं। इसके उदाहरण हैं- तुलसीकृत, रसोईघर, धनहीन, राजपुत्र, पुरुष सिंह आदि। बहुव्रीहि समास में दोनों पद प्रधान नहीं होते बल्कि अन्य अर्थ प्रधान होता है। इसके उदाहरण हैं- लम्बोदर, चक्रधर, दशानन आदि।

40. (b)

"एक दिन बैठे-बैठे यह बात अपने ध्यान में चढ़ी कि कोई कहानी ऐसी कहिये कि जिसमें 'हिन्दवी' छुट और किसी बोली का पुट न मिले" यह पंक्ति **मुंशी इंशा अल्ला खाँ** की कृति 'रानी केतकी की कहानी' से उद्धृत है। मलिक मोहम्मद जायसी की पंक्तियाँ इस तरह हैं -

"तुरकी अरबी हिन्दवी भाषा जेतो आहि,
जामें मारग प्रेम का सबै सराहैं ताहि।"

41. (d)

क्रिया की विशेषता बताने वाले शब्दों को क्रिया विशेषण कहते हैं। क्रिया-विशेषण मुख्यतः चार प्रकार के होते हैं। (1) कालवाचक क्रिया विशेषण जैसे- कभी-कभी, प्रायः, सदा, दिनभर, रातभर आदि। (2) परिमाणवाचक क्रिया विशेषण जैसे-कम, अधिक, ज्यादा आदि। (3) स्थानवाचक क्रिया विशेषण जैसे- अन्दर, बाहर, ऊपर, नीचे आदि। (4) रीतिवाचक क्रिया विशेषण जैसे-धीरे, तेज, धीरे-धीरे, अचानक आदि। 'राधा रातभर जागती रही।' में कालवाचक क्रिया विशेषण है। 'अधिक मत बोलो' वाक्य में 'मत' निपात के रूप में प्रयुक्त है, परन्तु 'मत' रीतिवाचक क्रिया-विशेषता के रूप में भी प्रयुक्त होता है। अतः विकल्प (d) सही उत्तर है।

42. (c)

'आवारा मसीहा' विष्णु प्रभाकर द्वारा रचित प्रसिद्ध बांग्ला लेखक शरतचंद्र चट्टोपाध्याय की जीवनी है। जबकि 'अतीत का चलचित्र' महादेवी वर्मा द्वारा रचित एक रेखाचित्र है। चिन्तामणि आचार्य रामचन्द्र शुक्ल द्वारा रचित हिन्दी का निबन्धात्मक ग्रंथ है। इसके दो भाग हैं। 'नीड़ का निर्माण फिर' हरिवंश राय बच्चन की आत्मकथा है।

43. (c)

उपर्युक्त गद्यांश में लेखक ने इस संसार में धन और मनुष्यता के बीच अंतर स्पष्ट किया है। अतः इसका उचित शीर्षक 'धन और मनुष्यता' होगा।

44. (d)

उपर्युक्त गद्यांश में लेखक धन को ही सब कुछ नहीं मानता है, धन की पूजा बहुत ही कम जगहों पर देखने को मिलती है, संसार का इतिहास उठाकर देखने पर विदित होता है कि अंत में उसी मनुष्य की पूजा होती है जो सच्चे मनुष्यत्व के लिए कार्य करता है।

45. (b)

गद्यांश की दूसरी पंक्ति - 'धन की पूजा तो बहुत कम जगहों में होती देखी गयी है'। इसका आशय है कि धन या धन कमाने वाले का सम्मान बहुत ही कम होता है।

46. (c)

'अभ्यस्त' शब्द वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध है। शेष सभी त्रुटिपूर्ण शब्द है।

47. (a)

'पैगम्बर' शब्द तुर्की भाषा का नहीं है बल्कि यह अरबी भाषा का शब्द है। पैगम्बर का अर्थ होता है पैगाम देने वाला। जबकि बेगम, चेचक तथा बारूद शब्द तुर्की भाषा के शब्द हैं।

48. (d)

'जीवन' एक अनेकार्थी शब्द है जिसका अर्थ- जल, प्राण, पुत्र, जिन्दगी, जीविका-निर्वाह आदि है। इसी तरह 'सार' का अर्थ है- तत्त्व, निष्कर्ष, रस, रसा, लाभ, धैर्य आदि।

49. (b)

"वह आदमी जो कल आया था, आज भी आया है।" इस वाक्य में 'जो कल आया था' आश्रित उपवाक्य **विशेषण उपवाक्य** का उदाहरण है। जो आश्रित उपवाक्य विशेषण की तरह कार्य करते हैं, विशेषण उपवाक्य कहलाते हैं। इसमें प्रायः जो, जैसा, जितना इत्यादि शब्दों का प्रयोग होता है।

50. (c)

'ज' ध्वनि **महाप्राण ध्वनि** नहीं है। महाप्राण ध्वनियों के उच्चारण में 'हकार' जैसी ध्वनि विशेष रूप से रहती है और इसमें वायु (श्वास) अधिक मात्रा में लगती है। प्रत्येक वर्ग का दूसरा एवं चौथा वर्ण महाप्राण होता है। जबकि अल्पप्राण ध्वनियों में अपेक्षाकृत कम वायु प्रयुक्त होती है। प्रत्येक वर्ग का पहला, तीसरा, पाँचवा तथा य, र, ल, व अल्पप्राण ध्वनियाँ हैं।

51. (c)

'खाना' क्रिया में **'वैया'** प्रत्यय लगाने से **'खवैया'** शब्द बनता है। यह एक कृदन्त प्रत्यय है। कृदन्त प्रत्यय क्रियाओं में लगते हैं। इसके अतिरिक्त 'डाटना' में 'ऐया' प्रत्यय लगाकर 'डटैया' तथा 'बचाना' में 'ऐया' प्रत्यय लगाकर 'बचैया' शब्द बनता है।

52. (c)

'किंकर' देवता का पर्यायवाची नहीं है बल्कि यह सेवक का पर्यायवाची है। सेवक के अन्य पर्यायवाची- नौकर, चाकर, दास, भृत्य, परिचारक, चेरा आदि हैं। जबकि निर्जर, त्रिदश, गीर्वाण देवता के पर्यायवाची हैं। देवता के अन्य पर्यायवाची अमर, देव, सुर, विवुध, अमृतेश, अपहर्य आदि हैं।

53. (c)

साकेत महाकाव्य के रचयिता **मैथिलीशरण गुप्त** (द्विवेदी युग) हैं। मैथिलीशरण गुप्त का उपनाम रसिकेन्द्र था। गुप्तजी ने अपने 'अनघ' हिन्दी गीति नाटक में भारत के राष्ट्रीय आन्दोलन के सामाजिक पक्ष को चित्रित किया है।

54. (c)

'गौः +चरति' की सन्धि **'गौश्चरति'** है। क्योंकि यदि विसर्ग के बाद 'च-छ' हो तो विसर्ग का 'श्', 'ट-ठ' हो तो 'ष्' और 'त-थ' हो तो 'स्' हो जाता है। इसके अन्य उदाहरण इस प्रकार हैं- निः + चय = निश्चय

धनुः + टंकार = धनुष्टंकार

निः + तार = निस्तार

निः + छल = निश्छल

55. (b)

'ठेठ हिन्दी का ठाठ' अयोध्या सिंह उपाध्याय "हरिऔध" द्वारा रचित उपन्यास है। 'अधखिला फूल' इनका अन्य उपन्यास है। जबकि ज्योतिरीश्वर ठाकुर की रचना "वर्ण-रत्नाकर" नामक गद्य काव्य है। किशोरीदास वाजपेयी हिन्दी के सुप्रसिद्ध व्याकरणाचार्य थे। हिन्दी शब्दानुशासन, हिन्दी शब्द मीमांसा, हिन्दी वर्तनी एवं शब्द विश्लेषण, भारतीय भाषा विज्ञान आदि इनकी प्रमुख कृतियाँ हैं। पं. चन्द्रधर शर्मा गुलेरी अपनी कहानी 'उसने कहा था' से प्रसिद्ध है।

56. (c)
"उस वन में प्रातःकाल का दृश्य बहुत ही सुहावना होता था।" वाक्य शुद्ध है। प्रातःकाल, सुबह एवं सवेरे के साथ 'समय' शब्द का प्रयोग नहीं होता है। अतः शेष तीनों विकल्प में निहित वाक्य अशुद्ध है।

57. (d)
'ओढ़ना' शब्द में उपसर्ग नहीं है। यह क्रिया है। जबकि 'अपवाद' में 'अप', 'पराजय' में 'परा' तथा 'प्रभाव' में 'प्र' उपसर्ग लगा है।

58. (b)
गुरु अर्जुन देव ने 'आदि ग्रन्थ' को संकलित किया। गुरु अर्जुन देव सिक्खों के पाचवें गुरु (1581–1601 ई.) थे। इन्होंने अमृतसर नगर (पूर्व नाम रामदासपुर) का निर्माण कार्य पूरा कराया और उसमें अमृतसर एवं संतोष नगर नामक तालाब बनवाया। इन्होंने अमृतसर तालाब के मध्य हरमिन्दर साहिब का निर्माण करवाया जिसकी नींव सूफी सन्त मियामीर के द्वारा रखा गया था। जहाँगीर ने अपने विद्रोही पुत्र खुसरो की मदद के आरोप में गुरु को फाँसी दे दी।

15. (d)
तुलुव वंश (1505–1570 ई) की स्थापना नरसा नायक के पुत्र 'वीर नरसिंह' ने की थी। इतिहास में इसे 'द्वितीय बलापहार' की संज्ञा दी गयी है।

16. (c)
भारत में प्रथम मुस्लिम आक्रमणकारी मुहम्मद-बिन-कासिम था। 711 ई. में मुहम्मद-बिन-कासिम के नेतृत्व में सिंध पर अरब आक्रमण हुआ, किन्तु उसका कोई स्थायी परिणाम नहीं हुआ। अरबों ने 712 ई. में दाहिर को परास्त कर सिंध पर विजय पायी।

17. (d)
धनुर्वेद, शस्त्रशास्त्र, आयुर्वेद उपवेद हैं जबकि योगवेद उपवेद नहीं है। धनुर्वेद यजुर्वेद का उपवेद, आयुर्वेद ऋग्वेद का उपवेद है।

18. (c)
9 दिसंबर, 2021 को केन्द्रीय पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी सूचना के अनुसार उत्तर प्रदेश के बिजनौर स्थित मानव निर्मित हैदरपुर आर्द्रभूमि को भारत का 47वां रामसर साइट तथा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर 2463वीं रामसर स्थल के रूप में नामित किया गया है। यहाँ पर पक्षियों, जलीय जीवों, वन्य जीवों की कई प्रजातियां है। हैदरपुर वेटलैंड के रामसर स्थल के रूप में मान्यता मिलने से अब उत्तर प्रदेश में इन स्थलों कि संख्या 9 हो गयी है।

19. (b)
स्थल एवं जल पर भूमध्य रेखा (Equator Line) कुल 13 देशों से होकर गुजरती है इनका विवरण निम्नवत् है–
(1) साओ टोम और प्रिसप (2) गैबन (3) कांगो गणराज्य (4) कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (5) युगान्डा (6) केन्या (7) सोमालिया (8) मालदीव (9) इण्डोनेशिया (10) किरिबाटी (11) इक्वेडोर (12) कोलम्बिया (13) ब्राजील।
स्पष्ट है कि अभीष्ट उत्तर विकल्प (b) होगा।

20. (d)
हेमिस मठ, जम्मू-कश्मीर में लेह से लगभग 45 किमी. दूर लद्दाख में एक कस्बा है जिसे हेमिस कहते हैं। यहाँ एक बड़ा तथा आकर्षक मठ है जिसे हेमिस मठ या हेमिस गोप्पा कहा जाता है। सिन्धु नदी के पश्चिम में स्थित यह मठ लगभग 12000 फुट की ऊँचाई पर स्थित है। हेमिस मठ तिब्बती स्थापत्य शैली में बना है जो बौद्ध जीवन तथा संस्कृति को प्रदर्शित करता है।

21. (a)
14 दिसंबर, 2021 को स्पोर्टस जनर्लिस्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा नीरज चोपड़ा को मैन ऑफ द ईयर, 2021 नीरज चोपड़ा को प्रदान करने की घोषणा की गई। ध्यातव्य हो कि टोक्यों ओलंपिक में नीरज चोपड़ा ने भारत को एथलेटिक्स में पहला स्वर्ण पदक दिलाने वाले प्रथम भाला फेंक खिलाड़ी हैं। अंजू बॉबी जॉर्ज के बाद किसी विश्व चैम्पियनशिप स्तर पर एथलेटिक्स में स्वर्ण पदक को जीतने वाले वह दूसरे भारतीय हैं।

22. (d)
भारतीय कृषि पुर्तगालियों की महत्वपूर्ण देन है। भारत में तम्बाकू, मूँगफली, आलू, लाल मिर्च, मकई, टमाटर, शकरकंद, चीकू, काजू, अमरुद, पाईन एप्पल, और शरीफा इत्यादि पुर्तगालियों के द्वारा ही भारत में लाया गया। इसके अलावा भारत में पहली बार प्रिंटिंग प्रेस का प्रयोग तथा जहाज निर्माण उद्योग पुर्तगालियों की ही देन है।

23. (a)
वी.वी. गिरी 'डलिन यूनिवर्सिटी' में कानून की पढ़ाई करने के लिए जब आयरलैण्ड गए थे तब वे वलेरा जैसे प्रसिद्ध ब्रिटिश विद्रोही के सम्पर्क में आकर स्वतन्त्रता के लिए चल रहे 'सिन फीन आंदोलन' से जुड़ गए। इस कारण उन्हें जेल भी जाना पड़ा तथा आयरलैण्ड से निष्कासित कर दिया गया। स्वतंत्र भारत में वी.वी. गिरी चौथे राष्ट्रपति बने थे।

24. (d)
पर्यावरण प्रदूषण की समस्या पर सन् 1972 में संयुक्त राष्ट्र संघ ने स्टॉकहोम (स्वीडन) में विश्व भर के देशों का पहला पर्यावरण सम्मेलन आयोजित किया जिसमें विश्व के 114 देशों ने भाग लिया और पहली बार 'एक ही पृथ्वी' का सिद्धांत मान्य किया। इसी सम्मेलन में 'संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP)' का जन्म हुआ तथा प्रत्येक वर्ष 5 जून को 'पर्यावरण दिवस' मनाने का निर्णय लिया गया। पर्यावरण दिवस मनाने का उद्देश्य पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाते हुए आम जनता को प्रेरित करना है। पर्यावरण प्रदूषण को ध्यान में रखकर भारत ने 19 नवंबर 1986 को पर्यावरण संरक्षण अधिनियम लागू किया।

25. (c) : दिसंबर 2021 में भारत की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत में से कोलकाता की दुर्गापूजा को यूनेस्कों के द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल किया गया है। कोलकाता की यह दुर्गापूजा धर्म और संस्कृति का एक उत्कृष्ट मेल है। यह त्योहार मुख्यतः बंगाली समुदाय द्वारा मनाया जाता है। यूनेस्कों के अनुसार, सांस्कृतिक विरासत वस्तुओं और स्मारकों के संग्रह पर समाप्त नहीं होती है।

26. (c)
भारतीय संविधान सभा में महिला सदस्यों की संख्या 15 थी। भारतीय संविधान सभा का निर्माण 'भारत की संविधान' की रचना के लिए किया गया था। संविधान सभा की कार्रवाई 13 दिसम्बर, सन् 1946 ई. को जवाहर लाल नेहरू द्वारा पेश किये गए एक उद्देश्य प्रस्ताव के साथ प्रारम्भ हुई थी।

27. (d)
उत्तर प्रदेश में शेर सफारी इटावा जिले में स्थित है।

28. (c)
प्रसिद्ध चरकुला नृत्य उत्तर प्रदेश के ब्रजभूमि से संबंधित है। इस नृत्य में स्त्री या पुरुष, स्त्री वेश धारण कर सिर पर मिट्टी के सात घड़े तथा उसके ऊपर जलता हुआ दीपक रखकर अनवरत रूप से नृत्य करते हैं।

29. (a)
कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था का प्राथमिक क्षेत्र है। भारतीय कृषि का GDP में 16 प्रतिशत तथा कुल निर्यात में 10 प्रतिशत भागीदार है। कृषि को अर्थव्यवस्था की रीढ़ कहा जाता है।

30. (c) : 15-19 दिसंबर 2021 के मध्य वियतनाम का एक उच्च स्तरीय संसदीय प्रतिनिधि मंडल भारत की आधिकारिक यात्रा पर आया। उक्त प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व वियतनाम की नेशनल असेंबली के अध्यक्ष बुओंग दिन्हह्यू कर रहे थे। इस प्रतिनिधिमण्डल में वियतनाम के संस्कृति, खेल एवं पर्यटनमंत्री गुयेनवान हंग और सूचना एवं संचार मंत्री गुयेन मान हंग शामिल थे।

31. (b)
भारत में आयात तथा निर्यात को प्रोत्साहित करने के लिए इंडिया एक्ट–1981 के तहत सरकार ने आयात-निर्यात बैंक वर्ष 1982 में स्थापित किया था।

32. (c)
कमलजीत संधु वह प्रथम भारतीय महिला हैं जिसने एशियाई खेल में 400 मीटर की दौड़ में स्वर्ण पदक जीता है। पंजाब राज्य की रहने वाली कमलजीत संधु ने 400 मीटर की दौड़ को 57.3 सेकण्ड में पूरा किया था। सन् 1970 के एशियाई खेल में स्वर्ण पदक जीतने पर अगले वर्ष (1971) में कमलजीत संधु को पद्मश्री सम्मान से सम्मानित किया गया।

33. (a)
SAARC की पहली बैठक ढाका (बांग्लादेश) में हुई थी। SAARC का सुझाव सर्वप्रथम बांग्लादेश के पूर्व राष्ट्रपति जियाउर्रहमान ने वर्ष 1977 में दिया था। सार्क की स्थापना (1985) के समय 7 देश { बांग्लादेश, भूटान, मालदीव, भारत, पाकिस्तान, नेपाल (मुख्यालय), श्रीलंका} इसके सदस्य थे, लेकिन 14 वें शिखर सम्मेलन, 2007 में अफगानिस्तान को 8वें देश के रूप में सार्क में शामिल किया गया।

34. (d) : 14 दिसंबर, 2021 को संयुक्त राज्य अमेरिका की अंतरिक्ष संस्था 'नासा' (NASA) की एक विज्ञप्ति के अनुसार पार्कर सोलर प्रोब सूर्य के वायुमंडल में प्रवेश करने वाला पहला अंतरिक्षयान है। नासा ने इस प्रोब को सूरज का अध्ययन करने के लिए 12 अगस्त 2018 को लॉन्च किया था। इसका उद्देश्य सूर्य और पृथ्वी के मध्य सिस्टम के अलग-अलग पहलुओं को समझने और इससे जुड़ी जानकारी इकट्ठा करना है।

35. (c) : 16 दिसंबर, 2021 को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह द्वारा भौगोलिक सूचना तंत्र पर आधारित 'स्वचालित जलापूर्ति प्रणाली' का शुभारंभ किया। इस प्रणाली का उद्देश्य छावनी क्षेत्रों में रहने वाले निवासियों को त्वरित गति से शुद्ध एवं स्वच्छ जल की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। यह जीआईएस सिस्टम देश में अपनी तरह का पहला सिस्टम है। यह प्रणाली अत्यधिक उपयोगकर्त्ता के अनुकूल, कुशल और पारदर्शी है।

36. (a)
'लौह और रक्त' की नीति अर्थात् कठोर नीति गुलाम वंशीय शासक बलबन ने अपनाई थी। बलवन ने विद्रोहियों को कमजोर करने तथा मंगोल आक्रमण से रक्षा के लिए यह नीति अपनाई थी। बलवन ने राजत्व सिद्धांत को ऊँचा करने के लिए सिजदा तथा पैबोस प्रथा को भी आरंभ किया।

37. (c)
टीपू सुल्तान (फतेह अली टीपू) हैदर अली का पुत्र तथा मैसूर का शासक था। अंग्रेजों से युद्ध के दौरान हैदर अली की मृत्यु के बाद टीपू सुल्तान मैसूर का शासक बना जो अपने पिता की भांति योग्य तथा पराक्रमी था। टीपू की मृत्यु चतुर्थ आंग्ल मैसूर युद्ध के दौरान 1799 ई. में हुई थी।

38. (a)
भारत का संविधान संशोधन (52वां संशोधन) अधिनियम, 1985 द्वारा यह व्यवस्था की गई थी कि यदि किसी संसद-सदस्य या विधान सभा सदस्य दल-बदल करता है या दल द्वारा निकाल दिया जाता है जिसने उसे चुनाव में खड़ा किया था, या कोई निर्दलीय उम्मीदवार दल का सदस्य बन जाता है तो वह सदन का सदस्य होने के अयोग्य करार दिया जाएगा।

39. (c)
सूरदास हिन्दी साहित्य में भक्ति काल के कृष्ण अष्टछाप कवियों में अग्रणी हैं। महाकवि सूरदास वात्सल्य रस के सम्राट माने जाते हैं। सूरदास ने भगवत के द्वादश स्कंधों पर सवा लाख पदों की रचना की जिनमें से अब 500 पद ही उपलब्ध हैं जो 'सूर सागर' में संकलित हैं। ऐसा माना जाता है कि सूरदास जन्मांध थे लेकिन इस विषय में अभी भी मतभेद है। आगरा के समीप गऊघाट पर इनकी मुलाकात **वल्लभाचार्य जी** से हुई और वे उनके शिष्य बन गए। वल्लभाचार्य ने ही उनको पुष्टिमार्ग में दीक्षा देकर कृष्ण लीला के पद गाने का आदेश दिया था।

40. (b)
छंद में नियमित वर्ण या मात्रा पर साँस लेने के लिए रुकना पड़ता है, इसी रुकने के स्थान को 'यति' कहा जाता है। छोटे छंदों में साधारणतया यति चरण के अन्त में होती हैं, लेकिन बड़े छंदों में एक ही चरण में एक से अधिक 'यति' या 'विराम' होते हैं।

41. (b)
विशेषण शब्द जिस संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बतलाते हैं, उसे विशेष्य (संज्ञा) कहते हैं। जैसे- बाहर कोई व्यक्ति घंटी बजा रहा है। यहाँ कोई (विशेषण) द्वारा व्यक्ति (विशेष्य) की विशेषता बतलायी जा रही है।

42. (d)
'प्राचीन' शब्द गुणवाचक विशेषण है। जो विशेषण शब्द किसी संज्ञा या सर्वनाम के आकार-प्रकार, गुण-दोष, रंग-रूप, स्वभाव आदि का बोध कराते हैं, वे गुणवाचक विशेषण कहलाते हैं। जैसे - चंचल, बुद्धिमान, समझदार, परिश्रमी, आधुनिक, ऐतिहासिक आदि।

43. (b)
'अभ्यास' का विशेषण रूप '**अभ्यासी**' होगा।

44. (c)
'द्रोपदी का चीर' मुहावरे का अर्थ 'कभी न समाप्त होने वाला' या 'अनन्त' है।

45. (d)
'कूप मंडूक होना' मुहावरे का अर्थ "सीमित ज्ञान" या 'सीमित अनुभव' होना है।

46. (a)
सही वाक्य 'सामाजिक जीवन में क्रोध की जरूरत बराबर पड़ती है, यदि क्रोध न हो तो मनुष्य दूसरों के द्वारा पहुँचाए जाने वाले बहुत से कष्टों की चिर निवृत्ति का उपाय ही न कर सके। अतः सही क्रम य, ल, र, व है।

47. (b)
पूरब और उत्तर के मध्य की दिशा को 'ईशान' कहा जाता है।

48. (b)
'वलय' शब्द का शाब्दिक अर्थ 'गोलाकार घेरा' होता है।

49. (b)
जिस समास का पहला पद अव्यय तथा प्रधान हो, उसे अव्ययी भाव समास कहते है। जैसे- प्रतिदिन अनुरूप, आजन्म, आजीवन इत्यादि।

50. (d)
वह कारक जो क्रिया के समय, स्थान, अवसर आदि का बोध कराये तो वहाँ अधिकरण कारक होता है। जैसे–

(i) चिड़िया पेड़ पर बैठी हैं।

(ii) ठीक समय पर आ जाना।

(iii) घड़े में पानी है।

51. (d)
मंदिर का अर्थ है **देवालय** या पूजाघर। **मंदिरा** का अर्थ **अश्वशाला** होता है।

52. (d)
जिन वाक्यों में एक प्रधान उपवाक्य हो तथा दूसरा आश्रित (गौण) उपवाक्य हो तथा दोनों वाक्य आपस में जब-तब, जहाँ-वहाँ, अगर, तो इत्यादि से जुड़े हो तो उन वाक्यों को मिश्र वाक्य की श्रेणी में रखा जाता है। जैसे

(i) ज्यों ही वह घर से निकला, वर्षा होने लगी।

(ii) राम नहीं आता तो गीता चली जाती।

(iii) जहाँ राधा नाचती है वहाँ भीड़ जुट जाती है।

53. (a)
कवि के मन में **कुछ महत्वपूर्ण कार्य करने** की इच्छा उत्पन्न हुई है।

54. (c)
प्रस्तुत काव्यांश में कवि ने **मन के सूनेपन** की तुलना पेड़ के सूखे पत्ते से की है।

55. (b)
प्रश्न में दिए गए काव्यांश में कवि कहता है कि **विचार रूपी कलियों पर** बहार खिल आई है।

56. (a)
'गहनता की फसल' से कवि का आशय 'विचारों की परिपक्वता' से है।

57. (c)
सही वाक्य रामू की **उपेक्षा** केवल इसलिए हुई, क्योंकि राजीव उसकी **अपेक्षा** अधिक बुद्धिमान था। अतः विकल्प (c) सही है।

58. (c)
जहाँ पर कारण के रहते हुए भी कार्य का न होना पाया जाय वहाँ 'विशेषोक्ति' अलंकार होता है। वहाँ मछली के पानी में रहते हुए भी मछली के प्यासे होने की बात कही जा रही है। अतः यहाँ विशेषोक्ति अलंकार होगा। 'विभावना' विशेषोक्ति का विपरीत है। इसमें कारण के बिना ही कार्य होता हुआ दिखाया जाता है।

59. (a)
वह संज्ञा जो किसी वस्तु, व्यक्ति, स्थान का बोध कराती है उसे व्यक्तिवाचक संज्ञा कहा जाता है। जैसे - वाराणसी, रामायण, रामचरित मानस, गंगा, मोहन इत्यादि।

60. (c)
गंगा का पर्यायवाची शब्द नदीश्वरी, त्रिपथगा, देवपगा, जाह्नवी, देवनदी, मंदाकिनी, भागीरथी, अमरतरंगिनी, सुरसरि, सुरसरिता, विष्णुपदी है। कालिन्दी यमुना का पर्यायवाची शब्द है।

61. (b)
शृंगार शब्द की वर्तनी शुद्ध है। अन्य का शुद्ध शब्द अवनति, मुश्किल, मातृभूमि होता है।

62. (d)
शब्द 'भीड़' समूह को दर्शाता है जबकि अन्य नहीं।

63. (c)
जो शब्द अंश शब्दों के अन्त में जुड़कर उनके अर्थों में परिवर्तन लाते हैं, वे प्रत्यय कहलाते हैं। शब्द आंशिक में इक प्रत्यय है। 'इक' प्रत्यय से बने अन्य शब्द वैज्ञानिक, वैदिक, लौकिक, दैनिक इत्यादि हैं।

64. (c)
शुद्ध वाक्य है 'पुलिस द्वारा चोरी का माल बरामद किया गया है।'

65. (b)
दीर्घ संधि के अनुसार ह्रस्व या दीर्घ 'अ', 'इ', 'उ', के बाद क्रमशः समान ह्रस्व या दीर्घ 'ह्र', 'इ', 'उ' स्वर आएँ तो दोनों मिलकर दीर्घ (आ, इ, ऊ) हो जाते हैं। जैसे-

धर्म + अर्थ = धर्मार्थ

वधू + ऊर्मि = वधूर्मि

नारी + ईश्वर = नारीश्वर

66. (b)
पावक, कृशानु तथा अनल अग्नि के पर्यायवाची शब्द हैं जबकि अनिल हवा का पर्यायवाची शब्द है।

67. (b)
हर्ष का विलोम शब्द **विषाद** होता है।

68. (c)
गंदला, मैला, मलिन, **पंकिल** सभी गंदा का पर्यायवाची शब्द है। धवल का अर्थ उजला, प्रलय का अर्थ विनाश, पामर का अर्थ दुष्ट, खल होता है।

69. (c)
मधुर, कर्कश शब्द का विलोम है जबकि कठोर, कोमल का, विवेकी, अविवेकी का तथा विनम्र, धृष्ट का विलोम है।

70. (c)
'जो इन्द्र पर विजय प्राप्त कर चुका हो' वह 'इन्द्रजीत' कहलाता है जबकि इन्द्रियों पर विजय प्राप्त करने वाला 'जितेन्द्रिय' कहलाता है।

71. (d)
उच्च कुल में पैदा होने वाला व्यक्ति 'कुलीन' कहलाता है।

72. (c)
जिस वाक्य से इच्छा, स्तुति या आर्शीवाद का बोध होता है, उसे इच्छावाचक वाक्य कहते है। अतः "ईश्वर तुम्हे दीर्घायु दे" एक इच्छावाचक वाक्य है।

73. (b)
इति श्री, 'श्री गणेश' का विलोम शब्द है।

74. (c)
सुमन, पुष्प, कुसुम-फूल के पर्यायवाची शब्द है इसके अन्य पर्यायवाची शब्द प्रसून, लतान्त, मंजरी, गुल है जबकि तनुजा, बेटी या पुत्री का पर्यायवाची शब्द है।

75. (c)
'शृंगार रस' को 'रसराज' की उपमा से अलंकृत किया गया है।

76. (b)
ट्रेनें एक दूसरे की तरफ चल रही है–

ट्रेनों की सापेक्ष चाल

= (45+72) किमी./घं.

= 117 किमी./घं.

या $= 117 \times \frac{5}{18}$ मी./से.

ट्रेनों की लम्बाइयों का योग =105+90

एक दूसरे को पार करने में लगा समय $= \frac{(105+90)}{117 \times \frac{5}{18}}$

$= \frac{195 \times 18}{117 \times 5} \Rightarrow$ 6 सेकेण्ड

77. (d)
पंखें का क्रय मूल्य = विक्रय मूल्य + हानि

= 1200 + 200

= 1400 रु0

$\therefore$ 10% लाभ हेतु विक्रय मूल्य $= 1400\left[1+\frac{10}{100}\right]$

$= 1400 \times \frac{110}{100}$

$= 1540$ रु.

78. (a)

अभीष्ट प्रतिशत लाभ $= \frac{12-10}{10} \times 100$

$= \frac{2}{10} \times 100$

$= 20\%$

79. (d)
माना भागफल k हो तो

संख्या = 52k + 44

= 13×4k + 13×3+5 = 13 (4K + 3) + 5

अतः उस संख्या को 13 से

भाग देने पर 5 शेष बचेगा।

Special Rule

$$13\overline{)44(3}$$
$$\underline{39}$$
$$5$$

अतः शेषफल = 5

80. (d)

$x = \sqrt{6+\sqrt{6+\sqrt{6}}} + ...(\infty)$ ----(i)

दोनों तरफ वर्ग करने पर

$x^2 = 6+\sqrt{6+\sqrt{6+\sqrt{6}}} + ...(\infty)$

$\Rightarrow x^2 = 6 + x$ (समी. (i) से x का मान रखने पर)

$\Rightarrow x^2 - x - 6 = 0$

$\Rightarrow x^2 - 3x + 2x - 6 = 0$

$\Rightarrow x(x-3)+2(x-3) = 0$

$\Rightarrow (x+2)(x-3) = 0$

अतः $x = 3, -2$

81. (c)

A और B के कार्य करने की क्षमता का अनुपात = 2:3

तब A तथा B द्वारा लिये गये समय का अनुपात $=\frac{1}{2}:\frac{1}{3}=3:2$

82. (a)

माना संख्याएँ 3x, 4x है।

प्रश्नानुसार,

$(3x)^2+(4x)^2=400$

$9x^2+16x^2=400$

$25x^2=400$

$x^2=16 \Rightarrow x=4$

∴ संख्याएँ = $3x=3\times4=12$

$4x=4\times4=16$

संख्याओं का योग = 12 + 16 = 28

83. (b)

माना विक्रय मूल्य = ₹100x

हानि $=100x\times\frac{10}{100}=₹10x$

लागत मूल्य = विक्रय मूल्य + हानि

= 100x + 10x = 110x

लागत मूल्य पर हानि % $=\frac{10x}{110x}\times100=\frac{100}{11}=9\frac{1}{11}\%$

84. (b)

चाल $=\frac{\text{दूरी}}{\text{समय}}$

$330=\frac{\text{दूरी}}{10}$

दूरी = 3300 मी.

$=\frac{3300}{1000}=3.3$ किमी.

85. (c)

$SI=\frac{P\times R\times T}{100}$

∴ $R=\frac{P\times R\times2}{100}$

P = 50

अत: राशि = ₹ 50

86. (c)

$P^2+\frac{1}{P^2}=47$

$P^2+\frac{1}{P^2}+2=49$ (दोनों पक्षों में 2 जोड़ने पर)

$\left(P+\frac{1}{P}\right)^2=(7)^2$

$P+\frac{1}{P}=7$

87. (c)

प्रश्नानुसार,

7% – 5% = ₹15

2% = ₹15

$\therefore 100\%=\frac{15}{2}\times100=₹750$

88. (c)

$\frac{63576*2}{8}=$ पूर्णांक

8 के विभाज्यता के नियम से,

किसी भी संख्या के अन्तिम तीन अंक 8 से पूर्णत: विभाज्य होंगे तो वह संख्या 8 से पूर्णत: विभाज्य होगी।

∴ $\frac{612}{8}\neq$ पूर्णांक

$\frac{622}{8}\neq$ पूर्णांक

$\frac{632}{8}=$ पूर्णांक (79)

अत: * के स्थान पर 3 आएगा।

89. (a)

सही औसत $=\frac{10\times50-64+46}{10}$

$=\frac{500-18}{10}=\frac{482}{10}=48.2$

90. (c)

चारों मोमबत्तियों के 4 घंटे तक जलने का कुल खर्च

= (4 + 4 + 3 + 2)× 1.5

= 13 × 1.5 = 19.5 रु.

91. (d) दोनों सुईयों के बीच कोण $=30\left[\text{घण्टा}-\frac{\text{मिनट}}{5}\right]+\frac{\text{मिनट}}{2}$

दोनों सुइयों के मध्य कोण $=\left(7-\frac{30}{5}\right)\times30+\frac{30}{2}$

$=(7-6)\times30+\frac{30}{2}$

$=30+15=45^0$

92. (c)

एक सतह common नियम से, आकृति (ii) और (iv) में कामन अंक दक्षिणावर्त घुमाकर क्रमशः लिखने पर–

आकृति (ii) 2, 5, 4

आकृति (iv) 2, 6, 3

दिये गये पासों के आधार पर 3 के विपरीत 4, 1 के विपरीत 2 तथा 5 के विपरीत 6 होगा।

93. (c)

B $\xrightarrow{+2}$ D $\xrightarrow{+2}$ F $\xrightarrow{+2}$ H

M $\xrightarrow{+1}$ N $\xrightarrow{+1}$ O $\xrightarrow{+1}$ P

Y $\xrightarrow{-2}$ W $\xrightarrow{-2}$ U $\xrightarrow{-2}$ S

अत: ? ⇒ HPS

94. (b)

315 दिनों में विषम दिनों की संख्या = $\frac{315}{7}$ का शेषफल

$= 0$

तथा 70 सप्ताह में विषम दिनों की संख्या = 0

अतः राम, श्याम तथा कृष्ण का जन्म दिन एक वार अर्थात् बुधवार को है।

95. (b)

प्रश्नानुसार वेनारेख,



केवल निष्कर्ष II सही है।

96. (c)

A से B तक जाने में यात्री की गति = 40 किमी./घंटा

प्रश्नानुसार,–

B से A तक आने में यात्री की गति = $40\times\frac{150}{100}=60$ किमी./घंटा

$\therefore$ औसत चाल = $\frac{2\times40\times60}{40+60}$

$= \frac{4800}{100}$

= 48 किमी./घंटा

97. (d)

प्रश्न में दिए गए सूचना के आधार पर व्यक्तियों का पंक्ति में स्थान निम्नवत है।



स्पष्ट है कि B के सामने E होगा।

98. (b)

हौज का आयतन = ल. × चौ. × ऊँ

= 80 × 60 × 50 घन सेमी

= 240000 घन सेमी

= 240 लीटर $(1000\ cm^3 = 1\ ली.)$

हौज को भरने में लगा समय = $\frac{240}{10}$

= 24 सेकेण्ड

99. (d)

प्रश्नानुसार व्यक्तियों के लम्बाई का सही क्रम

$Q < P < N < M < R < L$

अतः Q सबसे छोटा तथा L सबसे लम्बा है।

100. (c)

शृंखला इस प्रकार है –

1331	2197	3375	4913	6859
$(11)^3$	$(13)^3$	$(15)^3$	$(17)^3$	$(19)^3$

101. (b)

आयताकार ब्लाक का आयतन = (4×6×8) घन सेमी.

छोटे घन का आयतन = 2 × 2 × 2 = 8 घन सेमी.

अभीष्ट घन की संख्या = $\frac{4\times6\times8}{8}=4\times6=24$

102. (d)



अतः वह लड़का मीरा का भाई है।

103. (a)

पेपर I में अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों का प्रतिशत

= 100 – 70 = 30%

पेपर II में अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों का प्रतिशत = 100 – 60 = 40%

कुल अनुत्तीण विद्यार्थियों का प्रतिशत = (40 + 30 – 15)

= 55%

कुल उत्तीर्ण विद्यार्थियों का प्रतिशत = 100 – 55 = 45%

$\therefore$ 45% = 270

$100\% = \frac{270}{45}\times100 = 600$

104. (d)

जिस प्रकार,

$\sqrt{1}+\sqrt{16}+\sqrt{9}+\sqrt{4}=10$

तथा $\sqrt{64}+\sqrt{100}+\sqrt{16}+\sqrt{25}=27$

उसी प्रकार,

$\sqrt{256}+\sqrt{144}+\sqrt{64}+\sqrt{36}=42$

105. (d)

मूल शब्द INTERVENTION में अक्षर A नहीं है इसलिए शब्द ENTERTAIN नहीं बनाया जा सकता है।

106. (d)

शृंखला इस प्रकार है–

1	5	14	30	55	91	140
	+4	+9	+16	+25	+36	−49
	$(2)^2$	$(3)^2$	$(4)^2$	$(5)^2$	$(6)^2$	$(7)^2$

107. (c)

जिस प्रकार

$1 + 1 + 5 + 2 + 9 = 18$

तथा $7 + 2 + 1 + 3 + 5 = 18$

उसी प्रकार

$2 + 3 + 6 + 8 + 7 = 26$

तथा $1 + 2 + 9 + 6 + 8 = 26$

108. (b)

शृंखला निम्नवत् है -



109. (a)

आचार्य कृपलानी को छोड़कर शेष सभी व्यक्तियों को भारत रत्न दिया गया है।

110. (a)

माना वर्ग की भुजा x सेमी. है

परिमिति $= 4x = 48$

$4x = 48$

$x = 12$ सेमी.

वर्ग का क्षेत्रफल $= (12)^2 = 144$ वर्ग सेमी.

111. (c)

$$50 \times \frac{860}{100} + \frac{860 \times 50}{100}$$

$= 5 \times 86 + 86 \times 5$

$= 430 + 430 = 860$

112. (b)

माना कुल विद्यार्थियों की संख्या 100% है।

पास छात्र = 35%

फेल छात्र = (100 – 35)% = 455

$\therefore 65\% = 455$

$$\therefore 100\% = \frac{455}{65} \times 100$$

$\therefore 100\% = 700$

113. (b)

चतुर्भुज के चारो कोणों का योगफल $= (2n - 4)90^0$

$= (2 \times 4 - 4)90^0 = 4 \times 90^0 = 360^0$

114. (b)

jo	ka	ra	⇒ go	for	walk
ma	fo	ka	⇒ do	not	walk
sa	to	jo	⇒ good	for	you

स्पष्ट है कि 'go' का कोड 'ra' है।

115. (b)

दो सतह common (समान) नियम से, आकृति I और आकृति 2 में दो सतह Pink और Yellow Common (समान) है अतः Red (लाल) के विपरीत Orange (नारंगी) होगा।

116. (b)

6% 12 © 3 @ 8 $ 3 में प्रश्नानुसार चिन्हों के मान रखने पर - $6 + 12 \div 3 \times 8 - 3$

$6 + 4 \times 8 - 3$

$6 + 32 - 3$

$38 - 3$

$= 35$

117. (c)

Q 9 K # P @ 3 E N S A C * G © U M 7 F I V % 4 Z 8 Y

में संख्याओं को हटाने पर नई शृंखला निम्न होगी-

Q K # P @ E N S A C * G © U M F I V % Z Y

स्पष्ट है कि दाहिने से सत्रहवें स्थान पर @ है।

118. (c)

जिस प्रकार ,

शृंखला में 13 से बड़ी संख्याओं की संख्या = 6 ⇒ 6 + 1 ⇒ 7

शृंखला में 20 से बड़ी संख्याओं की संख्या = 4 ⇒ 4 + 1 ⇒ 5

शृंखला में 36 से बड़ी संख्याओं की संख्या = 1 ⇒ 1 + 1 ⇒ 2

उसी प्रकार,

शृंखला में 25 से बड़ी संख्याओं की संख्या = 3 ⇒ 3 + 1 ⇒ 4

119. (b)

53 ÷ $? 6 7 4 $? @ 2 $ 5 × + ? ÷ 4 7 ? $ 4 $?

स्पष्ट है कि ऐसे दो $ है जिनके ठीक बाद एक प्रतीक है तथा ठीक पहले एक सम संख्या है।

120. (c)

फूलों का राजा कमल को कहा जाता है, लेकिन यहाँ 'कमल' को 'ग्लैडीओला' कहते हैं। अतः फूलों के राजा को 'ग्लैडीओला' कहा जायेगा।

121. (c)

चारों बैगों के वजन का क्रम निम्नवत् है -

$V < W < T < S$

अतः सबसे हल्का 'V' है।

122. (b)



∵ AB = OC = 6 किमी.

123. (b)

जिस प्रकार लोमड़ी चालाक होती है, उसी प्रकार खरगोश डरपोक होता है।

124. (b)

जिस प्रकार



उसी प्रकार



अतः ? = IPKN

125. (c)

जिस प्रकार

$5^2 - 1 : 5^3 + 1$

उसी प्रकार

$7^2 - 1 : 7^3 + 1$

126. (b)

दिया गया है–

$P = \div$

$Q = \times$

$R = +$

$S = -$

प्रश्नानुसार– $18 \times 12 \div 4 + 5 - 6$

$= 54 + 5 - 6$

$= 59 - 6 = 53$

127. (a)

जिस प्रकार,

$3 \times 3 + 5 \times 6 = 39$

तथा $4 \times 4 + 7 \times 5 = 51$

उसी प्रकार, $5 \times 5 + 4 \times 3 = 37$

128. (b)

जिस प्रकार,

$(9 - 5) + 7 = 11$

तथा $(6 - 8) + 4 = 2$

उसी प्रकार, $8 - 4 + ? = 7$

$4 + ? = 7$

$? = 3$

129. (b)

जिस प्रकार, $8 + (8 - 1) = 15$

$15 + (15 - 1) = 29$

$29 + (29 - 1) = 57$

$57 + (57 - 1) = 113$

उसी प्रकार, $113 + (113 - 1) = 225$

130. (d)

सभी आम फल होते हैं जबकि सब्जी एक अलग विधा है।



131. (d)

$143 = 13 \times 11$

$247 = 13 \times 19$

$91 = 13 \times 7$

$215 = 43 \times 5$

स्पष्ट है कि 215, 13 से भाज्य नहीं है जबकि शेष अन्य 13 से भाज्य हैं अतः 215 इस समूह में नहीं आता है।

132. (b)

अक्षरों RBAE से दो अर्थपूर्ण शब्द BEAR तथा BARE बनाये जाते हैं।

133. (a)

दिए गए कोड से तुलना करने पर

T = 3, I = 7, E = $, M = 4

अतः ITEM = 73$4

134. (a)

जिस प्रकार मुद्रा टकसाल में बनाया जाता है उसी प्रकार ईंट भट्ठी में बनायी जाती है।

135. (b)

जिस प्रकार,



उसी प्रकार,



अतः $\boxed{? \Rightarrow \text{NPMUV}}$

136. (b)

जिस प्रकार,

$4 + 5 + 6 = 15$

उसी प्रकार,

$7 + 8 + 9 = 24$

अतः $\boxed{? \Rightarrow 24}$

137. (d)

(A) $\underset{20}{T}\ \underset{15}{O}\ \underset{16}{P} \Rightarrow 20 + 15 + 16 = 51$

(B) $\underset{3}{C}\ \underset{15}{O}\ \underset{16}{P} \Rightarrow 3 + 15 + 16 = 34$

(C) $\underset{13}{M}\ \underset{15}{O}\ \underset{16}{P} \Rightarrow 13 + 15 + 16 = 44$

(D) $\underset{10}{J}\ \underset{15}{O}\ \underset{16}{P} \Rightarrow 10 + 15 + 16 = 41$

अन्य सभी विकल्पों में दी गई अक्षरों के अंकीय मान को जोडने पर भाज्य संख्या आता है जबकि विकल्प (d) में दी गई अक्षरों के अंकीय मान को जोड़ने पर 41 आ रहा है जो अभाज्य संख्या है अतः विकल्प (d) अन्य विकल्पों से भिन्न है।

138. (b)

(a) B D F (+2 +2) (b) N O S (+3 +2)

(c) T V X (+2 +2) (d) H J L (+2 +2)

अतः विकल्प (b) अन्य विकल्प से भिन्न है।

139. (d)

(a) $3^2+3 = 12$ (b) $2^2+2 = 6$

(c) $6^2+6 = 42$ (d) $5^2+5 \neq 35$

अतः विकल्प (d) भिन्न है।

140. (b)

शब्द कोश के अनुसार व्यवस्थित करने पर

(3) Different → (2) Difficult → (4) Diffidence → (1) Diffident

141. (d)

$W \xrightarrow{-2} U \xrightarrow{-2} S \xrightarrow{-2} Q \xrightarrow{-2} \boxed{O}$

$S \xrightarrow{-4} O \xrightarrow{-4} K \xrightarrow{-4} G \xrightarrow{-4} \boxed{C}$

अतः $\boxed{? \Rightarrow \frac{O}{C}}$

142. (b)

$225 \xrightarrow{-19} 206 \xrightarrow{-17} \overset{199}{\boxed{188}} \xrightarrow{-13} 176 \xrightarrow{-11} 165 \xrightarrow{-7} 158 \xrightarrow{-5} 153$

क्रमशः अभाज्य संख्या को घटा कर श्रंखला बढ रही है 199 के स्थान 188 दिया गया जो की गलत है।

143. (b)

माना की पिता एंव पुत्र की x तथा y है।

प्रश्नानुसार,

$x+y = 70$ .....(i)

10 साल बाद

$$\frac{x+10}{2} = y+10$$

$x+10 = 2y+20$

$x-2y = 10$ .....(ii)

समी (i) में से (ii) को घटाने पर

$x + y = 70$

$\underline{x - 2y = 10}$

$3y = 60$

$y = 20$

समी. (i) में y का मान रखने पर

$x + y = 70$

$x + 20 = 70$

$\boxed{x = 50}$

अतः पिता तथा पुत्र की आयु = 50 वर्ष, 20 वर्ष

144. (c)

यदि महीने का तीसरा दिन – मंगलवार

तब महीने का पहला दिन = रविवार

और महीने का 22 वें दिन = रविवार

अतः 25वां दिन = रविवार +3

= बुधवार

145. (a)

शब्द CIRCUMSTANCES में D अक्षर नहीं है जिसके कारण मूल शब्द से DISTANCE नहीं बनाया जा सकता।

146. (c)

जिस प्रकार,

$(20-9)^2 \Rightarrow (11)^2 = 121$

तथा

$(24-11)^2 \Rightarrow (13)^2 = 169$

उसी प्रकार,

$(32-17)^2 \Rightarrow (15)^2 = 225$

अतः $\boxed{? \Rightarrow 225}$

147. (d)

जिस प्रकार,

$4 \times 5 \times 8 = 584$

तथा

$7 \times 3 \times 9 = 397$

उसी प्रकार,

$9 \times 7 \times 3 = 739$

अतः $\boxed{? = 739}$

148. (b)

प्रश्न स्तम्भ से– $(7)^2+(4)^2+(2)^2$

$\Rightarrow 49+16+4 = 69$

द्वितीय स्तम्भ से – $(3)^2+(9)^2+(1)^2$

$\Rightarrow 9+81+1=91$

तृतीय स्तम्भ से $(2)^2+(6)^2+(5)^2$

$\Rightarrow 4+36+25=65$

अतः $\boxed{? = 65}$

149. (b) प्रश्नानुसार,

अतः स्पष्ट है कि केवल निष्कर्ष II सही है।

150. (d)

दिये गये वक्तव्य के अनुसार,

न तो निष्कर्ष I और ना ही निष्कर्ष II सही है।

PRACTICE SET - 3

सामान्य जानकारी

1. बिरजू महाराज का सम्बन्ध किस शास्त्रीय नृत्य से है?
   (a) कथकली (b) कत्थक
   (c) भरतनाट्यम (d) मणिपुरी
2. भारत में किस राज्य में सर्वाधिक साक्षरता दर है?
   (a) केरल (b) तमिलनाडु
   (c) आन्ध्र प्रदेश (d) महाराष्ट्र
3. ब्रह्म समाज की स्थापना किसने की थी?
   (a) राजा राममोहन राय
   (b) स्वामी विवेकानन्द
   (c) स्वामी दयानन्द सरस्वती
   (d) राजगोपाल चट्टोपाध्याय
4. उत्तर प्रदेश राज्य में कौन सा जनपद तेल रिफायनरीज के लिए प्रसिद्ध है?
   (a) बरेली (b) वाराणसी
   (c) महोबा (d) मथुरा
5. मुद्रा का क्या तात्पर्य होता है?
   (a) मूल्य का मापक
   (b) कर्मचारी को मिलने वाला वेतन
   (c) लाभांश
   (d) किसी राज्य की प्रतिवर्ष की कुल आय
6. भारत के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (CDS) जनरल बिपिन रावत, उनकी पत्नी मधुलिका रावत और अन्य सशस्त्र बलों के जवानों की आकस्मिक दुर्घटना में मृत्यु हुई। यह दुर्घटना कब हुई?
   (a) 9 दिसंबर, 2021 (b) 4 दिसंबर, 2021
   (c) 7 दिसंबर, 2021 (d) 8 दिसंबर, 2021
7. किस मुगल शासक के आदेश पर सिक्खों के पाँचवें गुरु अर्जुन देव जी को मार दिया गया था?
   (a) अकबर (b) औरंगजेब
   (c) शाहजहाँ (d) जहांगीर
8. भारत में राष्ट्रीय खेल दिवस कब मनाया जाता है?
   (a) 29 अगस्त (b) 14 नवम्बर
   (c) 27 जुलाई (d) 2 अक्टूबर
9. सर्वाधिक प्राचीन पुराण कौन-सा है?
   (a) मत्स्य पुराण (b) विष्णु पुराण
   (c) नारद पुराण (d) वामन पुराण
10. "सारे जहाँ से अच्छा हिन्दोस्ताँ हमारा" के रचियता कौन थे?
    (a) रविन्द्रनाथ टैगोर (b) मो. इकबाल
    (c) महात्मा गाँधी (d) सी.आर. दास
11. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही नहीं है?
    (a) बड़ा इमामबाड़ा – लखनऊ
    (b) निशात बाग – जम्मू कश्मीर
    (c) फिरोजशाह कोटला – दिल्ली
    (d) हुमायूँ का मकबरा – इलाहाबाद
12. चन्द्रप्रभा मृगवन भारत के किस राज्य में स्थित है?
    (a) उत्तर प्रदेश (b) राजस्थान
    (c) मध्य प्रदेश (d) गुजरात
13. अर्जुन पुरस्कार किस क्षेत्र से सम्बन्धित है?
    (a) नृत्य (b) सिनेमा
    (c) दूरदर्शन (d) खेलकूद
14. भारत में "भारत कोकिला" (Nightingale of India) के नाम से किसे जाना जाता है?
    (a) लता मंगेशकर (b) इन्दिरा गाँधी
    (c) सरोजिनी नायडू (d) पी.टी. उषा
15. भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति कौन थे?
    (a) डॉ. ज़ाकिर हुसैन (b) डॉ. एस. राधाकृष्णन
    (c) श्री वी.वी. गिरी (d) श्री बी.डी. जत्ती
16. भारत के राष्ट्रपति अपना त्यागपत्र किसको सम्बोधित करते हैं?
    (a) भारत के मुख्य न्यायाधीश (b) प्रधानमंत्री
    (c) उपराष्ट्रपति (d) लोकसभा अध्यक्ष
17. हैजा रोग से शरीर का कौन-सा अंग प्रभावित होता है?
    (a) त्वचा (b) आँत
    (c) फेंफड़े (d) हृदय
18. 13 दिसंबर, 2021 के अमेरिका की प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय पत्रिका 'टाइम' द्वारा किसको पर्सन ऑफ द ईयर, 2021 हेतु नामित किया गया है?
    (a) बराक ओबामा (b) एंजोलिना जॉली
    (c) जेफ बेजोस (d) एलन मस्क
19. मलेरिया की दवा कुनैन किस वृक्ष से प्राप्त की जाती है?
    (a) सिनकोना (b) बरगद
    (c) नीम (d) यूकेलिप्टस
20. भारत का "सिलिकान वैली" कहाँ स्थित है?
    (a) चैन्नई (b) बेंगलुरु
    (c) नौएडा (d) मोहाली
21. 12 दिसंबर 2021 को विश्व के पहले गैर-सरकारी उपग्रह के प्रक्षेपण के 60 वर्ष पूरे हो गये। इस उपग्रह को निम्न में से किस नाम से जानते हैं?
    (a) ऑस्कर-1 (b) निसार उपग्रह
    (c) लैंडसैट-9 (d) इनमें से कोई नहीं
22. गोबर गैस में मुख्यतः कौन सी गैस होती है?
    (a) मीथेन (b) क्लोरीन
    (c) हीलियम (d) नाइट्रोजन
23. राज्यसभा सदस्यता के लिए न्यूनतम आयु कितनी है?
    (a) 25 वर्ष (b) 30 वर्ष
    (c) 31 वर्ष (d) 35 वर्ष
24. 8 दिसंबर, 2021 को तमिलनाडु में कुन्नूर के निकट भारतीय वायुसेना के हेलीकाप्टर दुर्घटना से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार करें।
    (i) यह दुर्घटना MI-17V5 हेलीकॉप्टर से हुई
    (ii) इस दुघर्टना में जनरल विपिन रावत के अलावा 11 अन्य सशस्त्र बलों के जवान शामिल थे।

(iii) यह दुर्घटना कोयंबटूर के सुलूर सैन्य अड्डे से वेलिंगटन (नीलगिरी हिल्स) जाने के समय हुई थी।

(a) कथन i सही है। (b) कथन ii & iii सही है
(c) कथन i & ii सही है (d) सभी कथन सही हैं

25. कैलकुलेटर किस प्रकार की कम्प्यूटर कार्य पद्धति पर कार्य करता है?
(a) हाइब्रिड कम्प्यूटर (b) एनॉलॉग कम्प्यूटर
(c) डिजिटल कम्प्यूटर (d) इनमें से कोई नहीं

26. वह ताप जिस पर कोई ठोस वस्तु अपनी ठोस अवस्था से द्रव अवस्था में परिवर्तित हो, क्या कहलाता है?
(a) वाष्पीकरण (b) गलनांक
(c) उर्ध्वपातन (d) प्लाज्मा

27. हाल ही में केन-बेतवा नदी परियोजना हेतु वित्तपोषण तथा क्रियान्वयन को मंजूरी दी गई, इससे 103 मेगावॉट जलविद्युत और 27 मेगावाट सौर ऊर्जा पैदा की जाएगी। इस परियोजना से कौन-सा क्षेत्र लाभान्वित होगा?
(a) बुंदेलखण्ड (b) रोहेलखण्ड
(c) बघेलखण्ड (d) इनमें से कोई नहीं

28. निम्न में से क्या कार्बोहाइड्रेट के स्रोत नहीं हैं?
(a) आलू (b) अनाज
(c) दूध (d) मुर्गा

29. उत्तर प्रदेश में लखनऊ मेट्रो के प्रथम चरण में कहाँ से कहाँ तक मेट्रो का चलना प्रस्तावित है?
(a) सचिवालय से गोमती नगर
(b) सचिवालय से मुंशी पुलिया
(c) ट्रांसपोर्ट नगर से चारबाग
(d) चार बाग से हजरतगंज

30. कितने माप से अधिक ध्वनि को "शोर" का नाम दिया जाता है?
(a) 80 डेसीबल (b) 100 डेसीबल
(c) 120 डेसीबल (d) 140 डेसीबल

31. एक कम्प्यूटर में स्टोरेज माध्यम की क्षमता की इकाई क्या होती है?
(a) बाइट (b) बिट
(c) किलो (d) पिक्सल

32. "अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस" कब मनाया जाता है?
(a) 8 मई (b) 8 अप्रैल
(c) 8 मार्च (d) 8 जून

33. भारत में किसी राज्य की प्रथम महिला मुख्यमंत्री कौन बनी?
(a) श्रीमति फातिमा बीवी (b) श्रीमति विजय लक्ष्मी पंडित
(c) श्रीमति सुचेता कृपलानी (d) श्रीमति दुर्गा बनर्जी

34. उत्तर प्रदेश राज्य का भारत में क्षेत्रफल की दृष्टि से कौन-सा स्थान है?
(a) पहला (b) दूसरा
(c) तीसरा (d) चौथा

35. निम्न में से किस व्यक्ति को सर्वप्रथम भारत रत्न पुरस्कार दिया गया?
(a) सत्यजीत रे (b) सी. राजगोपालाचारी
(c) मदर टेरेसा (d) सी.वी. रमन

36. भारत में नदी पर बना सबसे लम्बा पुल कौन-सा है?
(a) गोदावरी सेतु – गोदावरी नदी
(b) विक्रमशिला सेतु – गंगा नदी
(c) नेहरु सेतु – सोन नदी
(d) महात्मा गाँधी सेतु – गंगा नदी

37. किसी क्षेत्र की औसत जलवायु को जानने के लिए निम्न में से किसका योगदान नहीं होता है?
(a) वर्षा (b) वायु की गति
(c) वृक्षों की संख्या (d) आर्द्रता

38. उत्तर प्रदेश वन निगम कब स्थापित किया गया?
(a) 25 नवम्बर, 1974 (b) 25 नवम्बर, 1975
(c) 25 नवम्बर, 1976 (d) 25 नवम्बर, 1977

सामान्य हिन्दी

39. हिन्दी वर्णमाला में अन्तःस्थ व्यंजन कौन-से हैं?
(a) श ष स ह (b) य र ल व
(c) क्ष त्र ज्ञ श्र (d) च छ ज झ

40. किस छन्द में 26 मात्राएँ होती हैं तथा 14–12 पर यति होती है?
(a) वीर (b) सोरठा
(c) गीतिका (d) छप्पय

41. निम्नलिखित में से असंगत (गलत) विलोम शब्द युग्म कौन-सा है?
(a) घात-प्रतिघात (b) प्रसारण-संकुचन
(c) शाश्वत-सदैव (d) खग-मृग

निर्देश : (प्रश्न संख्या 42 एवं 43 के लिए)
दिये गए वाक्यांशों के लिए एक शब्द का चयन करें।

42. 'जो अपने स्थान या स्थिति से अलग न किया जा सके'–
(a) अच्युत (b) अटूट
(c) अटल (d) अदेय

43. 'जीने की इच्छा'–
(a) जिज्ञासु (b) जिजीविषा
(c) जिगीषु (d) पिपासु

44. 'सख्यागमन' का सही सन्धि-विच्छेद है–
(a) सखी + आगमन (b) सखि + आगमन
(c) सखी + गमन (d) सख्या + गमन

45. जब किसी सामान्य बात का विशेष बात से तथा विशेष बात का सामान्य बात से समर्थन किया जाए, वहाँ कौन-सा अलंकार होगा?
(a) विरोधाभास (b) सन्देह
(c) अर्थान्तरन्यास (d) विशेषोक्ति

46. अशुद्ध वाक्य का चयन कीजिए।
(a) कामायनी उच्च कोटि का काव्य है
(b) माता-पिता पुज्यनीय हैं
(c) आपका भविष्य उज्जवल हो
(d) इस पुस्तक का नया संस्करण प्रकाशित हो रहा है

47. 'छायादार' शब्द किसका उदाहरण है?
(a) तत्सम (b) देशज
(c) विदेशज (d) संकर

48. निम्नलिखित में से किस विकल्प में सभी शब्द भाववाचक संज्ञा शब्द है?
(a) अमीर, गरीब, समूह, मिठास
(b) जवानी, खट्टास, पुस्तक, गंगा
(c) रसीला, कड़वाहट, बुढ़ापा, उन्नति
(d) धैर्य, चालाकी, उदासी, सूर्य

49. नीचे लोकोक्तियाँ और उनके अर्थ दिए गए हैं। इनमें गलत अर्थ वाली लोकोक्ति का चयन कीजिए।
(a) आगे नाथ न पीछे पगहा – बन्धनहीन
(b) तीन तेरह होना – संगठित होना
(c) एक टकसाल के ढले हैं – सब एक जैसे हैं
(d) आँख के अन्धे गाँठ के पूरे – मूर्ख लेकिन धनवान

50. 'गूलर का फूल होना' मुहावरे का सही अर्थ है–
(a) फूल की तरह खिलना (b) अति प्रसन्न होना
(c) दुर्लभ वस्तु (d) सुगन्धित होना

51. 'मैने राधा के लिए कपड़े खरीदे।' इस वाक्य में कारक का प्रकार बताइए।
(a) अपादान (b) करण
(c) सम्प्रदान (d) कर्त्ता

52. किस भाव की परिपक्व अवस्था को रस कहा जाता है?
(a) अनुभाव (b) विभाव
(c) संचारीभाव (d) स्थायीभाव

53. 'तिरंगा' में कौन-सा समास है?
(a) द्वन्द्व (b) द्विगु
(c) अव्ययीभाव (d) तत्पुरुष

54. 'आभ्यन्तर' का सही अर्थ है–
(a) किसी वस्तु का आभा (b) किसी वस्तु का बाहरी भाग
(c) किसी वस्तु से भिन्न (d) किसी वस्तु का भीतरी भाग

55. किस क्षेत्र की बोली को 'काशिका' कहा गया है?
(a) भीलवाड़ा (b) दिल्ली
(c) वाराणसी (d) सूरत

56. समूहार्थक शब्द को चिह्नित कीजिए–
(a) स्तवक (b) पुरुष
(c) गमला (d) गुलाब

57. 'जूही की कली' कविता के कवि कौन है?
(a) निराला (b) प्रसाद
(c) महादेवी वर्मा (d) पन्त

58. निम्नलिखित में से मिश्र वाक्य का चयन कीजिए–
(a) प्रातःकाल होने पर चिड़िया चहचहाने लगती है
(b) सुबह पहली बस पकड़ कर शाम तक लौट आओ
(c) जो विद्यार्थी परिश्रमी है, वह अवश्य सफल होगा
(d) राजकुमार ने भाई को मार डाला और स्वयं राजा बन गया

59. शब्द युग्म के सही अर्थ भेद का चयन कीजिए–
अम्बुज-अम्बुद
(a) कमल-बादल (b) जल-कमल
(c) समुद्र-कमल (d) बादल-समुद्र

60. दो समानार्थी शब्दों की पुनरुक्ति के बीच में किस विराम चिह्न का प्रयोग होता है?
(a) अल्पविराम (b) अर्द्धविराम
(c) योजक (d) कोष्ठक

61. 'पत्थर' का पर्यायवाची नहीं है–
(a) पाहन (b) उपल
(c) पाषाण (d) उरग

62. इस प्रश्न के पहले और अन्तिम भाग को क्रमशः (1) और (6) की संख्या दी गई है। इनके बीच में आने वाले अंश को चार भागों में बाँटकर (य) (र) (ल) (व) की संख्या दी गई है। ये चारों भाग उचित क्रम में नहीं हैं। इन चारों भागों को दिए गए विकल्पों में से उचित क्रम में लगाए, ताकि एक सही वाक्य का निर्माण हो।
(1) आप सबको धोखा
(य) धोखा दे सकते हो, पर
(र) दे सकते हैं, पर
(ल) दे सकते, आप खुद को
(व) खुद को नहीं
(6) वक्त को नहीं दे सकते।
(a) ल य व र (b) य ल व र
(c) व ल य र (d) र व ल य

63. परिमाण वाचक क्रिया विशेषण अव्यय क्या है?
(a) क्षणभर (b) निःसन्देह
(c) अन्यत्र (d) अत्यन्त

निर्देश : (प्रश्न संख्या 64 से 68 तक)
गद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्राचीन समय में भारत विश्व में शिक्षा और संस्कृति का प्रमुख केन्द्र था। देश-विदेश के विद्यार्थी यहाँ शिक्षा प्राप्त करने आते थे। प्राचीन भारतीय शिक्षा प्रणाली के अन्तर्गत विद्यार्थी को पुस्तकीय ज्ञान और आध्यात्मिक ज्ञान प्रदान करने के साथ-साथ उसे शारीरिक शिक्षा भी प्रदान की जाती थी। उसे युद्ध कौशल भी सिखाया जाता था। इस प्रकार प्राचीन शिक्षण संस्थायें या आश्रम विद्यार्थी के चहुमुँखी विकास पर ध्यान देते थे। आज स्थिति भिन्न है, वर्तमान दोषपूर्ण शिक्षा प्रणाली सिर्फ डिग्रीधारी बेरोजगारों की भीड़ उत्पन्न कर रही है। आज के अधिकांश युवा शिक्षा प्राप्त करके भी स्वावलम्बी नहीं बन पाते। उनके हृदय में देश और समाज के प्रति किसी भी प्रकार का कर्तव्यबोध उत्पन्न नहीं होता। वे अपनी प्राचीन परम्पराओं का सम्मान नहीं करते। वर्तमान शिक्षा प्रणाली युवाओं में राष्ट्र गौरव की भावना उत्पन्न करने में असफल रही है। समय-समय पर भारत के नीति निर्माताओं ने शिक्षा को बहुआयामी बनाने के अनेक प्रयास किए है। नई शिक्षा नीति में विद्यार्थी के नैतिक, मानसिक और शारीरिक विकास पर बल देने का प्रयास किया जा रहा है। अब नवीन शिक्षा प्रणाली के अन्तर्गत विद्यार्थियों को जाति, धर्म और भाषा के दायरे से ऊपर उठकर राष्ट्रहित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस शिक्षा प्रणाली में व्यावसायिक शिक्षा पर बल दिया जा रहा है ताकि शिक्षित लोगों को रोजगार उपलब्ध हो सके।

64. प्राचीन समय में विश्व में शिक्षा और संस्कृति का प्रमुख केन्द्र था–
(a) भारत (b) अमेरिका
(c) रूस (d) चीन

65. प्राचीन शिक्षण संस्थाएँ ध्यान देती थीं–
(a) विद्यार्थी के व्यावहारिक विकास पर
(b) विद्यार्थी के स्वास्थ्य पर
(c) विद्यार्थी के चहुँमुखी विकास पर
(d) पुस्तकीय विकास पर

66. नवीन शिक्षा प्रणाली में विद्यार्थियों को प्रेरित किया जाता है–
(a) रोजगार करने के लिए
(b) राष्ट्रहित में कार्य करने के लिए
(c) प्राचीन परम्पराओं का सम्मान करने के लिए
(d) किसी के लिए नहीं

67. नवीन शिक्षा प्रणाली में व्यावहारिक शिक्षा पर बल दिया जा रहा है, ताकि–
(a) राष्ट्र का विकास हो सके
(b) शिक्षितों को रोजगार मिल सके
(c) विद्यार्थियों का नैतिक, शारीरिक व मानसिक विकास हो सके
(d) विदेशी विद्यार्थी आकर शिक्षा ग्रहण कर सके

68. 'पुस्तकीय' शब्द में प्रत्यय बताइए–
(a) कीय (b) य
(c) ईय (d) इय

69. वाक्य में त्रुटिपूर्ण भाग का चयन कीजिए। यदि कोई त्रुटि न हो, तो (d) भाग को चिह्नित कीजिए।
(a) अनेक अध्यापकों (b) शिक्षाविदों तथा भाषा-शास्त्रियों
(c) का सहयोग मिला है (d) कोई त्रुटि नहीं

70. निम्नलिखित में से कौन-सी पुस्तक प्रेमचन्द द्वारा लिखित नहीं है?
(a) कायाकल्प (b) रंगभूमि
(c) कर्मभूमि (d) ध्रुवस्वामिनी

71. निम्नलिखित में से कौन अष्टछाप का कवि है?
(a) मीराबाई (b) सूरदास
(c) रसखान (d) विद्यापति

72. 'वह बहुत मधुर गाता है।' इनमें प्रविशेषण शब्द का चयन कीजिए–
(a) वह (b) बहुत
(c) मधुर (d) गाता

73. निम्नलिखित में से किसको 'साहित्य अकादमी' पुरस्कार मिला?
(a) नामवर सिंह (b) प्रेमचन्द
(c) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (d) सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला'

74. 'ज्ञानपीठ पुरस्कार' किस भाषा से सम्बन्धित है?
(a) हिन्दी से
(b) संस्कृत से
(c) तमिल से
(d) संविधान की आठवीं अनुसूची की सभी भाषाओं से

75. जिस छन्द में चार चरण और प्रत्येक चरण में 16 मात्राएँ होती है वह कहलाता है
(a) दोहा (b) सोरठा
(c) रोला (d) चौपाई

संख्यात्मक एवं मानसिक योग्यता

76. एक आदमी अपनी यात्रा का 2/15 भाग रेल द्वारा, तथा 9/20 भाग बस द्वारा एवं बाकी का 10 किमी. साइकिल द्वारा तय करता है। तो उसके द्वारा चली गयी दूरी बतायें।
(a) 22 किमी. (b) 23 किमी.
(c) 25 किमी. (d) 24 किमी.

77. यदि दो पाइप A और B किसी टैंक को क्रमशः 24 घण्टे और 30 घण्टे में भरते हैं। यदि दोनों पाइप को एक साथ खोल दिया जाये तो वे खाली टैंक को कितने समय में भर देगें ?
(a) 13 घण्टे 20 मिनट (b) 12 घण्टे 10 मिनट
(c) 14 घण्टे (d) 10 घण्टे 5 मिनट

78. दो संख्याओं का गुणनफल 1600 है और उनका महत्तम समापवर्तक 5 है, तो उनका लघुत्तम समापवर्त्य ज्ञात करो।
(a) 8000 (b) 1600
(c) 320 (d) 1605

79. 60 लीटर मिश्रण में, दूध और पानी का अनुपात 3:7 है। 2:5 का अनुपात बनाने के लिये कितना पानी मिश्रण में मिलाना पड़ेगा?
(a) 2 लीटर (b) 3 लीटर
(c) 5 लीटर (d) 2.5 लीटर

80. एक गोलक और एक लंब वृत्तीय बेलन की त्रिज्या 'r' है। उनके आयतन बराबर हैं। बेलन की ऊँचाई और त्रिज्या का अनुपात ज्ञात कीजिए?
(a) 3:1 (b) 2:1
(c) 3:2 (d) 4:3

81. यदि किसी वस्तु के अंकित मूल्य पर ₹42 की छूट दी जाती है तो नई घटी हुई कीमत, मूल कीमत की 86% हो जाती है। अंकित कीमत ज्ञात कीजिए?
(a) ₹ 250 (b) ₹ 300
(c) ₹ 350 (d) ₹ 400

82. एक दुकानदार प्रति दिन 25 लीटर दूध ₹ 12 प्रति लीटर की दर से खरीदता है। उसमें वह 5 लीटर पानी मिलाकर ₹10.40 प्रति लीटर की दर से बेच देता है। तद्नुसार उसके लाभ/हानि का प्रतिशत कितना है?
(a) 80% लाभ (b) 2% लाभ
(c) 4% लाभ (d) 6% लाभ

83. एक व्यक्ति अपनी आय का 15% खर्च कर देता है। यदि उसका खर्च ₹ 75 हो, तो उसकी आय (रूपयों में) ज्ञात कीजिए?
(a) ₹ 400 (b) ₹ 300
(c) ₹ 750 (d) ₹ 500

84. एक रेलगाड़ी जो 60 कि.मी./घंटा की रफ्तार से चल रही है, एक निश्चित दूरी को तय करने में 15 घंटे का समय लेती है। यदि वह दूरी 12 घंटे में तय करे तो उसकी चाल क्या होगी?
(a) 65कि.मी./घंटा (b) 70 कि.मी./घंटा
(c) 75 कि.मी./घंटा (d) 80 कि.मी./घंटा

85. तीन क्रमागत पूर्णांकों का योग 51 है। बीच वाली संख्या क्या है?
(a) 14 (b) 15
(c) 16 (d) 17

86. यदि $x+\frac{1}{x}=5$, तो $\frac{5x}{x^2+5x+1}$ का मान बताएं।
(a) $\frac{1}{3}$ (b) $\frac{1}{4}$
(c) $\frac{1}{2}$ (d) $\frac{1}{5}$

87. A और B किसी काम को 72 दिन में कर सकते हैं। B और C उसी काम को 120 दिन में कर सकते हैं। तथा A और C मिलकर उसे 90 दिन में कर सकते हैं। बताइए A अकेला उस काम को कितने दिन में करेगा?
(a) 120 दिन (b) 130 दिन
(c) 150 दिन (d) 100 दिन

88. ₹ 730 की राशि A, B, C के बीच इस प्रकार विभाजित की गई हैं कि यदि A को ₹ 3 मिले तो B को ₹ 4 मिले और यदि B को ₹ 3.50 मिले तो C को ₹ 3 मिले। B का हिस्सा, C से कितना अधिक है?
(a) ₹ 30 (b) ₹ 40
(c) ₹ 70 (d) ₹ 210

89. 50 छात्रों की कक्षा में औसतन 70% अंक प्राप्त किए गए। प्रथम 25 छात्रों ने औसतन 60% अंक प्राप्त किए और 24 छात्रों ने औसतन 80% अंक प्राप्त किए। अंतिम छात्र ने कितने अंक प्राप्त किए?
(a) 90% (b) 60%
(c) 80% (d) 70%

90. दो संख्याओं x तथा y के बीच अनुपात 5 : 7 है और उनका योग 36 है, तो x होगा–
(a) 12 (b) 15
(c) 18 (d) 19

91. $4\sqrt{27} - 2\sqrt{48} + \sqrt{147}$ के सरलीकरण से प्राप्त होता है–
(a) $27\sqrt{3}$ (b) $-3\sqrt{3}$
(c) $9\sqrt{3}$ (d) $11\sqrt{3}$

92. यदि 3 बालकों की आयु का योग 81 वर्ष हो और उनका जन्म 6-6 वर्ष के अन्तराल में हुआ हो, तो सबसे छोटे बालक की आयु क्या होगी?
(a) 21 वर्ष (b) 22 वर्ष
(c) 23 वर्ष (d) 24 वर्ष

93. यदि पानी की एक टंकी के $\frac{2}{5}$ भाग को भरने में 2 मिनट का समय लगता है, तो पानी की टंकी को पूरा भरने में और कितना समय लगेगा?
(a) 3 मिनट (b) 6 मिनट
(c) 12 मिनट (d) 15 मिनट

94. एक क्रिकेट मैदान में पुरुष और महिला दर्शकों का अनुपात 3 : 5 है। यदि पुरुष दर्शकों की संख्या 3780 है, तो महिला दर्शकों की संख्या क्या होगी?
(a) 3150 (b) 4290
(c) 4990 (d) 6300

95. एक विक्रेता वाशिंग मशीन पर अंकित मूल्य 7500 रु0 लिखता है और उस पर 6% की छूट देता है। उसका बिक्री मूल्य ज्ञात कीजिए ?
(a) 6850 (b) 7050
(c) 7250 (d) 6950

96. एक विद्यालय के 22 शिक्षकों की आयु का औसत 27 वर्ष है। यदि शिक्षकों की आयु के योग में प्रधानाचार्य की आयु भी सम्मिलित कर दी जाए, तो आयु का औसत 1 वर्ष बढ़ जाता है। प्रधानाचार्य की आयु क्या होगी
(a) 27 वर्ष (b) 28 वर्ष
(c) 49 वर्ष (d) 50 वर्ष

97. अजय एक कार्य को 15 दिन में पूरा कर सकता है और विजय उसी कार्य को 20 दिन में पूरा कर सकता है। यदि दोनों एक साथ उसी कार्य को 4 दिन तक करें तो बताइये कितना कार्य शेष रह जायेगा?
(a) $\frac{8}{15}$ (b) $\frac{2}{5}$
(c) $\frac{3}{5}$ (d) $\frac{7}{15}$

निर्देश : (प्रश्न संख्या 98 से 99 तक) दिये गये विकल्पों में से संबंधित शब्द/अक्षरों/संख्या को चुनिए–

98. ABDE : FGIJ :: IJLM:?
(a) NOQR (b) NOPQ
(c) NMOP (d) NPQR

99 1 : 8 :: ? : 64
(a) 25 (b) 36
(c) 30 (d) 27

निर्देश : (प्रश्न संख्या 100 से 102 तक) दिये गए विकल्पों में से विषम शब्द/अक्षर/संख्या युग्म छांटिए-

100. (a) Swimming (b) Sailing
(c) Diving (d) Driving

101. (a) RGTF (b) MLOK
(c) CTES (d) VDZC

102. (a) 443 (b) 633
(c) 821 (d) 245

103. निम्नलिखित शब्दों को शब्दकोश में दिए गए क्रम के अनुसार लिखिए।
1. Dyke, 2. Dwindle, 3. Dwell, 4.Dye
(a) 3, 2, 4, 1 (b) 1, 3, 4, 2
(c) 2, 1, 3, 4 (d) 3, 4, 2, 1

104. सही विकल्प चुनकर सीरीज में प्रश्न चिन्ह के स्थान पर लिखिए।
DHL, PTX, BFJ, ?
(a) KOS (b) NRV
(c) NPS (d) NRU

105. सीरीज में गलत संख्या छांटिए
28, 33, 31, 36, 34, 29
(a) 33 (b) 36
(c) 34 (d) 29

106. राखी की आयु उसकी पुत्री (अनुभा) की आयु की 12 गुनी है। यदि अनुभा की आयु 3 वर्ष है। तो 2 वर्ष पहले राखी की उम्र क्या थी?
(a) 20 वर्ष (b) 34 वर्ष
(c) 30 वर्ष (d) 36 वर्ष

107. सत्या का जन्मदिन 15 अगस्त को और मीना का जन्मदिन 25 जून को आता है। यदि मीना का जन्मदिन बुधवार को था, तो सत्या का जन्मदिन उसी वर्ष कौन से दिन था?
(a) शुक्रवार (b) सोमवार
(c) मंगलवार (d) शनिवार

108. निम्नलिखित शब्दों में से वह शब्द चुनिए जो दिए गए शब्द के अक्षरों के प्रयोग से बनाया जा सकता है?
AMPLIFICATION
(a) ACTOR (b) MANOR
(c) CHAMP (d) MANIA

109. अगर BLACKSMITH का कोड CNBELUNKUJ, हो तो CHILDREN का कोड क्या होगा?
(a) DIJMESFO (b) DJJNETFP
(c) DJINETEP (d) DJJNETEP

110. यदि
17+17 = 2895
18+18 = 3245
19+19 = 3615
हो तो 23+23 =?
(a) 5765 (b) 2565
(c) 4005 (d) 5295

111. लुप्त संख्या ज्ञात कीजिए।



(a) 432 (b) 334
(c) 512 (d) 501

112. एक आदमी 9 किमी. पूर्व की ओर उसके बाद 12 किमी. दक्षिण की ओर जाता है। उसके प्रारम्भ और अन्तिम बिन्दु के बीच की दूरी ज्ञात कीजिए?
(a) 8किमी. (b) 6 किमी.
(c) 15किमी. (d) 7.5किमी.

113. वर्ग ABCD में कितने वर्ग हैं?



(a) 16 (b) 17
(c) 26 (d) 30

मानसिक योग्यता और तर्क क्षमता

निर्देश : (प्रश्न संख्या 114 से 116 तक) दिये गये विकल्पों में संबन्धित शब्द/अक्षरों/संख्या को चुनिए।

114. पुस्तक : पृष्ठ : दीवार : ?
(a) रेत (b) सीमेंट
(c) ईट (d) पत्थर

115. LNPQ : ACEF :: TVXY : ?
(a) IMKL (b) IKMO
(c) IKMN (d) PKLR

116. 4 : 20 :: 8 : ?
(a) 74 (b) 70
(c) 72 (d) 78

निर्देश : (प्रश्न संख्या 117 से 119 तक) दिये गये विकल्पों में संबन्धित शब्द/अक्षरों/संख्या को चुनिए।

117. (A) कली (B) शाखा
(C) पत्ती (D) पौधा

118. (A) ABD (B) FGI
(C) LMO (D) STU

119. (A) 24–42 (B) 36–63
(C) 37–73 (D) 35–51

120. निम्नलिखित शब्दों को शब्दकोश में दिए गए क्रम के अनुसार लिखिए
1. Manifest 2. Meticulous
3. Meridian 4. Merchant
(a) 1, 4, 3, 2 (b) 2, 1, 4, 3
(c) 1, 3, 2, 4 (d) 2, 3, 4, 1

121. अक्षरों का कौन–सा समूह खाली स्थानों पर क्रमवार रखने से दी गई अक्षर श्रृंखला को पूरा करेगा?
M__OMMN__M__NOMMN__M
(a) O N M O (b) N O M O
(c) M O N M (d) N N M O

122. निम्नलिखित में से श्रेणी को कौन-सा अंक पूर्ण करेगा?
14, 27, 52, 101, 198, ?
(a) 381 (b) 395
(c) 391 (d) 395

123. X और Y भाई हैं। R, Y का पिता है, T, S की बहन है। S, X का मामा है। T का R से क्या संबंध है?
(a) माता (b) पत्नी
(c) बहन (d) भाई

124. रमेश, सतीश से अधिक अमीर है किन्तु जया, रमेश से कम अमीर है। राम, जया से कम अमीर है किन्तु सतीश से अधिक अमीर है लेकिन वह रमेश जितना अमीर नहीं है। रमेश, नवीन से कम अमीर है। उनमें से सबसे अधिक अमीर कौन है?
(a) रमेश (b) सतीश
(c) नवीन (d) जया

125. निम्नलिखित विकल्पों में से वह शब्द चुनिए जो दिए गए शब्द के अक्षरों का प्रयोग करके नहीं बनाया जा सकता है :
CARPENTER
(a) NECTAR (b) CARPET
(c) PAINTER (d) REPENT

126. यदि FRIEND को किसी कोड भाषा में HUMJTK लिखा जाता है तो उसी कोड में CANDLE को कैसे लिखा जाएगा?
(a) EDRIRL (b) ESJFME
(c) DCQHQK (d) DEQJQM

127. यदि A, – को प्रदर्शित करता है, C, × को प्रदर्शित करता है, D, ÷ को प्रदर्शित करता है, E, + को प्रदर्शित करता है, तो 14C3A12E4D2= ?
(a) 6 (b) 17
(c) 28 (d) 32

128. यदि 879=8, 625=1, 586=9, हो, तो 785=?
(a) 6 (b) 7
(c) 8 (d) 9

129. दिए गए विकल्पों में से लुप्त संख्या ज्ञात करें

8	7	6
7	6	5
6	5	4
90	65	?

(a) 54 (b) 44
(c) 34 (d) 26

130. श्याम अपने मित्र के घर जाता है जो उसके घर से सीधा 10 किमी. दूर है। वापस लौटते समय वह दांए मुड़कर 2 किमी. चलता है और दांए मुड़ जाता है। फिर से दांए मुड़ने से पहले वह 10 किमी. चलता है। श्याम अभी भी अपने घर से कितनी दूरी पर है?

(a) 10 किमी. (b) 8 किमी.
(c) 12 किमी. (d) 2 किमी.

131. नीचे प्रश्न में एक या दो वक्तव्य दिये गये है, जिसके आगे दो निष्कर्ष/मान्यताएं, I और II निकाले गये हैं। आपको विचार करना है कि वक्तव्य सत्य है चाहे वह सामान्यतः शर्त तथ्यों से भिन्न प्रतीत होता हो। आपको निर्णय करना है कि दिए गए वक्तव्य में से कौन-सा निश्चित रूप से सही निष्कर्ष/मान्यता निकाला जा सकता है?

कथन : सभी लड़के लम्बे हैं। राजीव लड़का है।
निष्कर्ष : I- राजीव लंबा है।
निष्कर्ष : II- राजीव लंबा नहीं है।

(a) केवल निष्कर्ष I सही है।
(b) केवल निष्कर्ष II सही है।
(c) निष्कर्ष I और II दोनों सही हैं।
(d) ना तो निष्कर्ष I सही है और ना ही निष्कर्ष II सही है।

132. दी गई प्रश्न चित्र में कितने त्रिभुज हैं?



(a) 6 (b) 10
(c) 12 (d) 16

133. निम्नलिखित में से कौन-सा आरेख पुरस्कार, पुलित्जर पुरस्कार और ऑस्कर के बीच संबंध है?

(a) 
(b)
(c)
(d)

134. कौन-सी उत्तर आकृति प्रश्न-आकृति के पैटर्न को पूरा करेगी?



(a)
(b)
(c)
(d)

135. दी गई उत्तर-आकृतियों में से उस उत्तर आकृति को चुनिए जिसमें प्रश्न आकृति निहित है।



(a)
(b)
(c)
(d)

136. यदि किसी कागज को, नीचे प्रश्न आकृतियों में दिखाए अनुसार मोड़कर काटा जाए तो खोलने के बाद वह किस उत्तर आकृति जैसा दिखाई देगा?



(a) 
(b) 
(c) 
(d) 

137. निम्नलिखित प्रश्न में एक या दो वक्तव्य दिये गये हैं, जिसके आगे दो निष्कर्ष/मान्यताएँ I और II निकाले गये हैं। आपको विचार करना है कि वक्तव्य सत्य है चाहे वह सामान्यतः शर्त तथ्यों से भिन्न प्रतीत होता हो। आपको निर्णय करना है कि दिए गए वक्तव्य में से कौन–सा निश्चित रूप से सही निष्कर्ष/मान्यता निकाला जा सकता है?

वक्तव्य : सभी फल पत्तियां हैं। कुछ फल अंगूर हैं।
निष्कर्ष : I. कुछ पत्तियां अंगूर हैं।
II. सभी अंगूर फल हैं।

(a) केवल I निष्कर्ष निकलता है
(b) केवल निष्कर्ष II सही है।
(c) दोनों निष्कर्ष सही है।
(d) ना तो निष्कर्ष I और ना ही निष्कर्ष II सही है।

138. एक शब्द केवल एक संख्या-समूह द्वारा दर्शाया गया है, जैसे कि विकल्पों में से किसी एक में दिया गया है। विकल्पों में दिए गए संख्या समूह अक्षरों के दो वर्गों द्वारा दर्शाए गए हैं, जैसे कि नीचे दिए गए दो आव्यूह I के स्तंभ और पंक्ती की संख्या 0 से 4 और आव्यूह II की 5 से 9 दी गई है। इन आव्यूहों से एक अक्षर को पहले उसकी पंक्ति और बाद में स्तम्भ संख्या द्वारा दर्शाया जा सकता है। उदाहरण के लिए 'D' को 04,

12 आदि द्वारा दर्शाया जा सकता है तथा 'I' को 65, 79 आदि द्वारा दर्शाया जा सकता है। इसी तरह से आपको दिए हुए शब्द 'BANK' के लिए समूह को पहचानना है।

	0	1	2	3	4
0	B	N	G	L	D
1	G	L	D	B	N
2	D	B	N	G	L
3	N	G	L	D	B
4	L	D	B	N	G

	5	6	7	8	9
5	A	I	K	O	R
6	I	K	O	R	A
7	K	O	R	A	I
8	O	R	A	I	K
9	R	A	I	K	O

(a) 42, 69, 14, 98 (b) 00, 55, 33, 57
(c) 21, 67, 30, 86 (d) 42, 78, 43, 58

139. निम्नलिखित प्रश्न में एक या दो वक्तव्य दिये गये है, जिसके आगे दो निष्कर्ष/मान्यताएं, I और II निकाले गये हैं। आपको विचार करना है कि वक्तव्य सत्य है चाहे वह सामान्यत: शर्त तथ्यों से भिन्न प्रतीत होता हो। आपको निर्णय करना है कि दिए गए वक्तव्य में से कौन-सा निश्चित रूप से सही निष्कर्ष/मान्यता निकाला जा सकता है।

वक्तव्य : I. कुछ थैले जेबे हैं।
वक्तव्य : II. कोई भी जेब थैली नहीं है।
निष्कर्ष : I. कुछ थैले थैलियाँ नहीं है।
निष्कर्ष : II. कुछ जेबें थैले हैं।

(a) केवल निष्कर्ष I निकलता है
(b) केवल निष्कर्ष II निकलता है
(c) दोनों निष्कर्ष I और II निकलता है
(d) न ही निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II निकलता है।

140. एक दर्जी को कपड़े के रोल से 10 कमीज के बराबर टुकड़े काटने हैं। वह एक मिनट में 45 कमीज के टुकड़े काट सकता है। 24 मिनट में वह कुल कितने कपड़े के रोल काट सकता है?

(a) 120 (b) 108
(c) 84 (d) 72

141. अंग्रेजी वर्णमाला में कितने बड़े अक्षर दर्पण में देखने पर समान दिखते हैं?

(a) 9 (b) 10
(c) 11 (d) 12

142. एक परिवार में पति-पत्नी, एक पुत्र और एक पुत्री हैं। पिता की आयु पुत्री से तीन गुना है पुत्र की आयु अपनी माता से आधी है। पत्नी अपने पति से 9 वर्ष छोटी है तथा पुत्र, पुत्री से 7 वर्ष बड़ा है। बताइये माता की आयु कितनी होगी?

(a) 40 वर्ष (b) 45 वर्ष
(c) 50 वर्ष (d) 60 वर्ष

143. एक विद्यालय में कक्षा दोपहर 1 बजे प्रारम्भ होती है और 3 बजकर 52 मिनट तक चलती है। यदि इस समय में 4 अवधि (पीरियड) होते है एवं प्रत्येक अवधि (पीरियड) से पहले 4 मिनट का समय एक कमरें से दूसरे कमरे में जाने के लिए छोड़ा जाता है, तो बताइये एक अवधि (पीरियड) कितने मिनट का होता है?

(a) 39 मिनट (b) 40 मिनट
(c) 45 मिनट (d) 42 मिनट

144. दी गई आकृति में कुल आयतों की संख्या बताइये-



(a) 10 (b) 11
(c) 12 (d) 13

145. तीन घण्टियाँ क्रमश: 9, 12 तथा 15 मिनट के अन्तराल से बजती हैं। 8 बजे पूर्वान्ह साथ-साथ बजने के पश्चात वे तीनों एक साथ सबसे पहले कब बजेंगी?

(a) 8 : 45 पूर्वान्ह (b) 10 : 30 पूर्वान्ह
(c) 11 : 00 पूर्वान्ह (d) 1: 00 पूर्वान्ह

146. एक व्यक्ति ने प्रात: सूर्य की ओर चेहरा करके सड़क पर चलना शुरू किया। 2 मील चलने के बाद वह अपने बाँई ओर मुड़कर चलता है। फिर 2 मील बाद वह अपनी दाँई ओर मुड़कर चलता है। अब वह किस दिशा की ओर चल रहा है?

(a) पूर्व (b) पश्चिम
(c) उत्तर (d) दक्षिण

147. 3 सेमी भुजा वाले किसी घन को 1 सेमी भुजा वाले छोटे घनों में विभाजित किया जाता है। बताइये छोटे घन को प्राप्त करने के लिए इसे कुल कितनी बार काटना होगा?

(a) 8 (b) 6
(c) 4 (d) 2

148. A, B, C और D आरोही क्रम से हैं। D, B और E अवरोही क्रम में हैं। बताइये निम्न में से कौन या तो आरोही या अवरोही क्रम में है?

(a) A, E और C (b) A, D और C
(c) D, B और C (d) E, B और C

149. छात्रों की एक पंक्ति में राम बाएँ से 10वें तथा श्याम दाएँ से 5वें स्थान पर है। जब राम एवं श्याम अपने स्थान आपस में बदल लेते हैं तो राम बाएँ से 15वें स्थान पर हो जाता है। बतायें स्थान परिवर्तन के बाद श्याम दाएँ से कौन से स्थान पर होगा?

(a) 10वें (b) 11वें
(c) 12वें (d) 13वें

150. आपको निर्णय करना है कि दिए गये वक्तव्य में से कौन-सा निश्चित रूप से सही निष्कर्ष/मान्यता निकाला जा सकता है।

कथन: पौष्टिक भोजन स्वादिष्ट और स्वास्थ्य के लिए अच्छा होता है। शहद पौष्टिक है।
निष्कर्ष: I. शहद स्वास्थ्य के लिए अच्छा है।
II. स्वादिष्ट भोजन पौष्टिक होता है।

(a) केवल निष्कर्ष I सही है
(b) केवल निष्कर्ष II सही है।
(c) न तो निष्कर्ष I सही है ना ही निष्कर्ष II
(d) दोनों निष्कर्ष I और II सही है।

SOLUTION : PRACTICE SET-3

ANSWER

1. (b)	2. (a)	3. (a)	4. (d)	5. (a)	6. (d)	7. (d)	8. (a)	9. (a)	10. (b)
11. (d)	12. (a)	13. (d)	14. (c)	15. (b)	16. (c)	17. (b)	18. (d)	19. (a)	20. (b)
21. (a)	22. (a)	23. (b)	24. (d)	25. (c)	26. (b)	27. (a)	28. (d)	29. (c)	30. (a)
31. (a)	32. (c)	33. (c)	34. (d)	35. (b)	36. (d)	37. (c)	38. (a)	39. (b)	40. (c)
41. (c)	42. (a)	43. (b)	44. (a)	45. (c)	46. (b)	47. (d)	48. (c)	49. (b)	50. (c)
51. (c)	52. (d)	53. (b)	54. (d)	55. (c)	56. (a)	57. (a)	58. (c)	59. (a)	60. (c)
61. (d)	62. (d)	63. (d)	64. (a)	65. (c)	66. (b)	67. (c)	68. (c)	69. (a)	70. (d)
71. (b)	72. (b)	73. (a)	74. (d)	75. (d)	76. (d)	77. (a)	78. (c)	79. (b)	80. (d)
81. (b)	82. (c)	83. (d)	84. (c)	85. (d)	86. (c)	87. (a)	88. (b)	89. (c)	90. (b)
91. (d)	92. (a)	93. (a)	94. (d)	95. (b)	96. (d)	97. (a)	98. (a)	99. (d)	100. (d)
101. (d)	102. (b)	103. (a)	104. (b)	105. (d)	106. (b)	107. (a)	108. (d)	109. (b)	110. (d)
111. (c)	112. (c)	113. (d)	114. (c)	115. (c)	116. (c)	117. (d)	118. (d)	119. (d)	120. (a)
121. (b)	122. (c)	123. (b)	124. (c)	125. (c)	126. (a)	127. (d)	128. (a)	129. (b)	130. (d)
131. (a)	132. (d)	133. (c)	134. (c)	135. (b)	136. (d)	137. (a)	138. (a)	139. (c)	140. (b)
141. (c)	142. (d)	143. (b)	144. (a)	145. (c)	146. (a)	147. (b)	148. (d)	149. (a)	150. (a)

SOLUTION

1. (b)

कथकली– वल्लथोल नारायण मेनन, उदयशंकर
भरतनाट्यम –यामिनी कृष्णमूर्ति, सोनल मान सिंह
मणिपुरी– शुक्र अमली सिंह, आतम्ब सिंह
कत्थक–बिरजू महाराज, बिन्दाजी महाराज, लच्छूमहराज

2. (a)

भारत में सर्वाधिक साक्षरता (अवरोही क्रम)
केरल – 94%
मिजोरम – 91.3%
त्रिपुरा – 88.7%

3. (a)

ब्रह्म समाज – राजाराम मोहन राय
बेलूर मठ – स्वामी विवेकानन्द
आर्य समाज– स्वामी दयानन्द सरस्वती

मो.इकबाल

4. (d)

मथुरा में स्थित मथुरा रिफायनरी उत्तर प्रदेश के उत्तरी पश्चिमी क्षेत्र में पेट्रोलियम उत्पादो की माँग को पूरा करने के उद्देश्य के साथ जनवरी 1982 में स्थापित किया गया था। यह इण्डियन आयल कार्पोरेशन की छठी रिफायनरी है,

5. (a)

मुद्रा (करेन्सी) पैसे के उस रूप को कहते हैं जिससे दैनिक जीवन में खरीद और बिक्री होती है। इसमें सिक्के और कागज के नोट दोनों आते हैं। यह मूल्य का मापक होता है। भारत की मुद्रा रूपया है।

6. (d)

भारत के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (CDS) जनरल बिपिन रावत, उनकी पत्नी मधुलिका रावत और अन्य सशस्त्र बलों के जवानों की आकस्मिक दुर्घटना में मृत्यु हो गयी। यह दुर्घटना 8 दिसंबर, 2021 को तमिलनाडु में कुन्नूर के पास हुआ। ध्यातव्य है कि दुर्घटना के समय भारतीय वायुसेना के Mi 17V5 हेलीकॉप्टर में कुल 14 लोग सवार थे।

7. (d)

जहाँगीर द्वारा सिक्खों के पंचम गुरु अर्जुन देव को खुसरो की सहायता करने के आरोप में मृत्युदण्ड दिया गया।

8. (a)

29 अगस्त- राष्ट्रीय खेल दिवस (मेजर ध्यान चंद के जन्म दिन पर)
14 नवंबर– बाल दिवस (जवाहर लाल नेहरू के जन्म दिन पर)
2 अक्टूबर– लाल बहादुर शास्त्री जयन्ती एवं गाँधी जयंती (अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस)

9. (a)

भारतीय ऐतिहासिक कथाओं का सबसे अच्छा क्रमबद्ध विवरण पुराणों में मिलता हैं इनकी संख्या 18 है। जिनमें से पाँच मत्स्य, वायु, विष्णु, ब्राह्मण, भागवत पुराण हैं।
पुराणों में मत्स्य पुराण सबसे प्राचीन एवं प्रमाणिक है।

10. (b)

लेखक	पुस्तक
रवीन्द्र नाथ टैगोर	गीतांजलि
'सारे जहाँ से अच्छा हिन्दोस्ताँ हमारा''	मोहम्मद इकबाल
महात्मा गाँधी	हिन्दस्वराज

11. (d)

हुमायूँ का मकबरा दिल्ली में अवस्थित है। यह इमारत परिसर मुगल वास्तुकला से प्रेरित मकबरा स्मारक है। 1993 ई. में इस इमारत को यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर स्थल घोषित किया गया।

12. (a)

चन्द्रप्रभा मृगवन भारत के उत्तर प्रदेश राज्य के चन्दौली जिले में स्थित है। इसकी स्थापना 1957 ई. में की गई थी।

13. (d)

अर्जुन पुरस्कार खेलकूद के क्षेत्र में प्रदान किया जाता है। अर्जुन पुरस्कार 1961 ई. में आरंभ किया गया इसमें 5 लाख रुपये नगद पुरस्कार दिया जाता है। प्रत्येक वर्ष अधिकतम 15 खिलाड़ियों को उनके अद्वितीय खेल के लिए अर्जुन पुरस्कार दिये जाते हैं।

14. (c)

भारत कोकिला – सरोजनी नायडू
स्वर कोकिला – लता मंगेशकर
लौह महिला – इंदिरा गांधी
भारतीय एथलेटिक्स की गोल्डन गर्ल – पी.टी. ऊषा

15. (b)
डा. एस. राधा कृष्णन – प्रथम उपराष्ट्रपति
डॉ. जाकिर हुसैन – भारत के तीसरे राष्ट्रपति
श्री वी.वी. गिरी – भारत के चौथे राष्ट्रपति
श्री बी.डी. जत्ती – भारत के पाँचवें उपराष्ट्रपति एवं भारत के राष्ट्रपति भी रहे।

16. (c)
अनुच्छेद 56 (2) के अनुसार भारत का राष्ट्रपति अपना त्यागपत्र उपराष्ट्रपति को देता है। राष्ट्रपति का कार्यकाल 5 वर्ष का होता है।
अनुच्छेद 61 के अनुसार संविधान के उल्लंघन की स्थिति में राष्ट्रपति पर महाभियोग लगाया जाता है।

17. (b)
वाइब्रियो कॉलेरी एक जीवाणु है जो एंटेरोटॉक्सिन, कॉलेरा टॉक्सिन का उत्पादन करता है, जिसका प्रभाव छोटी आंत पर पड़ता है। इस रोग में उल्टी व दस्त अधिक होने के कारण पानी की कमी हो जाती है।

18. (d)
13 दिसंबर, 2021 को अमेरिका की प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय पत्रिका 'टाइम' द्वारा एलन मस्क को टाइम पर्सन ऑफ द ईयर, 2021 नामित किया गया। एलन मस्क इलेक्ट्रिक-वाहन स्टार्टअप टेस्ला तथा रॉकेट कंपनी स्पेसएक्स के संस्थापक तथा सीईओ (CEO) हैं। ध्यातव्य है कि टाइम पत्रिका की स्थापना वर्ष 1923 में की गई थी। वर्ष 1927 से टाइम पत्रिका प्रति वर्ष टाइम पर्सन ऑफ द ईयर का चुनाव कर रही है।

19. (a)
मलेरिया की दवा कुनैन एक दक्षिण अमेरिकी पेड़ सिनकोना की छाल से तैयार की जाती है।
यूरोप में सोलहवीं सदी में इसका सबसे पहले प्रयोग किया गया था।
आमतौर पर कुनैन का प्रयोग मलेरिया के इलाज में किया जाता है, इसके अलावा कुछ अन्य दवा के निर्माण में इसका इस्तेमाल होता है, इसे टॉनिक वाटर में भी मिलाया जाता है।

20. (b)
बेंगलुरु को भारत का सिलिकान वैली कहा जाता है। क्योकि यहाँ पर सर्वाधिक आई.टी. कम्पनियाँ है। भारत के निर्यात में 33% का योगदान आई.टी. के क्षेत्र से है।

21. (a)
12 दिसंबर, 2021 को विश्व के पहले गैर सरकारी उपग्रह के प्रक्षेपण के 60 वर्ष पूरे हो गये। इस उपग्रह को ऑस्कर 1 के नाम से जाना जाता है। आस्कर 1 प्रोजेक्ट OSCAR द्वारा लॉन्च किया गया पहला शौकिया रेडियों उपग्रह (Amateur radio satellite) था। इसे 12 दिसम्बर, 1961 को पृथ्वी की निचली कक्षा में प्रक्षेपित किया गया था। OSCAR का अर्थ है "Orbiting satellites carrying amateur radio" है।

22. (a)
गोबर गैस में मुख्यतः मीथेन 75% पायी जाती है।

23. (b)
राज्यसभा सदस्यों की योग्यता :– अनुच्छेद 84 के अनुसार कोई व्यक्ति
(क) भारत का नागरिक हो
(ख) उसकी आयु कम से कम 30 वर्ष हो।
(ग) कोई ऐसी अन्य अर्हताएँ जो संसद द्वारा माँगी गई हो
(घ) उम्मीदवार को संघ या उस राज्य क्षेत्र का पंजीकृत मतदाता होना चाहिए।

24. (d)
8 दिसंबर 2021 को तमिलनाडु में कुन्नूर के पास भारतीय वायु सेना का हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हेलिकॉप्टर में भारत के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (CDS) बिपिन रावत, उनकी पत्नी मधुलिका रावत तथा 11 अन्य सशस्त्र बलों के जवान थे। इस भारतीय वायुसेना के Mi-17VS हेलीकॉप्टर में कुल 14 लोग थे। इस हेलीकाप्टर ने कोयंबटूर के सुलूर सैन्य अड्डे से वेलिंगटन (नीलगिरी हिल्स) जाने के लिए उड़ान भरी थी। अतः सभी कथन सही हैं।

25. (c)
कम्प्यूटर एक प्रकार की गणितीय गणना करता है कैलकुलेटर डिजिटल कम्प्यूटर की पद्धति पर कार्य करता है।

26. (b)
निश्चित ताप पर ठोस का द्रव में बदलना गलन कहलाता है और इस निश्चित ताप को ठोस का गलनांक कहते हैं।

27. (a)
हाल ही में केन-बेतवा नदी परियोजना हेतु वित्तपोषण तथा क्रियान्वयन को मंजूरी दी गई, इससे 103 मेगावॉट जलविद्युत और 27 मेगावॉट सौर ऊर्जा पैदा की जाएगी। इस परियोजना की कुल अनुमानित लागत 44605 करोड़ रुपये है। इस परियोजना का लाभ उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के बुंदेलखण्ड क्षेत्र को मिलेगा।

28. (d)
रासायनिक रूप से कार्बोहाइड्रेट्स पॉलिहाइड्रॉक्सी एल्डिहाइड या पॉलिहाइड्रॉक्सी कीटोन होते हैं। कार्बोहाइड्रेट्स कार्बनिक पदार्थ हैं जिसमें कार्बन, हाइड्रोजन व आक्सीजन होते हैं। कार्बोहाइड्रेट के मुख्य स्रोत आलू, फल (केला, आम), अनाज (चावल, गेहूँ, मक्का), शर्करा (शहद, गन्ना, चुकन्दर, जैम), दूध आदि है। मुर्गा कार्बोहाइड्रेट का स्रोत नहीं है। 1 ग्राम कार्बोहाइड्रेट में 4 कैलोरी ऊर्जा प्राप्त होती है।

29. (c)
उत्तर प्रदेश में लखनऊ मेट्रो प्रथम चरण में **ट्रांसपोर्ट नगर से चारबाग** तक

30. (a)
कम्पन करने वाली प्रत्येक वस्तु ध्वनि उत्पन्न करती है ध्वनि की तीव्रता जब अधिक होती है तब वह कानों को अप्रिय लगने लगती है। इस अवांछनीय अथवा उच्च तीव्रता वाली ध्वनि को शोर कहते है ध्वनि की सामान्य मापक इकाई डेसीबल (db) है।
डेसीबल मापक शून्य से शुरू होता है, जो सामान्य मनुष्य के कान से सुनी जा सकने वाली सर्वाधिक धीमी आवाज को प्रदर्शित करती हैं।

ध्वनि के स्रोत		**तीव्रता (db में)**
साधारण बातचीत	-	30 - 40
जोर से बातचीत	-	50 – 60
ट्रक-ट्रैक्टर	-	90 – 100
साइरन	-	110 – 120
जेट विमान	-	140 – 150
मशीनगन	-	170
मिसाइल	-	180

80 डेसीबल से अधिक ध्वनि को शोर का नाम दिया जाता है।

31. (a)
एक कम्प्यूटर की स्मृति सामान्य तौर से बाइट, किलोबाइट और मेगाबाइट के रूप में व्यक्त की जाती है, बिट - स्टोरेज की सबसे छोटी इकाई मानी जाती है। लेकिन बाइट का उपयोग हम स्टोरेज क्षमता मापने के लिए करते हैं। 1 बाइट = 8 बिट, 1 KB = 1024 बाइट, 1 MB = 1024 KB

32. (c)
8 मार्च अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस
8 मई– विश्व रेड क्रास दिवस/विश्व प्रवासी पक्षी दिवस

33. (c)
भारत की प्रथम महिला मुख्यमंत्री श्रीमती सुचेता कृपलानी (उत्तर प्रदेश) है।
भारत की प्रथम महिला उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीश फातिमा बीबी है।

34. (d)
उत्तर प्रदेश भारत के उत्तर मध्य में स्थित एक सीमान्त राज्य है, पूर्व से पश्चिम इसकी लम्बाई 650 किमी. तथा उत्तर से दक्षिण तक चौडाई 240 किमी. है, इसका सम्पूर्ण क्षेत्रफल 2,40928 वर्ग किमी है जो कि सम्पूर्ण भारत के क्षेत्रफल का 7.33 प्रतिशत है। क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत में राजस्थान प्रथम, मध्य प्रदेश द्वितीय, महाराष्ट्र तृतीय तथा उत्तर प्रदेश चौथे स्थान पर है।

35. (b)
भारत को सर्वोच्च नागरिक सम्मान "भारत रत्न", कला, साहित्य विज्ञान या बड़े पैमाने पर जनसेवा में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए (26 जनवरी) गणतन्त्र दिवस के अवसर पर दिया जाता है। यह देश का सबसे बड़ा पुरस्कार है। इसकी शुरुआत 1954 ई. में हुई थी।
1954 में भारतीय राजनीति के चाणक्य कहे जाने वाले राजगोपालाचारी को भारत रत्न से सम्मानित किया गया ये भारत रत्न प्राप्त करने वाले प्रथम व्यक्ति थे।
1954 में भारत रत्न से सम्मानित अन्य व्यक्ति इस प्रकार है–
सर्वपल्ली राधाकृष्णन, चन्द्रशेखर, वेंकटरमन, भगवान दास।

36. (d)
महात्मा गांधी सेतु पटना से हाजीपुर को जोड़ने के लिए गंगा नदी पर उत्तर पश्चिम की दिशा में बना एक पुल है। यह दुनिया का सबसे लम्बा, एक ही नदी पर बना सड़क पुल है। इसकी लम्बाई 5575 मीटर है। प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने इसका उद्घाटन 1982 में किया था।
मई, 2017 से ब्रह्मपुत्र नदी पर बना 'भूपेन हजारिका सेतु' जिसे 'ढोला–सादिया सेतु' भी कहते है। सबसे बड़ा पुल है इसकी लम्बाई 9.15 किमी. है। यह सेतु असम तथा अरूणांचल प्रदेश को जोड़ती है।

37. (c)
किसी क्षेत्र की औसत जलवायु को जानने के लिए वर्षा, वायु की गति, तथा आर्द्रता का योगदान सबसे महत्वपूर्ण होता है जबकि वृक्षों की संख्या जलवायु के जानने के लिए कोई योगदान नहीं करता है।

38. (a)
उत्तर प्रदेश में वनों की अधिक प्रभावी संरक्षण विकास तथा वनोपज के वैज्ञानिक विदोहन के लिए स्थानीय प्राधिकरण के रूप में उत्तर प्रदेश वन निगम अधिनियम 1974 के अन्तर्गत 25 नवंबर 1974 को उत्तर प्रदेश वन निगम की स्थापना हुई।

39. (b)

व्यंजन	व्यंजन का वर्गीकरण
च छ ज झ	स्पर्श व्यंजन (तालव्य)
य र ल व	**अन्तःस्थ व्यंजन**
श ष स ह	उष्म/संघर्षी व्यंजन
क्ष त्र ज्ञ श्र	संयुक्त व्यंजन

40. (c)
गीतिका एक सम मात्रिक छंद है। इसके प्रत्येक पंक्ति में 26 मात्राएँ होती है तथा प्रत्येक पद 14-12 या 12-14 मात्राओं की यति के अनुसार होते है। पदांत में लघु-गुरु होना अनिवार्य है।
उदाहरण–
हे प्रभु आनंददाता ज्ञान हमको दीजिये
शीघ्र सारे दुर्गुणों से दूर हमको कीजिये
लीजिये हमको शरण में हम सदाचारी बने
ब्रह्मचारी धर्म रक्षक वीर व्रतधारी बनें.....

41. (c)
दिये गये विकल्पों में 'शाश्वत-सदैव' विलोम शब्द युग्म असंगत है। 'शाश्वत' शब्द का विलोम 'नश्वर' होता है। अतः इसका सही विलोम शब्द युग्म 'शाश्वत-नश्वर' होगा।

42. (a)

वाक्यांश	एक शब्द
जो अपने स्थान या स्थिति से अलग न किया जा सके	**अच्युत**
न टूटने वाला	अटूट
जो अपनी बात से न टले	अटल
जो दिया न जा सके	अदेय

43. (b)

वाक्यांश		एक शब्द
जीने की इच्छा	–	**जिजीविषा**
जो जानने को उत्सुक हो	–	जिज्ञासु
जो जीत/विजय का इच्छुक हो	–	जिगीषु
जो प्यासा हो/जो पीने का इच्छुक हो	–	पिपासु

44. (a)
'सख्यागमन' का सही संधि-विच्छेद 'सखी + आगमन है। इसमें 'यण स्वर संधि' है। इसके नियमानुसार यदि इ, ई, उ, ऊ और ऋ के बाद भिन्न स्वर आये तो 'इ' और 'ई' का 'य', 'उ' और 'ऊ' का व तथा 'ऋ' का 'र' हो जाता है। जैसे–
यदि + अपि = यद्यपि
प्रति + एक = प्रत्येक
प्रभु + एषणा = प्रभ्वेषणा

45. (c)
जब किसी सामान्य बात का विशेष बात से तथा विशेष बात का सामान्य बात से समर्थन किया जाए तो वहाँ अर्थान्तरन्यास अलंकार होता है। जैसे–
जे 'रहीम' उत्तम प्रकृति, का करि सकत कुसंग।
चंदन विष व्यापत नहीं, लिपटे रहत भुजंग।।

46. (b)
दिये गये विकल्पों में 'माता-पिता पुज्यनीय है' वाक्य वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध है। इसका शुद्ध वाक्य 'माता-पिता पूजनीय है' होगा।

47. (d)
'छायादार' शब्द 'संकर' शब्द का उदाहरण है। दो भिन्न स्रोतों से आये शब्दों के मेल से बने नए शब्द को 'संकर शब्द' कहते है। उदाहरण–
रेल (अंग्रेजी) + गाड़ी (हिन्दी) – रेलगाड़ी
सील (अंग्रेजी) + बंद (फारसी) – सीलबंद

48. (c)
दिये गये विकल्पों में 'रसीला, कड़वाहट, बुढ़ापा, उन्नति' सभी शब्द भाववाचक संज्ञा है। जिस शब्द से किसी भाव, गुण, दशा आदि के ज्ञान का बोध होता है, वह भाववाचक संज्ञा कहलाता है। जैसे– नारीत्व, वीरता, थकान, समीपता आदि।

49. (b)
दिये गये विकल्प में से 'तीन-तेरह होना–संगठित होना लोकोक्ति अर्थ की दृष्टि से गलत है।
'तीन-तेरह होना' लोकोक्ति का सही अर्थ–'अस्त-व्यस्त होना' होता है।

50. (c)
'गूलर का फूल होना' मुहावरे का सही अर्थ–'दुर्लभ वस्तु' है। अन्य सभी विकल्प अर्थ की दृष्टि से तर्कसंगत नहीं है।

51. (c)
'मैनें राधा के लिए कपड़े खरीदे।' वाक्य में सम्प्रदान कारक है। जिसके लिए कोई क्रिया सम्पन्न की जाय या जिसे कुछ प्रदान किया जाय, वहाँ सम्प्रदान कारक होता है। इसका कारक चिह्न–'को, के लिए, ए, ऐ होता है।

52. (d)
स्थायी भाव की परिपक्व अवस्था को रस कहा जाता है। स्थायी भाव ही रस का आधार है। स्थायी भाव की संख्या 9 मानी गई है। एक रस में मूलतः एक ही स्थायी भाव होता है। जो काव्य के शुरू से आखिर तक होता है।

53. (b)
'तिरंगा' शब्द में 'द्विगु समास' है। इस समास में पूर्व पद संख्यावाची होता है और उससे समूह का बोध होता है, उसे द्विगु समास कहते है। उदाहरण–

चतुर्भुज	–	चार भुजाओं का समाहार
त्रिफला	–	तीन फलों का समाहार

54. (d)
किसी वस्तु का भीतरी भाग 'आभ्यन्तर' कहलाता है। आभ्यान्तर का विलोम बाह्य होता है।

55. (c)
भाषाई परिवार के अनुसार काशिका एक भारतीय आर्य भाषा है। जो वाराणसी व उसके आस-पास के क्षेत्रों में बोली जाती है। काशिका भाषा का विस्तार भोजपुरी भाषा क्षेत्र के पश्चिमी हिस्से से लेकर अवधी भाषा के क्षेत्र तक है। इस प्रकार यह भारतीय भाषा शाखा के पूर्वी शाखा के अन्तर्गत आती है। मुख्य रूप से काशिका भाषावादी जिले–वाराणसी, आजमगढ़, प्रयागराज है। काशी के नाम पर इस भाषा का नाम काशिका पड़ा।

56. (a)
स्तवक का अर्थ फूलों का गुच्छा या गुलदस्ता जो समूहार्थक शब्द है। अन्य विकल्प सही नहीं है।

57. (a)
'जूही की कली' कविता के रचयिता सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' है। इनकी अन्य महत्वपूर्ण रचनाएँ–अनामिका, परिमल, गीतिका, कुकुरमुत्ता, नये पत्ते, सांध्य काकली, अप्सरा, प्रभावती, चोटी की पकड़, लिली, सुकुल की बीवी आदि है।

58. (c)
'जो विद्यार्थी परिश्रमी है, वह अवश्य सफल होगा' यह मिश्र वाक्य है। जिन वाक्यों में एक प्रधान उपवाक्य हो और अन्य आश्रित उपवाक्य हो वह मिश्र वाक्य कहलाता है। ये उपवाक्य आपस में कि, जो, वह, जितना, जहाँ, वहाँ, तो, यदि, जैसा, इधर, उधर आदि से आपस में जुड़ते है। जैसे–जो लड़का कमरे में बैठा है वह मेरा भाई है।

59. (a)
शब्द युग्म 'अम्बुज–अम्बुद' का सही अर्थ भेद कमल–बादल होगा।

60. (c)
योजक चिन्ह (–) इस चिन्ह का प्रयोग निम्नलिखित परिस्थितियों में किया जाता है–

(a) दो समानार्थी शब्दों की पुनरूक्ति या एक अर्थ वाले सहचर शब्दों के बीच किया जाता है। जैसे– कपड़ा-लत्ता, धन-दौलत, मान-मर्यादा आदि।

(b) सामासिक पदों या पुनरूक्त और युग्म शब्दों के मध्य किया जाता है। जैसे– जय-पराजय, लाभ–हानि, दो-दो, राष्ट्र-भक्ति।

(c) तुलनावाचक 'सा', 'सी', 'से' के पहले जैसे– चाँद-सा चेहरा, फूल-सी मुस्कान।

(d) सार्थक-निरर्थक शब्द-युग्मों के बीच, जैसे– अनाप-शनाप, उल्टा-पुल्टा, काम-वाम।

61. (d)
'उरग' शब्द 'सर्प' का पर्यायवाची शब्द है। 'सर्प' के अन्य पर्यायवाची शब्द– अहि, नाग, भुजंग, विषधर, व्याल, पन्नग, सॉप, सारंग आदि है। जबकि पाषाण, अश्म, प्रस्तर, पाहन आदि पत्थर के पर्यायवाची है।

62. (d)
दिये गये वाक्य को उचित क्रम–आप सबको धोखा दे सकते है, पर खुद को नहीं दे सकते, आप खुद को धोखा दे सकते हो, पर वक्त को नहीं दे सकतें। अतः वाक्य खण्डों का उचित क्रम–र व ल य है।

63. (d)
जो शब्द क्रिया की विशेषता बतलाते हैं, उन्हें क्रिया विशेषण कहा जाता है। ये प्रमुखतः चार प्रकार के होते हैं–

1. स्थान वाचक	–	यहाँ, वहाँ, इधर, उधर आदि।
2. काल वाचक	–	रात भर, आज कल, हर बार, प्रतिदिन आदि।
3. परिमाण वाचक	–	बहुत, अत्यन्त, थोड़ा, किंचित, तिल-तिल आदि।
4. रीतिवाचक	–	ऐसे, कैसे, कदाचित, तक, इसलिए आदि।

64. (a)
प्राचीन समय में विश्व में शिक्षा और संस्कृति का प्रमुख केन्द्र भारत था। यहाँ देश-विदेश के विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त करने आते थे।

65. (c)
प्राचीन शिक्षण संस्थाएँ या आश्रम विद्यार्थी के चहुमुखी विकास पर ध्यान देते थे। ये शिक्षण संस्थाएँ पुस्तकीय ज्ञान के अलावा आध्यात्मिक ज्ञान, शारीरिक शिक्षा तथा युद्ध कौशल के विकास पर भी ध्यान देते थे।

66. (b)
नवीन शिक्षा प्रणाली में विद्यार्थियों को जाति, धर्म और भाषा के दायरें से ऊपर उठकर राष्ट्रहित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

67. (c)
नवीन शिक्षा प्रणाली में विद्यार्थियों के नैतिक, शारीरिक व मानसिक विकास के लिए व्यावहारिक शिक्षा पर बल दिया जा रहा है।

68. (c)
पुस्तकीय शब्द में **ईय** प्रत्यय लगा है। ईय प्रत्यय से बनने वाले अन्य शब्द–भवदीय, राष्ट्रीय, पणिनीय, भारतीय आदि है।

69. (a)
दिए गए विकल्पों 'अनेक अध्यापकों' की जगह 'अनेक अध्यापक' होगा क्योंकि अनेक बहुवचन है इसलिए इसके साथ बहुवचन संज्ञा का प्रयोग नहीं होगा।

70. (d)
ध्रुवस्वामिनी, जयशंकर प्रसाद की रचना है जबकि कायाकल्प, रंगभूमि, सेवासदन, गबन, गोदान, मंगलसूत्र (अपूर्ण) तथा कर्मभूमि प्रेमचन्द द्वारा लिखित है।

50. (c)
'गूलर का फूल होना' मुहावरे का सही अर्थ–'दुर्लभ वस्तु' है। अन्य सभी विकल्प अर्थ की दृष्टि से तर्कसंगत नहीं है।

51. (c)
'मैनें राधा के लिए कपड़े खरीदे।' वाक्य में सम्प्रदान कारक है। जिसके लिए कोई क्रिया सम्पन्न की जाय या जिसे कुछ प्रदान किया जाय, वहाँ सम्प्रदान कारक होता है। इसका कारक चिह्न–'को, के लिए, ए, ऐ होता है।

52. (d)
स्थायी भाव की परिपक्व अवस्था को रस कहा जाता है। स्थायी भाव ही रस का आधार है। स्थायी भाव की संख्या 9 मानी गई है। एक रस में मूलतः एक ही स्थायी भाव होता है। जो काव्य के शुरू से आखिर तक होता है।

53. (b)
'तिरंगा' शब्द में 'द्विगु समास' है। इस समास में पूर्व पद संख्यावाची होता है और उससे समूह का बोध होता है, उसे द्विगु समास कहते है। उदाहरण–

चतुर्भुज	–	चार भुजाओं का समाहार
त्रिफला	–	तीन फलों का समाहार

54. (d)
किसी वस्तु का भीतरी भाग 'आभ्यन्तर' कहलाता है। आभ्यान्तर का विलोम बाह्य होता है।

55. (c)
भाषाई परिवार के अनुसार काशिका एक भारतीय आर्य भाषा है। जो वाराणसी व उसके आस-पास के क्षेत्रों में बोली जाती है। काशिका भाषा का विस्तार भोजपुरी भाषा क्षेत्र के पश्चिमी हिस्से से लेकर अवधी भाषा के क्षेत्र तक है। इस प्रकार यह भारतीय भाषा शाखा के पूर्वी शाखा के अन्तर्गत आती है। मुख्य रूप से काशिका भाषावादी जिले–वाराणसी, आजमगढ़, प्रयागराज है। काशी के नाम पर इस भाषा का नाम काशिका पड़ा।

56. (a)
स्तवक का अर्थ फूलों का गुच्छा या गुलदस्ता जो समूहार्थक शब्द है। अन्य विकल्प सही नहीं है।

57. (a)
'जूही की कली' कविता के रचयिता सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' है। इनकी अन्य महत्वपूर्ण रचनाएँ–अनामिका, परिमल, गीतिका, कुकुरमुत्ता, नये पत्ते, सांध्य काकली, अप्सरा, प्रभावती, चोटी की पकड़, लिली, सुकुल की बीवी आदि है।

58. (c)
'जो विद्यार्थी परिश्रमी है, वह अवश्य सफल होगा' यह मिश्र वाक्य है। जिन वाक्यों में एक प्रधान उपवाक्य हो और अन्य आश्रित उपवाक्य हो वह मिश्र वाक्य कहलाता है। ये उपवाक्य आपस में कि, जो, वह, जितना, जहाँ, वहाँ, तो, यदि, जैसा, इधर, उधर आदि से आपस में जुड़ते है। जैसे–जो लड़का कमरे में बैठा है वह मेरा भाई है।

59. (a)
शब्द युग्म 'अम्बुज–अम्बुद' का सही अर्थ भेद कमल–बादल होगा।

60. (c)
योजक चिन्ह (–) इस चिन्ह का प्रयोग निम्नलिखित परिस्थितियों में किया जाता है–

(a) दो समानार्थी शब्दों की पुनरूक्ति या एक अर्थ वाले सहचर शब्दों के बीच किया जाता है। जैसे– कपड़ा-लत्ता, धन-दौलत, मान-मर्यादा आदि।

(b) सामासिक पदों या पुनरूक्त और युग्म शब्दों के मध्य किया जाता है। जैसे– जय-पराजय, लाभ–हानि, दो-दो, राष्ट्र-भक्ति।

(c) तुलनावाचक 'सा', 'सी', 'से' के पहले जैसे– चाँद-सा चेहरा, फूल-सी मुस्कान।

(d) सार्थक-निरर्थक शब्द-युग्मों के बीच, जैसे– अनाप-शनाप, उल्टा-पुल्टा, काम-वाम।

61. (d)
'उरग' शब्द 'सर्प' का पर्यायवाची शब्द है। 'सर्प' के अन्य पर्यायवाची शब्द– अहि, नाग, भुजंग, विषधर, व्याल, पन्नग, साँप, सारंग आदि है। जबकि पाषाण, अश्म, प्रस्तर, पाहन आदि पत्थर के पर्यायवाची है।

62. (d)
दिये गये वाक्य को उचित क्रम–आप सबको धोखा दे सकते है, पर खुद को नहीं दे सकते, आप खुद को धोखा दे सकते हो, पर वक्त को नहीं दे सकतें। अतः वाक्य खण्डों का उचित क्रम–र व ल य है।

63. (d)
जो शब्द क्रिया की विशेषता बतलाते हैं, उन्हें क्रिया विशेषण कहा जाता है। ये प्रमुखतः चार प्रकार के होते हैं–

1. स्थान वाचक	–	यहाँ, वहाँ, इधर, उधर आदि।
2. काल वाचक	–	रात भर, आज कल, हर बार, प्रतिदिन आदि।
3. परिमाण वाचक	–	बहुत, अत्यन्त, थोड़ा, किंचित, तिल-तिल आदि।
4. रीतिवाचक	–	ऐसे, कैसे, कदाचित, तक, इसलिए आदि।

64. (a)
प्राचीन समय में विश्व में शिक्षा और संस्कृति का प्रमुख केन्द्र भारत था। यहाँ देश-विदेश के विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त करने आते थे।

65. (c)
प्राचीन शिक्षण संस्थाएँ या आश्रम विद्यार्थी के चहुमुखी विकास पर ध्यान देते थे। ये शिक्षण संस्थाएँ पुस्तकीय ज्ञान के अलावा आध्यात्मिक ज्ञान, शारीरिक शिक्षा तथा युद्ध कौशल के विकास पर भी ध्यान देते थे।

66. (b)
नवीन शिक्षा प्रणाली में विद्यार्थियों को जाति, धर्म और भाषा के दायरें से ऊपर उठकर राष्ट्रहित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

67. (c)
नवीन शिक्षा प्रणाली में विद्यार्थियों के नैतिक, शारीरिक व मानसिक विकास के लिए व्यावहारिक शिक्षा पर बल दिया जा रहा है।

68. (c)
पुस्तकीय शब्द में **ईय** प्रत्यय लगा है। ईय प्रत्यय से बनने वाले अन्य शब्द–भवदीय, राष्ट्रीय, पणिनीय, भारतीय आदि है।

69. (a)
दिए गए विकल्पों 'अनेक अध्यापकों' की जगह 'अनेक अध्यापक' होगा क्योंकि अनेक बहुवचन है इसलिए इसके साथ बहुवचन संज्ञा का प्रयोग नहीं होगा।

70. (d)
ध्रुवस्वामिनी, जयशंकर प्रसाद की रचना है जबकि कायाकल्प, रंगभूमि, सेवासदन, गबन, गोदान, मंगलसूत्र (अपूर्ण) तथा कर्मभूमि प्रेमचन्द द्वारा लिखित है।

71. (b)
अष्टछाप आठ भक्तिकालीन कवियों का समूह था। इसमें कुंभनदास, **सूरदास**, कृष्णदास, परमानन्द दास, गोविंद स्वामी, नंददास, छीतस्वामी तथा चतुर्भुजदास थे। इन्होंने अपने पद एवं कीर्तनों में भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का गुणगान किया है।

72. (b)
'वह बहुत मधुर गाता है।' में 'बहुत' प्रविशेषण है क्योंकि यह 'मधुर' अर्थात् विशेषता की विशेषता बता रहा है।

73. (a)
दिए गए विकल्पों में नामवर सिंह को वर्ष 1971 में 'कविता के नए प्रतिमान (समालोचना) के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार प्रदान किया गया। यह पुरस्कार भारतीय संविधान की 8वीं अनुसूची में शामिल 22 भाषाओं में से किसी भी भाषा में की गयी रचनाओं के लिए प्रदान किया जाता है।

74. (d)
भारतीय ज्ञानपीठ न्यास द्वारा 'ज्ञानपीठ पुरस्कार' भारतीय साहित्य के लिए दिया जाने वाला सर्वोच्च पुरस्कार है। यह पुरस्कार 8वीं अनुसूची में शामिल 22 भाषाओं में दिया जाता है। इस पुरस्कार की स्थापना 1965 में हुई थी।

75. (d)
चौपाई एक सम मात्रिक छन्द है। इसमे चार चरण तथा प्रत्येक चरण में 16 मात्राएं होती है। चरण के अन्त में दीर्घ (गुरु) के बाद ह्रस्व (लघु) वर्ण आना वर्जित है।
उदाहरण -
गुरु पद राज मृदु मंजुल अंजन। नयन अमिअ दृगदोष विभंजन।।
तेहिं करि विमल विवेक विमोचन। बरनउँ रामचरित भवमोचन।।

76. (d)
माना कुल दूरी = x किमी.
रेल द्वारा चली गयी दूरी = $\frac{2x}{15}$ किमी.
बस द्वारा चली गयी दूरी = $\frac{9x}{20}$ किमी.
शेष दूरी = $x-\left(\frac{2x}{15}+\frac{9x}{20}\right)$
$= \frac{60x-8x-27x}{60} = \frac{25x}{60}$
प्रश्नानुसार, $\frac{25x}{60}=10$
$\therefore \quad x=\frac{10\times 60}{25}=24$ किमी.

77. (a)
टैंक को भरने में लगा अभीष्ट समय $=\frac{ab}{a+b}$
$=\frac{24\times 30}{(24+30)}=\frac{720}{54}=\frac{40}{3}=13\frac{1}{3}$ घंटा
= 13 घंटा 20 मिनट

78. (c)
माना दोनों संख्याएँ क्रमशः x तथा y हैं
∵ पहली संख्या × दूसरी संख्या = म.स.प. × ल. स. प.
प्रश्नानुसार,
1600 = 5 × ल.स.प. ⇒ ल.स.प. = 320

79. (b)
दूध की मात्रा = $\frac{60\times 3}{10}$ = 18 ली.
पानी की मात्रा = $\frac{60\times 7}{10}$ = 42 ली.
माना दूध और पानी का अनुपात 2 : 5 करने के लिए x ली. पानी मिलाना पड़ेगा।
$\therefore \quad \frac{18}{42+x}=\frac{2}{5}$
⇒ 90 = 84 + 2x ⇒ 2x = 90–84
⇒ x = 3 ली.

80. (d)
∵ गोलक का आयतन = बेलन का आयतन
$\frac{4}{3}\pi r^3 = \pi r^2 h$
$\frac{4}{3}r = h$
$\frac{4}{3}=\frac{h}{r}$
$\therefore h:r = 4:3$

81. (b)
∵ छूट % = (100–86)%
= 14 %
प्रश्नानुसार,
14% = 42
$\therefore \quad 100\% = \frac{42}{14}\times 100$
अंकित मूल्य = ₹ 300

82. (c)
25लीटर दूध का क्रयमूल्य = 25 ×12= ₹ 300
5 लीटर पानी मिलाने पर,
(25+5) लीटर मिश्रण का विक्रय मूल्य = 30×10.40
= ₹ 312.00
∵ विक्रय मूल्य > क्रयमूल्य
$\therefore$ लाभ % = $\frac{312-300}{300}\times 100=\frac{12}{3}=4\%$

83. (d)
प्रश्नानुसार,
15% = ₹ 75
$\therefore$ 100% (आय) = $\frac{75}{15}\times 100$ = ₹ 500

84. (c)
∵ दूरी = चाल × समय
= 60 ×15 = 900 किमी.
∵ इसी दूरी को 12 घंटा में तय करना है
तब चाल = $\frac{900}{12}$ = 75 किमी/घंटा

85. (d)
माना क्रमागत संख्यायें = x–1, x, x+1
x–1+ x + x + 1 = 51
3x = 51
x = 17
बीच वाली संख्या (x) = 17

86. (c)

$\because x+\frac{1}{x}=5$ तब $\frac{5x}{x^2+5x+1}$

अंश व हर में x का भाग देने पर

$$\frac{5}{x+5+\frac{1}{x}} \Rightarrow \frac{5}{x+\frac{1}{x}+5} \Rightarrow \frac{5}{5+5} \Rightarrow \frac{5}{10}$$

$$=\frac{1}{2}\left[\because x+\frac{1}{x}=5\right]$$

87. (a)

$$\because \frac{1}{A}+\frac{1}{B}=\frac{1}{72} \quad \text{..... (i)}$$

$$\frac{1}{B}+\frac{1}{C}=\frac{1}{120} \quad \text{..... (ii)}$$

$$\frac{1}{C}+\frac{1}{A}=\frac{1}{90} \quad \text{..... (iii)}$$

समी. (i), (ii) व (iii) को जोड़ने पर,

$$2\left[\frac{1}{A}+\frac{1}{B}+\frac{1}{C}\right]=\frac{1}{72}+\frac{1}{120}+\frac{1}{90}$$

$$=\frac{5+3+4}{360}$$

$$=\frac{12}{360}=\frac{1}{30}$$

$$2\left(\frac{1}{A}+\frac{1}{B}+\frac{1}{C}\right)=\frac{1}{30}$$

$$\frac{1}{A}+\frac{1}{B}+\frac{1}{C}=\frac{1}{60} \quad \text{..... (iv)}$$

समी. (iv) से समी. (ii)को घटाने पर

$$\frac{1}{A}=\frac{1}{60}-\frac{1}{120}$$

$$=\frac{2-1}{120} \Rightarrow \frac{1}{120}$$

$$\frac{1}{A}=\frac{1}{120}$$

$A = 120$ दिन

88. (b)

प्रश्नानुसार,

A : B = 3 : 4

B : C = 3.50 : 3

$=\frac{7}{2}:3=7:6$

तब

A : B : C = 3 : 4

7 : 6

21:28:24

A : B : C = 21 : 28 : 24

B का हिस्सा $=\frac{28}{21+28+24}\times 730$

$=\frac{28\times 730}{73}=₹280$

अतः C का हिस्सा $=\frac{24}{(21+28+24)}\times 730$

$=\frac{24\times 730}{73}=₹240$

अतः अभीष्ट = 280–240 = ₹ 40

89. (c)

माना अंतिम छात्र ने x% अंक प्राप्त किये।

प्रश्नानुसार,

$50 \times 70 = 25 \times 60 + 24 \times 80 + x$

$3500 = 1500 + 1920 + x$

$3500 = 3420 + x$

$x = 3500 - 3420 \Rightarrow x = 80\%$

90. (b)

माना दोनों संख्याएं क्रमशः 5P तथा 7P हैं।

प्रश्नानुसार

$5P + 7P = 36$

$12P = 36$

$P = \frac{36}{12}$

$P = 3$

अभीष्ट संख्या $x = 5P$

$= 5 \times 3 = 15$

91. (d)

$4\sqrt{27} - 2\sqrt{48} + \sqrt{147}$

$= 4\sqrt{9\times 3} - 2\sqrt{16\times 3} + \sqrt{49\times 3}$

$= 12\sqrt{3} - 8\sqrt{3} + 7\sqrt{3}$

$= 11\sqrt{3}$

92. (a)

माना पहले बालक की आयु = x वर्ष

∴ दूसरे ,, ,, ,, = (x + 6) वर्ष

∵ तीसरे ,, ,, ,, = (x + 12) वर्ष

प्रश्नानुसार,

$x + x + 6 + x + 12 = 81$

$3x + 18 = 81$

$3x = 81 - 18$

$3x = 63$

$x = 21$

सबसे छोटे बालक की आयु = x = 21 वर्ष

93. (a)

$\frac{2}{5}$ भाग भरने में लगा समय = 2 मिनट

1 भाग या पूरा भरने में लगा समय $= 2\times\frac{5}{2}$ मिनट

= 5 मिनट

पूरा भरने में और लगा समय = 5 – 2 = 3 मिनट

94. (d)

माना पुरुष दर्शकों की संख्या = 3x

,, महिला ,, ,, ,, = 5x

प्रश्नानुसार,

पुरुष दर्शकों की संख्या, $3x = 3780$

$x = 1260$

महिला दर्शकों की संख्या = 5×1260

$= 6300$

95. (b)

$$\text{बिक्री मूल्य} = \frac{7500\times(100-6)}{100}$$
$$= 75 \times 94$$
$$= 7050 \text{ रु0}$$

96. (d)

22 शिक्षकों की औसत आयु = 27 वर्ष

सूत्र: $\text{औसत} = \frac{\text{पदों का योग (शिक्षकों की आयु का योग)}}{\text{पदों की संख्या (शिक्षकों की संख्या)}}$

$$27 = \frac{\text{शिक्षकों की आयु का योग}}{22}$$

शिक्षकों की आयु का योग $= 27 \times 22$
$= 594$

प्रधानाचार्य की आयु सम्मिलित करने पर,

$$28 = \frac{\text{शिक्षकों की आयु का योग + प्रधानाचार्य की आयु}}{23}$$

शिक्षकों की आयु का योग + प्रधानाचार्य की आयु
$= (28 \times 23) = 644$

594 + प्रधानाचार्य की आयु = 644

प्रधानाचार्य की आयु = 644 – 594 = 50 वर्ष

97. (a)

4 दिन में समाप्त किया गया कार्य $= \frac{4}{15}+\frac{4}{20}=\frac{16+12}{60}$

$$=\frac{7}{15} \text{ भाग}$$

शेष कार्य $= 1-\frac{7}{15} = \frac{8}{15}$ भाग

98. (a)

जिस प्रकार,



उसी प्रकार,



अतः $\boxed{? \Rightarrow \text{NOQR}}$

99. (d)

जिस प्रकार,

$(1)^3=1, (1+1) \Rightarrow (2)^3=8$

उसी प्रकार,

$(3)^3=27, (3+1)=4$

$(4)^3= 64$

अतः $\boxed{? \Rightarrow 27}$

100. (d)

Swimming, sailing, diving पानी में तैरने से संबन्धित है जबकि Driving गाड़ी चलाने से संबन्धित है। अतः Driving अन्य तीनों से भिन्न है

101. (d)

(a) R G T F (+2, -1)
(b) M L O K (+2, -1)
(c) C T E S (+2, -1)
(d) V D Z C (+4, -2)

अतः VDZC अन्य सभी से भिन्न है।

102. (b)

(a) 443 = 4+4+3 = 11
(b) 633= 6+ 3+ 3= 12
(c) 821 = 8+2+1= 11
(d) 245= 2+ 4+5= 11

अतः 633 अन्य सभी से भिन्न है।

103. (a)

शब्दकोश के अनुसार शब्दों का क्रम निम्न है

(3) Dwell (2) Dwindle (4) Dye (1) Dyke

104. (b)

$D^4 \xrightarrow{+12} P^{16} \xrightarrow{+12} B^2 \xrightarrow{+12} N^{14}$

$H^8 \xrightarrow{+12} T^{20} \xrightarrow{+12} F^6 \xrightarrow{+12} R^{18}$

$L^{12} \xrightarrow{+12} X^{24} \xrightarrow{+12} J^{10} \xrightarrow{+12} V^{22}$

अतः $\boxed{? \Rightarrow \text{VRV}}$

105. (d)



39 के स्थान पर 29 दिया गया है। अतः 29 सीरीज में गलत है।

106. (b)

माना राखी की आयु =12x वर्ष

तथा उसकी पुत्री (अनुभा) की आयु =x वर्ष

अनुभा की आयु =3 वर्ष

∴ राखी की वर्तमान आयु = 12x
$= 12\times3 = 36$ वर्ष

अतः दो वर्ष पहले राखी की आयु = 36–2 = 34 वर्ष

107. (a)

सत्या का जन्मदिन – 15 अगस्त

मीना का जन्मदिन = 25 जून, बुधवार

25 जून से 15 अगस्त तक दिनों की संख्या

= जून (5दिन) + जुलाई (31दिन) + अगस्त (15दिन)

= 51 दिन

$= \frac{51}{7} = 2$ विषम दिन

अर्थात सत्या का जन्मदिन बुधवार से दो दिन आगे शुक्रवार को था। अतः विकल्प (a) सही है।

108. (d)

शब्द AMPLIFICATION से शब्द MANIA बनाया जा सकता है।

109. (b)
जिस प्रकार,



उसी प्रकार,



अतः ? ⇒ DJJNETFP

110. (d)
जिस प्रकार,

17+17= 2895, 17×17 = 2895
18+18 =3245, 18×18 = 3245
तथा 19+19 = 3615, 19×19 = 3615
23+23 , 23×23 = 5295

अतः संख्या ? ⇒ 529

111. (c)



अतः ? ⇒ 512

112. (c)



$(\text{कर्ण})^2 = (\text{लम्ब})^2 + (\text{आधार})^2$
$(\text{कर्ण})^2 = (12)^2 + (19)^2$
$(\text{कर्ण})^2 = 144 + 81 = 225$
कर्ण = 15
अतः दूरी = 15 किमी.

113. (d)



$(1)^2 + (2)^2 + (3)^2 + (4)^2$
1+4+9+16 = 30
नोट : जब Row और Collom बराबर रहे तो इस नियम का पालन करें।

114. (c)
जिस प्रकार, पुस्तक कई पृष्ठों से मिलकर बनती है उसी प्रकार दिवार कई ईंटो से मिलकर बनती है

115. (c)
जिस प्रकार,



उसी प्रकार,



अतः ? ⇒ IKMN

116. (c)
जिस प्रकार,

4×(4+1)
4×5 ⇒ 20

उसी प्रकार,

8×(8+1)
8×9 ⇒ 72

अतः ? ⇒ 72

117. (d)
कली, शाखा, तथा पत्ती पौधे के अंग है अतः पौधा अन्य सभी से भिन्न है।

118. (d)



अन्य सभी में +1, +2 के क्रम में वृद्धि हो रहा है जबकि विकल्प (d) में +1, +1 के क्रम में वृद्धि हो रहा है अतः विकल्प (d) अन्य सभी से भिन्न है।

119. (d)



अन्य सभी विकल्पों संख्याओं के क्रम को उल्टा क्रम 35 के स्थान पर 51 दिया गया है अतः 35-51 अन्य सभी से भिन्न है।

120. (a)
शब्दकोश के अनुसार शब्दों का क्रम निम्न है–
(1) Manifest→ (4) Merchant→ (3) Meridian→
(2) Meticulous

121. (b)
MNOM / MNOM / MNOM / MNOM
अतः ? ⇒ NOMO

122. (c)
संख्या-शृंखला का क्रम निम्नवत् है–



अतः $\boxed{? \Rightarrow 391}$

123. (b) प्रश्नानुसार,
सम्बन्ध आरेख खींचने पर–



अतः सम्बन्ध आरेख से स्पष्ट है कि T, R की पत्नी है।

124. (c)
प्रश्नानुसार,
Navin > Ramesh > Jaya > Ram > Satish
अतः Navin सबसे अमीर है।

125. (c)
शब्द CARPENTER में I मौजूद नहीं है जिसके कारण शब्द PAINTER नहीं बनाया जा सकता।

126. (a)
जिस प्रकार,



उसी प्रकार,



अतः $\boxed{? \Rightarrow EDRIRL}$

127. (d)
A = –
C = ×
D = ÷
E = +
14C3A12E4D2 मूल समी. में दिये गये अक्षरों के स्थान पर चिन्ह को रखकर हल करने पर
14×3–12+4÷2
42–12+2
44–12=32
अतः $\boxed{? \Rightarrow 32}$

128. (a)
जिस प्रकार,
7+9–8
=16–8⇒8
2+5–6
7–6=1,
तथा 8+6–5
=14–5⇒9
उसी प्रकार,
8+5–7
=13–7⇒6
अतः $\boxed{? \Rightarrow 6}$

129. (b)
प्रथम स्तम्भ से,
(8+7)×6
15×6=90
द्वितीय स्तम्भ से,
(7+6)×5
13×5=65
तृतीय स्तम्भ से,
(6+5)×4
11×4⇒44
अतः $\boxed{? \Rightarrow 44}$

130. (d)
प्रश्नानुसार,



अतः श्याम अपने घर से 2 किमी. की दूरी पर है।

131. (a)
प्रश्नानुसार, वेन आरेख खींचने पर–

केवल निष्कर्ष I सही है।

132. (d)
एक आकृति वाले त्रिभुजों की संख्या = 6
दो आकृति वाले त्रिभुजों की संख्या = 3
तीन आकृति वाले त्रिभुजों की संख्या = 6
छः आकृति वाले त्रिभुजों की संख्या = 1
अतः कुल आकृति वाले त्रिभुजों की संख्या = 6+3+6+1 = 16

133. (c)



134. (c)
प्रश्न आकृति के प्रतिविम्ब को उत्तर आकृति विकल्प (c) का प्रतिविम्ब पूरा करेगी।

135. (b)
प्रश्न आकृति के प्रतिविम्ब उत्तर आकृति विकल्प (b) के आकृति में निहित है।

136. (d)
प्रश्नानुसार, कागज को मोड़कर काटने के बाद खोलने पर उत्तर आकृति विकल्प (d) के समान दिखेगी।

137. (a)
प्रश्नानुसार, वेन आरेख खीचने पर–



अतः केवल निष्कर्ष (I) सही है।

138. (a)
B = 00, 21, 42, 13, 34
A = 55, 96, 87, 78, 69
N = 30, 01, 22, 43, 14
K = 75, 66, 57, 98, 89
अतः BANK = 42, 69, 14, 98

139. (c) प्रश्नानुसार,



दोनों निष्कर्ष I और II निकलता है।

140. (b)
24 मिनट में काटे गये कमीज के टुकड़े = 24×45
= 1080

$\therefore$ रोल की संख्या = $\frac{1080}{10}$ = 108

141. (c)
अंग्रेजी वर्ण माला में कुल 11 (A, H, I, M, O, T, U, V, W, X, Y) अक्षर दर्पण में देखने पर समान दिखाई देंगे।

142. (d)
माना पुत्री की उम्र x वर्ष है।
$\therefore$ पिता की उम्र = 3x वर्ष
पत्नी की उम्र = (3x – 9) वर्ष
पुत्र की उम्र = (x + 7) वर्ष
प्रश्नानुसार,
2 (x +7) = 3x-9
x = 23 वर्ष
माता की उम्र = 3x – 9
= 69-9
= 60 वर्ष

143. (b)
माना अवधि x मिनट का होता है।
4x + 3×4 = 3:52- 1:00
4x + 12 = 2:52
{$\because$ 2:52 = 2घंटे 52 मिनट = 172 मिनट}
4x + 12 = 172
4x = 160
x = 40

144. (a)



दी गयी आकृति में आयतों की संख्या 10 है जो इस प्रकार है,
आयत [ABCD, EFGH, ADIL, BCJK, EFLK, GHIJ, HGLK, EFIJ, ADJK, BCIL]

145. (c)
9, 12, 15 का लघुतम समापवर्त्य = 180 मिनट
अत: तीनो घण्टियां एक साथ 180 मिनट बाद अर्थात
= 8:00 + 3:00
= 11:00 पूर्वाहन पर बजेंगी।

146. (a)



दिशा आरेख से स्पष्ट है कि व्यक्ति अंत में पूर्व दिशा की ओर जा रहा है।

147. (b)
कुल काटने की संख्या = $\left(\frac{\text{बड़े घन की भुजा}}{\text{छोटे घन की भुजा}} - 1\right) \times 3$
कुल काटने की संख्या = 3(x–1)
3 (3–1) = 3×2 = 6
3 सेमी भुजा वाले किसी घन को 1 सेमी भुजा वाले घनों में काटने के लिए बड़े घन को कुल 6 बार काटना पड़ेगा।

148. (d)
A < B < C < D..... (i)
तथा D > B > E.....(ii)
शर्त (i) से C > B तथा शर्त (ii) से B > E
अर्थात C > B > E $\Rightarrow$ E < B < C
स्पष्ट है कि विकल्प (d) में E, B तथा C आरोही क्रम में है।

149. (a)

पहले	→ बायें	दायें ←
	राम	श्याम
	10	5
स्थान परिवर्तन के बाद	श्याम	राम
	10	15

पंक्ति में कुल छात्रों की संख्या = 15 + 5-1 = 19
परिवर्तन के बाद श्याम का दाँये से स्थान = 19 + 1 -10
= 10 वें

150. (a)
दिए गए वक्तव्य के अनुसार "केवल निष्कर्ष I सही है।"

PRACTICE SET - 4

सामान्य जानकारी

1. हवा में निम्नलिखित में से कौन-सी गैस प्रधान रूप में विद्यमान है?
   (a) आर्गन (b) कार्बन डाइऑक्साइड
   (c) नाइट्रोजन (d) ऑक्सीजन
2. ऋग्वेद में निम्नलिखित में से किस देवता की सर्वाधिक महत्ता का वर्णन है?
   (a) वरुण (b) इंद्र
   (c) अग्नि (d) शिव
3. राष्ट्रीय पुलिस अकादमी कहाँ स्थित है?
   (a) हैदराबाद (b) देहरादून
   (c) नई दिल्ली (d) इलाहाबाद
4. निम्नलिखित मे से किस भारतीय पुरातन ग्रंथ में अपराध और अपराधी का जिक्र आता है?
   (a) अर्थशास्त्र (b) मनुस्मृति
   (c) न्याय-मीमांसा (d) उपर्युक्त सभी
5. हमारे राज्य में 1090 को किस नाम से जाना जाता है?
   (a) हेल्प लाइन (b) वुमेन हैल्प लाइन
   (c) वुमेन पावर लाइन (d) चाइल्ड केयर लाइन
6. घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा हेतु अधिनियम कब लागू किया गया?
   (a) 2006 (b) 1989
   (c) 2005 (d) 2007
7. Statue of Unity किस राज्य में स्थित है?
   (a) गुजरात (b) मध्य प्रदेश
   (c) महाराष्ट्र (d) उत्तर प्रदेश
8. गोकुल पुरस्कार सम्बन्धित है–
   (a) कृषि उत्पादन में बढ़ावा देने से
   (b) दुग्ध उत्पादन में सहकारिता को बढ़ावा देने से
   (c) खेलकूद से बढ़ावा देने से
   (d) बागवानी में बढ़ावा देने से
9. भारत और पाकिस्तान के बीच ताशकंद समझौता कब हुआ था?
   (a) 1966 (b) 1962
   (c) 1965 (d) 1971
10. निम्नलिखित में से कौन-सा पुर्तगाली उपनिवेश नहीं था?
    (a) बम्बई (b) हुगली
    (c) मछलीपट्टनम (d) चौल
11. निम्नलिखित में से कौन-सा 'ज्ञान' के सिद्धान्त पर बल देता है?
    (a) योग दर्शन (b) वेदान्त दर्शन
    (c) सांख्य दर्शन (d) उपनिषद्
12. 7 दिसंबर, 2021 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में विभिन्न विकास परियोजनाओं को लोकार्पण किया, इस परियोजना की लागत क्या है?
    (a) 9400 करोड़ रुपये (b) 9000 करोड़ रुपये
    (c) 9600 करोड़ रुपये (d) इनमें से कोई नहीं
13. भारत का प्रथम चल-पुलिस थाना कहाँ पर कार्यरत है?
    (a) होशियारपुर (b) इलाहाबाद
    (c) वाराणसी (d) अहमदाबाद
14. एक मेगाबाइट कितने के बराबर होती है?
    (a) 1024 गीगाबाइट (b) 1000 बाइट
    (c) 1024 किलोबाइट (d) 1024 टेराबाइट
15. 7 दिसंबर, 2021 से अमेरिकी व्यावसायिक पत्रिका फोर्ब्स द्वारा विश्व की 100-सर्वाधिक प्रभावशाली महिलाओं की 18वीं वार्षिक सूची जारी की गई। इस सूची में शीर्ष स्थान किस अन्तरराष्ट्रीय महिला का है?
    (a) मैरी बार (सं. रा. अमेरिका)
    (b) क्रिस्टीना लेगार्ड (फ्रांस)
    (c) मैकेंजी स्कॉट (सं. रा. अमेरिका)
    (d) इनमें से कोई नहीं
16. निम्नलिखित में से किस मुगल शासक ने अन्ततोगत्वा मेवाड़ के शासक महाराणा प्रताप सिंह के पुत्र राणा अमर सिंह से एक समझौता किया?
    (a) शाहजहाँ
    (b) अकबर
    (c) जहाँगीर
    (d) किसी भी मुगल शासक ने ऐसा नहीं किया
17. 'गरीबी हटाओं' का नारा किस पंचवर्षीय योजना काल में दिया गया था?
    (a) पाँचवीं पंचवर्षीय योजना (b) तृतीय पंचवर्षीय योजना
    (c) चौथी पंचवर्षीय योजना (d) छठवी पंचवर्षीय योजना
18. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सुमेलित नहीं है?
    (a) कावेरी नदी : मैसूर का पठार
    (b) ताप्ती नदी : बेतूल का पठार
    (c) सोन नदी : पेन्ड्रा का पठार
    (d) गोदावरी नदी : ट्रिम्बाक का पठार
19. 29 नवंबर 2021 को किस मंत्रालय के द्वारा वर्चुअल माध्यम से 'भारत युवा व्यावसायिक कार्यक्रम' के प्रथम संस्करण की शुरुआत की गई?
    (a) सांस्कृतिक मंत्रालय
    (b) वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
    (c) जल शक्ति मंत्रालय
    (d) श्रम एवं रोजगार मंत्रालय
20. 8 दिसंबर, 2021 को जर्मनी के नए चांसलर के रूप में किसने पदभार ग्रहण किया?
    (a) ओलॉफ स्कॉल्ज (b) एंजेला मर्केल
    (c) जॉर्ज मैकेलिस (d) फर्स्ट बर्नहार्ड

21. अक्टूबर, 2021 में कौन सी शताब्दी एक्सप्रेस एकीकृत प्रबंधन प्रणाली प्रमाणन प्राप्त करने वाली दक्षिण रेलवे की पहली ट्रेन बन गई है?
(a) तेजस एक्सप्रेस
(b) वंदे भारत एक्सप्रेस
(c) गतिमान एक्सप्रेस
(d) चेन्नई-मैसूर शताब्दी एक्सप्रेस

22. 6 दिसंबर, 2021 को किस देश के राष्ट्रपति भारत यात्रा पर आये?
(a) जापान (b) ब्रिटेन
(c) अमेरिका (d) रूस

23. 'आपरेशन ग्रीन' सम्बन्धित है?
(a) बागवानी से
(b) पौधरोपण से
(c) आलू, टमाटर व प्याज की कीमतों में उतार-चढ़ाव को रोकने हेतु
(d) कृषि उर्वरता बढ़ाने हेतु

24. गोबर धन योजना सम्बन्धित है?
(a) पशुपालन में वृद्धि
(b) देशी गोवंश का संरक्षण
(c) दुग्ध उत्पादन में वृद्धि
(d) गोबर एवं ठोस अपशिष्ट का प्रबंधन

25. वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में वयोवृद्ध महिला नागरिकों की संख्या है–
(a) 103 मिलियन (b) 93 मिलियम
(c) 53 मिलियन (d) 51 मिलियन

26. भारत विश्व का विशालतम लोकतांत्रिक प्रजातंत्र है। इसकी प्रथम लोक सभा कब आयोजित की गई थी?
(a) 16 अगस्त, 1947 (b) 27 जनवरी, 1950
(c) 13 मई, 1952 (d) 15 जून, 1952

27. 'पोटला पैलेस', जो कि एक सतमंजिला भवन है, किससे संबंधित है?
(a) जोधपुर के महाराणा
(b) दलाई लामा
(c) हिमाचल प्रदेश के राजा वीरभद्र
(d) बाजीराव-मस्तानी

28. रंगभेद के कारण महात्मा गाँधी को किस वर्ष दक्षिणी अफ्रीका के पीटरमरिट्जबर्ग रेलवे स्टेशन में प्रथम श्रेणी के रेल-डिब्बे से सामान सहित बाहर फेंक दिया गया था?
(a) 1890 (b) 1891
(c) 1892 (d) 1893

29. निम्नलिखित में से कौन-सा 'जरीब' का हिस्सा है?
(a) फीता (b) छल्ला
(c) गट्ठा (d) उपर्युक्त सभी

30. एक एकड़ जमीन बराबर होती है–
(a) 4840 वर्ग गज के (b) 10 वर्ग जरीब के
(c) 0.40467 हेक्टेयर के (d) उपर्युक्त सभी

31. किस प्राचीन साम्राज्य में महिलाएँ कुश्ती मे भाग लेती थीं?
(a) बहमनी साम्राज्य (b) विजयनगर साम्रज्य
(c) चोल साम्राज्य (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

32. इनमें से कौन-सा मुगल बादशाह शराब को छूता तक नहीं था?
(a) अकबर (b) शाहजहाँ
(c) जहाँगीर (d) औरंगजेब

33. भक्ति आंदोलन के उत्तर भारत में लाने का श्रेय इनमें से किसको जाता है?
(a) रामानुज (b) मध्वाचार्य
(c) रामानंद (d) रामदास

34. विश्व का सबसे बड़ा द्वीप है–
(a) बोर्नियो (b) अण्डमान और निकोबार
(c) ग्रीनलैण्ड (d) सिंगापुर

35. एक घंटे में समयांतर में देशांतरीय दूरी होगी–
(a) 15^0 (b) 30^0
(c) 45^0 (d) 60^0

36. धुंध, जो नमी के बड़े कणों से बना है, कहलाता है–
(a) कुहरा (b) ओस
(c) बादल (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

37. तेज हवाओं द्वारा किस प्रकार की मिट्टी उड़कर आती है और जमा हो जाती है?
(a) पीली मिट्टी (b) लाल मिट्टी
(c) काली मिट्टी (d) बलुई मिट्टी

38. जल-स्थानांतरण के सिद्धान्त की खोज का उसका प्रतिपादन इनमें से किसने किया ?
(a) न्यूटन (b) आर्किमिडीज
(c) जॉन डाल्टन (d) केप्लर

सामान्य हिन्दी

निर्देश (प्रश्न संख्या 39 और 40) : नीचे लिखे शब्दों का वह जोड़ा चुनिए जो एक-दूसरे के विलोम न हों।

39.
(a) गुण-अवगुण (b) देव-दानव
(c) सम्मान-आज्ञा (d) तरल-ठोस

40.
(a) जय-पराजय (b) सार्थक-निरर्थक
(c) पतन-उन्नति (d) धर्म-पुण्य

निर्देश: (प्रश्न संख्या 41 और 42) : नीचे लिखे शब्दों के सही संधि-विच्छेद का चयन कीजिए।

41. यद्यपि
(a) यद्य + आपि (b) य + द्यपि
(c) यदि + अपि (d) यद्या + आपि

42. तिरस्कार
(a) तिरस + कार (b) तिरः + कार
(c) तिः + कार (d) तिर + कार

43. किस समास में दोनों पद मिलकर एक नया अर्थ प्रकट करते हैं?
(a) बहुव्रीहि (b) द्वन्द्व
(c) कर्मधारय (d) तत्पुरुष

44. 'गोशाला' में कौन-सा समास है?
(a) द्विगु (b) द्वन्द्व
(c) तत्पुरुष (d) अव्ययीभाव

निर्देश: (प्रश्न संख्या 45 और 47) : नीचे लिखे शब्दों का उपयुक्त पर्यायवाची चुनिए।

45. कमल
(a) कुसुम (b) पुष्प
(c) प्रसून (d) पुंडरीक

46. अभिलाषा
(a) आकांक्षा (b) अहंकार
(c) विकार (d) हार्दिक

47. आकाश
(a) दृग (b) विप्र
(c) व्योम (d) कगार

निर्देश (प्रश्न संख्या 48 और 50) : निम्नलिखित मुहावरों/लोकोक्तियों के लिए उचित विकल्प चुनिए।

48. पौ बारह होना
(a) दाँव हाराना (b) कार्य सिद्ध होना
(c) लाभ ही लाभ होना (d) सुबह हो जाना

49. गंगा नहाना
(a) पवित्र होना (b) कार्य पूरा कर निश्चिन्त होना
(c) नदी में स्नान करना (d) प्रशंसा करना

50. आँख लगना
(a) आशंका होना (b) मृत्यु होना
(c) नींद आना (d) प्रेम होना

निर्देश (प्र. सं. 51 और 3) : रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।

51. अंधो में _____ राजा।
(a) लंगड़ा (b) पहलवान
(c) काना (d) चतुर

52. _____ के अंधे को हरा ही हरा नजर आता है।
(a) बचपन (b) सावन
(c) आँख (d) बात

53. काला अक्षर _____ बराबर।
(a) उल्लू (b) गाय
(c) भैंस (d) कोयल

54. निम्नलिखित वाक्य में प्रथम तथा अंतिम अंश संख्या 1 और 6 के अन्तर्गत दिए गए हैं। बीच वाले चार अंश (य), (र), (ल), (व) के अन्तर्गत बिना क्रम के हैं। चारों अंशो को उचित क्रमानुसार व्यवस्थित कर सही विकल्प चुनिए।
1. गृहिणी गृहस्थ जीवन-रुपी नौका की वह पतवार है
(य) इस नौका को
(र) बचाती हुई
(ल) थपेड़ों और भँवरों से
(व) जो अपनी बुद्धिमत्ता, चरित्रबल और त्यागमय जीवन से
6. किनारे तक पहुँचाती है ।
(a) य र ल व (b) र ल य व
(c) ल र व य (d) व य ल र

निर्देश: (प्रश्न संख्या 55 और 56) : निम्नलिखित वाक्य त्रुटिपूर्ण अथवा त्रुटिहीन है। त्रुटिपूर्ण अंश का चयन कीजिए। यदि वाक्य त्रुटिहीन हो, तो (d) पर चिन्ह लगाइए।

55. मेरा भाई जिसका शादी कल है घर गया।
(a) (b) (c)
कोई त्रुटि नहीं
(d)

56. इधर आजकल मौसम की वर्षा हो रही है।
(a) (b) (c)
कोई त्रुटि नहीं
(d)

निर्देश: (प्रश्न संख्या 57 से 59) : निम्नलिखित वाक्यांश के लिए एक शब्द का चयन कीजिए।

57. गोद लिया हुआ पुत्र
(a) दत्तचित्त (b) दत्तक
(c) त्याज्य (d) दम्पत्ति

58. जो मापा न जा सके
(a) अपरिमेय (b) अमापित
(c) अनुपेय (d) अपर

59. जो किए गए उपकारों को मानता हो
(a) उपकारी (b) कृतज्ञ
(c) कृपापात्र (d) सुपात्र

60. मैंने रमेश से पत्र लिखवाया। इस वाक्य में 'लिखवाया' कौन से प्रकार की क्रिया है?
(a) अनुकरणात्मक क्रिया (b) नग्मधातु क्रिया
(c) प्रेरणार्थक क्रिया (d) संयुक्त क्रिया

61. कवि मलिक मुहम्मद जायसी द्वारा रचित पद्मावत की भाषा है -
(a) ब्रज (b) अवधी
(c) भोजपुरी (d) खड़ीबोली

62. 'दिग्दर्शन' का सन्धि-विच्छेद होगा -
(a) दिग + दर्शन (b) दिक + दर्शन
(c) दिग् + दर्शन (d) दिक् + दर्शन

63. "वृक्ष से पत्ते गिरते हैं।" इस वाक्य में 'से' कौन-सा कारक है?
(a) अपादान (b) करण
(c) कर्म (d) अधिकरण

निर्देश (प्रश्न संख्या 64 से 66) : निम्नलिखित में असमार्थक शब्द का चयन कीजिए।

64.
(a) पीड़ा (b) संकट
(c) व्यथा (d) दर्द

65.
(a) स्नेह (b) अनुराग
(c) द्वेष (d) प्रीति

66.
(a) जन्म (b) मृत्यु
(c) उगना (d) उत्पादन

67. निम्नलिखित वाक्यों में से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए।
(a) भारत में अनेक जाति हैं।
(b) भारत में अनेकों जाति हैं।
(c) भारत में अनेक जातियाँ हैं।
(d) भारत में अनेकों जातियाँ है।

निर्देश: (प्रश्न संख्या 68 और 69) : निम्नलिखित में कौन-सा रस है, चयन कीजिए।

68. निसिदिन बरसत नयन हमारे
(a) करुण रस (b) रौद्र रस
(c) वियोग श्रृंगार (d) अदभुत रस

69. मेरे तो गिरिधर गोपाल दूसरो न कोई।
जाके सिर मोर मुकुट मेरो पति सोई॥
(a) शांत (b) श्रृंगार
(c) करुण (d) हास्य

निर्देश (प्रश्न संख्या 70 से 74) : निम्नलिखित गद्यांश कां पढ़कर सम्बद्ध वैकल्पिक उत्तरों में से सही उत्तर का चयन कीजिए।

सौन्दर्य की परख अनेक प्रकार से की जाती है। बाह्य सौन्दर्य की परख समझना तथा उसकी अभिव्यक्ति करना सरल है। जब रुप के साथ चरित्र का भी स्पर्श हो जाता है तब उसमें रसास्वादन की अनुभूति भी होती है। एक वस्तु सुन्दर तथा मनोहर कही जा सकती है, परन्तु सुन्दर वस्तु केवल इन्द्रियों को सन्तुष्ट करती है, जबकि मनोरम वस्तु चित्त को भी आनन्दित करती है। इस दृष्टि से कवि जयदेव का बसन्त चित्रण सुन्दर है तथा कालिदास का प्रकृति वर्णन मनोहर है क्योंकि उसमें चरित्र की प्रधानता है।

सुन्दर शब्द संकीर्ण है, जबकि 'मनोहर' व्यापक तथा विस्तृत। साहित्य में साधारण वस्तु भी विशेष प्रतीत होती है, उसे मनोहर कहते हैं।

70. कालिदास के प्रकृति वर्णन का आधार है
(a) उसकी प्रकृति/अभिव्यक्ति (b) उसकी मनोहरता
(c) उसका सौन्दर्य (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

71. सौन्दर्य की परख की जाती है
(a) आनन्द की मात्रा के आधार पर
(b) इन्द्रियों की सन्तुष्टि के आधार पर
(c) रुप के आधार पर
(d) मनोहरता के आधार पर

72. उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक है
(a) साहित्य और सौन्दर्य (b) अभिव्यक्ति की अनुभूति
(c) सुन्दरता बनाम मनोहरता (d) सुन्दरता की संकीर्णता

73. हिन्दी भाषा किस लिपि में लिखी जाती है?
(a) गुरुमुखी (b) ब्राह्मी
(c) देवनागरी (d) सौराष्ट्री

74. 'हिन्दी दिवस' किस तिथि को मनाया जाता है?
(a) 14 अगस्त (b) 14 नवम्बर
(c) 14 सितम्बर (d) 15 सितम्बर

75. भाषा के शुद्ध रुप का ज्ञान किससे होता है?
(a) लिपि (b) व्याकरण
(c) लिखित भाषा (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

संख्यात्मक और मानसिक योग्यता

76. $43-\left[20+\left\{18-\left(16-12+\overline{2+4}\right)\right\}\right]$ का उत्तर ज्ञात करें।
(a) 38 (b) 22
(c) 11 (d) –11

77. 235+23.5+2.35+0.235+0.0235=?
(a) 261.185 (b) 261.1085
(c) 261.1075 (d) 261.175

78. यदि पिज्जा के $\frac{4}{7}$ भाग का मूल्य ₹300 हो, तो पिज्जा के $\frac{4}{5}$ भाग का मूल्य क्या होगा?
(a) ₹420 (b) ₹440
(c) ₹436 (d) ₹432

79. यदि 7 मकड़ियां 7 दिन में 7 जाल बनाते हैं, तो 1 मकड़ी 1 जाल कितने दिन में बनायेगी?
(a) 1 (b) 7/2
(c) 7 (d) 49

80. 16641 का वर्ग मूल क्या होगा?
(a) 119 (b) 121
(c) 129 (d) 131

81. एक विक्रेता ने ₹ 900 में एक वस्तु खरीदी और सूची मूल्य इस प्रकार निर्धारित किया 10% की छूट देने के बाद उसे 20% का लाभ हो, तो सूची मूल्य क्या है ?
(a) ₹ 1180 (b) ₹ 1080
(c) ₹ 1200 (d) ₹ 1100

82. तीन संख्याएँ 1 : 2 : 3 के अनुपात में है और उनके घनों का योग 4500 है। सबसे छोटी संख्या क्या है?
(a) 4 (b) 5
(c) 6 (d) 10

83. वह न्यूनतम धनात्मक पूर्णांक x क्या होगा, जिसके लिए $\sqrt{130+x}$ एक पूर्णांक है–
(a) 10 (b) 11
(c) 13 (d) 14

84. $\frac{11}{20}, \frac{33}{50}$ और $\frac{77}{60}$ का लघुत्तम समापवर्त्य (एल.सी.एम.) क्या होगा?
(a) $\frac{11}{10}$ (b) $23\frac{1}{10}$
(c) $36\frac{9}{11}$ (d) $\frac{300}{11}$

85. यदि कोई वस्तु ₹390 में बेचने पर दुकानदार को 20% का लाभ होता है, तो उसकी लागत क्या है?
(a) ₹ 370 (b) ₹ 325
(c) ₹ 350 (d) ₹ 300

86. 84 को 2:1 के अनुपात में विभाजित किया गया। दोनों भागों में से बड़ा भाग ..... है।
(a) 60 (b) 56
(c) 42 (d) 28

87. एक बाल्टी तनु कृत अम्ल से पूरी तरह से भरी है जिसमें पानी 41% है। यदि शुद्ध अम्ल की मात्रा 17.7 लीटर है, तो बाल्टी की क्षमता (लीटर में) कितनी है?
(a) 26 (b) 28
(c) 30 (d) 32

88. जब कोई तरल अपनी ठोस अवस्था में जम जाता है तो उसके आयतन में 4% की वृद्धि हो जाती है। ठोस के वापस तरल में पिघलने पर आयतन में कितने प्रतिशत कमी होगी?
(a) $3\frac{3}{13}\%$ (b) 4%
(c) $4\frac{11}{13}\%$ (d) $3\frac{11}{13}\%$

89. 5% चक्रवृद्धि ब्याज प्रति वर्ष की दर से ₹10,000 की राशि दो वर्षों के लिए उधार ली गई। यदि वह राशि उतनी ही अवधि के लिए, किन्तु 6% चक्रवृद्धि ब्याज प्रति वर्ष की दर से ली गई होती, तो कितना और अधिक ब्याज देना पड़ता?
(a) ₹211 (b) ₹210.20
(c) ₹211.20 (d) ₹201

90. एक व्यक्ति ने आंशिक रूप से 4 कि.मी./घण्टा कि रफ्तार से पैदल चलकर और आंशिक रूप से 9 कि.मी./घण्टा साईकिल पर चलकर 9 घण्टे में 61 कि.मी. की यात्रा तय की। पैदल चलकर कितनी दूरी तय की गई?
(a) 16 किमी. (b) 12 किमी.
(c) 15 किमी. (d) 17 किमी.

91. 48 व्यक्ति एक कार्य-भाग को 7 दिनों में पूर्ण कर सकते हैं। इसी कार्य को 14 व्यक्ति कितने दिनों में पूर्ण कर पाएंगे?
(a) 25 (b) 28
(c) 36 (d) 24

92. 63किमी./घंटे की चाल से भाग रही एक रेलगाड़ी 8 सेकंड में पोस्ट और एक प्लेटफॉर्म को 28 सेकंड में प्लेटफॉर्म पार करती है। प्लेटफॉर्म की लंबाई कितनी है?
(a) 400m (b) 350m
(c) 420m (d) 380m

93. 12 पुरुष और 16 महिलाएं 5 दिनों में काम का एक टुकड़ा कर सकती हैं जबकि 13 पुरुष और 24 महिलाएं इसे 4 दिनों में कर सकती है। यदि x पुरुष और 15 महिलाएं 8 दिनों में वही काम को पूरा कर सकते हैं तो x का मान क्या है?
(a) 4 (b) 5
(c) 8 (d) 9

94. दो पाइप एक खाली टंकों को क्रमश; 2 और 2.8 घंटों में भर सकते हैं, जबकि एक तीसरा पाइप भरी हुई टंकी को 1.4 घंटे में खाली कर सकता है। यदि जल निकालने वाले पाइप को टंकी के भरने से 0.2 घंटे बंद कर दिया गया था, तो प्रारंभ से टंकी को भरने में कुल कितना समय लगा?
(a) 3.6 (b) 3.4
(c) 6.0 (d) 5.8

95. 22वर्ष पूर्व रघु की आयु शामिक की आयु से पाँच गुना अधिक थी। अब 8 वर्ष पश्चात शामिक की आयु रघु की आयु की $\frac{1}{2}$ होगी। रघु की वर्तमान आयु क्या है?
(a) 80 वर्ष (b) 64 वर्ष
(c) 77 वर्ष (d) 72 वर्ष

96. नीचे दिये गये अनुक्रम में अगली संख्या क्या होगी?
1, 0, 2, 3, 3, 8, 4, 15, 5.....
(a) 24 (b) 42
(c) 25 (d) 52

97. साधारण ब्याज की वह वार्षिक दर क्या होगी जिससे कोई राशि $16\frac{2}{3}$ वर्ष में दुगुनी हो जाएगी?
(a) 4% (b) 5%
(c) 6% (d) $6\frac{2}{3}\%$

98. नीचे दिये गये अनुक्रम में अगली संख्या क्या होगी?
2, 7, 4, 21, 6, 43, 8, ...
(a) 64 (b) 37
(c) 73 (d) 46

99. नीचे दिये गये अनुक्रम में खाली स्थान पर कौन-सा अक्षर आयेगा?
O, M, K, I, G, E, ..., ...
(a) B, A (b) A, Z
(c) C, A (d) C, Z

100. निम्नलिखित शृंखला का अवलोकन करें और रिक्त स्थान में सही विकल्प भरें।
ALBC, CLDC, ..., GLHC
(a) OLPC (b) ELFC
(c) LLMC (d) KLLC

101. निम्नलिखित व्यवस्थापन का अध्ययन करें और निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दें।
A S A T @ # ₹ P Q 1 2 4 S U T &
यदि दिए गए अनुक्रम से सभी संख्याओं और प्रतीकों को निकाल दिया जाता है, तो सबसे अधिक बार आने वाले स्वर (वॉवेल) पहचान करें।
(a) U (b) T
(c) S (d) A

102. दिए गए विकल्पों में से लुप्त संख्या ज्ञात कीजिए?



(a) 60 (b) 62
(c) 64 (d) 66

103. निम्नलिखित क्रम-स्थापन का अध्ययन करें और प्रश्न का उत्तर दें।

S D B M 1 4 8 6 3 % T @ © U K 5 V 1 W $ Y 2 B E 6 # 9 D H 8 G & Z N

दिये गये क्रम-स्थापन में ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के तत्काल बाद एक अक्षर आता है किन्तु उसके तत्काल पहले कोई संख्या नहीं आती है?

(a) चार (b) दो
(c) तीन (d) एक

104. रेखाचित्र में "?" के स्थान पर निम्नलिखित विकल्प में से सही संख्या अंकित करें।

6	4	7
1	2	5
7	6	?

(a) 8 (b) 9
(c) 13 (d) 12

105. यदि '+' का अर्थ '÷', '–' का अर्थ '+', '×' का अर्थ '–' और '÷' का अर्थ '×', है, तो $\frac{(16\times4)-3\times4}{2+8\times3+15+1}$ =? का मान क्या होगा?

(a) 0 (b) 10
(c) 12 (d) 16

106. शब्द के अक्षर अव्यवस्थित और संख्यांकित किये गए हैं। उस विकल्प का चयन करें जो शब्द निर्माण के लिए संख्याओं द्वारा इंगित अक्षरों का सही क्रम दे।

I, A, D, O, H, E, N, S
1 2 3 4 5 6 7 8

(a) 3,2,5,6,8,1,4,7 (b) 2,3,5,6,4,8,1,7
(c) 2,3,5,6,8,1,4,7 (d) 2,3,5,6,8,4,1,7

107. यदि एक विशेष भाषा में CATCHER को ECVEJGT के रूप में कूटबद्ध किया जाता है, तो LEATHER को उस कूट में किस रूप में कूटबद्ध किया जाएगा?

(a) NCGJVGT (b) NGCJVGT
(c) NCGVJGT (d) NGCVJGT

108. एक विशेष कूट में 'COME' को '@ $ * ?' के रूप में लिखा जाता है और 'BIN' को '# · £' के रूप में लिखा जाता है। उस कूट में 'COMBINE' को किस रूप में लिखा जाएगा?

(a) ? * @ * £ · # (b) * ? @ · £ ? $
(c) * ? @ * £ ? $ (d) @ $ * # · £ ?

109. एक विशेष कूट भाषा में 'bit ne toma' का अर्थ 'mango is yellow' है; 'ne ho tap' का अर्थ 'yellow and red' और 'ho toma ka' का अर्थ 'sun is red' है। उस भाषा में निम्नलिखित में से कौन सा शब्द mango को प्रदर्शित करता है?

(a) ne (b) toma
(c) bit (d) ho

110. 'दिव्या' और 'सतीश' विवाहित जोड़ा हैं। 'सैम' और 'अर्नव' भाई हैं। 'सैम' 'सतीश' का भाई है। 'अर्नव' की पुत्री दिव्या के पति से किस रूप में संबंधित है?

(a) चाची/मामी/मौसी/ताई/फूफी/बुआ
(b) भतीजी/भाँजी
(c) पुत्री
(d) चचेरी बहन/ ममेरी बहन/ फुफेरी बहन/ मौसेरी बहन

111. एक बस्ती में 30 से 55 वर्ष की आयु वर्ग के लोगों को निम्नलिखित तीन श्रेणियों में वर्गीकृत किया जाता है।



नौकरी करने वाले पिछड़े अशिक्षित लोगों की संख्या और केवल शिक्षित, केवल पिछड़े और केवल नौकरी शुदा लोगों की संख्या के योग का अनुपात बताएं।

(a) 5 : 32 (b) 32 : 5
(c) 5 : 23 (d) 23 : 5

112. निम्नलिखित श्रृंखला में '?' को क्या प्रतिस्थापित करेगा?

W, P, J, E, A, ?

(a) X (b) W
(c) V (d) Y

113. यदि 12×16=188 और 14×18=248, हो, तो 16×20=? का मान क्या होगा?

(a) 320 (b) 360
(c) 316 (d) 318

मानसिक योग्यता और तर्क क्षमता

दिये गये विकल्पों में से सम्बन्धित शब्द/अक्षरों/संख्या को चुनिए–

114. औषधि : रोगी : : शिक्षा : ?

(a) अध्यापक (b) विद्यालय
(c) छात्र (d) ट्यूशन

115. दिये गये विकल्पों में से सम्बन्धित शब्द/अक्षरों/संख्या को चुनिए–

LAMP : IXJM : : FISH : ?

(a) CGPF (b) CFQE
(c) CFPE (d) CGQF

116. दिये गये विकल्पों में से सम्बन्धित शब्द/अक्षरों/संख्या को चुनिए–

13 : 20 : : 17 : ?

(a) 25 (b) 26
(c) 27 (d) 28

117. दिए गए विकल्पों में से विषम शब्द/अक्षर/संख्या को चुनिए–

(a) प्रतिद्वन्दी (b) विरोधी
(c) शत्रु (d) मित्र

118. दिए गए विकल्पों में से विषम शब्द/अक्षर/संख्या को चुनिए–
(a) POCG (b) KLIZ
(c) BUDX (d) FQMV

119. दिए गए विकल्पों में से विषम शब्द/अक्षर/संख्या को चुनिए–
(a) 36 – 48 (b) 56 – 44
(c) 78 – 66 (d) 33 – 64

120. निम्नलिखित शब्दों को शब्दकोश में दिए गए क्रम के अनुसार लिखिए–
(1) Ambitions (2) Ambiguous
(3) Ambiguity (4) Animation
(5) Animal
(a) 3, 2, 4, 1, 5 (b) 3, 2, 5, 4, 1
(c) 3, 2, 1, 5, 4 (d) 3, 2, 4, 5, 1

121. निम्नलिखित प्रश्न में एक अनुक्रम दिया गया है, जिसमें एक पद लुप्त है। दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए जो अनुक्रम को पूरा करें–
CAT, DBT, ECT, ?
(a) DCT (b) FDT
(c) FCT (d) FAT

122. निम्नलिखित प्रश्न में एक अनुक्रम दिया गया है, जिसमें एक पद लुप्त है। दिए गए विकल्पों में से वह सही विकल्प चुनिए जो अनुक्रम को पूरा करें–
5, 11, 24, 51, 106,.....?
(a) 122 (b) 217
(c) 120 (d) 153

123. मंच पर एक पुरुष को दिखाते हुए रीता ने कहा, "वह मेरे पति की पत्नी की पुत्री का भाई है।" मंच पर उपस्थित उस पुरुष का रीता से क्या संबंध है?
(a) पुत्र (b) पति
(c) चचेरा/फुफेरा/ममेरा/मौसेरा (d) भतीजा

124. डॉ. पाण्डेय की आयु उनके पुत्र की आयु की चार गुनी है। 10 वर्ष पश्चात डॉ. पाण्डेय की आयु उनके पुत्र की आयु से दुगनी हो जाएगी। डॉ. पाण्डेय के पुत्र की वर्तमान आयु बताइए?
(a) 4 वर्ष (b) 5 वर्ष
(c) 6 वर्ष (d) 8 वर्ष

125. विकल्पों में से वह शब्द चुनिए जो दिए गए शब्द के अक्षरों का प्रयोग नहीं बनाया जा सकता?
INTELLIGENCE
(a) CANCEL (b) NEGLECT
(c) GENTLE (d) INCITE

126. यदि C को किसी कोड में 3 लिखा जाए, DASH को 32 लिखा जाए, तो DANCE को उसी कोड में क्या लिखा जाएगा?
(a) 20 (b) 25
(c) 26 (d) 27

127. यदि + का अर्थ घटा है, – का अर्थ गुणा है, × का अर्थ जमा है, और ÷ का अर्थ भाग है, तो निम्नलिखित प्रश्नों को हल कीजिए?
15 – 3 + 10 × 5 ÷ 5
(a) 52 (b) 48
(c) 22 (d) 5

128. निम्नलिखित प्रश्न में कुछ समीकरणों का हल निकालने के लिए एक विशिष्ट प्रणाली का प्रयोग किया गया है। जिस समीकरण का हल नहीं निकाला गया है, उसी विशिष्ट प्रणाली से उस समीकरण का उत्तर ज्ञात कीजिए–
7 × 4 × 9 = 479
9 × 5 × 2 = 592
6 × 9 × 5 = 965
8 × 6 × 2 = ?
(a) 286 (b) 682
(c) 628 (d) 268

129. दिए गए विकल्पों में से लुप्त संख्या ज्ञात करें–

7	10	5
16	40	8
15	?	9

(a) 75 (b) 45
(c) 20 (d) 30

130. संमित्रा उत्तर की ओर 8 मीटर चला और दायें घूमकर 16 मीटर चला। फिर अपने बायें घूमकर 5 मीटर चला। वह फिर बायीं ओर मुड़ा और 16 मीटर चला। अब वह अपने प्रारम्भिक स्थान से किस दिशा में है?
(a) दक्षिण (b) पूर्व
(c) उत्तर (d) पश्चिम

131. निम्नलिखित प्रश्न में एक या दो वक्तव्य दिये गये है, जिसके आगे दो निष्कर्ष/मान्यताएँ, I और II निकाले गये हैं। आपको विचार करना है कि वक्तव्य सत्य है चाहे वह सामान्यतः शर्त तथ्यों से भिन्न प्रतीत होता हो आपको निर्णय करना है कि दिए गए वक्तव्य में से कौ–सा निश्चित रूप से सही निष्कर्ष/मान्यता निकाला जा सकता है?
वक्तव्य : 1. कुछ अध्यापक अनुयायी है।
2. कुछ अनुयायी प्रसिद्ध है।
निष्कर्ष : I. कुछ अध्यापक प्रसिद्ध हैं।
II. कुछ अनुयायी अध्यापक हैं।
(a) केवल निष्कर्ष I सही है
(b) केवल निष्कर्ष II सही है
(c) निष्कर्ष I और II दोनों सही है
(d) न तो निष्कर्ष I सही है और न ही निष्कर्ष II सही है

132. प्रश्न आकृति में कितने त्रिभुज हैं?



(a) 18 (b) 24
(c) 28 (d) 30

133. वह आरेख चुनिए जो नीचे दिए गए वर्गों के बीच सही सम्बन्ध को दर्शाता है?

Delhi, Sri Lanka, Asia

(a) 

(b)

(c) 

(d)

134. कौन–सी उत्तर आकृति प्रश्न आकृति के प्रतिरूप को पूरा करेगी?



(a)

(b)

(c)

(d)

135. निम्नलिखित प्रश्न में एक या दो वक्तव्य दिये गये हैं, जिसके आगे दो निष्कर्ष/मान्यताएँ I और II निकाले गये हैं। आपको विचार करना है कि वक्तव्य सत्य है चाहे वह सामान्यतः शर्त तथ्यों से भिन्न प्रतीत होता हो। आपको निर्णय करना है कि दिए गए वक्तव्य में से कौन–सा निश्चित रूप से सही निष्कर्ष/मान्यता निकाला जा सकता है?

कथन : कोई आदमी गधा नही है। अजय आदमी हैं।

निष्कर्ष : I. अजय गधा नहीं है।

II. सभी आदमी अजय नहीं है।

(a) केवल I निष्कर्ष निकलता है

(b) केवल निष्कर्ष II सही है।

(c) दोनों निष्कर्ष निकलते हैं।

(d) ना तो I और ना ही II निष्कर्ष निकलते हैं।

136. यदि किसी कागज को, नीचे प्रश्न आकृतियों में दिखाए अनुसार मोड़कर काटा जाए तो खोलने के बाद यह किस उत्तर आकृति जैसा दिखाई देगा?



(a)

(b) 

(c)

(d) 

137. यदि एक दर्पण को MN रेखा जाए तो दी गई उत्तर आकृतियों में से कौन–सी आकृति प्रश्न आकृति का सही प्रतिबिम्ब होगी?



(a) 

(b) 

(c) 

(d) 

138. निम्नलिखित प्रश्न में विकल्पों में दिए गए संख्या–समूह, अक्षरों के दो वर्गों द्वारा दर्शाए गए हैं, जैसे कि नीचे दिए गए दो आव्यूहों में हैं। आव्यूह I के 0 से 4 तक और आव्यूह II के 5 से 9 तक, इन आव्यूहों से एक अक्षर को पहले उसकी पंक्ति और बाद में स्तम्भ संख्या द्वारा दर्शाया जा सकता है। उदाहरण के लिए, A को 01, 13, आदि द्वारा दर्शाया जा सकता है तथा B को 58, 69, आदि द्वारा दर्शाया जा सकता है। इसी तरह से आपको दिए गए शब्द 'FINE' के लिए समूह को पहचानना है।

MATRIX I

	0	1	2	3	4
0	F	A	N	O	I
1	I	O	F	A	N
2	A	N	O	I	F
3	O	F	I	N	A
4	N	I	A	F	O

MATRIX II

	5	6	7	8	9
5	S	E	H	B	T
6	H	S	E	T	B
7	B	T	S	E	H
8	E	H	T	B	S
9	T	S	F	H	B

(a) 00, 04, 02, 56 (b) 12, 10, 13, 67
(c) 24, 19, 31, 78 (d) 31, 32, 33, 87

139. दी गई आकृति में कितने त्रिभुज हैं?



(a) 12 (b) 14
(c) 16 (d) 18

140. निम्नलिखित प्रश्न में एक या दो वक्तव्य दिये गये हैं, जिसके आगे दो निष्कर्ष/मान्यताएं, और निकाले गये हैं। आपको विचार करना है कि वक्तव्य सत्य है चाहे वह सामान्यतः शर्त तथ्यों से भिन्न प्रतीत होता हो। आपको निर्णय करना है कि दिए गए वक्तव्य में से कौन-सा निश्चित रूप से सही निष्कर्ष/मान्यता निकाला जा सकता है?

कथन : सभी तोते चूजे हैं। सभी पक्षी चूजे हैं।

निष्कर्ष : I. कुछ पक्षी तोते हैं।

II. कुछ चूजे तोते हैं।

(a) निष्कर्ष I और II दोनों सही है।
(b) दोनों निष्कर्षों में से कोई भी सही नहीं है।
(c) निष्कर्ष I सही है।
(d) निष्कर्ष II सही है।

141. एक निश्चित भाषा में 'drinking is harmful' को 'sip boj kas' लिखा जाता है 'quit drinking habit' को 'boj rat sav' लिखा जाता है और 'bad harmful habit' को 'sav sip cat' लिखा जाता है। उसी भाषा में 'bad' कैसे लिखा जायेगा?

(a) cat (b) sav
(c) boj (d) sip

142. यदि '×' का अर्थ '–', '+' का अर्थ '÷', '–' का अर्थ '×' और '÷' का अर्थ '+' है तो दिए गए समीकरण का मान क्या होगा?

7×28+7÷31–4÷11=?

(a) 138 (b) 127
(c) 110 (d) 166

143. उस विकल्प का चयन करें जो तीसरी अवधि से उसी प्रकार संबंधित है, जिस प्रकार दूसरी अवधि पहली अवधि से संबंधित है।

Mountain : Hill :: Lake : ?

(a) Pond (b) Ocean
(c) River (d) Sea

144. उस विकल्प का चयन करें जो तीसरी अवधि से उसी प्रकार संबंधित है, जिस प्रकार दूसरी अवधि पहली अवधि से संबंधित है।

General : Specific :: Wide : ?

(a) Narrow (b) Open
(c) Broad (d) Closed

145. निर्देश (प्र.सं. 145-147) प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर कौन-सी संख्या आयेगी?



(a) 18 (b) 15
(c) 12 (d) 9

146.

(a) 3 (b) 5
(c) 7 (d) 9

147.



(a) 549 (b) 594
(c) 459 (d) 945

148. जो जोड़ी अलग है, उसकी पहचान कीजिए।

(a) सम्पत्ति : देनदारियाँ (b) फायदा : लाभ
(c) नामे : श्रेय (d) आमदनी : व्यय

149. किसी कोड में यदि DECEMBER को ERMBCEDE लिखा जाता हो, तो उसी कोड में NOVEMBER को लिखा जा सकता है:

(a) EMRBVENO (b) ERBMVENO
(c) REMBVENO (d) ERMBVENO

150. एक लड़के को किसी संख्या को $\frac{7}{8}$ से गुणा करने के लिए कहा गया था। उसने संख्या को $\frac{17}{8}$ से गुणा किया और उसे सही उत्तर से 30 ज्यादा प्राप्त हुआ। वह संख्या थी

(a) 24 (b) 3
(c) 8 (d) 21

SOLUTION : PRACTICE SET-4

ANSWER

1. (c)	2. (b)	3. (a)	4. (d)	5. (c)	6. (a)	7. (a)	8. (b)	9. (a)	10. (c)
11. (d)	12. (c)	13. (a)	14. (c)	15. (c)	16. (c)	17. (a)	18. (a)	19. (c)	20. (a)
21. (d)	22. (d)	23. (c)	24. (d)	25. (c)	26. (c)	27. (b)	28. (d)	29. (d)	30. (d)
31. (b)	32. (d)	33. (c)	34. (c)	35. (a)	36. (a)	37. (d)	38. (b)	39. (c)	40. (d)
41. (c)	42. (b)	43. (a)	44. (c)	45. (d)	46. (a)	47. (c)	48. (c)	49. (b)	50. (c)
51. (c)	52. (b)	53. (c)	54. (d)	55. (b)	56. (a)	57. (b)	58. (a)	59. (b)	60. (c)
61. (b)	62. (d)	63. (a)	64. (b)	65. (c)	66. (b)	67. (c)	68. (c)	69. (b)	70. (b)
71. (d)	72. (a)	73. (c)	74. (c)	75. (b)	76. (a)	77. (b)	78. (a)	79. (c)	80. (c)
81. (c)	82. (b)	83. (d)	84. (b)	85. (b)	86. (b)	87. (c)	88. (d)	89. (a)	90. (a)
91. (d)	92. (b)	93. (b)	94. (c)	95. (d)	96. (a)	97. (c)	98. (c)	99. (c)	100. (b)
101. (d)	102. (c)	103. (c)	104. (d)	105. (a)	106. (c)	107. (d)	108. (d)	109. (c)	110. (b)
111. (a)	112. (a)	113. (c)	114. (c)	115. (c)	116. (d)	117. (d)	118. (d)	119. (d)	120. (c)
121. (b)	122. (b)	123. (a)	124. (b)	125. (a)	126. (d)	127. (b)	128. (b)	129. (d)	130. (c)
131. (b)	132. (c)	133. (b)	134. (a)	135. (a)	136. (d)	137. (a)	138. (a)	139. (a)	140. (d)
141. (a)	142. (a)	143. (a)	144. (a)	145. (d)	146. (b)	147. (d)	148. (b)	149. (d)	150. (a)

SOLUTION

1. (c)
हवा गैसों का मिश्रण है– जिसमें गैसों की मात्रा निम्नवत् है–

नाइट्रोजन	–	78.08%
ऑक्सीजन	–	20.95%
आर्गन	–	0.93%

कार्बन डाई ऑक्साइड – 0.033% आदि गैसे उपस्थित हैं अतः विकल्प (c) सही है।

2. (b)
ऋग्वेद प्राचीनतम वेद है, जिसमें 1028 सूक्त 10,462 ऋचाएं है। ऋग्वेद के पढ़ने वाले ऋषियों को होतृ कहते है। इसमें सर्वाधिक वर्णन इन्द्र का है, इन्द्र के लिए 250 तथा अग्नि के लिए 200 ऋचाओं की रचना की गयी है।

3. (a)
सरदार बल्लभ भाई पटेल **राष्ट्रीय पुलिस अकादमी,** भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों के प्रशिक्षण के लिए भारतीय राष्ट्रीय संस्थान है। यह अकादमी **हैदराबाद** में स्थित है। अकादमी की स्थापना 15 सितम्बर 1948 को की गयी थी। आई.पी.एस. अधिकारियों के लिए पुलिस विषयों पर पाठ्यक्रम का संचालन करने हेतु यह **ओस्मानिया** विश्वविद्यालय से सम्बद्ध है।

4. (d)
अर्थशास्त्र, अनुस्मृति, न्यायमीमांसा, सभी ग्रंथों में अपराध और अपराधी का जिक्र आता है।

5. (c)
1090 → वुमेन पावर लाइन
उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा हेतु शुरू किया गया है।

6. (a)
महिलाओं की घरेलू हिंसा से सुरक्षा हेतु संसद द्वारा घरेलू हिंसा अधिनियम 2005 लाया गया। लेकिन यह 26 अक्टूबर, 2006 से लागू किया गया।

- यह अधिनियम जम्मू-कश्मीर राज्य में लागू नहीं है जम्मू कश्मीर राज्य का अलग अधिनियम जम्मू-कश्मीर महिलाओं की घरेलू अहिंसा से सुरक्षा अधिनियम 2010 है।

7. (a)
Statue of Unity लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा है जो गुजरात में स्थित है। यह विश्व की सबसे ऊँची (182 मीटर) प्रतिमा है। इसका अनावरण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा 31, अक्टूबर, 2018 को उनके जन्म दिवस पर किया गया।

8. (b)
दुग्ध उत्पादन में सहकारिता की बढ़ावा देने के लिए "गोकुल पुरस्कार" दिया जाता है।
इस पुरस्कार में **₹ 22000 तथा गाय और बछड़े की शील्ड** प्रत्येक जिले से अधिकतम दुग्ध उत्पादक को दिया जाता है।

9. (a)
ताशकंद समझौता, भारत और पाकिस्तान के बीच एक शान्ति समझौता है जो 10 जनवरी, 1966 को भारत-पाक युद्ध 1965 के दौरान किया गया। ताशकंद समझौता-ताशकंद में किया गया जो अब उज्बेकिस्तान में है।

10. (c)
मछली पट्टनम – पुर्तगाली उपनिवेश नहीं था। जबकि यह **डचों** का उपनिवेश था। अन्य सभी पुर्तगाली उपनिवेश है।
अन्य पुर्तगाली उपनिवेश– दीव, दमन, बासिन, बाम्बे गोवा, कन्नोर, कालीकाट कोचीन, कोलम्बो, गैले, मतारा, ट्रिंक मेल, नागपट्टम आदि।

11. (d)
उपनिषद् हिन्दू धर्म का महत्वपूर्ण श्रुति ग्रंथ है। ये वैदिक वांग्मय के अभिन्न भाग हैं। इसमें परमेश्वर, परमात्मा ब्रह्म और आत्मा के स्वभाव और संबंध का बहुत ही दार्शनिक और ज्ञानपूर्ण वर्णन किया गया है। दुनिया के कई दार्शनिक उपनिषद् को सबसे अच्छा **ज्ञानकोश** मानते हैं। ये संस्कृत से जुड़े हैं 17वीं सदी में **दाराशिकोह** ने उपनिषदों का फारसी अनुवाद कराया था।

12. (c)
7 दिसंबर, 2021 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में विभिन्न विकास परियोजना का लोकार्पण किया। उक्त लोकार्पण में एम्स (AIIMS), उर्वरक संयंत्र और आईसीएमआर के

क्षेत्रीय चिकित्सा अनुसंधान केन्द्र (RMRC) का नया भवन आदि शामिल है। इन परियोजनाओं की लागत लगभग 9600 करोड़ रुपये है। उक्त उर्वरक संयंत्र का संचालन हिन्दुस्तान उर्वरक रसायन लिमिटेड (HURL) द्वारा किया जाएगा।

13. (a)

होशियारपुर (पंजाब) भारत का प्रथम चल पुलिस थाना है। यह थाना वहाँ के नागरिकों को उनके दरवाजे पर सेवा प्रदान करता है।

14. (c)

1 Byte	=	8 बिट
1 किलोबाइट	=	1024 बाइट
1 मेगाबाइट	=	1024 किलोबाइट
1 गीगाबाइट	=	1024 मेगाबाइट
1 टेराबाइट	=	1024 गीगाबाइट

15. (c)

7 दिसंबर, 2021 से अमेरिकी व्यावसायिक पत्रिका फोर्ब्स द्वारा विश्व की 100 सर्वाधिक प्रभावशाली महिलाओं की 18वीं वार्षिक सूची जारी की गई। इस सूची में शीर्ष स्थान मैकेंजी स्कॉट का है, जो संयुक्त राष्ट्र अमेरिका की है। मैकेंजी स्काट एक फिलानथ्रोपिस्ट (दान देकर जरूरतमंद लोगों की सहायता करना) लेखक हैं। इसके साथ ही वो अमेजॉन फाउंडर जेफ बेजोस की पूर्व पत्नी रह चुकी हैं।

16. (c)

महाराणा अमर सिंह (1597-1620) महाराणा प्रताप के पुत्र थे। जहाँगीर द्वारा करवाये गये कई आक्रमण विफल हुए, अंत में खुर्रम ने मेवाड़ पर अधिकार कर लिया। अमर सिंह हारकार बाद में जहाँगीर से अपमानजनक संधि कर ली। ये मेवाड़ के अंतिम शासक थे।

17. (a)

पाँचवी पंचवर्षीय योजना (1974-1978 ई.) में गरीबी उन्मूलन तथा आत्मनिर्भरता को प्राथमिकता दी गयी। ये पंचवर्षीय योजना केवल 4 वर्ष की थी। 'गरीबी हटाओ' का नारा इसी पंचवर्षीय योजना में दिया गया ।

18. (a)

कावेरी नदी -पश्चिमी घाट के ब्रह्मगिरि पर्वत से निकली है। यह कर्नाटक तमिलनाडु में बहने वाली एक **सदानीरा नदी** है। जबकि अन्य सही सुमेलित है।

19. (c)

29 नवंबर, 2021 को जल शक्ति मंत्रालय द्वारा वर्चुअल माध्यम से भारत युवा व्यावसायिक कार्यक्रम (India young water professional program) के प्रथम संस्करण की शुरुआत की गई। यह कार्यक्रम ऑस्ट्रेलिया एवं भारत जल सेंटर (Australia India water centre) द्वारा क्रियान्वित किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारत में जल प्रबंधन सुधारों का समर्थन करने के लिए रणनीतिक और दीर्घकालिक निवेश के साथ क्षमता निर्माण के लिए एक बेहतर मंच प्रदान करना है।

20. (a)

8 दिसंबर, 2021 को जर्मनी के नए चांसलर के रूप में ओलॉफ स्कॉल्ज (Olaf scholz) ने पदभार ग्रहण किया। ध्यातव्य है कि ओलाफ शोल्ज के पूर्व एंजेला मर्केल जर्मनी के चांसलर पद पर 16 वर्ष तक आसिज रहीं। ओलाफ शोल्ज को 395 सांसदों का समर्थन मिला है तथा उनके तीन दलों वाले गठबंधन के पास 736 सीट वाले संसद के निचले सदन में 416 सीटें है।

21. (d)

अक्टूबर 2021 में चेन्नई-मैसूर शताब्दी एक्सप्रेस एकीकृत प्रबन्धन प्रणाली (Integrated management system) प्रमाणन प्राप्त करने वाली दक्षिण रेलवे की पहली ट्रेन बन गई। इस ट्रेन को विश्व स्तरीय रख-रखाव, पर्यावरण के अनुकूल संसाधनों और यात्रियों की सुविधाजनक और सुरक्षित यात्रा का प्रमाण पत्र मिला है। IMS से प्रमाणित होने वाली भारतीय रेलवे की पहली ट्रेन हबीबगंज-हजरत निजामुद्दीन हबीबगंज भोपाल एक्सप्रेस है।

22. (d)

6 दिसंबर, 2021 को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन आधिकारिक दौरे पर भारत आये। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन यहां 21वें भारत-रूस वार्षिक सम्मेलन में हिस्सा लेने हेतु आये। इस वार्षिक सम्मेलन में भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी हिस्सा लिये। इस सम्मेलन में दोनों राष्ट्राध्यक्षों के मध्य कूटनीतिक साझेदारी और रिश्तों की बेहतरी को लेकर चर्चा हुई।

23. (c)

किसानों एवं उपभोक्ताओं के हित में आलू, टमाटर व प्याज की कीमतों में तेज उतार-चढ़ाव की समस्या से निपटने के लिए 'आपरेशन ग्रीन' शुरू किया गया है।

24. (d)

भारत सरकार द्वारा जानवरों के गोबर और ठोस अपशिष्ट को कम्पोस्ट, उर्वरक, बायोगैस एवं बायो-सीएनजी में बदलने के लिए तथा खेतों में इसके प्रबंधन और रूपांतरण हेतु गोबर धन (गाल्वेनाइजिंग ऑर्गेनिक बायो-एग्रो रिसोर्सेज धन) नामक योजना शुरू की गई है।

25. (c)

60 साल या उससे अधिक उम्र के लोगों को भारत में वयोवृद्ध कहा जाता है। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में वयोवृद्ध (60+) की जनसंख्या 8.6% (10.3करोड़) है जिसमें से पुरुषों की संख्या 5 करोड़ तथा महिलाओं की संख्या 5.3 करोड़ (= 53 मिलियन) है।

26. (c)

भारत विश्व का विशालतम लोकतांत्रिक प्रजातंत्र है भारत में प्रथम लोकसभा का गठन 17 अप्रैल, 1952 ई. को हुआ था। इसकी पहली बैठक 13 मई, 1952 ई. को हुई थी। इसके प्रथम लोक सभा अध्यक्ष गणेश वासुदेव मावलंकर 13 मई 1952 ई. से 27 फरवरी, 1956 ई. तक रहे। वर्तमान लोकसभा अध्यक्ष ओमप्रकाश विड़ला जी हैं।

27. (b)

दुनिया के सबसे महंगे धर्मगुरू निवासों में दलाई लामा का घर 'पोटला पैलेस' है। करीब 160 करोड़ रूपये के इस पैलेस में दलाई लामा हर साल सर्दियों में रहते है। गर्मी के मौसम में वे **'नोरबुलिंग'** पैलेस में शिफ्ट हो जाते है। ये दोनों घर तिब्बत की राजधानी **ल्हासा** में है।

28. (d)

सन् 1893 में रंग भेद के कारण महात्मा गाँधी को दक्षिण अफ्रीका के पीटरमरिट्जबर्ग रेलवे स्टेशन पर प्रथम श्रेणी के रेल डिब्बे से सामान सहित बाहर फेंक दिया गया था।

29. (d)

जरीब एक प्रकार की फीता या चेन होती है, इसमें लोहे या इस्पात से बनी कड़ियां एक दूसरे के छल्लों द्वारा जुड़ी होती है जरीब में इसके कुल नाप के दशवें अंश के बराबर की नाप का एक गट्ठा लगा होता है। जरीब का प्रयोग भू-मापन के कार्य में किया जाता है।

30. (d)
1 एकड़ = 0.40467 हेक्टेयर
1 एकड़ = 4840 वर्ग गज
1 एकड़ = 10 वर्ग जरीब

31. (b)
विजय नगर साम्राज्य (1336–1646) मध्यकालीन दक्षिण भारत का एक साम्राज्य था। इसकी स्थापना हरिहर प्रथम और बुक्का राय नामक दो भाइयों ने की थी। इस प्राचीन साम्राज्य की महिलाएं कुश्ती में भाग लेती थी।

32. (d)
औरंगजेब का जन्म 4 नवम्बर 1618 को गुजरात में हुआ इनके पिता शाहजहाँ तथा माता मुमताज महल थी। औरंगजेब पवित्र जीवन व्यतीत करता था। वह सभी दुर्गणों से मुक्त था तथा यति के जैसा जीवन व्यतीत करता था। खाने-पीने, वेश-भूषा और जीवन की अन्य सभी सुविधाओं में वह बेहद संयम बरतता था।

33. (c)
भक्ति आन्दोलन मध्यकालीन भारत का सांस्कृतिक इतिहास था, इस काल में सामाजिक-धार्मिक सुधारकों द्वारा भगवान को विभिन्न तरीकों से प्रचारित किया गया। इस आन्दोलन का आरम्भ (800 ई. से 1700 ई. के बीच) दक्षिण भारत में आलवारों एवं नायनारों से हुआ। भक्ति आन्दोलन के नेता रामानंद इसे उत्तर भारत लाये। उन्होंने लोगों को यह सिखाया की भगवान राम के प्रति प्रेम और समर्पण रखने तथा इनके नाम के उच्चारण से मुक्ति पायी जा सकती है।

34. (c)
विश्व का सबसे बड़ा द्वीप ग्रीनलैण्ड है–
प्रमुख द्वीप (अवरोही क्रम में)– ग्रीनलैण्ड, > न्यूगिनी, > वोर्नियो > मेडागास्कर > बेफिनद्वीप > सुमात्रा > होन्शू अन्य।

35. (a)
विश्व 24 समय जोनो में विभाजित किया गया है। इन समय जोनो को ग्रीनविच मीन टाइम व मानक समय में एक घण्टे के अन्तराल के आधार पर विभाजित किया गया है, अर्थात प्रत्येक जोन 15^0 के बराबर होता है। ग्रीनविच याम्योत्तर 0^0 देशान्तर पर है, जो कि ग्रीनलैण्ड व लार्वोनियन सागर, ब्रिटेन, स्पेन, अल्जीरिया, फ्रांस, माली, बुर्कीना फासो, घाना व दक्षिण अटलांटिक समुद्र से गुजरता है।

36. (a)
वायुमंडल की निचली परतों में एकत्रित धूल कण, धुआं एवं संघनित जल पिण्डों को कोहरा कहते है, ओसांक के नीचे वायु का तापमान कम होने पर कोहरे का निर्माण होता है, इसकी दृश्यता एक किमी. से कम होती है।

37. (d)
बलुई मिट्टी में रेत (बालू) की अधिक मात्रा पायी जाती है। ये मिट्टियाँ तेज हवाओं द्वारा एक स्थान से उड़कर दूसरे स्थान पर जमा हो जाती है।

38. (b)
आर्किमिडीज का सिद्धान्त– जब कोई वस्तु किसी द्रव में पूरी अथवा आंशिक रूप से डुबोयी जाती है, उसके भार में कुछ कमी प्रतीत होती है। भार में यह आभासी कमी वस्तु द्वारा हटाये गये द्रव के भार के बराबर होती है।

39. (c)
सम्मान का विलोम- अपमान, आज्ञा का विलोम-अवज्ञा

40. (d)
धर्म का विलोम अधर्म, पुण्य का विलोम 'पाप'।

41. (c)
'यद्यपि' का संधि विच्छेद होगा- 'यदि + अपि' / यद्यपि में यण संधि है।

42. (b)
तिरस्कार का संधि विच्छेद 'तिरः + कार'। यह विसर्ग संधि है जैसे - नमः + कार = नमस्कार, पुरः + कार = पुरस्कार।

43. (a)
जिस समास में दोनों पद मिलकर एक नया अर्थ प्रकट करें बहुब्रीहि समास कहलाता है। जैसे- चन्द्रशेखर, गजानन पीताम्बर, लम्बोदर। जिस समास का दोनों पद प्रधान हो द्वन्द्व समास है। जैसे– माता-पिता, भाई-बहन, पिता-पुत्र। जिस समास का पहला पद विशेषण तथा दूसरा पद विशेष्य (संज्ञा) हो कर्मधारय समास है। जैसे- महाकवि, पीतसागर, महावीर, महात्मा। तत्पुरुष समास में दूसरा पद प्रधान होता है, जैसे राजपुत्र, कठफोडवा चिड़ीमार, देशभक्ति।

44. (c)
'गोशाला' तत्पुरुष समास है, जिस समास का दूसरा पद प्रधान हो, तत्पुरुष समास होता है। इसमें गाय के लिए शाला (रहने वाला स्थान) 'शाला' प्रधान पद है। जिस समास का प्रथम पद संख्यावाची तथा दूसरा पद संज्ञावाची हो तथा दोनों पद समूह का बोध कराये वह द्विगु समास है। जैसे- चौराहा, त्रिलोकी, पंच पात्र, पंचवटी। जिस समास का प्रथम पद अव्यय हो एवं उसी प्रधानता हो। तथा दूसरा पद संज्ञा हो अव्ययी भाव कहलाता है। जैसे-प्रतिदिन, भरपेट, प्रत्याहार, आमरण, यथाशक्ति।

45. (d)
'कमल' का पर्यायवाची-पुंडरीक, पंकज, जलज, अम्बुज, सरोज, वारिज, नीरज, राजीव, अरविन्द, उत्पल, सरसिज, सतदल। अन्य तीनों शब्द फूल के पर्यायवाची है - पुष्प, कुसुम, प्रसून, सुमन, पुहुप।

46. (a)
'अभिलाषा' का पर्यायवाची- आकांक्षा, इच्छा, कामना, लालसा, उत्कंठा, रूचि, मनोरथ, मर्जी, स्पृहा, लिप्सा। 'अहंकार का पर्यायवाची अभिमान, दर्प, गुरूर, दंभ, मद। 'विकार' का पर्यायवाची दोष, बुराई, बिगाड़, विकृति, खराबी।

47. (c)
आकाश का पर्यायवाची नभ, गगन, अम्बर, व्योम अतंरिक्ष शून्य। 'दृग' का पर्यायवाची आँख, चक्षु, नयन, नेत्र, लोचन। 'विप्र' का पर्यायवाची ब्राम्हण, द्विज, भूसुर, भूदेव, महीसुर

48. (c)
'पौ बारह होना' मुहावरे का अर्थ है। 'लाभ ही लाभ होना'। 'काम निकालना' मुहावरे का अर्थ है 'कार्य सिद्ध करना/स्वार्थ सिद्ध करना।

49. (b)
'गंगा नहाना' मुहावरे का अर्थ है, कार्य पूरा कर निश्चिन्त होना। 'आसमान पर चढ़ाना' मुहावरे का अर्थ है, 'प्रशंसा करना'।

50. (c)
'आँख लगना' मुहावरे का अर्थ है, 'नींद आना'। 'दिल्लगी होना' मुहावरे का अर्थ है- 'प्रेम होना'। 'जान से हाथ धोना' मुहावरे का अर्थ है- 'मृत्यु होना'।

51. (c)
अंधो में **काना** राजा। वाक्य प्रयोग - राकेश छोटे बच्चों के बीच प्रतियोगिता जीतकर खुद को अंधों में काना राजा सिद्ध कर दिया है।

52. (b)
सावन के अंधे को हरा ही हरा नजर आता है। यह लोकोक्ति है। इसका अर्थ है 'पक्ष पात में दूसरे पक्ष की नहीं सूझती'।

53. (c)
'काला अक्षर **भैंस** बराबर' यह लोकोक्ति है इसका अर्थ 'न पढ़ा न लिखा।

54. (d)
सही क्रम- गृहिणी गृहस्थ जीवन रूपी नौका की वह पतवार है (व) जो अपनी बुद्धिमत्ता, चरित्रबल और त्यागमय जीवन से (य) इस नौका को (ल) थपेड़ों और भँवरों से (र) बचाती हुई किनारे तक पहुँचाती है।

55. (b)
वाक्य में त्रुटि है, जिसका के स्थान पर जिसकी शब्द का प्रयोग सही होगा क्योंकि शादी स्त्री लिंग है शुद्ध वाक्य - मेरा भाई जिसकी शादी कल है घर गया।

56. (a)
इधर मौसम की वर्षा हो रही है। अतः विकल्प (a) त्रुटिपूर्ण है।

57. (b)
गोद लिया हुआ पुत्र- दत्तक
पति पत्नी के जोड़े - दम्पत्ति
जिसे त्याग देना उचित हो- त्याज्य
किसी काम को चित्त लगाकर करने वाला- दत्तचित्त

58. (a)
जो मापा न जा सके- अपरिमेय
जिसको पिया न जा सके- अनुपेय
जो कभी मरे नहीं- अमर
जो अभी तक मापा न गया हो - अमापित

59. (b)
जो किए गए उपकारों को मानता हो- कृतज्ञ
उपकार करने वाला- उपकारी
जिस पर (छोटों पर) कृपा की गयी हो - कृपापात्र
जो उपकारों को न मानता हो - कृतघ्न

60. (c)
मैंने रमेश से पत्र लिखवाया। इस वाक्य में 'लिखवाया' प्रेरणार्थक क्रिया है। जिन क्रियाओं से इस बात का बोध हो कि कर्ता स्वयं कार्य न कर किसी दूसरे को कार्य करने के लिए प्रेरित करता है, वे 'प्रेरणार्थक क्रियाएँ' कहलाती हैं। इसके अन्य उदाहरण - उठवाना, चलवाना, खिलवाना, लिखवाना, जलवाना आदि हैं। जो क्रियायें संज्ञा या विशेषण से बनती हैं, नामधातु क्रियाएँ कहलाती हैं, जैसे- हाथ – हथियाना, बात – बतियाना, लात – लतियाना, गरम – गरमाना, शरम – शरमाना आदि। इसी तरह जो क्रिया दो या अधिक धातुओं के मेल से बनती है, उसे संयुक्त क्रिया कहते हैं, जैसे- बेच लेना, काम करना, बुला लेना, मार देना, लेट जाना, गिर पड़ना आदि। ध्यातव्य है कि किसी ध्वनि के अनुकरण पर जो क्रिया बनती है, उसे अनुकरणात्मक क्रिया कहते हैं जैसे – खट-खट → खटखटाना, झन-झन → झनझनाना, भन-भन → भनभनाना, सन-सन → सनसनाना, थप-थप → थपथपाना आदि।

61. (b)
कवि मलिक मुहम्मद जायसी द्वारा रचित 'पद्मावत' की भाषा अवधी है। जायसी भक्तिकाल के निर्गुण प्रेमाश्रयी धारा के सूफी कवि हैं। पद्मावत में पद्मावती की प्रेम कथा का रोचक वर्णन है। रत्नसेन की पहली पत्नी नागमती के वियोग का अनूठा वर्णन है। यह कड़वक (दोहा - चौपाई) पद्धति में रचित ग्रन्थ है। 'रामचरितमानस' भी कड़वक पद्धति में रचित है। मलिक मुहम्मद जायसी की अन्य रचनाएँ - अखरावट, आख़िरी कलाम, कहरानामा, चित्ररेखा आदि हैं।

62. (d)
'दिग्दर्शन' का संधि विच्छेद 'दिक् + दर्शन' होगा। इसमें व्यंजन संधि है। व्यंजन से स्वर अथवा व्यंजन के मेल से उत्पन्न विकार को 'व्यंजन संधि' कहते हैं। 'दिग्दर्शन' में निम्नलिखित नियम के अनुसार संधि हुई है- 'यदि क्,च्, ट्, त्, प् के बाद किसी वर्ग का तृतीय या चतुर्थ वर्ण आए या य, र, ल, व या कोई स्वर आये तो क्, च्, ट्, त्, प् के स्थान पर अपने ही वर्ग का तीसरा वर्ग हो जाता है।' यहाँ क् के बाद तवर्ग का तीसरा वर्ग (द्) आने के कारण क् → ग् में परिवर्तित हो जाता है और दिक् + दर्शन = दिग्दर्शन हो जाता है।

63. (a)
'वृक्ष से पत्ते गिरते हैं।' में अपादान कारक है।

कारक	**चिह्न**
कर्त्ता	ने
कर्म	को
करण	से या के द्वारा
सम्प्रदान	के लिए
अपादान	से (अलगाव के अर्थ में)
सम्बन्ध	का, की, के, रा, री, रे
अधिकरण	में, पर
सम्बोधन	हे! ओ! अरे!

64. (b)
पीड़ा, व्यथा, दर्द तीनो एक समार्थक शब्द है, संकट, विपत्ति, आपदा, तीनो समार्थक शब्द है।

65. (c)
स्नेह, अनुराग, प्रीति, प्रेम, प्रणय, अनुरक्ति समार्थक शब्द है। द्वेष, विरोध, दुश्मनी, खार, शत्रुता, बैर समार्थक शब्द है।

66. (b)
जन्म, उगना, उत्पादन, उदय होना, निकल आना, पैदा होना, प्रकट होना समार्थक शब्द है।
मृत्यु, अंतकाल देहांत, प्राणांत, निधन, मौत, देहावसान, स्वर्गवास समार्थक शब्द है।

67. (c)
भारत में अनेक जातियाँ है। शुद्ध वाक्य है।

68. (c)
'निसिदिन बरसत नयन हमारे' में **वियोग श्रृंगार** है। जहाँ नायक और नायिका के **विरह** का वर्णन होता है। वियोग श्रृंगार कहा जाता है। किसी प्रिय व्यक्ति की मृत्यु से उत्पन्न शोक करूण रस होता है। जैसे 'शोक विकल्प सब रोवहुँ रानी, रूप शील बल तेज बखानी'। जहाँ शत्रु के अनुचित कार्यो को देखकर मन में क्रोध की भावना उत्पन्न हो उसे रौद्र रस कहते है। जैसे- 'जो तुम्हरे अनुशासन पावौ, कन्दुक इव ब्रह्माण्ड उठावौ। अद्भुत रस-बिनु पग चलै सुनै बिनु काना, कर बिनु कर्म करै बिधि नाना।

69. (b)
'मेरे तो गिरिधर गोपाल दूसरो न कोई। जाके सिर मोर मुकुट मेरो पति सोई।।' में **श्रृंगार रस** है। सांसारिक वस्तुओ तथा व्यक्तियों के प्रति वैराग्य की भावना से शांत रस की निस्पत्ति होती है जैसे- मोहन महल की प्रथम सीढ़ी या बिन ज्ञान चरित्र सम्यक्ता न लहै। किसी वस्तु या विकृति, वेशभूषा को देखकर मन (हृदय) में हास्य की भावना उत्पन्न होती है, जैसे- देखि सियहिं सुरतिय मुस्काती वर लायक दुलहिन जग नाही।।

70. (b)
उक्त गद्यांश के अनुसार,
कालिदास के प्रकृति वर्णन का आधार उसकी मनोहरता है।

71. (d)
उक्त गद्यांश के अनुसार,
सौन्दर्य की परख मनोहरता के आधार पर की जाती है।

72. (a)
उक्त गद्यांश के अनुसार,
उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक 'साहित्य और सौन्दर्य है।

73. (c)
उक्त गद्यांश के अनुसार,
'हिन्दी भाषा' देवनागरी लिपि में लिखी जाती है।

74. (c)
हिन्दी को 14 सितम्बर 1949 ई. को राजभाषा का दर्जा दिया गया। अतः 14 सितम्बर को 'हिन्दी दिवस' के रूप में मनाया जाता है। राजभाषा का अर्थ - राजकाज की भाषा या राजकीय कार्यों में प्रयुक्त होने वाली भाषा। संविधान के भाग - 17 के अनुच्छेद 343 - 351 तक आठवीं अनुसूची में राजभाषा का उल्लेख है।

75. (b)
भाषा के शुद्ध रूप का ज्ञान व्याकरण से होता है। अतः विकल्प (b) सही है।

76. (a)
दिया है,

$$43-\left[20\div\left\{18-\left(16-12\div\overline{2+4}\right)\right\}\right]$$

$=43-\left[20\div\left\{18-\left(16-12\div6\right)\right\}\right]$ (**BODMAS** के नियम से)

$=43-\left[20\div\left\{18-\left(16-2\right)\right\}\right]$

$=43-\left[20\div\left\{18-14\right\}\right]$

$=43-\left[20\div4\right]$

$=43-5=38$

77. (b)
दिया है

$235+23.5+2.35+0.235+0.0235$
$=235+23.5+2.35+0.2585$
$=235+23.5+2.6085$
$=235+26.1085$
$=261.1085$

78. (a)

$\because \frac{4}{7}$ भाग पिज्जा का मूल्य $=₹300$

$\therefore$ 1 भाग पिज्जा का मूल्य $=\frac{300}{\left(\frac{4}{7}\right)}$

$=\frac{300\times7}{4}=75\times7=₹525$

$\therefore \frac{4}{5}$ भाग पिज्जा का मूल्य $=525\times\frac{4}{5}$

$=105\times4=₹420$

79. (c)
सूत्र से,

$$\boxed{\frac{m_1d_1}{w_1}=\frac{m_2d_2}{w_2}}$$

$\frac{7\times7}{7}=\frac{1\times d_2}{1}$, $d_2=7$ दिन

80. (c)

	129
1	16641
1	1
22	66
2	44
249	2241
9	2241
	××××

अतः 16641 का वर्गमूल = 129

81. (c)
वस्तु की लागत मूल्य $=₹900$

20% लाभ होने पर $=900\times\frac{120}{100}=₹1080$

माना वस्तु का सूची मूल्य $=₹x$
10% छूट के बाद,

$$x\times\frac{90}{100}=1080$$

$$x=1080\times\frac{100}{90}=₹1200$$

$\therefore$ वस्तु का सूची मूल्य $=₹1200$

82. (b)
माना तीन संख्याएँ x, 2x एवं 3x हैं।
प्रश्नानुसार,

$$x^3+(2x)^3+(3x)^3=4500$$
$$x^3+8x^3+27x^3=4500$$
$$36x^3=4500$$
$$x^3=125$$

अतः सबसे छोटी संख्या $\boxed{x=5}$ है।

83. (d)
माना वह न्यूनतम धनात्मक पूर्णांक A है।
प्रश्नानुसार, - $A=\sqrt{130+x}$

$\Rightarrow$ $A^2=130+x$

$\Rightarrow$ $x=A^2-130$ जहाँ $A=1,2,3,4,.....$

{$\because$ 12से कम संख्या लेने पर मान ऋणात्मक आता है जो अमान्य है}

$\Rightarrow$ $x=(12)^2-130$

$\Rightarrow$ $x=144-130$

$\Rightarrow$ $x=14$

84. (b)

$\because$ भिन्न का ल.स.प. $=\frac{\text{अंश का ल.स.प.}}{\text{हर का म.स.प.}}$

$\therefore \frac{11}{20},\frac{33}{50}$ और $\frac{77}{60}$ का ल.स.प. $=\frac{11,33,77 \text{ का ल.स.प.}}{20,50,60 \text{ का म.स.प}}$

$=\frac{3\times7\times11}{10}$

$=\frac{231}{10}$

$=23\frac{1}{10}$

85. (b)

∵ विक्रय मूल्य $= \frac{(100+\text{लाभ }\%)}{100} \times$ लागत मूल्य

$390 = \frac{(100+20\%)}{100} \times$ क्रयमूल्य

क्रयमूल्य $= \frac{390\times100}{120} =$ ₹325

86. (b)

84 को 2:1 के अनुपात में विभाजित करने पर प्राप्त बड़ा भाग का मान $= 84 \times \frac{2}{(2+1)}$

$= 84 \times \frac{2}{3}$

$= 28 \times 2 = 56$

87. (c)

∵ बाल्टी में पानी की मात्रा = 41%

∴ बाल्टी में अम्ल की मात्रा = (100–41) = 59%

प्रश्नानुसार,

बाल्टी में अम्ल की मात्रा = 17.7

⇒ 59%= 17.7

⇒ $100\% = \frac{17.7}{59} \times 100$

= 30 लीटर

अतः बाल्टी की क्षमता 30 लीटर।

88. (d) % कमी $= \frac{\text{वृद्धि}\%}{(100+\text{वृद्धि}\%)} \times 100$

$= \frac{4}{(100+4)} \times 100$

$= \frac{4}{104} \times 100$

$= \frac{50}{13} = 3\frac{11}{13}\%$

89. (a)

दिया है- मूलधन (P) = ₹10,000

समय (t) = 2वर्ष

R_1=5%, R_2= 6%

प्रथम शर्त के अनुसार –

चक्रवृद्धि ब्याज $= P\left(1+\frac{R_1}{100}\right)^t - P$

$= 10000\left(1+\frac{5}{100}\right)^2 - 10000$

= 11025–10000

= ₹1025

द्वितीय शर्त के अनुसार –

चक्रवृद्धि ब्याज $= 10000\left(1+\frac{6}{100}\right)^2 - 10000$

= 11236–10000

= ₹1236

अधिक दिया गया ब्याज = ₹1236–₹1025

= ₹211

90. (a)

माना व्यक्ति द्वारा पैदल तय की गयी दूरी = x किमी.

∴ व्यक्ति द्वारा साईकिल से तय की गयी दूरी = (61–x) किमी.

∵ समय $= \frac{\text{दूरी}}{\text{चाल}}$

$\frac{x}{4} + \frac{61-x}{9} = 9$

$\frac{9x+244-4x}{36} = 9$

5x+244 = 9×36

5x+244 = 324

5x = 324–244

5x = 80

$x = \frac{80}{5} = 16$

∴ व्यक्ति द्वारा पैदल तय की गयी दूरी = 16 किमी.

91. (d)

दिया है $M_1 = 48$, $D_1 = 7$ दिन

$M_2 = 14$, $D_2 = ?$

∵ $M_1D_1 = M_2D_2$

⇒ $48\times7 = 14\times D_2$

⇒ $D_2 = 24$ दिन

92. (b)

दिया है-

चाल $= 63\text{km/h} = 63 \times \frac{5}{18}\text{m/s}$

$= \frac{35}{2}\text{m/s}$

पोस्ट को पार करने में रेलगाड़ी द्वारा तय की गयी दूरी (रेलगाड़ी की लंबाई) $= \frac{35}{2} \times 8$

= 140 मीटर

माना प्लेटफार्म की लम्बाई x मीटर है।

अतः प्लेटफार्म को पार करने में रेलगाड़ी द्वारा तय की गई

दूरी = चाल × समय

$(140+x) = \frac{35}{2} \times 28$

⇒ (140+x) = 490

⇒ x = 490–140

⇒ x = 350 मीटर

अतः प्लेटफार्म की लम्बाई 350 मीटर है।

93. (b)

पुरुष M, महिला F,

प्रश्नानुसार, (12M+16F)×5 = (13M+24F)×4

⇒ 60M+80F = 52M+96F

⇒ 60M–52F = 96F–80F

⇒ 8M = 16F

M : F = 2 : 1

(13M + 24F) = (xM + 15F) × 8

(26 + 24) = 4x + 30

50 = 4x + 30

4x = 20

x = 5 पुरुष

94. (c)
माना टंकी x घंटे में भरती है।
∴ निकासी टंकी को x-0.2 घंटे खाली करती है।

$$\therefore \quad \frac{x}{2}+\frac{x}{2.8}-\frac{x-0.2}{1.4}=1$$

$$=\frac{x}{2}+\frac{10x}{28}-\frac{10(x-0.2)}{14}=1$$

$$=\frac{14x+10x-20x+4}{28}=1$$

$$=4x+4=28$$

$$=x=\frac{24}{4}=6$$

अतः प्रारंभ से टंकी को भरने में कुल 6 घंटे समय लगा।

95. (d)
माना कि 22 वर्ष पूर्व रघु की उम्र 5x तथा शामिक की उम्र x वर्ष है।
रघु की वर्तमान उम्र = (5x + 22) वर्ष
शामिक की वर्तमान उम्र = (x + 22) वर्ष
8 वर्ष बाद रघु की उम्र (5x + 22 + 8) = (5x + 30)
8 वर्ष बाद शामिक की उम्र (x + 22 + 8) = (x + 30)
प्रश्नानुसार,
5x + 30 = 2 (x + 30)
5x + 30 = 2x + 60
3x = 30
x = 10
अतः रघु की वर्तमान उम्र = (5x + 22)
= (5 × 10 + 22)
= 72 वर्ष

96. (a)
शृंखला निम्नवत है-



अतः अगली संख्या 24 होगी।

97. (c)
माना मूलधन = ₹x
मिश्रधन = ₹2x
साधारण ब्याज = मिश्रधन − मूलधन
= 2x − x
= ₹x

पुनः साधारण ब्याज $=\frac{\text{मूलधन}\times\text{दर}\times\text{समय}}{100}$

$$x=\frac{x\times\text{दर}\times 50}{100\times 3}\left(\because \text{समय}=16\frac{2}{3}=\frac{50}{3}\text{वर्ष}\right)$$

दर = 6%

98. (c)
शृंखला निम्नवत है-



99. (c)
शृंखला निम्नवत है-



उपरोक्त श्रेणी में हम देख रहे हैं कि प्रत्येक पद में 2 की कमी आ रही है।

100. (b)
शृंखला निम्नवत है-



101. (d)
A S A T @ # ₹ P Q 1 2 4 S U T &
दिये गये अनुक्रम से संख्याओं तथा प्रतीकों को निकालने पर प्राप्त अनुक्रम A S A T P Q S U T, अतः स्पष्ट है कि, सबसे अधिक बार A की आवृत्ति हुई है।

102. (c) 8×1= 8
8×2= 16
8×3= 24
8×4= 32
8×5= 40
8×6= 48
8×7= 56
8×8= 64
∴ प्रश्न चिन्ह के स्थान पर 8×8 = 64 होगा।

103. (c)
S D B M 1 4 8 6 3 % T @ © U K 5 V 1 W $ Y 2 B E 6 # 9 D H 8 G & Z N
उपरोक्त प्रश्न में @ © U, W $ Y, G & Z तीन ही ऐसे प्रतीक हैं जिनके तत्काल बाद अक्षर तो आता है लेकिन पहले कोई संख्या नहीं आती।

104. (d)

C_1	C_2	C_3
6	4	7
1	2	5
7	6	?

पहले कॉलम से $(C_1) \Rightarrow 6+1=7$
दूसरे कॉलम से $(C_2) \Rightarrow 4+2=6$
तीसरे कॉलम से $(C_3) \Rightarrow 7+5=12$
अतः ? के स्थान पर 12 आयेगा।

105. (a)
$\frac{(16\times 4)-3\times 4}{2+8\times 3+15\div 1}=$ ..... मूल समीकरण
दिया गया है -
÷ का अर्थ +
− का अर्थ ÷
× का अर्थ −
+ का अर्थ ×

$\therefore \frac{(16-4)\div 3-4}{2\times 8-3\times 15+1}=\frac{12\div 3-4}{16-45+1}$

{BODMAS के नियम से}

$=\frac{4-4}{17-45}=0$

106. (c)

I, A, D, O, H, E, N, S

1 2 3 4 5 6 7 8

विकल्प (c) से-2,3,5,6,8,1,4,7 = ADHESION ही सार्थक शब्द होगा जिसका अर्थ 'आसन्जन' होता है।

107. (d)

जिस प्रकार,

C	A	T	C	H	E	R
+2↓	+2↓	+2↓	+2↓	+2↓	+2↓	+2↓
E	C	V	E	J	G	T

उसी प्रकार,

L	E	A	T	H	E	R
+2↓	+2↓	+2↓	+2↓	+2↓	+2↓	+2↓
N	G	C	V	J	G	T

108. (d)

दिया है,

C	O	M	E		B	I	N
↓	↓	↓	↓	,	↓	↓	↓
@	$	*	?		#	•	£

$\therefore$

C	O	M	B	I	N	E
↓	↓	↓	↓	↓	↓	↓
@	$	*	#	•	£	?

109. (c)

bit (ne) (toma) ⟶ mango (is) (yellow)

(ne) [ho] tap ⟶ (yellow) and [Red]

[ho] (toma) Ka ⟶ Sun (is) [Red]

अतः स्पष्ट है कि mango का कोड bit होगा।

110. (b)

रक्त सम्बन्ध आरेख-



अतः अर्नव की पुत्री दिव्या के पति की भतीजी (Niece) है।

111. (a)

नौकरी करने वाले पिछड़े अशिक्षित लोगों की संख्या=5

केवल शिक्षित लोगों की संख्या =8

केवल पिछड़े लोगों की संख्या = 17

केवल नौकरी वाले लोगों की संख्या = 7

अनुपात = 5:(8+17+7)

= 5:32

112. (a)

शृंखला निम्नवत है-

$\underset{23}{W}\xrightarrow{-7}\underset{16}{P}\xrightarrow{-6}\underset{10}{J}\xrightarrow{-5}\underset{5}{E}\xrightarrow{-4}\underset{1}{A}\xrightarrow{-3}\boxed{\underset{24}{X}}$

113. (c)

जिस प्रकार, 12×16=192⇒192–4 = 188

तथा 14×18=252⇒252–4 = 248 हो

उसी प्रकार, 16×20=320⇒320–4=[316] होगा

114. (c)

जिस प्रकार, औषधि, रोगी को दिया जाता है

उसी प्रकार, शिक्षा, छात्र को दिया जाता है।

115. (c)

जिस प्रकार,



उसी प्रकार,



[? ⇒ CFPE]

116. (d)

जिस प्रकार,

(13×2) – 6 = 20

उसी प्रकार,

(17 × 2) – 6 = 28

117. (d)

प्रतिद्वन्दी, विरोधी, शत्रु एक दूसरे के पर्यावाची हैं तथा 'मित्र' अन्य सभी का विलोम है।

118. (d)

अन्य सभी में कम से कम एक स्वर अक्षर है जबकि विकल्प (d) में एक भी स्वर अक्षर नहीं है।

119. (d)

36 ~ 48 = 12

56 ~ 44 = 12

78 ~ 66 = 12

33 ~ 64 = 31

अन्य सभी विकल्प में बड़ी संख्या में से छोटी संख्या घटाने पर 12 आ रहा है। जबकि विकल्प (d) में बड़ी संख्या में से छोटी संख्या घटाने पर 31 आ रहा है।

अतः विकल्प (d) अन्य सभी से भिन्न है।

120. (c)

शब्दकोश के अनुसार शब्दो का क्रम निम्न है -

(3) Ambiguity → (2) Ambiguous → (1) Ambitions → (5) Animal → (4) Animation

121. (b)



अतः $\boxed{? \Rightarrow FDT}$

122. (b)



अतः $\boxed{? \Rightarrow 217}$

123. (a)

पति की पत्नी अर्थात स्वयं रीता हुई उसके पुत्री का भाई उसका पुत्र हुआ।

अतः वह पुरुष, रीता का पुत्र है।

124. (b)

माना डॉ. पाण्डे की आयु 4x वर्ष है तथा पुत्र की आयु x वर्ष है।

प्रश्नानुसार,

$$4x + 10 = (x + 10)\,2$$
$$4x + 10 = 2x + 20$$
$$2x = 10$$
$$x = 5$$

अतः पाण्डेय के पुत्र की वर्तमान आयु 5 वर्ष है।

125. (a)

दिए गए शब्द INTELLIGENCE में (A) अक्षर नहीं है, जिसके कारण मूल शब्द से CANCEL नहीं बनाया जा सकता।

126. (d)

C D A S H

| एवं | | | |

3 4+1+19+8 = 32

इसमें अंग्रेजी वर्णमाला के अक्षरों के अंकीय मान को जोड़कर कोड किया गया है।

उसी प्रकार, $\overset{\text{DANCE}}{4\ 1\ 14\ 3\ 5} \Rightarrow 4+1+14+3+5$

$= 27$

अतः $\boxed{? \Rightarrow 27}$

127. (b)

$+ = -$

$- = \times$

$\div = +$

$\times = \div$

$15 - 3 + 10 \times 5 \div 5$ मूल समी0

प्रश्नानुसार चिन्ह परिवर्तन करके हल करने पर

$$= 15 \times 3 - 10 \div 5 + 5$$
$$= 15 \times 3 - 2 + 5$$
$$= 45 - 2 + 5$$
$$= 50 - 2$$
$$= 48$$

अतः $\boxed{? \Rightarrow 48}$

128. (b)

जिस प्रकार,



एवं



तथा



उसी प्रकार,



अतः $\boxed{? \Rightarrow 682}$

129. (d)

जिस प्रकार,

$(7 - 5) \times 5 = 2 \times 5 = 10$

तथा

$(16 - 8) \times 5 = 8 \times 5 = 40$

उसी प्रकार,

$(15 - 9) \times 5 = 0$

$= 6 \times 5 = 30$

अतः $\boxed{? \Rightarrow 30}$

130. (c)



अतः वह अब प्रारम्भिक स्थान से उत्तर दिशा में है।

131. (b)



केवल निष्कर्ष (ii) निकलता है।

132. (c)



एक आकृति वाले त्रिभुजों की संख्या = 12

दो आकृति वाले त्रिभुजों की संख्या = 12

चार आकृति वाले त्रिभुजों की संख्या = 4

अतः कुल त्रिभुजों की संख्या = 12 + 12 + 4 = 28

133. (b)



134. (a)
प्रश्न आकृति के प्रतिरूप को उत्तर आकृति (a) पूरा करेगी।

135. (a)



दिए गए कथन से केवल निष्कर्ष I निकलता है।

136. (d)
प्रश्नानुसार कागज को मोड़कर काटने के बाद खोलने पर उत्तर आकृति (d) के समान दिखाई देगी।

137. (a)
प्रश्न आकृति के दर्पण प्रतिबिम्ब उत्तर आकृति (a) के प्रतिबिम्ब के समान दिखेगी।

138. (a)

F = [00], 31, 12, 43, 24

I = 10, 41, 32, 23, [04]

N = 40, 21, [02], 33, 14

E = 85, [56], 67, 98, 78

अतः FINE = 00, 04, 02, 56

139. (a)



दी गई आकृति में 12 त्रिभुज हैं।

(1) Δ ABC	(2) Δ ABH	(3) Δ AHI
(4) Δ AIC	(5) Δ ABI	(6) Δ AFG
(7) Δ ADG	(8) Δ ADE	(9) Δ AEF
(10) Δ AFG	(11) Δ ADF	(12) Δ AEG

140. (d)



निष्कर्ष केवल II सही है।

141. (a)

drinking is harmful → sip boj kas

quit drinking habit → boj rat sav

bad harmful habit → suv sip cat

अतः स्पष्ट है कि bad को cat लिखा जाएगा

142. (a)
'×' का अर्थ है '–',
'+' का अर्थ है '÷',
'–' का अर्थ है '×'
'÷' का अर्थ है '+'
तो सभी. 7×28+7÷31–4÷11=?
चिन्हों को शर्त के अनुसार बदलने पर

=7–28÷7+31× 4+11 {BODMAS नियम से}

= 7–4+124+11

= 142–4 ⇒ 138

143. (a)
जिस प्रकार Mountain, Hill से सम्बन्धित है
उसी प्रकार Lake, Pond से सम्बन्धित है।

144. (a)
जिस प्रकार General का विलोम Specific से सम्बन्धित है
उसी प्रकार Wide का विलोम Narrow से सम्बन्धित है।

145. (d)
जिस प्रकार,
$(10-7)+(12-9)+(11-8)=3+3+3=9$
उसी प्रकार,
$(15-12)+(17-14)+(16-13)=3+3+3=9$

146. (b)
जिस प्रकार,

$7^2=49$

$9^2=81$

उसी प्रकार

$5^2=25$

147. (d)
जिस प्रकार,

$7\times2-1=13$

$169\times2-1=337$

उसी प्रकार,

$473\times2-1=945$

148. (b)
शेष अन्य एक-दूसरे के विलोमार्थी शब्द हैं ।

149. (d)
जिस प्रकार,

$$\underset{1}{DE}\ \underset{2}{CE}\ \underset{3}{MB}\ \underset{4}{ER} \rightarrow \underset{4}{ER}\ \underset{3}{MB}\ \underset{2}{CE}\ \underset{1}{DE}$$

उसी प्रकार,

$$\underset{1}{NO}\ \underset{2}{VE}\ \underset{3}{MV}\ \underset{4}{ER} \rightarrow \underset{4}{ER}\ \underset{3}{MB}\ \underset{2}{VE}\ \underset{1}{NO}$$

150. (a)
संख्या x है।
प्रश्नानुसार,

$$\frac{17x}{8}-\frac{7x}{8}=30$$

$$\frac{10x}{8}=30$$

$$x=8\times3=24$$

PRACTICE SET - 5

सामान्य जानकारी

1. मुगलकाल में पुलिस बल के मुखिया को क्या कहा जाता था?
   (a) दारोगा (b) फौजदार
   (c) सूबेदार (d) कोतवाल
2. भारत के प्रथम गृहमन्त्री इनमें से कौन थे?
   (a) सरदार पटेल (b) बाबू जगजीवन राम
   (c) मोरारजी देसाई (d) गोविन्द बल्लभ पंत
3. रामायण में माण्डवी किसकी पत्नी थी?
   (a) भरत (b) मेघनाद (c) सुग्रीव (d) लक्ष्मण
4. प्राचीनतम वेद कौन-सा है?
   (a) ऋग्वेद (b) अथर्ववेद (c) यजुर्वेद (d) सामवेद
5. तरला दलाल किस रूप में प्रसिद्ध है?
   (a) पाक-कला विशेषज्ञ (b) बाल मनोवैज्ञानिक
   (c) मीडिया प्रबन्धक (d) शास्त्रीय नर्तकी
6. 31 अक्टूबर 2021 को किस दिवस के अवसर पर भाषा संगम पहल, भाषा संगम मोबाइल ऐप और एक भारत श्रेष्ठ भारत प्रश्नोत्तरी ऐप का शुभारंभ किया गया?
   (a) डाक दिवस (b) हिंदी दिवस
   (c) ओजोन दिवस (d) राष्ट्रीय एकता दिवस
7. भारत का संविधान लिखा गया था–
   (a) दो वर्ष से अधिक किन्तु तीन वर्ष से कम अवधि में
   (b) तीन वर्षों में
   (c) तीन वर्ष से अधिक अवधि में
   (d) दो वर्षों में
8. भारतीय संविधान में कितने मूल कर्तव्य दिये गये हैं?
   (a) नौ (b) दस (c) ग्यारह (d) आठ
9. 'शिपकी ला दर्रा' हिमालय की किस घाटी में स्थित है?
   (a) नाभा घाटी (b) चन्द्रा घाटी
   (c) कुलू घाटी (d) सतलज घाटी
10. त्रिपुरा को कब भारत के पूर्ण राज्य का दर्जा दिया गया?
    (a) 1956 (b) 1972
    (c) 1975 (d) 1947
11. लखनऊ में ..... क्षेत्रीय केन्द्र, प्रिंटमेकिंग, मूर्तिकला, मिट्टी के बरतन और चित्रकला के विषयों में कलाकारों को कार्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए स्थापित किया गया है।
    (a) जवाहर कला (b) ललित कला अकादमी
    (c) वास्तु कला (d) कोरी कला
12. बोर्ड ऑफ कंट्रोल फॉर क्रिकेट इन इंडिया (बी.सी.सी.आई.) ने भारत में ..... क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए यू.एन. इन्वायरमेंट के साथ एक आशय पत्र (एल.ओ.आई.) पर हस्ताक्षर किए हैं।
    (a) सुरक्षित (b) हरा (c) लाल (d) सफेद
13. 1 दिसंबर, 2021 को कौन सा देश जी-20 ट्रोइका में शामिल हुआ?
    (a) भारत (b) इंडोनेशिया
    (c) इटली (d) इनमें से कोई नहीं
14. 17 नवम्बर, 2021 को किस रेलवे स्टेशन पर भारतीय रेलवे के पहले पॉड होटल का उद्घाटन किया गया है?
    (a) त्रिवेन्द्रम सेन्ट्रल (b) मंगलुरू सेन्ट्रल
    (c) कानपुर सेन्ट्रल (d) मुंबई सेन्ट्रल
15. भारतीय राष्ट्रवाद के पहले या प्रारंभिक चरण को ..... चरण (1885–1905) भी कहा जाता है।
    (a) अंतिम (b) आरंभिक
    (c) मध्यम (d) संकटपूर्ण
16. महात्मा गांधी ने सत्याग्रह सभा की स्थापना ..... में की थी।
    (a) दिसंबर 1920 (b) मार्च 1918
    (c) फरवरी 1919 (d) अप्रैल 1921
17. ..... भारत में राजनीतिक सुधारों के लिए आंदोलन शुरू करने वाले भारतीय नेता थे।
    (a) सुब्रमण्या अय्यर (b) राजा राम मोहन रॉय
    (c) आनंद चारलू (d) महात्मा गांधी
18. भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) पर कितने करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है?
    (a) 1 करोड़ रुपये (b) 2 करोड़ रुपये
    (c) 3 करोड़ रुपये (d) 4 करोड़ रुपये
19. 28 दिसंबर 1885 को, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (आई.एन.सी.) की स्थापना गोकुलदास तेजपाल संस्कृत स्कूल के परिसर में ..... में हुई थी।
    (a) दिल्ली (b) बंबई
    (c) कलकत्ता (d) मद्रास
20. राष्ट्रीय अनुसंधान विकास निगम के नवनियुक्त अध्यक्ष हैं?
    (a) राहुल सचदेवा (b) अनिल त्यागी
    (c) अमित रस्तोगी (d) कमल चतुर्वेदी
21. भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान ..... अर्जेंटीना के लियोनेल मेस्सी के साथ सक्रिय खिलाड़ियों के बीच सार्वाधिक गोल करने वाले दूसरे अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी हैं।
    (a) सुब्रत पाल (b) सुनील छेत्री
    (c) बाइचुंग भूटिया (d) गुरप्रीत सिंह
22. 'स्टार्स इन माई स्काई' शीर्षक किताब जो हाल में प्रकाशित हुई, किसके द्वारा लिखी गई है।
    (a) माधुरी दीक्षित (b) दिव्यादत्ता
    (c) रेखा (d) प्रियंका चोपड़ा
23. वैश्विक खाद्य सुरक्षा सूचकांक, 2021 में भारत का कौन सा स्थान है?
    (a) 41वां (b) 51वां (c) 71वां (d) 81वां
24. राष्ट्रीय पुलिस स्मृति दिवस किस तिथि को मनाया जाता है?
    (a) 14 अगस्त (b) 21 सितंबर
    (c) 21 अक्टूबर (d) 25 नवंबर
25. मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए किस देश में ला लोरेरिया (La Lloreria) या क्राइंग रूम स्थापित किये गये हैं?

(a) स्पेन (b) अमेरिका
(c) रूस (d) भारत

26. एलियम नेगियनम (Allium negianum) नामक पौधा, जो हाल ही में सुर्खियों में था, किस भारतीय राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश में खोजा गया है?
(a) सिक्किम (b) उत्तराखंड
(c) मणिपुर (d) अरिणाचल प्रदेश

27. हाल ही में सुर्खियों में रहा नेचिफू सुरंग (Nechiphu Tunnel) किस राज्य में स्थित है?
(a) नागालैण्ड (b) उत्तराखण्ड
(c) मणिपुर (d) अरुणाचल प्रदेश

28. विजयनगर राज्य किस नदी के किनारे स्थित था?
(a) गंगा (b) कावेरी
(c) तुंगभद्रा (d) कृष्णा

29. 'बालविहार' प्रणाली के संस्थापक कौन थे?
(a) मॉन्टेसरी (b) फ्रोबेल
(c) थोर्नडायिक (d) पर्सी नन

30. एक सामान्य त्रुटि पता लगाने की कोड CRC का पूर्ण रूप है-
(a) Cross reference check
(b) Circular reference check
(c) Cyclic redundancy check
(d) Cyclical redundancy code

31. टेस्ट क्रिकेट में तिहरा शतक बनाने वाला प्रथम भारतीय क्रिकेटर कौन था?
(a) सचिन तेन्दुलकर (b) सुनील गावस्कर
(c) वीरेन्द्र सहवाग (d) विनोद काम्बली

32. भारत के राष्ट्रीय सर्वेक्षण और मानचित्रण संगठन को विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के तहत कब स्थापित किया गया था?
(a) 1757 (b) 1760 (c) 1767 (d) 1770

33. Survey Map 45 D/7 के अंतर्गत कौन-कौन से राज्य हैं?
(a) राजस्थान एवं मध्य प्रदेश (b) मध्य प्रदेश एवं गुजरात
(c) गुजरात एवं राजस्थान (d) गुजरात एवं महाराष्ट्र

34. उत्तर प्रदेश राज्य में 'टिहरी बाँध परियोजना' किस देश के सहयोग से पूरी की जाएगी-
(a) जर्मनी (b) ब्रिटेन
(c) इटली (d) सोवियत रूस

35. गुजरात सरकार ने आयोध्या में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ यात्रा के लिए आदिवासी समुदाय से संबंधित प्रति व्यक्ति कितने रुपये की वित्तीय सहायता देने का फैसला किया है?
(a) 3000 रुपये (b) 4000 रुपये
(c) 5000 रुपये (d) 6000 रुपये

36. हाल ही में किस तिथि को विश्व सांख्यिकी दिवस मनाया गया?
(a) 18 अक्टूबर (b) 19 अक्टूबर
(c) 20 अक्टूबर (d) 21 अक्टूबर

37. हाल ही में चर्चा में रहे प्रज्ञाननंद किस खेल से संबंधित हैं?
(a) क्रिकेट (b) बैडमिन्टन
(c) शतरंज (d) टेनिस

38. 'Collective security Treaty organization' जो एक अंतर सरकारी सैन्य गठबंधन है, में कितने पूर्णकालिक सदस्य शामिल हैं?
(a) 05 (b) 06 (c) 07 (d) 08

सामान्य हिन्दी

नीचे दिये गये गद्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्रेम की भाषा शब्द रहित है। नेत्रों की, कपोलों की मस्तक की भाषा भी शब्द-रहित है। जीवन का तत्त्व भी शब्द से परे है। सच्चा आचरण- प्रभाव, शील, अचल-स्थिति- संयुक्त आचरण– न तो साहित्य के लंबे व्याख्यानों से गढ़ा जा सकता है न वेद की श्रुतियों के मीठे उपदेश से, न अंजील से, न कुरान से, न धर्मचर्चा से, न केवल सत्संग से। जीवन के अरण्य में घुसे हुए पुरुष के हृदय पर प्रकृति और मनुष्य के जीवन के मौन व्याख्यानों के यत्न से सुनार के छोटे हथौड़े की मंद-मंद चोटों की तरह आचरण का रूप प्रत्यक्ष होता है।

39. प्रेम की भाषा है–
(a) अर्थ – रहित (b) भाव – रहित
(c) ज्ञान – रहित (d) शब्द –रहित

40. 'अरण्य' का शाब्दिक अर्थ होता है–
(a) वृक्ष (b) जंगल
(c) उपवन (d) पुष्प

41. 'यत्न' से आशय है–
(a) भाषण (b) रत्न
(c) प्रयास (d) परिश्रम

42. गद्यांश में किसकी महिमा का वर्णन है?
(a) आचरण (b) प्रेम
(c) जीवन (d) वेद

43. गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक होगा–
(a) प्रेम की भाषा (b) जीवन का अरण्य
(c) सच्चा आचरण (d) मौन व्याख्यान

44. जो भाव मन में केवल अल्पकाल तक संचरण करके चले जाते हैं। उन्हें कहा जाता है-
(a) संचारी भाव (b) अनुभाव
(c) स्थायीभाव (d) विभाव

45. ''मक्षिका'' किसका तत्सम शब्द है?
(a) मछली (b) मक्खी
(c) मच्छर (d) मिट्टी

46. निम्न में दीर्घ स्वर कौन सा है?
(a) आ (b) ओ (c) ए (d) ऐ

47. निम्न में अन्तस्थ व्यंजन कौन सा है?
(a) क (b) च (c) ट (d) य

48. 'जड़' का विलोम है–
(a) जल (b) मूर्ख
(c) विद्वान (d) चेतन

49. 'भविष्य में होने वाला' के लिए एक शब्द है–
(a) भावी (b) गत
(c) विगत (d) आभास

50. 'अनिल-अनल' शब्द युग्म का सही अर्थ है–
(a) आग-हवा (b) हवा-आग
(c) हवा-जंगल (d) जंगल-आग

51. निम्न में कौन सा शब्द अनेकार्थक है?
(a) अभिमान (b) आयु
(c) अधिक (d) अर्थ

52. निम्न में वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है–
(a) अधीकार (b) अनुशरण
(c) अध्ययन (d) अगामी

53. निम्न में से वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध शब्द है–
(a) आनुषंगिक (b) आध्यात्मिक
(c) इतिहासिक (d) दायित्व

54. निम्न में कर्ता कारक का परसर्ग कौन सा है?
(a) को (b) ने (c) से (d) में

55. निम्न में पुल्लिंग शब्द कौन सा है?
(a) दया (b) प्रार्थना
(c) वायु (d) नेत्र

56. निम्न में स्त्रीलिंग शब्द कौन-सा है?
(a) शोभा (b) शस्त्र
(c) पालन (d) नृत्य

57. किसका प्रयोग सदैव एकवचन में होता है?
(a) नदी (b) प्रत्येक
(c) साधु (d) घर

58. निम्न में वर्तमान काल का उदाहरण है–
(a) उसने पढ़ा था। (b) वह पुस्तक पढ़ेगा।
(c) वह जाता है। (d) वह खेल रहा था।

59. निम्न में कर्मवाच्य का उदाहरण है–
(a) पत्र लिखा जाता है। (b) राम पुस्तक पढ़ता है।
(c) सीता पत्र लिखती है। (d) मुझसे बैठा नहीं जाता।

60. निम्न में कौन सा वाक्य सरल वाक्य नहीं है?
(a) लड़का दौड़ता है।
(b) बंदर पेड़ पर चढ़ रहे थे।
(c) मैंने लड़के को बुलाया।
(d) इस मेले का उद्देश्य है कि व्यापार में वृद्धि हो।

61. 'मैंने यह काम कर लेना चाहिए।' वाक्य में अशुद्ध अंश है–
(a) मैंने (b) यह काम
(c) कर लेना (d) चाहिए

62. 'अल्प विराम' का चिह्न है–
(a) ; (b) , (c) ~ (d) !

63. 'गिरा हुआ' के लिए एक शब्द है
(a) पतित (b) लुंठित
(c) धराशायी (d) पाल्की

64. 'षट्पट' का पर्यायवाची शब्द है
(a) तितली (b) भ्रमर
(c) मकड़ी (d) केकड़ा

65. 'होनहार बिरवान के होत चीकने पात' लोकोक्ति का सही अर्थ है–
(a) होनहार बाक सुंद होता है।
(b) सुंदर बालक होनहार होता है।
(c) होनहार बालक के गुण बचपन से ही दिखाई देने लगते हैं
(d) होनहार बालक सुंदर नहीं होता है।

66. 'एक से बढ़कर दूसरे' का अर्थ व्यक्त करने के लिए सही लोकोक्ति है–
(a) समरथ को नहिं दोष गोसाई
(b) सेर को सवा सेर
(c) सइया भये कोतवाल अब डर काहे का
(d) सखी न सहेली, भली अकेली

67. मूलपाठ का शब्दशः अनुवाद कहाता है–
(a) भावानुवाद (b) छायानुवाद
(c) व्याख्यानुवाद (d) शब्दानुवाद

68. निम्न में कौन सी बोली उ.प्र. की नहीं है?
(a) मेवाती (b) कन्नौजी
(c) भोजपुरी (d) ब्रज

69. कौन-सा शब्द गणेश का पर्यायवाची नहीं है-
(a) विनायक (b) एकदन्त
(c) धनद (d) लम्बोदर

70. "आत्मभू, स्वयंभू, चतुरानन....." विकल्पों में से सही पर्यायवाची शब्द चुनिए –
(a) ब्रह्मा (b) विष्णु
(c) महेश (d) गणेश

71. निम्नलिखित में से कौन 'ट' वर्ग में नहीं है?
(a) ठ (b) ढ (c) ध (d) ण

72. "राम धीरे-धीरे पढ़ता है।" इस वाक्य में 'धीरे-धीरे' शब्द क्या है?
(a) संज्ञा (b) सर्वनाम
(c) विशेषण (d) क्रिया-विशेषण

73. "लड़का दौड़ता है।" इस वाक्य में 'लड़का' किस संज्ञा का उदाहरण है?
(a) व्यक्तिवाचक (b) जातिवाचक
(c) भाववाचक (d) समूहवाचक

74. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द जातिवाचक संज्ञा नहीं है?
(a) जवान (b) बालक
(c) सुन्दर (d) मनुष्य

75. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द बहुवचन है?
(a) पौधा (b) लड़का
(c) प्राण (d) पुस्तक

संख्यात्मक एवं मानसिक योग्यता

76. यदि $x^* y = (x+3)^2 (y-1)$, तो 5 * 4 का मान है-
(a) 192 (b) 182
(c) 180 (d) 172

77. एक चक्के की त्रिज्या 21 सेमी. है। 924 मी. की दूरी तय करने में वह कितना चक्कर लगाएगा?
(a) 500 (b) 600
(c) 700 (d) 800

78. x_1, x_2 और x_3 का औसत 14 है। x_2 और x_3 के योगफल का दोगुना 50 है। x_1 का मान क्या है?
(a) 20 (b) 22 (c) 16 (d) 17

79. 10% वार्षिक ब्याज की दर से और अर्ध वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज पर रु. 400 का मूलधन $3/2$ वर्ष में कितना मिश्रधन बन जाएगा?
(a) Rs. 463.00 (b) Rs. 463.05
(c) Rs. 463.15 (d) Rs. 463.20

80. $\sqrt{248+\sqrt{52+\sqrt{144}}} = ?$
(a) 14 (b) 16
(c) 16.6 (d) 18.8

81. यदि (5a–2b) : (2a+b)=7 : 10, तो a : b क्या होगा?
(a) 2:3 (b) 3:2 (c) 3:4 (d) 1:7

82. 3 घंटियां क्रमश: 9, 12 और 15 मिनट के अंतराल पर बजती हैं। सभी तीनों प्रात: 8 बजे बजना प्रारंभ करती हैं। कितने बजे वे तीनों फिर एक साथ बजेंगी?
(a) 8.45 A.M (b) 10.30 A.M
(c) 11.00 A.M (d) 1.30 P.M

83. 4, 7 एवं 12 का चौथा समानुपाती निकालें-
(a) 21 (b) 20 (c) 35 (d) 25

84. 20 महिला एक काम को 16 दिनों में करती हैं और उसी काम को 16 पुरुष 15 दिनों में करते हैं। 1 पुरुष और 1 महिला का कार्य क्षमता अनुपात क्या है?
(a) 3:4 (b) 4:3
(c) 5:3 (d) इनमें से कोई नहीं

85. एक शहर की वर्तमान आबादी 48,000 है। यदि प्रति वर्ष यह 5% बढ़ती है, तो 3 वर्ष पश्चात् आबादी में कितने की वृद्धि होगी?
(a) 7,566 (b) 8,144
(c) 9,600 (d) 16,000

86. यदि एक वृत्त की परिमिति एक वर्ग की परिमिति के बराबर है, तो उनके क्षेत्रफल का अनुपात क्या है?
(a) 22:7 (b) 7:22
(c) 14:11 (d) 11:7

87. 12 मी. भुजा वाले एक वर्गाकार क्षेत्र के एक कोने में एक बकरी 7 मी. लम्बे रस्से से बंधी हुई है। वह कुल कितने क्षेत्रफल में घास चर सकेगी?
(a) 38.5 वर्ग मी. (b) 49 वर्ग मी.
(c) 79 वर्ग मी. (d) 154 वर्ग मी.

88. स्थिर जल में एक नाव की गति 9 किमी./घण्टा है। यह अनुप्रवाह में 12 किमी. जाता है और प्रारम्भिक बिंदु पर तीन घंटे में लौट आता है। दरिया में जल का वेग क्या है?
(a) 3 किमी./घं. (b) 3.5 किमी./घं.
(c) 4 किमी./घं. (d) 5 किमी./घं.

89. एक व्यक्ति किसी दूरी का प्रथमार्द्ध 64 किमी./घं. और द्वितीयार्द्ध 80 किमी./घं. की रफ्तार से चलता है। उसकी औसत रफ्तार क्या है?
(a) 72किमी./घं. (b) 71किमी./घं.
(c) 71.11किमी./घं. (d) 70किमी./घं.

90. एक शंकु और एक बेलन की ऊँचाईयां 4:5 के अनुपात में हैं और उनके व्यास 3:2 के अनुपात में हैं। उनके आयतनों का अनुपात क्या है?
(a) 1:3 (b) 2:5
(c) 3:5 (d) 4:7

91. किसी कोड में "go home" को "ta na" और "nice little home" को "na ja pa" लिखा जाता है तो उसी कोड़ में "go" को कैसे लिखा जाएगा?
(a) ta (b) na
(c) ja (d) na or ta

निर्देश (प्र.सं. 92 से 94 तक) : निम्नलिखित प्रश्न में दिए गए विकल्पों में प्रश्नवाचक चिह्न पर आने वाला उचित विकल्प चुनिए।

92. स्वच्छता : बीमारी : : सावधानी : ?
(a) आराम (b) उपेक्षा
(c) दुर्घटना (d) सुझाव

93. GrtK : KtrG : : FjbH : ?
(a) HbjF (b) jHbF
(c) FbjH (d) HjbF

94. 20 : 11 : : 102 : ?
(a) 49 (b) 52
(c) 61 (d) 58

निर्देश : (प्रश्न संख्या 95 से 97 तक) निम्नलिखित प्रश्न में दिए गए विकल्पों में से विषम शब्द/अक्षर/संख्या को चुनिए?

95.
(a) आदमी : गैराज (b) सुअर : शूकरशाला
(c) घोड़ा : अस्तबल (d) गाय : छप्पर

96.
(a) WVU (b) DBA
(c) NML (d) HGF

97.
(a) 1629 (b) 3418
(c) 2349 (d) 1834

98. निम्नलिखित शब्दों को शब्दकोश में दिए गए क्रम के अनुसार लिखिए?
1. Exploit 2. Explosive
3. Exponent 4. Exposition
5. Explore
(a) 1, 3, 4, 5, 2 (b) 1, 5, 2, 3, 4
(c) 1, 5, 3, 2, 4 (d) 1, 2, 5, 3, 4

99. निम्नलिखित प्रश्न में एक अनुक्रम दिया गया है, जिसमें एक पद लुप्त है। दिए गए विकल्पों में से सही विकल्पों में से वह सही विकल्प चुनिए जो अनुक्रम को पूरा करेगा?
CAR, GCO, KEL, OGI, ?
(a) SIK (b) SIF
(c) TIK (d) TIL

100. निम्नलिखित प्रश्न में एक अनुक्रम दिया गया है, जिसमें एक पद लुप्त है। दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर अनुक्रम की पूरा कीजिए–
100, 50, 52, 26, 28, ?, 16, 8
(a) 14 (b) 30
(c) 32 (d) 38

101. मिथलेश ने नेहा से कहा, "तुम्हारे इकलौते भाई का पुत्र मेरी पत्नी का भाई है।" नेहा का मिथलेश की पत्नी से सम्बन्ध बताइए?
(a) बुआ (b) सास
(c) बहन (d) माता

102. W, X, Y और Z चार मित्र हैं। W, X से छोटा है लेकिन Y से लंबा है, जो कि Z से छोटा है। इन चारों में सबसे छोटा कौन हैं?
(a) W (b) X
(c) Y (d) Z

103. निम्नलिखित विकल्पों में से वह शब्द चुनिए जो दिए गए शब्द के अक्षरों का प्रयोग करके नहीं बनाया जा सकता ?

SPECULATION

(a) SPECIAL (b) TOPIC
(c) SECULAR (d) CAUTION

104. यदि A = 26, और X–RAY = 40 हो तो WHAT किसके बराबर होगा?

(a) 52 (b) 54 (c) 56 (d) 58

105. यदि 'A' का मतलब '+' हो, 'B' का मतलब '–' और 'C' का मतलब 'x' हो, तो (10C4)A(4C4)B6 =?

(a) 46 (b) 50 (c) 56 (d) 60

106. दिए गए विकल्पों में से लुप्त अंक ज्ञात कीजिए।

12 8 4 8 4 12 4 12 8 100 44 ?

(a) 80 (b) 56 (c) 48 (d) 36

107. एक व्यक्ति ने पश्चिम की ओर चलना शुरू किया और 15 मीटर की दूरी तय की। फिर वह दांए मुड़कर 10 मीटर चला। उसके बाद दांए मुड़कर 5 मीटर चला और अंत में वह बाएं मुड़कर 15 मीटर चला। अब उस व्यक्ति का मुँह किस दिशा में हैं?

(a) उत्तर (b) दक्षिण
(c) पूर्व (d) पश्चिम

108. दी गयी आकृति में कितने त्रिभुज खोजे जा सकते हैं?



(a) 8 (b) 10
(c) 16 (d) 14

109. निम्नलिखित में से कौन–सा आरेख दिए गए शब्दों के बीच सही सम्बन्ध को दर्शाता है। महिलाएं, माताएं, अविवाहिताएं।

(a)

(b)

(c)

(d)

110. अंग्रेजी वर्णमाला के प्रत्येक अक्षर को यदि वर्णमाला में उसके क्रमांक के समान मूल्य दिया जाये तो निम्न लिखित में से किसके सभी अक्षरों के मूल्यों का योग सर्वाधिक होगा?

HEART, LIVER, LUNGS, TEETH

(a) HEART (b) LIVER
(c) LUNGS (d) TEETH

111. नीचे एक पासे के चार प्रारूपों को दर्शाया गया है। इस पासे में अंक 2 के विपरीत फलक पर कौन सा अंक होगा?



(a) 3 (b) 4 (c) 5 (d) 6

112. एक 18 सेमी के ठोस घन से यदि 3 सेमी के छोटे-छोटे घन बनाये जायें तो कुल कितने घन बनेंगे?

(a) 216 (b) 24 (c) 124 (d) 6

113. यदि किसी माह की 23वीं तारीख को रविवार है तो 2 सप्ताह और 4 दिन पहले कौन सा दिन था?

(a) सोमवार (b) मंगलवार
(c) बुधवार (d) बृहस्पतिवार

मानसिक योग्यता एवं तर्क क्षमता

निर्देश : (प्रश्न संख्या 114 से 116 तक) दिये गये विकल्पों में से संबंधित शब्द/अक्षरों/संख्या को चुनिए–

114. जेलर : जेल : : क्यूरेटर : ?

(a) कोठरी (b) संग्रहालय
(c) संरक्षक (d) इलाज

115. FED : IHG : : ? : ?

(a) ACB : GUV (b) TSR : WVU
(c) VUK : LMO (d) DEF : IGH

116. 9 : 25 : : 49 : ?

(a) 36 (b) 54 (c) 64 (d) 81

निर्देश : (प्रश्न संख्या 117 से 119 तक) दिए गए विकल्पों में से विषम शब्द/अक्षर/संख्या चुनिये–

117.

(a) DGI (b) JMO
(c) PRT (d) TWY

118.

(a) BF (b) LR
(c) MQ (d) AE

119.

(a) 36 –72 (b) 17 – 34
(c) 28 – 49 (d) 24 – 48

120. निम्नलिखित शब्दों को शब्दकोश में दिए गए क्रम के अनुसार लिखें–

1. Defect 2. Defence
3. Deerstalker 4. Defensive

(a) 2, 3, 1, 4 (b) 1, 3, 2, 4
(c) 4, 3, 1, 2 (d) 3, 1, 2, 4

121. इस प्रश्न में एक वक्तव्य दिया गया है जिसके आगे दो निष्कर्ष/मान्यताएँ, I और II निकाले गये हैं। आपको विचार करना है कि वक्तव्य सत्य है चाहे वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होता हो। आपको निर्णय करना है कि दिए गए वक्तव्य में से कौन-सा निश्चित रूप से सही निष्कर्ष/मान्यता निकाला जा सकता है। अपने उत्तर को निर्दिष्ट कीजिए।

कथन : सभी हिन्दू धर्म भीरू होते हैं। कोई भी जापानी हिन्दू नहीं है।

I. जापानी लोग धर्म भीरू नहीं है।
II. सभी धर्म भीरू हिन्दू हैं।

(a) केवल निष्कर्ष I सही है
(b) केवल निष्कर्ष II सही है
(c) दोनों निष्कर्ष सही है
(d) ना तो निष्कर्ष I और ना ही निष्कर्ष II सही है

122. आकृति में त्रिभुज की संख्या बताओ?



(a) 8 (b) 9
(c) 11 (d) 13

123. एक व्यक्ति 'सेल' में वस्त्र खरीदते समय 45 रु. खर्च करता है और 5 रु. की बचत करता है। उसकी बचत का प्रतिशत क्या है?
(a) 50% (b) 10%
(c) 15% (d) 20%

124. 2 ली. शुद्ध ऐल्कोहॉल को 6 ली., 40% ऐल्कोहॉल घोल में मिलाया जाता है। घोल में जल का प्रतिशत बताइये ?
(a) 65% (b) 45%
(c) 55% (d) 60%

125. निम्नलिखित विकल्पों में से वह शब्द चुनिए जो दिए गए शब्द के अक्षरों का प्रयोग करके बनाया जा सकता है–
COMMUNICATION
(a) AMMUNITION (b) MONITOR
(c) COUNTRY (d) UNIFICATION

126. यदि 'HARBOUR' को 'IBSCPVS' के रूप में लिखा जाता है, तो 'HABITAT' को उसी कोड में कैसे लिखा जाएगा?
(a) GZAHZSZS (b) IBCJUBU
(c) IBAHSZS (d) IBCJBUU

127. यदि '–' का आशय 'x' से हो, 'x' का आशय '+' से हो, '+' का आशय '÷' से और '÷' का आशय '–' से हो, तो
$40 \times 12 + 3 - 6 + 60 = ?$
(a) 4 (b) 7
(c) 16 (d) 44

128. 15 आदमी किसी काम को 40 दिन में कर सकते हैं। 5 आदमी कितने दिन बाद काम छोड़कर जायें कि काम कुल 45 दिन में पूरा हो जाये?
(a) 10 (b) 20
(c) 30 (d) 35

129. किसी वस्तु की लागत मूल्य ₹200 है। यदि अंकित मूल्य पर 20% की छूट देने के बाद 20% लाभ प्राप्त हो तो अंकित मूल्य कितना है?
(a) ₹300 (b) ₹320
(c) ₹420 (d) ₹450

130. तीन संख्याओं का योग 540 है। दूसरी और तीसरी संख्या का अनुपात 9:13 है और पहली और तीसरी का अनुपात 2:7 है, तो तीसरी संख्या क्या है?
(a) 273 (b) 280
(c) 250 (d) 286

131. निम्नलिखित प्रश्न में एक या दो वक्तव्य दिये गये हैं, जिसके आगे दो निष्कर्ष/मान्यताएँ I और II निकाले गये हैं। आपको विचार करना है कि वक्तव्य सत्य है चाहे वह सामान्यतः शर्त तथ्यों से भिन्न प्रतीत होता हो। आपको निर्णय करना है कि दिए गए वक्तव्य में से कौन–सा निश्चित रूप से सही निष्कर्ष/मान्यता निकाला जा सकता है?
वक्तव्य : 1. कुछ प्रबंधक युवा हैं।
2. सभी लड़के युवा हैं।
निष्कर्ष : I. कुछ लड़के प्रबंधक हैं।
II. कुछ प्रबंधक लड़के हैं।
(a) केवल I निष्कर्ष निकलता है
(b) केवल निष्कर्ष II सही है।
(c) न निष्कर्ष I सही है और न निष्कर्ष II सही है।
(d) निष्कर्ष I और II दोनों सही हैं।

132. दिये गये चित्र में कितने त्रिभुज हैं?



(a) 10 (b) 13
(c) 15 (d) 16

133. निम्नलिखित में से कौन से आरेख पुरुषों, पिताओं और एडवोकेट में सबंध दर्शाते हैं।



134. कौन–सी उत्तर आकृति प्रश्न आकृति के प्रतिरूप को पूरा करेगी?





135. नीचे दर्शाये चित्र के अनुसार कागज को मोड़कर काटने तथा खोलने के बाद वह किस उत्तर आकृति जैसा दिखाई देगा?



136. कौन–सी उत्तर आकृति प्रश्न आकृति के प्रतिरूप (पैटर्न) को पूरा करेगी?
प्रश्न–आकृति :



उत्तर–आकृतियाँ :



137. कौन–सी उत्तर आकृति प्रश्न आकृति के प्रतिरूप को पूरा करेगी?

प्रश्न आकृति :



उत्तर आकृतियाँ:



(a) (b) (c) (d)

138. निम्नलिखित प्रश्न में विकल्पों में दिए गए संख्या–समूह, अक्षरों के दो वर्गों द्वारा दर्शाए गए हैं, जैसे कि नीचे दिए गए दो आव्यूहों में हैं। आव्यूह I के स्तम्भ और पंक्ति की संख्या 0 से 4 तक दी गई है, और आव्यूह II की 5 से 9 तक इन आव्यूहों से एक अक्षर को पहले उसकी पंक्ति और बाद में स्तम्भ संख्या द्वारा दर्शाया जा सकता है। उदाहरण के लिए, 'L' को 12, 24 आदि द्वारा दर्शाया जा सकता है तथा 'R' को 55, 67 आदि द्वारा दर्शाया जा सकता है। इसी तरह से आपको दिए शब्द 'TONE' के लिए आव्यूह को पहचानना है।

MATRIX I

	0	1	2	3	4
0	L	E	O	S	C
1	S	C	L	E	O
2	E	O	S	C	L
3	C	L	E	O	S
4	O	S	C	L	E

MATRIX II

	5	6	7	8	9
5	R	K	U	N	T
6	N	T	R	K	U
7	K	U	N	T	R
8	T	R	K	U	N
9	U	N	T	R	K

(a) 85, 40, 58, 75 (b) 66, 21, 77, 56
(c) 97, 33, 65, 44 (d) 78, 57, 89, 32

139. एक फोटो की ओर संकेत करते हुए विनोद ने कहा, "यह मेरी पत्नी की माता की एक मात्र पुत्री की पुत्री है।" विनोद का फोटो वाली लड़की से क्या सम्बन्ध है?

(a) चाचा (b) पिता
(c) भाई (d) दादा

140. एक पिता ने अपने पुत्र के जन्म दिवस पर कुछ लड़के व लड़कियों को बुलाया। लड़कों की संख्या लड़कियों से 2 कम थी। पिता ने सभी लड़कों को ₹ 10 और सभी लड़कियों को ₹ 20 उपहार स्वरूप दिये। यदि कुल ₹ 280 खर्च हुये तो लड़कों की संख्या बताओ।

(a) 8 (b) 10
(c) 12 (d) 14

141. एक परीक्षा में 5 छात्र A, B, C, D और E उपस्थित हुए। यदि C को B से 5 अंक कम मिले, D को B से 10 अंक अधिक मिले और A से 20 अंक कम मिले एवं E को B से 22 अंक अधिक मिले हों और B को कुल 40 अंक मिले हों तो A को कितने अंक मिले?

(a) 52 (b) 60
(c) 64 (d) 70

142. एक समूह में, 7 व्यक्ति अंग्रेजी बोल सकते हैं, 15 व्यक्ति हिन्दी बोल सकते हैं और 6 व्यक्ति पंजाबी बोल सकते हैं। इस समूह में केवल 1 व्यक्ति तीनों भाषा बोल सकता है और 2 व्यक्ति केवल 2 भाषाएँ बोल सकते हैं। समूह में कुल कितने व्यक्ति हैं?

(a) 23 (b) 24
(c) 25 (d) 26

143. एक घड़ी 4:30 का समय दिखा रही है। यदि मिनट की सुई पूर्व दिशा की ओर है तो घण्टे की सुई की दिशा क्या होगी?

(a) दक्षिण-पूर्व (b) दक्षिण-पश्चिम
(c) उत्तर-पूर्व (d) उत्तर

144. दिए गए विकल्पों में से लुप्त संख्या चुनिए?

3	5	9
4	6	?
3	7	2
36	210	36

(a) 4 (b) 3
(c) 2 (d) 1

145. अशोक 8 कि.मी. दक्षिण की ओर चला और पश्चिम की ओर मुड़कर 3 कि.मी. चला। फिर वह उत्तर की ओर मुड़ा और 5 कि.मी. चला। अन्त में वह पूर्व दिशा की ओर मुड़ा और 3 कि.मी. चला। अशोक प्रारम्भक स्थान से किस दिशा में था।

(a) पूर्व (b) उत्तर
(c) पश्चिम (d) दक्षिण

146. दी गयी संख्याओं की श्रृंखला में एक संख्या गलत है। उस गलत संख्या का पता लागाओ:

17, 19, 23, 29, 33, 37, 41

(a) 17 (b) 33
(c) 23 (d) 41

147. यदि '+' का अर्थ घटाना हो, '÷' का अर्थ जोड़ना हो, '-' का अर्थ गुणा करना हो और '×' का अर्थ भाग देना हो तो निम्नलिखित समीकरणों में से कौन सा सही है?

(a) $56 + 12 \times 34 - 12 = 102$
(b) $8 \div 44 - 5 + 25 = 203$
(c) $112 \times 44 - 12 + 10 = 46$
(d) $9 \div 64 - 2 \times 6 = 54$

निर्देश प्रश्न संख्या 148-149 : निम्न प्रश्नों में चिन्ह : : के बांई ओर दो शब्द दिये हैं जो दाहिनी ओर एक शब्द एवं एक स्थान खाली है। दाहिनी ओर वाले शब्दों के सम्बन्ध के अनुरूप '?' पर सही विकल्प बतायें।

148. 122 : 170 :: 290 : ?

(a) 316 (b) 344
(c) 360 (d) 362

149. BACE : ONPR : : JIKM : ?

(a) XYWZ (b) UZYW
(c) WVXZ (d) WVZY

150. A तथा B ने एक बिन्दु से विपरीत दिशाओं में चलना आरम्भ किया। दोनों 5 किमी चलकर अपने दायें मुड़ें और 7 किमी चले। उसके बाद वह फिर दायें मुड़ गये और 5 किमी चले। परिणाम स्वरूप दोनों अब एक दूसरे से कितनी दूरी पर है?

(a) 10 किमी (b) 12 किमी
(c) 14 किमी (d) 17 किमी

SOLUTION : PRACTICE SET-5

ANSWER

1. (d)	2. (a)	3. (a)	4. (a)	5. (a)	6. (d)	7. (a)	8. (c)	9. (d)	10. (b)
11. (b)	12. (b)	13. (a)	14. (d)	15. (c)	16. (c)	17. (b)	18. (a)	19. (b)	20. (c)
21. (b)	22. (b)	23. (c)	24. (c)	25. (a)	26. (b)	27. (d)	28. (c)	29. (b)	30. (d)
31. (c)	32. (c)	33. (c)	34. (d)	35. (c)	36. (c)	37. (c)	38. (b)	39. (d)	40. (b)
41. (c)	42. (a)	43. (c)	44. (a)	45. (b)	46. (a)	47. (d)	48. (d)	49. (a)	50. (b)
51. (d)	52. (c)	53. (c)	54. (b)	55. (d)	56. (a)	57. (b)	58. (c)	59. (a)	60. (d)
61. (a)	62. (b)	63. (a)	64. (d)	65. (c)	66. (b)	67. (d)	68. (a)	69. (c)	70. (a)
71. (c)	72. (d)	73. (b)	74. (c)	75. (c)	76. (a)	77. (c)	78. (d)	79. (b)	80. (b)
81. (c)	82. (c)	83. (a)	84. (b)	85. (a)	86. (c)	87. (a)	88. (a)	89. (c)	90. (c)
91. (a)	92. (c)	93. (a)	94. (b)	95. (a)	96. (b)	97. (d)	98. (b)	99. (b)	100. (a)
101. (a)	102. (c)	103. (c)	104. (c)	105. (b)	106. (b)	107. (a)	108. (d)	109. (d)	110. (c)
111. (c)	112. (a)	113. (c)	114. (b)	115. (b)	116. (d)	117. (c)	118. (b)	119. (c)	120. (d)
121. (d)	122. (d)	123. (b)	124. (b)	125. (a)	126. (b)	127. (a)	128. (c)	129. (a)	130. (a)
131. (c)	132. (c)	133. (a)	134. (b)	135. (a)	136. (a)	137. (d)	138. (c)	139. (b)	140. (a)
141. (d)	142. (b)	143. (c)	144. (c)	145. (d)	146. (b)	147. (b)	148. (d)	149. (c)	150. (c)

SOLUTION

1. (d)
मुगलकाल में पुलिस बल के मुखिया को **कोतवाल** कहा जाता था। कोतवाल को घरों और सड़कों का लेखा रखना पड़ता था। वह कस्बे को कई भागों में बांटकर दूसरे व्यक्ति को कार्य सौंपता था और उस व्यक्ति को प्रतिदिन की आवागमन की आख्या कोतवाल को देना होता था।

2. (a)
सरदार पटेल - प्रथम गृहमंत्री
जगजीवन राम - प्रथम श्रम मंत्री
मोरार जी देसाई - प्रथम गैर कांग्रेसी प्रधानमंत्री (6^{th} प्रधानमंत्री)
गोविन्द बल्लभ पंत - U.P. के पहले मुख्यमंत्री और भारत के 4^{th} गृहमंत्री थे।

3. (a)
भरत की पत्नी का नाम माण्डवी था।
लक्ष्मण की पत्नी उर्मिला, मेघनाथ की पत्नी सुलोचना तथा सुग्रीव की पत्नी का नाम रूमा था।

4. (a)
प्राचीनतम वेद ऋग्वेद है।
- ऋचाओं के क्रमबद्ध ज्ञानसंग्रह को ऋग्वेद कहते है। इसमें 10 मण्डल, 1028 सूक्त एवं 10,462 ऋचाएँ है। इस वेद के पढ़ने वाले ऋषि को 'होतृ' कहते है।

5. (a)
तरला दलाल, भारत की एक प्रख्यात भोजन लेखिका व रसोइया थी। इन्होंने खाना पकाने के कई कार्यक्रम जैसे-तरला दलाल शो व कुक इट अप विद् तरला दलाल की मेजबानी की थी।
- भोजन कला विशेषज्ञ को पाक-कला विशेषज्ञ भी कहते है।

6. (d)
31 अक्टूबर, 2021 को राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर केंद्रिय शिक्षा और कौशल विकास मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने स्कूलों के लिए भाषा संगम पहल, भाषा संगम मोबाइल ऐप और एक भारत श्रेष्ठ भारत प्रश्नोत्तरी ऐप का शुभारंभ किया। भाषा संगम मोबाइल ऐप को मल्टीभाषी नामक एक स्टार्टअप द्वारा 'मायगॉव' के सहयोग से विकसित किया गया है।

7. (a)
संविधान निर्माण में कुल 2 साल 11 माह और 18 दिन लगे है। संविधान के प्रारूप पर कुल 114 दिन बहस हुई। संविधान निर्माण में ₹ 63,96,729 का व्यय हुआ।
- संविधान को 26 नवम्बर, 1949 ई. को संविधान सभा द्वारा पारित किया गया।

8. (c)
सरदार स्वर्ण सिंह समिति की अनुसंसा पर 42वें संशोधन (1976) ई. के द्वारा भाग 4 (क) तथा अनुच्छेद 51(क) के तहत 10 मूल कर्तव्य को संविधान में जोड़ा गया है। लेकिन 86वाँ संविधान संशोधन अधिनियम 2002 के तहत मूल कर्त्तव्यों की संख्या कुल 11 हो गयी है।

9. (d)
शिपकी ला, दर्रा हिमालय का एक प्रमुख दर्रा है। यह शिमला से तिब्बत को जोड़ता है। सतलुज नदी इस दर्रे के पास ही एक तंग घाटी से गुजरकर तिब्बत से भारत में दाखिल होती है अतः स्पष्ट है यह सतलुज घाटी में स्थित है।

10. (b)
त्रिपुरा 1972 में पूर्ण राज्य बना। त्रिपुरा एक उत्तर-पूर्वी राज्य है, यह देश का तीसरा सबसे छोटा राज्य है। त्रिपुरा 1 जुलाई, 1963 से केन्द्र शासित प्रदेश था, जो 21 जनवरी, 1972 को पूर्ण राज्य बना दिया गया।

11. (b)
ललित कला अकादमी, ललित कला अकादमी नई दिल्ली के क्षेत्रीय केन्द्र के रूप में लखनऊ में स्थापित की गई थी। जिसके प्रथम क्षेत्रीय निदेशक सी.एल. चुग थे, जबकि उत्तर प्रदेश राज्य ललित कला अकादमी की स्थापना 8 फरवरी 1962 को उत्तर प्रदेश सरकार के संस्कृति विभाग की पूर्णतः वित्त पोषित स्वायत्तशासी इकाई के रूप में हुई थी। अकादमी कला एवं कलाकारों की प्रोन्नति एवं प्रोत्साहन के ध्येय की ओर निरन्तर अग्रसर होती हुई कला जगत में उल्लेखनीय कार्य कर रही है।

12. (b)
बी.सी.सी.आई. ने भारत में हरा क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए यू.एन. इन्वायरमेंट के साथ एक आशय पत्र पर हस्ताक्षर किये। इस साझेदारी का उद्देश्य भारत में पर्यावरणीय चुनौतियों के बारे मे जानकारी फैलाना है, जिससे सतत समाधान की तरफ बढ़ा जा सके।

13. (a)
1 दिसंबर, 2021 को भारत G20 'ट्रोइका' में शामिल हो गया। G20 समूह विश्व बैंक एवं अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के प्रतिनिधि, यूरोपियन यूनियन एवं 19 देशों का एक अनौपचारिक समूह है, जिसका कोई स्थायी मुख्यालय नहीं होता है। ट्रोइका G20 के भीतर एक शीर्ष समूह को संदर्भित करता है जिसमें वर्तमान, पिछला और आगामी अध्यक्ष देश यानी इंडोनेशिया, इटली और भारत शामिल है।

14. (d)
17 नवंबर, 2021 को केंद्रीय रेल राज्यमंत्री रावसाहेब दानवे ने मुंबई सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर भारतीय रेलवे के पहले पॉड (Pod Hotel) का उद्घाटन किया। पॉड होटल में बड़ी संख्या में छोटे आकार के कमरे होते हैं। जिसे कैप्सूल या पॉड कहते है। पॉड या कैप्सूल होटल सबसे पहले जापान में विकसित किया गया था।

15. (c)
भारतीय राष्ट्रवाद के पहले या प्रारम्भिक चरण को उदारवादी चरण (1885-1905) कहा जाता है। प्रथम चरण की मुख्य घटना भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना थी। अस्पष्ट लक्ष्यों के साथ स्थापित इस संस्था का प्रतिनिधित्व शिक्षित मध्यम वर्गीय बुद्धिजीवी वर्ग कर रहा था जो पश्चिम की उदारवादी एवं अतिवादी विचारधारा से प्रेरित था।

16. (c)
महात्मा गाँधी ने रौलेट एक्ट का विरोध करने के लिए फरवरी 1919 में सत्याग्रह सभा की स्थापना की। इसके सदस्य इस कानून की अवज्ञा कर जेल जाते थे। गाँधी जी ने रौलेक्ट एक्ट का पुरजोर विरोध किया तथा ब्रिटिश सरकार को 'शैतानी लोगों' की संज्ञा दी।

17. (b)
राजा राम मोहन राय भारत में राजनीतिक सुधारों के लिए आंदोलन शुरू करने वाले पहले भारतीय नेता थे। ये मानवतावादी थे, उनकी विश्व बंधुत्व में गहरी आस्था थी। ये जीवन की स्वतंत्रता तथा सम्पत्ति ग्रहण करने के प्राकृतिक अधिकारों के समर्थक थे।

18. (a)
भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) द्वारा पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड पर एक करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया। आर बी आई ने यह जुर्माना पेमेंट एंड सेटलमेंट सिस्टम एक्ट, 2007 (PSS Act 2007) की धारा 26(2) के उल्लंघन के लिए लगाया है।

19. (b)
भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना 28 दिसंबर, 1885 को बंबई के गोकुलदास तेजपाल संस्कृत विद्यालय में हुई। इस अधिवेशन में कुल 72 सदस्यों ने हिस्सा लिया इसके प्रथम अध्यक्ष व्योमेश चन्द्र बनर्जी थे।

20. (c)
भारतीय नौसेना में 34 वर्ष के सेवा काल के बाद कमोडोर अमित रस्तोगी (सेवा निवृत्त) को 18 अक्टूबर, (NRDS) के नए अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक के रुप में नियुक्त किया गया। NRDC विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय का एक उद्यम है। इसकी स्थापना 1953 में विभिन्न राष्ट्रीय अनुसंधान एवं विकास संस्थानों से प्रौद्योगिकी के विकास संवर्द्धन और हस्तांतरण को बढ़ावा देने के लिए की गई थी।

21. (b)
सुनील छेत्री एक नेपाली मूल के प्रसिद्ध भारतीय फुटबालर हैं वह अभी आई-लीग में बंगलुरु फुटबॉल क्लब के लिए खेलते है और इस टीम के कप्तान भी है। वह अर्जेन्टीना के लियोनेल मेस्सी के साथ सक्रिय खिलाड़ियों के बीच सर्वाधिक गोल करने वाले दूसरे अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी है।

22. (b)
द स्टार्स इन माई स्काईः दोज हू ब्राइटेन माई फिल्म जर्नी (The stars in my Sky: Those who brighten my film journy) नामक पुस्तक, पुरस्कार विजेता अभिनेत्री दिव्या दत्ता द्वारा लिखी गई है। उन्होंने अपनी पुस्तक में बालीवुड के कुछ दिग्गजों के साथ अपने अनुभवों को याद किया है, जिन्होंने उनकी फिल्म यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

23. (c)
अक्टूबर 2021 में लंदन स्थित इकोनामिस्ट इम्पैक्ट द्वारा प्रकाशित दुनिया के 113 देशों के वैश्विक खाद्य सुरक्षा सूचकांक 2021 में भारत को 71वीं रैंकिंग प्रदान की गई है। इस सूचकांक में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर क्रमशः आयरलैण्ड, आस्ट्रिया और यूनाइटेड किंगडम है।

24. (c)
राष्ट्रीय पुलिस स्मृति दिवस प्रति वर्ष 21 अक्टूबर को केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (CRPF) व देश के सभी पुलिस बलों द्वारा मनाया जाता है। यह दिन 21 अक्टूबर, 1959 को चीन के साथ हमारी सीमाओं की रक्षा करते हुए अपने जाने गंवाने वाले दसवीं बटालियन के वीर जवानों के बलिदान की याद में मनाया जाता है।

25. (a)
मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए स्पेन में ला लोरेरिया (La LLoreia) या क्राडंग रुम स्थापित किए गए हैं। स्पेन में बढ़ते तनाव और डिप्रेशन की समस्या को देखते हुए यहाँ 'क्राइंग रुम' में मेंटल हेल्थ से परेशान कोई भी व्यक्ति यहाँ आकर खुलकर चिल्ला और रो सकता है।

26. (b)
एलियम नेगियनम (Allium negianum) नामक पौधा 2019 में उत्तराखण्ड के चमोली जिले में खोजा गया। इसे मुख्य खाद्य पदार्थ प्याज और लहसुन की प्रजाति में शामिल किया गया।

27. (d)
12 अक्टूबर 2020 को अरुणाचल प्रदेश के पश्चिम कामेंग जिले में बालीपारा–चारुदर–तबांग (बीसीटी) मार्ग पर, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा वीडियों कांफ्रेंसिंग के माध्यम से नेचिफू सुरंग की आधारशिला रखी गई। इसका उद्देश्य चीन सीमा के पास अग्रिम बेस की आरे जाने वाले वाहनों के यात्रा में कटौती करना है।

28. (c)
विजयनगर राज्य तुंगभद्रा नदी के उत्तरी तट पर स्थित है। इसकी स्थापना वर्ष 1336 में हरिहर एवं बुक्का नामक दो भाइयों ने की थी। हरिहर और बुक्का ने अपने पिता संगम के नाम पर संगम राजवंश की स्थापना की। विजयनगर साम्राज्य की राजधानियाँ क्रमशः अनेगुड़ी या अनेगोण्डी, विजयनगर, पेनुगोण्डा तथा चन्द्रगिरि थी। हप्पी विजयनगर की पुरानी राजधानी का प्रतिनिधित्व करता है। विजय नगर का वर्तमान नाम 'हप्पी' (हस्तिनावती) है।

29. (b)
बाल बिहार (Kindergarden) प्रणाली की स्थापना वर्ष 1817 में जर्मनी के दार्शनिक फ्रोबेल ने की थी। इसकी स्थापना फ्रोबेल ने बच्चों को शिक्षित करने और उनकी क्षमता को अधिकतम विकसित करने हेतु किया था।

30. (d)
CRC का पूर्ण रूप Cyclic redudancy check है। यह एक त्रुटि का पता लगाने वाला कोड है, जो आमतौर पर भण्डारण उपकरणों में उपयोगि किया जाता है जो ट्रांसमिशन स्टोरेज या रिट्रीवल के दौरान त्रुटियों का पता लगाता है।

31. (c)
2016 के पहले भारतीय टेस्ट क्रिकेट में तिहरा शतक बनाने वाले एकमात्र भारतीय क्रिकेटर वीरेन्द्र सहवाग है। सहवाग ने 28 मार्च 2004 को मुल्तान स्टेडियम में पाकिस्तान के खिलाफ 309 रन बनाकर यह उपलब्धि हासिल की। यह उपलब्धि हासिल करने वाले वे विश्व के 18वें बल्लेबाज है। इन्होने वर्ष 2008 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ पुनः 319 रन बनाकर टेस्ट क्रिकेट में दो तिहरा शतक लगाने वाले ब्रैडमैन (आस्ट्रेलिया) के बाद दुनिया के दूसरे क्रिकेटर है। इन्होंने अपने टेस्ट कैरियर में दो बार दोहरा शतक भी लगाया है। 19 दिसम्बर, 2016 ई. को करूण नायर ने इंग्लैण्ड के खिलाफ एम.ए. चिदम्बरम स्टेडियम चेन्नई में अपने कैरियर के तीसरे पारी में नाबाद 303 रनों की पारी खेली।

32. (c)
वर्ष 1767 में भारत के राष्ट्रीय सर्वेक्षण और मानचित्रण संगठन को विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के तहत स्थापित किया गया। यह भारत का नक्शा बनाने और सर्वेक्षण करने वाली केन्द्रीय एजेन्सी है। इसका मुख्यालय देहरादून, उत्तराखण्ड में स्थित है।

33. (c)
Survey Map 45D/7 के अर्न्तगत गुजरात और राजस्थान राज्य आते हैं।

34. (d)
टिहरी बाँध परियोजना का निर्माण भारत के उत्तराखण्ड राज्य के टिहरी जिले में भागीरथी नदी पर सोवियत रूस के सहयोग से किया गया है। टिहरी बाँध की ऊँचाई 260.5 मीटर (855 फीट) है। वर्तमान में इसकी स्थापित क्षमता 2400 मेगावट है। भारत सरकार ने यहाँ अतिरिक्त 1000 मेगावट की ईकाई लगाने की मंजूरी दे दी है। टिहरी बाँध परियोजना पर केन्द्र सरकार ने 75 प्रतिशत व राज्य सरकार ने 25 प्रतिशत धन व्यय किया है।

35. (c) : गुजरात सरकार ने अयोध्या में राम जन्मभूमि तीर्थ यात्रा करने वाले राज्य के आदिवासी समुदाय के सदस्यों को पांच हजार रुपय प्रति व्यक्ति की दर से वित्तीय सहायता देने का फैसला किया है। यह घोषणा राज्य के पर्यटन एवं तीर्थ विकास मंत्री पुर्णेश मोदी ने की।

36. (c)
विश्व सांख्यिकीय दिवस संयुक्त राष्ट्र सांख्यिकी आयोग के मार्ग दर्शन में 5 वर्ष के अन्तराल पर 20 अक्टूबर को मनाया जाता है। पहली बार यह दिवस 20 अक्टूबर 2010 को मनाया गया था। तीसरा विश्व सांख्यिकी दिवस 20 अक्टूबर 2020 को मनाया गया। 2020 में इसकी थीम– 'कनेक्टिंग द वर्ल्ड विथ डाटा वी कैन ट्रस्ट' थी।

37. (c)
चेन्नई को 12 वर्षीय रमेश प्रज्ञाननंद शतरंज खेल से संबंधित हैं। वह देश के सबसे युवा और विश्व के दूसरे सबसे युवा ग्रैंडमास्टर बन गए हैं।

38. (b)
सामूहिक सुरक्षा संधि संगठन (Collective Security Treaty Organization) या ताशकंद संधि एक अंतर्राष्ट्रीय सैन्य गठबंधन है। इसके छः पूर्णकालिक सदस्य आर्मीनिया, बेलारुस, कजाखस्तान, किर्गिस्तान, रूस और तजाकिस्तान है। इसका मुख्यालय रूस की राजधानी मॉस्को में है।

39. (d)
गद्यांश के अनुसार **प्रेम की भाषा-शब्द** रहित है। यह नेत्र, कपोल आदि के माध्यम से व्यक्त किया जाता है।

40. (b)
अरण्य का शाब्दिक अर्थ - जंगल, कानन, विपिन तथा कान्तार होता है।

41. (c)
यत्न का आशय 'प्रयास' से है।

42. (a)
गद्यांश में आचरण की महिमा का वर्णन है। गद्य के अनुसार – सच्चा आचरण तथा संयुक्त आचरण का वर्णन है।

43. (c)
गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक **'सच्चा आचरण'** होगा क्योंकि गद्यांश में सच्चे आचरण की महत्ता का वर्णन किया गया है।

44. (a)
जो भाव मन में केवल अल्पकाल तक संचरण करके चले जाते हैं, उन्हें संचारी भाव (व्यभिचारी भाव) कहा जाता है। संचारी भावों की कुल संख्या 33 मानी गई है।

45. (b)
'मक्षिका', 'मक्खी' का तत्सम शब्द है। **'मच्छर'** का तत्सम शब्द **'मशक'** तथा **'माटी'** का तत्सम शब्द **'मृत्तिका'** होता है।

46. (a)
मात्रा/उच्चारण काल के आधार पर स्वरों (Vowels) को तीन भागों में बांटा गया है।

1. **ह्रस्व स्वर-** जिन स्वरों के उच्चारण में कम समय लगता है जैसे–अ,ई,उ,ऋ।
2. **दीर्घ स्वर** – जिन स्वरों के उच्चारण में ह्रस्व स्वर से अधिक समय लगता है जैसे – आ, ई, ऊ।
3. **प्लुत स्वर** – जिनके उच्चारण में दीर्घ स्वर से अधिक समय लगता है, किसी को पुकारने के लिए या नाटक के संवाद में प्रयुक्त होता है, जैसे - ओ३म।

नोट- संयुक्त स्वर- ए, ऐ, ओ, औ।

47. (d)
'य' अन्तस्थ व्यंजन है।
अन्तस्थ व्यंजन – य, र, ल, व
संयुक्त व्यंजन – क्ष (क्+ष), त्र (त् +र), ज्ञ (ज् +ञ), श्र (श् + र)
उष्म व्यंजन – श, ष, स, ह
कंठ वर्ण – क, ख, ग, घ, ङ।
तालु वर्ण – च, छ, ज, झ,ञ।
मूर्धन्य वर्ण – ट, ठ, ड, ढ, ण।
पंचमाक्षर (नासिका) वर्ण– ङ, ञ, ण, न, म
दन्त्य वर्ण – त, थ, द, ध, न
ओष्ठ्य वर्ण – प, फ, ब, भ, म

48. (d)

शब्द		विलोम
जड़	–	चेतन
जल	–	थल,
मूर्ख	–	पण्डित

49. (a)
भविष्य में होने वाला के लिए एक शब्द 'भावी' होगा।

50. (b)
अनिल-अनल समोच्चरित भिन्नार्थक शब्द है।

शब्द	–	अर्थ,	शब्द	-	अर्थ
अनिल	–	हवा,	अनल	–	आग
अग	–	अचल,	अध	–	पाप
अवधि	–	समय,	अवधी	–	अवध देश की भाषा।

51. (d)
शब्द – अर्थ (अनेक)
1. अर्थ – धन, मतलब, अभिप्राय, इन्द्रिय-विषयक।
2. अर्क – सूर्य, इन्द्र, स्फटिक, मदार का पौधा, काढ़ा।
3. अम्बर – वस्त्र, आकाश, मेघ, अभ्रक।
4. अनंता – पृथ्वी, पार्वती, दूब, पीपर।

52. (c)

अशुद्ध शब्द	शुद्ध शब्द
1. अधीकार	- अधिकार
2. अनुशरण	- अनुसरण
3. अध्यन	- अध्ययन
4. अगामी	- आगामी

53. (c)
अशुद्ध शब्द '**इतिहासिक**' का शुद्ध रूप '**ऐतिहासिक**' होता है। शेष शब्द आनुषांगिक, आध्यात्मिक तथा दायित्व शुद्ध हैं।

54. (b)
कर्ता कारक का परसर्ग '**ने**' है।

कारक		विभक्तियाँ (परसर्ग)
1. कर्ता	–	ने
2. कर्म	–	को
3. करण	–	से, द्वारा
4. सम्प्रदान	–	के लिए, हेतु, वास्ते
5. अपादान	–	से (विभक्त होने के लिए)
6. सम्बन्ध	–	का, की, के, रा, रे, री
7. अधिकरण	–	में, पर
8. संबोधन	–	हे!, हो!, अरे!, ए!, रे!

55. (d)
'नेत्र' पुल्लिंग शब्द है, जबकि दया, प्रार्थना, वायु स्त्रीलिंग शब्द हैं।

56. (a)
'शोभा' स्त्रीलिंग शब्द है, जबकि शस्त्र, पालन, नृत्य पुल्लिंग शब्द हैं।

57. (b)
'प्रत्येक' सदैव एकवचन में प्रयुक्त होता है। शेष तीनों शब्दों का प्रयोग एक वचन एवं बहुवचन दोनों प्रकार से होता है।

एकवचन	बहुवचन
नदी	नदियाँ
साधु	साधुओं
घर	घरों

58. (c)

वाक्य	काल
1. उसने पढ़ा था।	भूतकाल
2. वह पुस्तक पढेगा	भविष्यकाल
3. वह जाता है	वर्तमान काल
4. वह खेल रहा था	भूतकाल

59. (a)

वाक्य	वाच्य
1. पत्र लिखा जाता है	कर्मवाच्य
2. राम पुस्तक पढ़ता है	कर्तृवाच्य
3. सीता पत्र लिखती है	कर्तृवाच्य
4. मुझसे बैठा नहीं जाता	भाववाच्य

60. (d)
रचना के आधार पर वाक्य तीन प्रकार के होते हैं-
1. सरल वाक्य – जिन वाक्यों में केवल एक उद्देश्य और एक ही विधेय होता है सरल वाक्य कहलाते हैं। जैसे– लड़का दौड़ता है। बन्दर पेड़ पर चढ़ रहे थे, मैने लड़कों को बुलाया।
2. संयुक्त वाक्य – जिन वाक्यों में दो या दो से अधिक सरल वाक्य योजकों द्वारा जुड़े हों संयुक्त वाक्य कहलाते हैं। जैसे- उसने परिश्रम किया किन्तु सफलता नहीं मिली।
योजक – और, फिर भी, नहीं तो, किन्तु, अतः, तथा, परंतु, किन्तु ..... आदि।
3. मिश्रवाक्य – जिन वाक्यों में एक मुख्य उपवाक्य हो ओर अन्य आश्रित (गौण) उपवाक्य हो उन्हें मिश्रवाक्य कहते हैं;
जैसे- मैं जानता हूं कि तुम्हारे पास किताब नहीं हैं।
इस मेले का उद्देश्य है कि व्यापार में वृद्धि हो।

61. (a)
'मैंने यह काम कर लेना चाहिए' वाक्य में पुरुष संबंधी अशुद्धि है। वाक्य का अशुद्ध अंश 'मैंने' है जिसकी जगह 'मुझे' होगा। अतः शुद्ध वाक्य होगा – मुझे यह काम कर लेना चाहिए।

62. (b)
विराम चिन्ह के प्रयोग से किसी भी वाक्य अथवा वाक्यांश का भाव स्पष्ट हो जाता है।

नाम	विराम चिह्न
1. पूर्ण विराम	।
2. अर्ध विराम	;
3. अल्प विराम	,
4. विस्मय विराम	!
5. उद्धरण चिन्ह	" " या ' '
6. त्रुटि विराम	^

63. (a)
'गिरा हुआ' के लिए एक शब्द '**पतित**' होगा।

64. (d)
'षट्पट' का पर्यायवाची-भ्रमर। इसके अन्य पर्यायवाची - भौंरा, मधुप, मिलिंद, द्विरेफ, अलि, षट्पद, मधुकर आदि।

65. (c)
'होनहार बिरवान के होत चीकने पात' लोकोक्ति का अर्थ 'होनहार बालक के गुण बचपन से ही दिखाई देने लगते हैं' होता हैं।

66. (b)

लोकोक्ति	अर्थ
1. **समरथ को नहिं दोष गोसाई** -	सामर्थ्यवान के दोष/अपराध भी क्षम्य हैं।
2. **सेर को सवा सेर** –	एक से बढ़कर दूसरा।
3. **सइंया भये कोतवाल, अब डर काहे का** –	अपने अधिकारों का अनुचित लाभ उठाना।
4. **सखी न सहेली, भली अकेली**-	अकेले रहना अच्छा।

67. (d)
मूल पाठ का शब्दशः अनुवाद **शब्दानुवाद** कहलाता है।

68. (a)
कन्नौजी, भोजपुरी तथा ब्रज उत्तर प्रदेश की बोलियां हैं, जबकि मेवाती, मालवी, मारवाड़ी तथा जयपुरी राजस्थान की बालियां है।

69. (c)
'धनद' गणेश का पर्यायवाची नहीं है। 'धनद' का पर्यायवाची - कुबेर, यक्षराज, राजराज, धनपति, अंकलेश, धनपाल, धनेश्वर, किन्नरेश आदि हैं। 'गणेश' का पर्यायवाची - विनायक, एकदन्त, लम्बोदर, गजानन, गणपति, हेरम्ब, द्वैमातुर, गजवदन, मोदकप्रिय, महाकाय आदि है।

70. (a)
'आत्मभू, स्वयंभू, चतुरानन ये सभी **'ब्रह्मा'** के पर्यायवाची शब्द हैं। इनके अन्य पर्याय-विधाता, पितामह, विधि, विरंचि, प्रजापति आदि हैं। जबकि विष्णु का पर्याय-लक्ष्मीपति, नारायण, हरि, चतुर्भुज, केशव, उपेन्द्र तथा महेश का पर्याय-पशुपति, शिव, शंकर, पिनाकी, नीलकंठ, चंद्रमौली, महादेव एवं गणेश का पर्याय- गणपति, लम्बोदर, एकदंत, विनायक, गजानन आदि।

71. (c)
'ट' वर्ग में ट, ठ, ड, ढ, ण आता है और 'त' वर्ग में त, थ, द, ध, न, आता है। अतः स्पष्ट है 'ध' त वर्ग में आता है।

72. (d)
''राम धीरे-धीरे पढ़ता है'' में **'धीरे-धीरे'** क्रिया विशेषण है। जो क्रिया की विशेषता बताए क्रिया विशेषण कहलाता है।
संज्ञा शब्द- राम, रामायण, महाभारत, समाचार पत्र, पुस्तक, पानी, आदि
संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले शब्द सर्वनाम कहलाते हैं। जैसे- वह जाता है। संज्ञा सर्वनाम की विशेषता बताने वाले को विशेषण कहते हैं, जैसे-मेरा घोड़ा काला है, यहाँ काला विशेषण है।

73. (b)
'लड़का' जातिवाचक संज्ञा है। जाति वाचक संज्ञा से सम्पूर्ण जाति या समुदाय का बोध होता है, जैसे - लड़का, लड़की, जानवर, पशु, पक्षी आदि।

74. (c)
जातिवाचक संज्ञा- जवान, बालक, मनुष्य, गाय कोयल, भूकम्प, वर्षा, दवात आदि इन सभी शब्दो से एक जाति का बोध होता है। जबकि सुन्दर शब्द किसी व्यक्ति, वस्तु की विशेषता बताता है, जैसे - कलम बहुत सुन्दर है, आदि।
'सुन्दर' शब्द विशेषण है।

75. (c)
बहुवचन शब्द- प्राण, नेत्र, आँसू, लोग, दर्शन, ओठ आदि। पौधा, पुस्तक, लड़का 'एकवचन' है।

76. (a)
$\because x*y = (x+3)^2 (y-1)$
$\therefore 5*4 = (5+3)^2 (4-1)$
$= (8)^2 \times 3$
$= 64 \times 3$
$= 192$

77. (c)
पहिया द्वारा एक चक्कर में चली गयी दूरी $= 2\pi r$
$= 2 \times \frac{22}{7} \times 21 \Rightarrow 132$ सेमी.
$\therefore$ 924 मी. की दूरी तय करने में लगे चक्करों की संख्या $= \frac{924 \times 100}{132} \Rightarrow 700$

78. (d)
पदों का कुल योग = पदों का औसत × पदों की संख्या
$x_1+x_2+x_3 = 14 \times 3$
$x_1+x_2+x_3 = 42$
प्रश्नानुसार, $(x_2 + x_3)\, 2 = 50$
$(x_2+x_3) = 25$
$x_1 = x_1+x_2+x_3 - (x_2 + x_3)$
$=42-25$
$=17$

79. (b)
अभीष्ट मिश्रधन $= 400 \times \left[1+\frac{10/2}{100}\right]^{2\times\frac{3}{2}}$
$= 400 \times \left(\frac{210}{200}\right)^3$
$= 400 \times \frac{21}{20} \times \frac{21}{20} \times \frac{21}{20}$
$= 463.05$

80. (b)
$\sqrt{248+\sqrt{52+\sqrt{144}}}$
$= \sqrt{248+\sqrt{52+12}}$
$= \sqrt{248+\sqrt{64}}$
$= \sqrt{248+8}$
$= \sqrt{256}$
$= 16$

81. (c)
$\frac{(5a-2b)}{(2a+b)} = \frac{7}{10}$
$\Rightarrow 50a - 20b = 14a + 7b$
$\Rightarrow 50a - 14a = 7b + 20b$
$\Rightarrow 36a = 27b$
$\Rightarrow \frac{a}{b} = \frac{27}{36}$
$\Rightarrow \frac{a}{b} = \frac{3}{4}$
अतः $a : b = 3 : 4$

82. (c)

3	9, 12, 15
3	3, 4, 5
4	1, 4, 5
5	1, 1, 5
	1, 1, 1,

∴ लघुत्तम समापवर्त्य = 3×3×4× 5= 180

अतः वे 180 मिनट अर्थात 3 घंटे बाद पुनः एक साथ बजेंगी। अतः 8+3 = 11 A.M. पर पुनः एक साथ बजेंगी।

83. (a)

माना 4, 7 एवं 12 का चौथा समानुपाती =x

∴ 4:7:: 12 : x

$$x=\frac{7\times12}{4}\Rightarrow 21$$

84. (b)

∵ 20 महिला के 16 दिन का काम = 16 पुरूष के 15 दिन का काम

∴ 20 × 16 महिला = 16 × 15 पुरूष

$$\frac{\text{महिला}}{\text{पुरूष}}=\frac{16\times15}{20\times16}\Rightarrow\frac{3}{4}$$

अतः 1 पुरूष : 1 महिला = 4 : 3

85. (a)

3 वर्ष पश्चात् शहर की आबादी

$$=48000\times\left(1+\frac{5}{100}\right)^3$$

$$=48000\times\frac{105}{100}\times\frac{105}{100}\times\frac{105}{100}$$

$$=48000\times\frac{21}{20}\times\frac{21}{20}\times\frac{21}{20}$$

$$=55566$$

∴ आबादी में अभीष्ट वृद्धि = 55566 – 48000

= 7566

86. (c)

∵ वृत्त की परिमिति $(2\pi r)$ = वर्ग की परिमिति (4a)

जहाँ r = वृत्त की त्रिज्या, a = वर्ग की भुजा

$$\therefore \frac{r}{a}=\frac{4}{2\pi}=\frac{2}{\pi} \quad \text{..... (i)}$$

$$\frac{\text{वृत्त का क्षेत्रफल}}{\text{वर्ग का क्षेत्रफल}}=\frac{\pi r^2}{a^2}$$

$$=\pi\left(\frac{r}{a}\right)^2$$

$\pi\left(\frac{4}{\pi^2}\right)$ समी. (i) से,

$$=\frac{4}{\pi}$$

$$=\frac{4}{\frac{22}{7}} \quad \left[\because \pi=\frac{22}{7}\right]$$

$$=\frac{4\times7}{22}\Rightarrow\frac{14}{11}$$

∴ वृत्त का क्षेत्रफल : वर्ग का क्षेत्रफल =14: 11

87. (a)



बकरी द्वारा चरा गया क्षे. $=\frac{\theta}{360}\pi r^2$

$$=\frac{90}{360}\times\frac{22\times7\times7}{7}$$

= 38.5 वर्ग मी.

88. (a)

माना जल का वेग = x किमी./घं.

प्रश्नानुसार,

$$\frac{12}{9+x}+\frac{12}{9-x}=3 \qquad \left(\text{समय}=\frac{\text{दूरी}}{\text{चाल}}\right)$$

$$12(9-x+9+x)=3(81-x^2)$$

$$12\times18=243-3x^2$$

$$3x^2=243-216$$

$$3x^2=27\Rightarrow x^2=9$$

$$\Rightarrow x=3 \text{ किमी./घं.}$$

89. (c)

$$\text{अभीष्ट औसत चाल}=\frac{2\times64\times80}{(64+80)}$$

= 71.11 किमी./घं.

90. (c)

चूँकि जो अनुपात व्यास में है वही अनुपात त्रिज्या का भी होगा। शंकु तथा बेलन के आयतनों का अनुपात

$$=\frac{\frac{1}{3}\pi r_1^2h_1}{\pi r_2^2h_2}$$

$$=\frac{1}{3}\times\left(\frac{3}{2}\right)^2\times\frac{4}{5}$$

$$=\frac{1}{3}\times\frac{9}{4}\times\frac{4}{5}=3:5$$

91 (a)

go home – ta na .....(i)

nicelittle home – na ja pa .....(ii)

अतः home समी. (i) और (ii) दोनों में मौजूद और दोनों समी. na भी मौजूद है अतः go का कोड ta होगा।

92. (c)
जिस प्रकार 'स्वच्छता' से 'बीमारी' दूर होती है। उसी प्रकार 'सावधानी' से 'दुर्घटना' दूर होती है।

93. (a)
जिस प्रकार,



उसी प्रकार,



अतः $\boxed{? \Rightarrow HbjF}$

94. (b)
जिस प्रकार,

$$\frac{20}{2}+1=11$$

उसी प्रकार,

$$=\frac{102}{2}+1$$

अतः $\boxed{? \Rightarrow 52}$

95. (a)
सुअर, घोड़ा तथा गाय के रहने का स्थान क्रमशः शूकरशाला, अस्तबल तथा छप्पर है जबकि आदमी के रहने का स्थान घर है ना कि गैराज। अतः विकल्प (a) सही है।

96. (b)
(a) W V U (−1, −1)
(b) D B A (−2, −1)
(c) N M L (−1, −1)
(d) H G F (−1, −1)

अन्य सभी विकल्पों में −1,−1 के क्रम में बढ़ रहा है, जबकि विकल्प (b) में −2, −1 के क्रम में बढ़ रहा है अतः विकल्प (b) अन्य सभी से भिन्न है।

97. (d)
(a) 1 + 6 + 2 = 9
(b) 3 + 4 + 1 = 8
(c) 2 + 3 + 4 = 9
(d) 1 + 8 + 3 ≠ 4

अतः विकल्प (d) अन्य सभी से भिन्न है।

98. (b)
शब्दकोश के अनुसार शब्दों का क्रम निम्नवत् है–
(1) Exploit → (5) Explore → (2) Explosive → (3) Exponent → (4) Exposition

99. (b)



अतः $\boxed{? \Rightarrow SIF}$

100.(a)
शृंखला निम्नवत् है–



101.(a)



चित्र से स्पष्ट है कि मिथलेश की पत्नी नेहा के भाई की पुत्री अर्थात भतीजी है। अर्थात नेहा मिथलेश की पत्नी की बुआ है।

102.(c)
प्रश्नानुसार,
X > W > Z > Y
अतः सबसे छोटा Y है।

103.(c)
शब्द SPECULATION में R मौजूद नहीं है। जिस कारण शब्द SECULAR नहीं बनाया जा सकता।

104.(c)
जिस प्रकार,
A = 26
X–RAY = 3 + 9 + 26 + 2 = 40
(अंग्रेजी वर्णमाला के विपरीत क्रम का योग किया गया है।)
उसी प्रकार,
W H A T = 4 + 19 + 26 + 7 = 56
अतः $\boxed{? \Rightarrow 56}$

105.(b)
A = +
B = –
C = ×
(10C4) A (4C4) B6– मूल समी.
प्रश्नानुसार अक्षरों के स्थान पर चिन्हों को रखकर हल करने पर–
(10 × 4) + (4 × 4) – 6
40 + 16 – 6
56 – 6 = 50
अतः $\boxed{? \Rightarrow 50}$

106.(b)
12 8 4 | 8 4 12 | 4 12 8 | 100 44 ?
↓ ↓ ↓ ↓
12 = 8 + 4 | 8 + 4 = 12 | 12 – 8 = 4 | 100 – 44 = 56
अतः $\boxed{? \Rightarrow 56}$

107.(a)



अतः अब उस व्यक्ति का मुँह उत्तर दिशा में हैं।

108.(d)

एक आकृति वाले त्रिभुजों की संख्या = 6

दो आकृति वाले त्रिभुजों की संख्या = 4

तीन आकृति वाले त्रिभुजों की संख्या = 3

चार आकृति वाले त्रिभुजों की संख्या = 1

अतः कुल त्रिभुजों की संख्या = 6 + 4 + 3 + 1 = 14

109.(d)



110.(c)

प्रश्नानुसार अक्षरों के मूल्यों का योगफल निम्न होगा।

HEART ⇨ 8 + 5 + 1 + 18 + 20 = 52

LIVER ⇨ 12 + 9 + 22 + 5 + 18 = 66

LUNGS ⇨ 12 + 21 + 14 + 7 + 19 = 73

TEETH ⇨ 20 + 5 + 5 + 20 + 8 = 58

स्पष्ट है कि LUNGS के अक्षरों के वर्णमाला क्रमांक के समान मूल्य के मानों का योगफल सर्वाधिक (73) है।

111.(c)

जब दो पासों के दो-दो अंक समान हो तथा तीसरा अंक भिन्न हो तब तीसरी संख्या आपस में विपरीत क्रम में होती है। पासा (i) तथा पासा (iii) के 3 तथा 4 अंक दोनों पासों में है अतः शेष तीसरी संख्या 2 के विपरित 5 होगा।

112.(a)

ठोस का आयतन = 18 × 18 × 18

छोटे घन का आयतन = 3 × 3 × 3

अभीष्ट घनों की संख्या $= \frac{18\times18\times18}{3\times3\times3}$

$= 6 \times 6 \times 6 = 216$

113.(c)

23 वीं तारीख के 2 सप्ताह और 4 दिन पहले का दिन = 23 वीं तारीख के 4 दिन पहले का दिन।

23 को रविवार	22 को शनिवार
21 को शुक्रवार	20 को गुरूवार
19 को बुधवार	

अतः 23वीं तारीख से 4 दिन पहले बुधवार था।

114.(b)

जिस प्रकार जेल की देख-रेख के लिये जेलर होता है। उसी प्रकार संग्राहालय की देख-रेख के लिये क्यूरेटर होता है।

115.(b)

जिस प्रकार,



उसी प्रकार,



अतः $\boxed{?\Rightarrow WVU}$

116.(d)

जिस प्रकार,

$\sqrt{9} = 3,\ 3+2 \Rightarrow (5)^2 = 25$

उसी प्रकार,

$\sqrt{49} = 7,\ 7+2 \Rightarrow (9)^2 = 81$

117. (c)

(a) D G J (+3 +2)

(b) J M O (+3 +2)

(c) P R T (+2 +2)

(d) T W Y (+3 +2)

अन्य सभी शृखंला +3, +2 के क्रम में बढ़ रहा है जबकि विकल्प (c) में +2, +2 के क्रम में बढ़ रहा है अतः विकल्प (c) अन्य सभी में भिन्न है।

118.(b)

(a) B F (+4)

(b) L R (−6)

(c) M Q (+4)

(d) A E (+4)

अतः विकल्प (b) अन्य सभी से भिन्न है।

119.(c)

पहली संख्या का दोगुना दूसरी संख्या जबकि विकल्प (c) में 28 का दोगुना 56 होगा। जबकि 49 दिया गया है अतः विकल्प (c) सभी विकल्पों से भिन्न है।

120.(d)

शब्दकोश में शब्दों का सही क्रम निम्नवत् होगा-

(3) Deerstalker → (1) Defect → (2) Defence → (4) Defensive

अतः क्रम = 3, 1, 2, 4

121. (d)



उपर्युक्त चित्र से स्पष्ट है कि निष्कर्ष (I) और निष्कर्ष (II) दोनों गलत हैं।

122 (d)



आकृति में त्रिभुज की संख्या 13 है, जो निम्न है -

ΔABH, ΔAHE, ΔBHG, ΔBGC, ΔGCF, ΔEFD, ΔABE, ΔBEF, ΔBCF, ΔABG, ΔBCH, ΔABC, ΔADC

123.(b)

45 में खरीद कर 5की बचत करता है। अतः अंकित मू.= 45 + 5 = 50 रु.

$$\text{बचत} = \frac{5}{50}\times 100 = 10\%$$

124.(b)

घोल की कुल मात्रा = 2+6= 8 Lit

$$\text{घोल में जल की मात्रा} = 6\times\frac{60}{100} = 3.6\text{Lit}$$

$$\text{जल का } \% = \frac{3.6}{8}\times 100 = 45\%$$

125.(a)

शब्द से शब्द AMMUNITION बनाया जा सकता है। अतः विकल्प (a) सही है

126.(b)

जिस प्रकार,



उसी प्रकार,



127.(a)

मूल सभी = 40 × 12 + 3 – 6 ÷ 60

प्रश्नानुसार चिन्ह बदलने पर

40 +12 ÷ 3 × 6 – 60

= 40 + 24 – 60 = 4

128. (c)

माना 5 आदमी x दिन बाद काम छोड़कर चले गए।

$M_1 = 15$ आदमी

$D_1 = 40$ दिन

∴ प्रश्न से,

$M_1D_1 = M_2D_2 + M_3D_3$

$15\times 40 = 15\times x + 10(45-x) \Rightarrow 600 = 15x + 450 - 10x$

$5x = 150 \Rightarrow x = 30$

∴ अभीष्ट उत्तर = 30 दिन।

129. (a)

वस्तु का लागत मूल्य = ₹200

$$\therefore \text{विक्रय मूल्य} = \left(\frac{100+20}{100}\right)\times 200 = ₹240$$

माना अंकित मूल्य = x रु.

∴ प्रश्न से

$$\text{अंकित मूल्य} \times \left(\frac{100-\text{छूट}\%}{100}\right) = \text{विक्रय मूल्य}$$

$$x\times\left(\frac{100-20}{100}\right) = 240$$

$$\frac{x\times 80}{100} = 240 \Rightarrow x = 3\times 100 = 300$$

अत: वस्तु का अंकित मूल्य = ₹ 300

130. (a)

माना पहली, दूसरी तथा तीसरी संख्याएँ क्रमश: x, y तथा z है।

∴ प्रश्नानुसार,

$y : z = 9 : 13$ .....(1)

तथा $x : z = 2 : 7$

$z : x = 7 : 2$ .....(2)

समी. (1)× 7 तथा समी. (2) ×13 से,

$y:z = 63:91$

$z:x = 91:26$

∴ $y:z:x = 63:91:26$

$$\therefore \text{तीसरी संख्या } (z) = \left(\frac{91}{26+63+91}\right)\times 540$$

$$= \frac{91}{180}\times 540 \Rightarrow 91\times 3 = 273$$

131.(c)



वेन–आरेख से कोई भी निष्कर्ष सत्य नहीं है।

132.(c)

एक आकृति वाले त्रिभुजों की संख्या =10

दो आकृति वाले त्रिभुजों की संख्या =3

चार आकृति वाले त्रिभुजों की संख्या =1

सबसे बड़े वाले त्रिभुज =1

कुल त्रिभुजों की संख्या = 10+3+1+1=15

133.(a)

विकल्प (a) सत्य है।

134.(b)

अगली Image Mirror Image बन रही है अतः विकल्प (b) सत्य होगा।

135. (a)
कागज को मोड़कर काटने तथा खोलने पर आकृति विकल्प (a) जैसे दिखाई देगी।

136. (a)
प्रश्न आकृति के प्रतिरूप को उत्तर आकृति (a) के प्रतिबिम्ब पूरा करेगी।

137. (d)
प्रश्न आकृति के प्रतिरूप को उत्तर आकृति (d) के प्रतिरूप को पूरा करेगी।

138.(c)
T = 59, 66, 78, 85, 97
O = 02, 14, 21, 33, 40
N = 58, 65, 77, 89, 96
E = 01, 13, 20, 32, 44
तुलना करने पर विकल्प (c) सही होगा।

139.(b)



संबंध आरेख से स्पष्ट है कि विनोद फोटो वाली लड़की का पिता है।

140.(a)
माना लड़कों की संख्या x है
तथा लड़कियों की संख्या (x + 2)
प्रश्नानुसार
10 x + 20 (x + 2) = 280
10 x + 20 x + 40 = 280
30 x = 280 – 40

$$x = \frac{240}{30} = 8$$

अतः बुलाये गये लड़कों की संख्या 8 थी।

141.(d)
माना B को x अंक मिले तब प्रश्नानुसार
C = x – 5 ---------- (i)
D = x + 10 ---------(ii)
A = x + 10 + 20 ------ (iii)
E = x + 22 -------- (iv)
समी॰ (iii) से
A = x + 10 + 20
= 40 + 10 + 20 [∵ x = 40]
= 70

142.(b)



वेन आरेख की सहायता से समूह में व्यक्तियों की कुल संख्या
= 4 + 4 + 13 + 1 + 1 + 1
= 21 + 3
= 24

143.(c)
प्रश्नानुसार यदि मिनट की सुई पूर्व में होगी तब घंटे की सुई उत्तर पूर्व दिशा में होगी।

144. (c)
3 × 4 × 3 = 36
5 × 6 × 7 = 210
9 × ? × 2 = 36

$$? = \frac{36}{18} = 2$$

145. (d)



अतः अशोक प्रारम्भिक दिशा से दक्षिण की ओर होगा।

146.(b)
33 को छोड़कर अन्य शेष सभी अभाज्य संख्याओं की क्रमिक श्रृंखला है।

147.(b)
विकल्प b में प्रश्नानुसार चिन्ह बदलने पर
8 + 44 × 5 – 25 = 8 + 220 – 25 = 203

148.(d)
जिस प्रकार, $(11)^2 + 1 = 122$
$(13)^2 + 1 = 170$
उसी प्रकार,
$(17)^2 + 1 = 290$
$(19)^2 + 1 = 362$

149.(c)
जिस प्रकार,

B	A	C	E
+13↓	+13↓	+13↓	+13↓
O	N	P	R

उसी प्रकार,

J	I	K	M
+13↓	+13↓	+13↓	+13↓
W	V	X	Z

150.(c)



अभीष्ट दूरी = 7 + 7
= 14

PRACTICE SET - 6

सामान्य जानकारी

1. भारत के संविधान में निम्न में से किसके विरुद्ध अभियोग चलाने का प्रावधान नहीं है?
   (a) राष्ट्रपति के (b) राज्य के राज्यपाल के
   (c) भारत के मुख्य न्यायाधीश (d) भारत के उपराष्ट्रपति के
2. कम्प्यूटर में डाटा का किस रूप में भण्डारण होता है?
   (a) आक्टल (b) हेक्सा-डेसीमल
   (c) डेसीमल (d) बाईनरी
3. संविधान के किस अनुच्छेद के प्रावधानों के अंतर्गत भारत सरकार ने 'भारत रत्न' और 'पद्मश्री' को प्रारंभ किया?
   (a) अनुच्छेद 15 (b) अनुच्छेद 16
   (c) अनुच्छेद 17 (d) अनुच्छेद 18
4. भारत में कृषि आयकर लगाया जा सकता है
   (a) स्थानीय सरकारों द्वारा (b) राज्य सरकारों द्वारा
   (c) केन्द्र सरकार द्वारा (d) केन्द्र और राज्य सरकारों द्वारा
5. निम्नलिखित में कौन एक द्रवता अनुपात है?
   (a) पूंजी पर रिटर्न (b) चालू अनुपात
   (c) परिसम्पत्ति टर्नओवर (d) ऋण से शेयरपूंजी अनुपात
6. भारतीय संविधान के अन्तर्गत, निम्नलिखित में से कौन एक मौलिक कर्त्तव्य नहीं है?
   (a) लोक चुनावों में वोट डालना
   (b) वैज्ञानिक कागजों को विकसित करना
   (c) लोक सम्पत्ति की सुरक्षा करना
   (d) संविधान को मानना एवं इसके आदर्शों की कद्र करना
7. निम्नांकित में से किस क्रांति ने तिलहनों के उत्पादन में वृद्धि उत्पन्न की।
   (a) हरित क्रांति (b) श्वेत क्रांति
   (c) स्वर्ण क्रांति (d) पीली क्रांति
8. कौन-सा भोजन तुरन्त शक्ति प्रदान करता है?
   (a) प्रोटीन (b) मक्खन
   (c) विटामिन (d) ग्लूकोज
9. उत्तर प्रदेश की बहुप्रतिक्षित 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट के ई-कामर्स से जोड़ने हेतु उत्तर प्रदेश सरकार ने किस कंपनी से समझौता किया है?
   (a) फ्लिपकार्ट (b) अमेजन
   (c) स्नैपडील (d) अलीबाबा
10. निम्नलिखित में से कौन-सा जिला भारत की अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर है?
    (a) गोरखपुर (b) जयपुर
    (c) किन्नौर (d) कुलेर
11. मोनोजाइट किसका अयस्क है?
    (a) जर्कोनियम (b) थोरियम
    (c) टाइटेनियम (d) लौह
12. निम्नलिखित किसके शासनकाल में मुगलों और मराठों के बीच द्वन्द्व प्रारंभ हुआ?
    (a) अकबर (b) जहांगीर
    (c) शाहजहाँ (d) औरंगजेब
13. वर्ष 2021-22 के लिए स्विस ब्रोकरेज कंपनी यूबीएस सिक्योरिटीज इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, भारत की आर्थिक विकास दर अनुमानित है?
    (a) 7.5 प्रतिशत
    (b) 8.5 प्रतिशत
    (c) 9.5 प्रतिशत
    (d) 10.5 प्रतिशत
14. एक सहकारी समिति के गठन के लिए न्यूनतम कितने सदस्यों की आवश्यकता होती है?
    (a) 2 (b) 5
    (c) 7 (d) 10
15. पश्चिमी घाट हैं
    (a) पर्वत (b) पठार
    (c) पठारों का ढलान (d) पहाड़ियां
16. अपने स्वयं के प्रयोग के लिए मालिक द्वारा लिए गए वस्तुओं के मूल्य को किस खाते में क्रेडिट किया जाएगा?
    (a) बिक्री खाता (b) निकासी खाता
    (c) खरीद खाता (d) पूंजी खाता
17. निम्नलिखित किन सम्राटों के शासनकाल में भारत का पहला मुद्रा रुपया मुद्रित हुआ?
    (a) अकबर (b) हुमायूँ
    (c) शेरशाह सूरी (d) समुद्रगुप्त
18. शहद का प्रमुख घटक है :
    (a) ग्लूकोज (b) सुक्रोज
    (c) माल्टोज (d) फ्रक्टोज
19. निम्नलिखित में से कौन राजस्व व्यय का एक उदाहरण है?
    (a) फैक्ट्री शेड का निर्माण
    (b) जमीन की खरीद
    (c) एक प्रिंटर की मरम्मत
    (d) एक नए मशीन की स्थापना
20. निम्नलिखित किसमें कार्बन नहीं होता है?
    (a) डायमंड (b) ग्रेफाइट
    (c) कोयला (d) इनमें से कोई नहीं
21. उत्तर प्रदेश में किस जिले में सर्वप्रथम सोलर ऊर्जा संयंत्र प्रारम्भ किया गया?
    (a) आगरा (b) मथुरा
    (c) अलीगढ़ (d) सहारनपुर
22. निम्नलिखित में से किस देश की सेना के तात्कालिक सरकार को भंग कर आपातकाल लगा दिया है?
    (a) अफागानिस्तान
    (b) पाकिस्तान
    (c) बांग्लादेश
    (d) सूडान

23. सरकारी स्कूलों में किस कक्षा तक के सभी छात्रों के लिए हरियाणा सरकार ने मुफ्त शिक्षा की घोषणा की है?
(a) कक्षा 6
(b) कक्षा 8
(c) कक्षा 10
(d) कक्षा 12

24. अंतर्राष्ट्रीय अपराधिक पुलिस संगठन (इंटरपोल) के अध्यक्ष मेंग होंगवई किस देश की यात्रा के दौरान लापता हो गये है?
(a) उत्तर कोरिया (b) चीन
(c) दक्षिण कोरिया (d) जापान

25. निम्नलिखित में से किस देश ने अंतरिक्ष मलवे शमन प्रौद्योगिकियों के परीक्षण और सत्यापन के लिए शिजियान-21 (Shijian-2) उपग्रह का सफलता पूर्वक प्रक्षेपण किया?
(a) चीन
(b) जापान
(c) भारत
(d) अमेरिका

26. निम्नलिखित में कौन सा लैंग्वेज पैस्कल से प्राप्त सिस्टम प्रोग्रामिंग लैंग्वेज है एवं रक्षा ऐप्लिकेशन के लिए अभीष्ट है?
(a) फोर्ट्रान (b) सी + + लैंग्वेज
(c) सी लैंग्वेज (d) एडा

27. विटामिन-सी का सबसे उत्तम स्रोत है–
(a) सेब (b) आँवला
(c) अमरूद (d) दूध

28. निम्न में से कौन सा अन्तर्राष्ट्रीय विकलांग दिवस के रूप में मनाया जाता है?
(a) 1 दिसम्बर (b) 3 दिसम्बर
(c) 25 दिसम्बर (d) 31 दिसम्बर

29. निम्नलिखित में कौन सा कम्प्यूटर एनालॉग आउटपुट को डिजिटल फार्म में परिवर्तित करने से मुख्यतः सम्बद्ध है?
(a) डिजिटल कम्प्यूटर (b) एनालॉग कम्प्यूटर
(c) हाइब्रिड कम्प्यूटर (d) मेनफ्रेम कम्प्यूटर

30. किसने बंगाल में स्थायी उपनिवेश की शुरूआत की?
(a) लॉर्ड कर्जन (b) विलियम बेंटिक
(c) लॉर्ड डलहौजी (d) लॉर्ड कॉर्नवालिस

31. बी.सी.जी. टीका किसके विरुद्ध रोग प्रतिरोधक शक्ति प्रदान करता है?
(a) पोलियोमाइलिटिस (b) ट्यूबरकुलोसिस
(c) टिटनेस (d) कुकुरखांसी

32. महात्मा गांधी ने निम्नलिखित में से किसे अपना राजनीतिक गुरु माना था?
(a) बाल गंगाधार तिलक (b) गोपाल कृष्ण गोखले
(c) दादाभाई नौरोजी (d) बी. आर. अम्बेडकर

33. भारत और श्रीलंका को अलग करने वाली जलराशि कौन सी है?
(a) ग्रेट चैनल (b) 8 डिग्री चैनल
(c) पाक जलसंधि (d) 10 डिग्री चैनल

34. वास्को डि गामा किस वर्ष कालीकट में उतरा?
(a) 1234 (b) 1681
(c) 1394 (d) 1498

35. उत्तर प्रदेश में कौन सी जनजाति दीपावली को शोक के रूप मे मानाती है?
(a) सहरिया (b) थारु
(c) भोटिया (d) परहरिया

36. भारत के संविधान के अनुच्छेद 243 निम्नलिखित किसकी व्याख्या करता है?
(a) भूमि सुधार
(b) पंचायती राज प्रणाली
(c) मौलिक कर्त्तव्य
(d) राज्यपाल की विवेकाधीन शक्तियां

37. आक्सीजन की खोज की थी
(a) रोनाल्ड (b) प्रीस्टले
(c) जॉन नेपियर (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

38. 67वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में दादासाहब फाल्के पुरस्कार से किसे सम्मानित किया गया है?
(a) सुशांत सिंह राजपूत
(b) धनुष
(c) रजनीकांत
(d) अमिताभ बच्चन

सामान्य हिन्दी

निर्देश :-(प्रश्न 39 से 40) नीचे लिखे प्रश्नों का सही विलोम चुनियें।

39. परोक्ष
(a) प्रत्यक्ष (b) अपरोक्ष
(c) स्थूल (d) द्रष्टव्य

40. उत्कृष्ट
(a) अपकृष्ट (b) निकृष्ट
(c) व्यर्थ (d) विकराल

41. 'पानी पीकर जात पूछना' का अर्थ है-
(a) अनोखा काम करना
(b) विपरीत काम करना
(c) काम निकलने के बाद सोचना
(d) आराम से विचार करना

42. वाक्यों का वर्गीकरण मुख्यतः कितने प्रकार से होता है?
(a) 2 (b) 3
(c) 6 (d) 8

43. 'पावन' का संधि विच्छेद होगा-
(a) पा + वन (b) प + आवन
(c) पौ + अन (d) पो + अन

44. शुद्ध शब्द चुनिए -
(a) गंगा-जल (b) वे-बुनियाद
(c) बड़ा-सा (d) चौ-पाया

45. निम्नलिखित में से किस वाक्य में अकर्मक क्रिया है?
(a) पानी बरस रहा है।
(b) मैं गेहूं पिसवाता हूँ।
(c) श्याम निबंध लिखता है।
(d) राम मोहन को रूला रहा है।

46. 'मुझे' किस प्रकार का सर्वनाम है?
(a) उत्तम पुरुष (b) मध्यम पुरुष
(c) अन्य पुरुष (d) इनमें से कोई नहीं

47. अर्थ के आधार पर शब्द कितने प्रकार के होते है?
(a) 3 (b) 4
(c) 5 (d) 6

48. 'लालटेन' शब्द निम्न वर्गों में से किस वर्ग में आता है?
(a) तत्सम (b) तद्भव
(c) देशज (d) विदेशज

49. 'यशोदा' में प्रयुक्त संधि का नाम है -
(a) स्वर (b) व्यंजन
(c) विसर्ग (d) इनमें से कोई नहीं

50. 'कुर्सी पर मास्टर जी बैठे हैं' इस वाक्य में 'कुर्सी' शब्द किस कारक में है?
(a) करण कारक (b) सम्प्रदान
(c) संबंध (d) अधिकरण

51. बहुव्रीहि समास का उदाहरण कौन सा है?
(a) पंचवटी (b) करोड़पति
(c) चतुर्भुज (d) चरण कमल

52. 'तिलक' किस प्रकार का शब्द है?
(a) तत्सम (b) तद्भव
(c) देशज (d) संकर

53. 'अंडे का शहजाहा' का अर्थ है -
(a) कमजोर व्यक्ति (b) चालाक व्यक्ति
(c) अनुभवी व्यक्ति (d) अनुभवहीन व्यक्ति

54. 'प्रत्युत्पन्नमति' का अर्थः -
(a) उत्तर न देने की क्षमता
(b) जो फिर से उत्पन्न हुआ हो
(c) जिसकी बुद्धि में नई-नई बात उत्पन्न होती है
(d) जो तत्काल सोचकर उत्तर दे सके

55. 'हाड़ौती' बोली है -
(a) पश्चिमी राजस्थान की (b) पूर्वी राजस्थान की
(c) दक्षिणी राजस्थान की (d) उत्तरी राजस्थान की

56. प्रेमचन्द के अधूरे उपन्यास का नाम है-
(a) गबन (b) रंगभूमि
(c) मंगलसूत्र (d) सेवासदन

57. शुद्ध वाक्य चुनिये- (विराम चिह्न)
(a) आप शायद पटना के रहने वाले हैं।
(b) आप शायद पटना के रहने वाले है।
(c) "आप शायद पटना के रहने वाले हैं"
(d) आप शायद पटना के रहने वाले हैं?

58. अघोष वर्ण कौन सा है?
(a) अ (b) ज
(c) ह (d) स

59. 'एक ही समय में वर्तमान' के लिए एक शब्द है–
(a) आजीवन (b) शाश्वत
(c) समसामयिक (d) समानुकूल

60. पार्थिव का अर्थ है–
(a) जिसका सम्बन्ध मनुष्यों से है।
(b) जिसका सम्बन्ध प्रथा से है।
(c) जिसका सम्बन्ध ईश्वर से है।
(d) जिसका सम्बन्ध पृथ्वी से है।

61. 'उद्धत' का विलोम शब्द है -
(a) सौख्य (b) विनीत
(c) उत्तम (d) कोमल

62. 'घर' का पर्यायवाची शब्द है -
(a) विहार (b) इला
(c) आश्रम (d) गेह

63. विपरीतार्थक शब्द चुनिए - 'शोषक'
(a) शोषित (b) पोषक
(c) पोसक (d) शोषण

64. 'कहावत' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय है -
(a) हावत (b) वत
(c) कह (d) आवत

65. "वह खा रहा था" में 'खा रहा था' कौन सा काल है
(a) पूर्ण भूत (b) अपूर्ण भूत
(c) संदिग्ध भूत (d) सामान्य भूत

66. 'पुस्तकें धड़ाधड़ बिक रही हैं में 'धड़ाधड़' में शब्द का कौन सा रुप है?
(a) क्रिया-विशेषण (b) विशेषण
(c) क्रिया (d) प्रविशेषण

67. "राम ने कहा कि मैं घर जाऊँगा" में "घर जाऊँगा" कौन सा वाक्य है
(a) संज्ञा उपवाक्य (b) विशेषण उपवाक्य
(c) क्रियाविशेषण उपवाक्य (d) क्रिया उपवाक्य

68. इलाहाबाद में बोली जाने वाली बोली है
(a) ब्रज (b) अवधी
(c) खड़ी बोली (d) भोजपुरी

69. 'ऐ' के उच्चारण-स्थान का नाम है
(a) तालव्य (b) दंत्य
(c) कंठौष्ठ्य (d) कंठतालव्य

70. उड्डयन का संधि विच्छेद होगा
(a) उत् + डयन (b) उड् + डयन
(c) उत् + अयण (d) उद् + अयण

71. चूरन किस प्रकार का शब्द है
(a) तत्सम (b) अर्द्धतत्सम
(c) देशज (d) तद्भव

72. 'चौकड़ी भूल जाना' मुहावरे का अर्थ है
(a) राह न सूझना (b) बराबर बात बदलना
(c) पीछा छुड़ाना (d) ढाढ़स बँधाना

73. वैमनस्य का विलोम शब्द होगा
(a) विमनस्य (b) सौमनस्य
(c) सुमनस्य (d) अवमनस्य

74. "जो कवि लोकप्रिय होता है, उसका सम्मान सभी करते हैं" इस वाक्य का सरल वाक्य होगा-
(a) जो कवि होते हैं, वे लोकप्रिय होते हैं।
(b) लोकप्रिय कवि का सम्मान सभी करते हैं।
(c) कवि लोकप्रिय होते हैं और सम्मानित होते हैं।
(d) कवि लोकप्रिय होते हैं इसलिए सम्मानित होते हैं।

75. सरासर में कौन-सा समास है-
(a) द्वन्द्व (b) द्विगु
(c) अव्ययीभाव (d) तत्पुरुष

संख्यात्मक एवं मानसिक योग्यता

76. तीन व्यक्तियों की वर्तमान आयु 4 : 7 : 9 अनुपात में है। आठ वर्ष पूर्व उनकी आयु का योग 56 था। वर्तमान आयु (वर्ष में) ज्ञात कीजिये।
(a) 8, 20, 28 (b) 16, 28, 36
(c) 20, 35, 45 (d) इनमें से कोई नहीं

77. एक आदमी स्थिर पानी में 24 kmph से नौका चला सकता है। उसे नदी से नीचे की ओर नाव चलाने की अपेक्षा ऊपर की ओर नाव चलाने में तीन गुना समय लगता है। प्रवाह की दर ज्ञात कीजिए।
(a) 12 kmph (b) 8 kmph
(c) 24 kmph (d) इनमें से कोई नहीं

78. P और Q की औसत मासिक आय Rs. 5,050 है। Q और R की औसत मासिक आय Rs. 6,250 है और P और R की औसत मासिक आय Rs. 5,200 है। P की मासिक आय है :
(a) Rs. 3500 (b) Rs. 4000
(c) Rs. 4050 (d) Rs. 5000

79. 396 मी की दूरी की यात्रा में 21 सेमी व्यास के पहिए के चक्र संख्या है
(a) 600 (b) 300
(c) 150 (d) 115

80. सबसे बड़े वर्ग का क्षेत्रफल, जो 5 सेमी त्रिज्या के एक वृत्त के अन्तर्गत हो सकता है:
(a) 12.5 cm^2 (b) 25 cm^2
(c) 50 cm^2 (d) 100 cm^2

81. यदि x = 5 और y = 7 हो, तो $(x^2 - 14x + 49) / (25 - 10y + y^2)$ की कीमत होगी:
(a) 1 (b) 2
(c) 3 (d) 4

82. राम अपने वेतन का 1/5 भाग बच्चों की शिक्षा पर, 20% घर खर्च में, 10% अन्य फुटकर खर्चों में खर्च करता है और शेष बचाता है। अपने वेतन का कितना भाग वह बचाता है?
(a) 1/2 (b) 2/5
(c) 1/4 (d) 3/5

83. दो संख्याओं का म.स.प. (महत्तम समापवर्तक) और ल.स.प. (लघुत्तम समापवर्त्य) 2 और 70 है। यदि संख्या का योग 24 है, तो सबसे छोटी संख्या है:
(a) 14 (b) 10
(c) 7 (d) 12

84. यदि एक संख्या का 40% दूसरी संख्या के दो-तिहाई भाग के बराबर है, तो प्रथम संख्या का दूसरी संख्या से अनुपात है?
(a) 2/3 (b) 5/3
(c) 1/6 (d) 5/6

85. एक कॉलेज में M.Sc., B.Sc. और B.A. के लिए सीटों का अनुपात 5 : 7 : 8 है। उनकी सीटों में क्रमशः 40%, 50%, 75% से वृद्धि का प्रस्ताव है। बढ़ी सीटों का अनुपात होगा
(a) 2 : 3 : 4 (b) 3 : 2 : 4
(c) 4 : 3 : 2 (d) इनमें से कोई नहीं

86. दूध और पानी के 20 ली. मिश्रण में 20% पानी है। 5 ली. पानी मिलाकर नया मिश्रण बनाया गया है। नये मिश्रण में दूध का प्रतिशत क्या है?
(a) 66% (b) 64%
(c) 62% (d) 60%

87. एक मिश्रण में पेन्ट और पानी का अनुपात 4 : 3 है। यदि मिश्रण में 5 लीटर पानी जोड़ दें तो अनुपात 4 : 5 हो जाता है। दिये मिश्रण में पेन्ट की मात्रा है
(a) 6 लीटर (b) 8 लीटर
(c) 10 लीटर (d) इनमें से कोई नहीं

88. एक आयत, जिसकी एक भुजा 4 से.मी. है किसी 2.5 से.मी. त्रिज्या वाले वृत्त में है। आयत का क्षेत्रफल क्या होगा?
(a) 8 से.मी.^{2} (b) 12 से.मी.^{2}
(c) 16 से.मी.^{2} (d) 20 से.मी.^{2}

89. कोई व्यापारी कपड़े पर ₹50 प्रति मी. मूल्य अंकित करता है। वह क्रमशः 15% और 20% छूट देता है। प्रति मी0 निवल (नेट) कीमत क्या होगी?
(a) ₹ 32.50 (b) ₹ 42.50
(c) ₹ 34.00 (d) ₹ 40.00

90. यदि 36 आदमी एक कार्य 25 घंटों में कर सकते हैं। तो इसे 15 आदमी कितने घंटे में करेंगे?
(a) 30 घंटे (b) 45 घंटे
(c) 60 घंटे (d) 75 घंटे

91. यदि 16 आदमी प्रतिदिन 7 घंटे काम करके एक खेत को 48 दिनों में जोत सकते हैं, तो उसी खेत को 14 आदमी प्रतिदिन 12 घंटे काम करके कितने दिनों में जोतेंगे?
(a) 46 (b) 32
(c) 35 (d) 30

92. A, B, C एक वर्ष पश्चात् कमाये लाभ को 6 : 8 : 9 के प्रमाण में बाँटते हैं। A पूर्ण समय का साझेदार है, B चार मास के लिए साझेदार रहा और C, 6 मास के लिए साझेदार रहा। उनके विनियोग का अनुपात है
(a) 6 : 8 : 9 (b) 6 : 2 : 3
(c) 4 : 2 : 9 (d) 1 : 4 : 3

93. न्यूनतम संख्या जो 2497 में जोड़ी जाये तो, उसका योग 5, 6, 4 और 3 से पूर्णतः विभाज्य होता है, संख्या है:
(a) 23 (b) 33
(c) 13 (d) 3

94. 500 मी. लम्बी एक रेलगाड़ी जो एक समान चाल पर चल रही है, किसी स्टेशन को 35 सेकण्ड में पार कर लेती है। यदि प्लेटफार्म की लम्बाई 221 मी. हो तो रेलगाड़ी की चाल कि.मी./घंटा में क्या होगी?
(a) 721/35 (b) 74.16
(c) 24.76 (d) 78.54

95. किसी गोलक का उतना ही वक्रप्रष्ठ क्षेत्रफल है जितना कि एक 40 से.मी. ऊँचे और 30 से.मी. त्रिज्या वाले शंकु का। गोलक की त्रिज्या बताइये?
(a) $5\sqrt{5}$ से.मी. (b) $5\sqrt{3}$ से.मी.
(c) $5\sqrt{15}$ से.मी. (d) $5\sqrt{10}$ से.मी

96. किशोर एक स्थान से पूर्व की ओर 6 किमी. चलता है और अपने बाएँ मुड़कर 3 किमी. चलता है। उसके बाद वह फिर बाएँ मुड़कर 6 किमी. चलता है। इस समय वह अपने शुरूआती स्थान से कितनी दूर है?
(a) 3 किमी. (b) 2 किमी.
(c) 4 किमी. (d) 5 किमी.

97. एक घड़ी में 2 बजकर 20 मिनट का समय है। घड़ी की सुइयों के बीच का कोण है:
(a) 60^0 (b) 120^0
(c) 45^0 (d) 50^0

98. 5 सेमी त्रिज्या और 7 मी. ऊँचाई वाले एक सिलेण्डर के द्रवित होने पर 11 समान घनाभ बनते हैं। घनाभ का आयतन है
(a) $10\ m^3$ (b) $20\ m^3$
(c) $50\ m^3$ (d) $100\ m^3$

99. पाँच घण्टियाँ साथ बजनी शुरू होती है और क्रमशः 2, 5, 6, 8 और 9 सेकण्ड के अन्तराल पर बजती हैं। एक घंटे में वे कितनी बार एक साथ बजती हैं?
(a) 11 (b) 12
(c) 10 (d) 6

100. एक आदमी रु. 10 वाले शेयर में रु. 9.50 के भाग से रु. 4,940 विनियोग करता है। यदि 14% डिविडंड की दर हो, तो वार्षिक आय ज्ञात कीजिये।
(a) 728 (b) 730
(c) 750 (d) 766

101. एक आयत के विकर्ण का वर्ग 41 सेमी. और इसका क्षेत्रफल 20 सेमी.^{2} है। आयत की परिधि होनी चाहिए
(a) 18 cm (b) 12 cm
(c) 16 cm (d) 13 cm

102. P, Q, R ने रु. 520 में एक कार किराये पर ली और क्रमशः 7, 8 और 11 घंटे के लिए उपयोग की। Q द्वारा चुकाया किराया था
(a) Rs. 130 (b) Rs. 160
(c) Rs. 170 (d) Rs. 174

103. आनाज : गोदाम : जल : ?
(a) नहर (b) नदी
(c) मुहाना (d) बांध

104. ADFG : KNPQ :: DGIJ : ?
(a) NORS (b) NPQS
(c) NQST (d) NQTU

105. 12 : 144 :: ?
(a) 10 : 40 (b) 15 : 125
(c) 20 : 400 (d) 22 : 464

निर्देश : (प्रश्न संख्या 106 से 108 तक) दिये गये विकल्पों में से विषम /शब्द/अक्षर/संख्या युग्म चुनिए।

106. (a) उपद्वीप (b) द्वीप
(c) खाड़ी (d) कैप

107. (a) टमाटर (b) आलू
(c) गाजर (d) मूली

108. (a) 41 - 72 (b) 12 - 30
(c) 51 - 42 (d) 11 - 20

109. निम्नलिखित विकल्पों में से कौन-सा शब्द शब्दकोश में तीसरे स्थान पर आयेगा?
(a) Immutable (b) Immigrate
(c) Imperative (d) Impassions

110. निम्नलिखित प्रश्न में एक अनुक्रम दिया गया है, जिसमें एक पद लुप्त है। दिए गए विकल्पों में सही विकल्प चुनिए जो अनुक्रम को पूरा करे।

B, F, K, Q, ?

(a) X (b) R
(c) T (d) Y

111. निम्नलिखित प्रश्न में एक अनुक्रम दिया गया है, जिसमें एक पद लुप्त है। दिए गए विकल्पों में सही विकल्प चुनिए जो अनुक्रम को पूरा करे।

5, 9, 13, 17, ? , 25

(a) 27 (b) 23
(c) 21 (d) 19

112. एक चरवाहे के पास 17 भेड़ थी। उनमें से आठ को छोड़कर सब मर गई। अब उसके पास कितनी भेड़ शेष हैं?

(a) 17 (b) 0
(c) 8 (d) 9

113. एक पिता और उसके पुत्र की कुल आयु 60 वर्ष है। 6 वर्ष पहले पिता की आयु पुत्र की आयु की 5 गुना थी। 6 वर्ष बाद पुत्र की आयु क्या होगी?

(a) 45 (b) 25
(c) 20 (d) 33

मानसिक योग्यता एवं तर्क क्षमता

निर्देश : (प्रश्न संख्या 114 से 116 तक) दिये गये विकल्पों में से सम्बन्धित शब्द/अक्षरों/संख्या को चुनिए–

114. पूर्वानुमान करना : भविष्य : : खेद व्यक्त करना : ?

(a) वर्तमान (b) पाप
(c) जीवन (d) विगत

115. DCEF : QPRS : : XWYZ : ?

(a) CRQP (b) NMOP
(c) STOV (d) IMGF

116. 121 : 12 : : 25 : ?

(a) 5 (b) 6
(c) 7 (d) 8

निर्देश : (प्रश्न संख्या 117 से 119 तक) निम्नलिखित प्रश्न में दिए गए विकल्पों में से विषम शब्द/अक्षर/संख्या को चुनिए–

117. (a) आलू (b) टमाटर
(c) अदरक (d) गाजर

118. (a) ACEG (b) KMNP
(c) HJLN (d) TVXZ

119. (a) 63 – 36 (b) 45 – 74
(c) 48 – 84 (d) 26 – 62

120. निम्नलिखित शब्दों को शब्दकोश में दिए गए क्रम के अनुसार लिखिए–

(1) Tortoise (2) Torrid (3) Torso
(4) Torque (5) Tortuous

(a) 4, 2, 3, 1, 5 (b) 3, 2, 4, 1, 5
(c) 2,3, 4, 5, 1 (d) 4, 3, 2, 1, 5

121. निम्नलिखित प्रश्न में एक अनुक्रम दिया गया है, जिसमें एक पद लुप्त है। दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए जो अनुक्रम को पूरा करें–

PMT, OOS, NQR, MSQ, ?

(a) LVR (b) LVP
(c) LWP (d) LUP

122. निम्नलिखित प्रश्न में एक अनुक्रम दिया गया है, जिसमें एक पद लुप्त है। दिए गए विकल्पों में से वह सही विकल्प चुनिए जो अनुक्रम को पूरा करें–

206, 309, 412, ?, 618, 721

(a) 751 (b) 749
(c) 515 (d) 514

123. फोटोग्राफ में राजेश की ओर इशारा करते हुए सुनीता ने कहा, "उसकी माता का एक मात्र पुत्र मेरे पिता है। सुनीता का राजेश से क्या सम्बन्ध है?

(a) भतीजी (b) चाची
(c) माता (d) पुत्री

124. A, B, C, D और E एक पंक्ति में उत्तर की ओर मुँह करके खड़े हैं। E, B से बायीं ओर 40 मीटर की दूरी पर खड़ा है। A, C के बायीं ओर 20 मीटर की दूरी पर खड़ा है। D, E के दायीं ओर 20 मीटर की दूरी पर और C के दायीं ओर 50 मीटर की दूरी पर खड़ा है। B, D से कितनी दूर और किधर खड़ा है?

(a) 20 मीटर दायीं ओर (b) 30 मीटर दायीं ओर
(c) 40 मीटर दायीं ओर (d) 40 मीटर बायीं ओर

125. विकल्पों में से वह शब्द चुनिए जो दिए गए शब्द के अक्षरों का प्रयोग नहीं बनाया जा सकता?

COMFORTABLE

(a) FORT (b) TABLE
(c) COMFORT (d) ROUTE

126. यदि A = 1, AND = 19 हो, तो ANT = ? किसके बराबर होगा?

(a) 35 (b) 33
(c) 23 (d) 19

127. यदि + का मतलब +, '+' का मतलब –, '–' का मतलब × और '×' का मतलब + हो, तो दिए गए प्रश्न का मान बताइए ?

8 + 4 + 3 × 5 – 9 = ?

(a) 44 (b) 53
(c) 62 (d) 64

128. कुछ समीकरण एक निश्चित प्रणाली से हल किए गए हैं। उसी आधार पर दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर लिखिए?

$8 \times 5 \times 0 = 805, 7 \times 4 \times 6 = 764, 6 \times 8 \times 9 = ?$

(a) 689 (b) 698
(c) 968 (d) 986

129. दिए गए विकल्पों में से लुप्त संख्या ज्ञात करें–

12	8	4
8	4	12
4	12	8
100	44	?

(a) 56 (b) 48
(c) 38 (d) 36

130. निम्नलिखित प्रश्न में एक या दो वक्तव्य दिये गये हैं, जिसके आगे दो निष्कर्ष/मान्यताएँ I और II निकाले गये हैं। आपको विचार करना है कि वक्तव्य सत्य है चाहे वह सामान्यतः शर्त/तथ्यों से भिन्न प्रतीत होता हो। आपको निर्णय करना है कि दिए गए वक्तव्य में से कौन–सा निश्चित रूप से सही निष्कर्ष/मान्यता निकाला जा सकता है?

कथन : I. ईमानदारी सबसे अच्छी नीति है।

निष्कर्ष : I. सबको ईमानदार होना चाहिए।

II. केवल कुछ लोगों को ईमानदार होना चाहिए।

(a) केवल निष्कर्ष I सही है।
(b) केवल निष्कर्ष II सही है।
(c) निष्कर्ष I और निष्कर्ष II दोनों सही है
(d) न निष्कर्ष I सही है और न निष्कर्ष II

131. निम्नलिखित प्रश्न में एक या दो वक्तव्य दिये गये है, जिसके आगे दो निष्कर्ष/मान्यताएँ, I और II निकाले गये हैं। आपको विचार करना है कि वक्तव्य सत्य है चाहे वह सामान्यतः शर्त तथ्यों से भिन्न प्रतीत होता हो आपको निर्णय करना है कि दिए गए वक्तव्य में से कौन-सा निश्चित रूप से सही निष्कर्ष/मान्यता निकाला जा सकता है?

वक्तव्य : 1. कोई आदमी बन्दर नहीं है।
2. हरि आदमी है।

निष्कर्ष : I. हरि बन्दर नहीं है।
II. सभी आदमी हरि नहीं है।

(a) केवल निष्कर्ष I सही है
(b) केवल निष्कर्ष II सही है
(c) निष्कर्ष I और II दोनों सही है
(d) न तो निष्कर्ष I सही है और न ही निष्कर्ष II सही है

132. निम्नलिखित प्रश्न में एक घन में चार स्थितियाँ दर्शायी गई हैं। दिए गए घनों में हरे रंग के सामने कौन–सा रंग है।

(a) नीला (b) पीला
(c) नारंगी (d) सफेद

133. वह आकृति बताइए जो निम्नलिखित श्रेणियों के बीच सही सम्बन्ध को दर्शाती है।

डॉक्टरो, वकीलों, व्यवसायिकों

134. कौन–सी उत्तर आकृति प्रश्न आकृति के प्रतिरूप को पूरा करेगी?



135. दी गई उत्तर आकृतियों में से उस उत्तर आकृति को चुनिए जिसमें प्रश्न आकृति निहित है?



136. यदि किसी कागज को, नीचे प्रश्न आकृतियों में दिखाए अनुसार मोड़कर काटा जाए तो खोलने के बाद यह किस उत्तर आकृति जैसा दिखाई देगा?



137. यदि एक दर्पण को MN पर रखा जाए तो दी गई उत्तर आकृतियों में से कौन–सी आकृति प्रश्न आकृति का सही प्रतिबिम्ब होगी?



(a) (b) (c) (d)

138. निम्नलिखित प्रश्न में विकल्पों में दिए गए संख्या–समूह, अक्षरों के दो वर्गों द्वारा दर्शाए गए हैं, जैसे कि नीचे दिए गए दो आव्यूहों में हैं। आव्यूह I के स्तम्भ और पंक्ति की संख्या 0 से 4 तक दी गई है, और आव्यूह II के 5 से 9 तक, इन आव्यूहों से एक अक्षर को पहले उसकी पंक्ति और बाद में स्तम्भ संख्या द्वारा दर्शाया जा सकता है। उदाहरण के लिए, U को 01, 12, आदि द्वारा दर्शाया जा सकता है तथा L को 56, 67, आदि द्वारा दर्शाया जा सकता है। इसी तरह से आपको दिए गए शब्द 'SPARE' के लिए समूह को पहचानना है।

MATRIX I

	0	1	2	3	4
0	S	U	P	E	R
1	R	S	U	P	E
2	E	R	S	U	P
3	P	E	R	S	U
4	U	P	E	R	S

MATRIX II

	5	6	7	8	9
5	G	L	A	N	D
6	D	G	L	A	N
7	N	D	G	L	A
8	A	N	D	G	L
9	L	A	N	D	G

(a) 22, 41, 85, 32, 14 (b) 12, 24, 21, 68, 14
(c) 44, 78, 67, 32, 42 (d) 33, 30, 43, 40, 42

139. यदि RECOMMENDATION को कूट में COMMENDATIONER लिखते हैं तो उसी कूट में REMUNERATION को कैसे लिखेंगे?
(a) MUNERATIORNE
(b) MUNERATIONRE
(c) MUNERATIONER
(d) MUNERATINOER

140. यदि कूट में TAMILNADU को 387241859 लिखते हैं, तो उसी कूट में DALMIA को कैसे लिखेंगे?
(a) 548728 (b) 587428
(c) 584278 (d) 584728

141. यदि PRICE को कूट में SVNIL लिखते हैं तो उसी कूट में COST को कैसे लिखेंगे?
(a) FXSZ (b) FSXZ
(c) FSWY (d) FTWZ

142. यदि '×' का अर्थ है भाग '+' का अर्थ है जमा, '–' का अर्थ है गुणा तथा '+' का अर्थ है घटाव, तो (14–6+18)×6 का मान है–
(a) 107 (b) 17
(c) 104 (d) 15

143. यदि '–' का अर्थ है भाग, '+' का अर्थ है गुणा, '+' का अर्थ है घटा तथा '×' का अर्थ है जमा, तो 20–5+6+4×6 का मान है–
(a) 26 (b) 35
(c) 16 (d) 32

144. यदि '+' का अर्थ है भाग, '–' का अर्थ है गुणा, '×' का अर्थ है घटाना तथा '+' का अर्थ है जमा, तो
$(120 + 6 \times 10) - 10 + 5$ का मान है–
(a) 125 (b) 135
(c) 75 (d) 105

निर्देश (प्रश्न संख्या 145 से 146) : निम्नलिखित में एक शब्द के साथ चार और शब्द दिए गए हैं। दिए गए शब्द के वर्णों के प्रयोग से उनमें से कौन-सा एक शब्द नहीं बनाया जा सकता?

145. PERPENDICULARITY
(a) REPAINT (b) TYPIER
(c) DICTIONARY (d) TYPICAL

146. NATURALIZATION
(a) TURN (b) NATION
(c) NATURAL (d) RURAL

147. यदि P का अर्थ '÷', है, Q का अर्थ 'x', है, R का अर्थ '+' है, और S का अर्थ '–', है, तो निम्नलिखित प्रश्न का मान ज्ञात
18Q12P4R5S6=?
(a) 53 (b) 54
(c) 57 (d) 95

148. इस प्रश्न में एक शृंखला दी गई है, जिसमें एक पद लुप्त है। दिए गए विकल्पों में से वह सही विकल्प चुनिये जो अनुक्रम को पूरा करें–
JAZ, LEX, NIV, PMT, ?
(a) QUR (b) RQR
(c) SUR (d) RUS

149. इस प्रश्न में एक शृंखला दी गई हैं जिसमें एक पद लुप्त है दिए गए विकल्पों में से वह सही विकल्प चुनिये जो अनुक्रम को पूरा करें–
19, 28, 39, 52, ?, 84
(a) 39 (b) 52
(c) 67 (d) 84

150. A, B से लम्बा है। C A से लम्बा है। D,E से लम्बा है लेकिन B से छोटा है। तदनुसार, उनमें सबसे लम्बा कौन है?
(a) C (b) A
(c) D (d) B

SOLUTION: PRACTICE SET-6

ANSWER

1. (b)	2. (d)	3. (d)	4. (b)	5. (b)	6. (a)	7. (d)	8. (d)	9. (b)	10. (c)
11. (b)	12. (d)	13. (c)	14. (d)	15. (c)	16. (c)	17. (c)	18. (d)	19. (c)	20. (d)
21. (c)	22. (d)	23. (d)	24. (b)	25. (a)	26. (d)	27. (b)	28. (b)	29. (b)	30. (d)
31. (b)	32. (b)	33. (c)	34. (d)	35. (b)	36. (b)	37. (b)	38. (c)	39. (a)	40. (b)
41. (c)	42. (a)	43. (c)	44. (c)	45. (a)	46. (a)	47. (b)	48. (d)	49. (c)	50. (d)
51. (c)	52. (a)	53. (d)	54. (d)	55. (b)	56. (c)	57. (d)	58. (d)	59. (c)	60. (d)
61. (b)	62. (d)	63. (b)	64. (d)	65. (d)	66. (a)	67. (d)	68. (b)	69. (d)	70. (a)
71. (d)	72. (a)	73. (b)	74. (b)	75. (c)	76. (b)	77. (a)	78. (b)	79. (a)	80. (c)
81. (a)	82. (a)	83. (b)	84. (b)	85. (a)	86. (b)	87. (c)	88. (b)	89. (c)	90. (c)
91. (b)	92. (d)	93. (a)	94. (b)	95. (c)	96. (a)	97. (d)	98. (c)	99. (a)	100. (a)
101. (a)	102. (b)	103. (d)	104. (c)	105. (c)	106. (c)	107. (a)	108. (a)	109. (d)	110. (a)
111. (c)	112. (c)	113. (c)	114. (d)	115. (b)	116. (b)	117. (b)	118. (b)	119. (b)	120. (a)
121. (d)	122. (c)	123. (d)	124. (a)	125. (d)	126. (a)	127. (a)	128. (b)	129. (a)	130. (a)
131. (a)	132. (c)	133. (c)	134. (a)	135. (b)	136. (d)	137. (a)	138. (a)	139. (c)	140. (d)
141. (b)	142. (b)	143. (a)	144. (d)	145. (c)	146. (d)	147. (a)	148. (b)	149. (c)	150. (a)

SOLUTION

1. (b)
भारत के संविधान में राष्ट्रपति, भारत के मुख्य न्यायाधीश तथा भारत के उपराष्ट्रपति को पद से हटाने के लिए अभियोग चलाने का प्रावधान है जबकि किसी राज्य का राज्यपाल राष्ट्रपति के प्रसाद पर्यन्त पद ग्रहण करता है।
अनुच्छेद-156(2) के अन्तर्गत राज्यपाल, राष्ट्रपति को संबोधित अपने हस्ताक्षर सहित लेख द्वारा अपना पद त्याग सकते है। भारतीय संविधान में राज्यपाल को उसके पद से हटाने के लिए किसी भी प्रक्रिया का उल्लेख नहीं किया गया है।

2. (d)
कम्प्यूटर में डाटा बाईनरी के रूप में भण्डारित होता है। बाईनरी संख्या 0 तथा 1 से मिलकर बनी होती है। बाईनरी संख्या को द्विआधारी संख्या भी कहा जाता है।

3. (d)
संविधान के अनुच्छेद 18 (1) के अन्तर्गत भारत सरकार ने भारत रत्न तथा पद्मश्री सम्मान को प्रारंभ किया है। अनुच्छेद 18 (1) के अनुसार राज्य सेना तथा विद्या संबंधी सम्मान का प्रावधान कर सकती है।
अनुच्छेद-15 धर्म, मूलवंश, जाति, लिंग या जन्म स्थान के आधार पर भेदभाव का प्रतिषेध करती है।
अनुच्छेद-16 लोक नियोजन में अवसर की समानता का प्रावधान करती है।
अनुच्छेद-17 अस्पृश्यता के अन्त का प्रावधान करती है।

4. (b) भारत में कृषि आयकर राज्य सूची का विषय है अतः कृषि पर कर लगाने का अधिकार राज्य सरकार के पास है।

5. (b)
कुल चालू परिसंपत्तियों और चालू देयताओं का अनुपात चालू अनुपात (Current Ratio) कहा जाता है। इसे द्रवता अनुपात भी कहा जाता है। यह कंपनी की तरलता का माप है और अल्पकालीन देयताओं को चुकाने की सामर्थ्य का द्योतक है।

6. (a)
भारतीय संविधान के अन्तर्गत लोक चुनाव में वोट डालना मौलिक कर्त्तव्य नहीं है जबकि वैज्ञानिक कागज विकसित करना, लोक सम्पत्ति की सुरक्षा करना तथा संविधान को मानना और इसके आदर्शों की कद्र करना मौलिक कर्त्तव्य है।
भारतीय संविधान में मौलिक कर्तव्य को भाग-4(क) में अनु.-51(क) के अन्तर्गत रखा गया है। इसे स्वर्ण सिंह समिति की अनुशंसा पर संविधान के 42वें संशोधन (1976 ई.) के द्वारा मौलिक कर्तव्यों को संविधान में जोड़ा गया। वर्तमान में मौलिक कर्तव्यों की संख्या 11 है।

7. (d)
हरित क्रांति खाद्यान्न से, श्वेत क्रांति दुग्ध उत्पादन से, स्वर्ण क्रांन्ति बागवानी से तथा पीली क्रांति तिलहनों के उत्पादन से संबंधित है।

8. (d)
ग्लूकोज ($C_6H_{12}O_6$) सबसे सरल हाइड्रोकार्बन है जिस कारण यह तुरन्त शक्ति प्रदान करता है। ग्लूकोज स्वाद में मीठा होता है तथा सजीवों की कोशिका के लिए ऊर्जा का प्रमुख स्रोत है।

9. (b)
अगस्त 2018 में उत्तर प्रदेश सरकार ने 9 जिलों में MSME सपोर्ट उपलब्ध कराने एवं ई-कामर्स से बहुप्रतिक्षित 'वन डिस्ट्रिक्ट- वन प्रोडक्ट' को जोड़ने हेतु वैश्विक ई-कामर्स कंपनी अमेजन से समझौता किया है।

10. (c)
हिमाचल प्रदेश का किन्नौर जिला अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर स्थित है। इस जिले की सीमा तिब्बत (चीन) के साथ लगती है।

11. (b)
मोनोजाइट थोरियम का प्रमुख अयस्क है। यह केरल के मालाबार के समुद्र तटीय मोनोजाइट रेत में सर्वाधिक मात्रा में पाया जाता है। विश्व का 75% थोरियम दक्षिण भारत में पाया जाता है।

12. (d)
मराठा साम्राज्य के संस्थापक शिवाजी थे जिनकी मुगलों से प्रथम मुठभेड़ 1657 ई. में हुआ था। उस समय दक्षिण का वायसराय औरंगजेब था। शिवाजी ने दक्षिण-पश्चिमी भाग पर आक्रमण के साथ पुन्नार पर हमला करके तीन लाख हूण लूट लिये। यह अभियान मुगलों से संधि तक चलता रहा।

13. (c)
स्विस ब्रोकरेज फर्म UBS (यूबीएस) सिक्योरिटीज ने उम्मीद से ज्यादा तेजी से उपभोक्ताओं का भरोसा बढ़ने और खर्च में बढ़ोत्तरी का हवाला देते हुए सितंबर में चालू वित्त वर्ष 2021-22 के लिए भारत के विकास अनुमान को संशोधित करके 8.9 फीसदी से 9.5 फीसदी कर दिया तथा यू.वी.एस सिक्योरिटीज के अनुसार वित्तीय वर्ष 2023 में अर्थव्यवस्था की रफ्तार 7.7 फीसदी रह सकती है।

14. (d)
सहकारी समिति के गठन के लिए न्यूनतम 10 सदस्यों की आवश्यकता होती है। सहकारी समिति लोगों का ऐसा संघ है जो अपने पारस्परिक लाभ (सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक) के लिए स्वेच्छापूर्वक सहयोग करते है।

15. (c)
पश्चिमी घाट पठारों का ढलान है जो गुजरात और महाराष्ट्र की सीमा से शुरू होकर गोवा, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु से होते हुए कन्याकुमारी में समाप्त हो जाती है। यह उत्तर से दक्षिण तक 1600 किमी. लंबी है।

16. (c)
अपने स्वयं के प्रयोग के लिए मालिक द्वारा लिए गए वस्तुओं के मूल्य को खरीद खाते में क्रेडिट किया जाता है।

17. (c)
शेरशाह सूरी के शासनकाल में भारत का पहला मुद्रा रुपया जारी किया गया था जो आज के रुपया का अग्रदूत है। रुपया के अलावा तीन धातुओं की सिक्का प्रणाली तथा ग्रैंड ट्रंक रोड का निर्माण भी शेरशाह सूरी के शासनकाल में किया गया था।

18. (d)
शहद का प्रमुख घटक फ्रक्टोज (फलों का शर्करा) 41%, ग्लूकोज 34%, जल 18% तथा शेष अन्य पदार्थ होते हैं। फ्रक्टोज सबसे मीठी शर्करा होती है।

19. (c)
सरकार के उन व्यय को राजस्व व्यय के अन्तर्गत रखा जाता है जिससे सरकार की न तो उत्पादन क्षमता का विस्तार होता है और न ही भविष्य के लिए अतिरिक्त आय सृजित होती है। अर्थात् राजस्व व्यय की प्रकृति गैर विकासात्मक होती है। जैसे मशीनों की मरम्मत, सरकारी सब्सिडी, राज्य सरकारों को अनुदान तथा सरकारी विभागों पर होने वाला व्यय इत्यादि।

20. (d)
डायमंड, ग्रेफाइट तथा कोयला तीनों कार्बन के अपररूप हैं।

21. (c)
उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले के हरदुआगंज नामक स्थान पर 660 MW का सोलर ऊर्जा संयंत्र प्रारम्भ किया गया है। इस संयंत्र के निर्माण का कार्य जापानी कंपनी तोशीबा (Toshiba) ने किया है।

22. (d)
उत्तरी सूडान के सेना प्रमुख जनरल 'अब्देलफतह अल-बुरहानी' ने देश में आपातकाल का ऐलान करके सरकार सेना और नागरिक प्रतिनिधियों को मिला कर बनाई गई संप्रभु परिषद (Sovereign council) को भंग कर कर दिया।

23. (d)
हरियाणा में मनोहर लाल खट्टर के नेतृत्व वाली सरकार ने 12वीं कक्षा तक के सभी छात्रों के लिए मुफ्त शिक्षा देने की घोषणा की है। इसी के साथ सरकारी स्कूलों में आईटी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए डिजिटल क्लास रूम के लिए 700 करोड़ रुपये की योजना तैयार की है।

24. (b)
अंतर्राष्ट्रीय अपराधिक पुलिस संगठन (इंटरपोल) के अध्यक्ष मेंग होंगवेई चीन यात्रा के दौरान लापता हो गये। इंटरपोल के महासचिव जुटगेन स्टॉक ने अधिकारिक रूप से कानून व्यवस्थापक संस्थाओं के माध्यम से चीन प्रशासन से इस संबंध में जानकारी माँगी है।

25. (a) :
चीन द्वारा शिजियान-21 नाम का उपग्रह लॉन्च किया गया। इसे चीन के सिचुआन प्रांत (Sichuan province) के शीचांग उपग्रह प्रक्षेपण केन्द्र (Xichang stellite Launch Center) से लॉन्च किया गया। इस उपग्रह का उपयोग मुख्य रूप से अंतरिक्ष मलवे को कम करने वाली प्रौद्योगिकियों का परीक्षण और सत्यापन के लिए किया जाएगा।

26. (d)
एडा (Ada) लैंग्वेज पैस्कल से प्राप्त सिस्टम प्रोग्रामिंग लैंग्वेज है तथा रक्षा एप्लिकेशन के लिए भी अभीष्ट है।

27. (b)
विटामिन-सी का सर्वोत्तम स्रोत आँवला है। आँवला में विटामिन C की मात्रा 600-700 mg प्रति 100 ग्राम तक पाया जाता है।

28. (b)
अन्तर्राष्ट्रीय विकलांग दिवस 3 दिसम्बर को मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने 3 दिसंबर 1991 से प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय विकलांग दिवस मनाने की स्वीकृति प्रदान की थी। यह दिवस शारीरिक रूप से अक्षम लोगों को देश की मुख्य धारा में लाने के लिए मनाया जाता है।

29. (b)
एनालॉग कम्प्यूटर एनालॉग आउटपुट को डिजिटल फार्म में परिवर्तित करने का कार्य करता है।

30. (d)
बंगाल में स्थायी उपनिवेश (स्थायी बन्दोबस्त) की शुरूआत लॉर्ड कॉर्नवालिस (1786-1793) ने की थी। जिसमें जमींदारों को भू-राजस्व का 8/9 भाग ईस्ट इण्डिया कंपनी को तथा 1/9 भाग अपनी सेवाओं के लिए अपने पास रखना था। कार्नवालिस को भारत में नागरिक सेवा का जनक माना जाता है।

31. (b)
बी. सी. जी. (Bacillus Calmette Guerin) का टीका ट्यूबरकुलेसिस (T.B.) के विरुद्ध रोग प्रतिरोधक शक्ति प्रदान करता है।

32. (b)
महात्मा गांधी के राजनीतिक गुरु गोपाल कृष्ण गोखले थे। गोपाल कृष्ण गोखले मोहम्मद अली जिन्ना के भी राजनीतिक गुरु थे।

33. (c)
भारत और श्रीलंका को अलग करने वाली जलराशि पाक जलसंधि है तथा 10 डिग्री चैनल छोटा अण्डमान तथा निकोबार को अलग करती है।

34. (d)
वास्को डि गामा 1498 में कालीकट के तट पर उतरा था। वास्को डि गामा समुद्री मार्ग द्वारा भारत आने वाला तथा उत्तमाशा अंतरीप के पार पहुँचने वाला पहला यूरोपियन नाविक था।

35. (b)
उत्तर प्रदेश की थारु जनजाति दीपावली को शोक के रूप में मनाती है। थारु जनजाति मुख्य रूप से उत्तरांचल और नेपाल के दक्षिण भाग में हिमालय के तराई क्षेत्र में पाई जाती है।

36. (b)
भारतीय संविधान के अनुच्छेद 243 में पंचायती राज प्रणाली की व्याख्या करता है। अनुच्छेद 51(क) में मूल कर्त्तव्य तथा अनुसूची 9 में भूमि सुधार का उल्लेख है।

37. (b)
ऑक्सीजन रंगहीन, स्वादहीन तथा गंधहीन गैस है। इसकी खोज के अध्ययन में जे. प्रीस्टले तथा सी. डब्ल्यू शीले ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वास्तव में ऑक्सीजन तत्व की खोज सन् 1772 में कार्ल शीले नामक वैज्ञानिक ने पोटैशियम नाइट्रेट को गर्म करके प्राप्त किया था।

38. (c) : 67वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह का आयोजन विज्ञान भवन में आयोजित किया गया। सुपरस्टार रजनीकांत को 51वें दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया तथा मनोज बाजपेयी, कंगना रनौत और धनुष को बेहतरीन अभिनय के लिए सम्मानित किया गया। फिल्म छिछोरे को सर्वश्रेष्ठ हिन्दी फिल्म का पुरस्कार मिला।

39. (a)
'परोक्ष' का विलोम 'प्रत्यक्ष'। 'स्थूल' का विलोम 'सूक्ष्म'। अपरोक्ष शब्द प्रत्यक्ष का समानार्थी शब्द है।

40. (b)
'उत्कृष्ट' का विलोम 'निकृष्ट' होगा। तथा 'विकराल' का विलोम 'अविकराल'।

41. (c)
'पानी पीकर जात पूछना' मुहावरे का अर्थ – 'काम निकलने के बाद सोचना' होता है।

42. (a)
वाक्यों का वर्गीकरण मुख्यतः दो प्रकार से होता है।
(क) अर्थ के आधार पर (ख) रचना के आधार पर
(क) <u>अर्थ के अधार पर वाक्यों का वर्गीकरण</u>- अर्थ के अनुसार वाक्य आठ प्रकार के होते हैं– (1) विधानवाचक, (2) निषेधवाचक, (3) आज्ञावाचक, (4) प्रश्नवाचक (5) इच्छावाचक (6) संदेहवाचक (7) विस्मयवाचक (8) संकेतवाचक।
(ख) <u>रचना के आधार पर वाक्यों का वर्गीकरण</u>- रचना की दृष्टि से वाक्य तीन प्रकार के होते हैं– (1) सरल वाक्य, (2) संयुक्त वाक्य, (3) मिश्रित वाक्य।

43. (c)
'पावन' का संधि विच्छेद- पौ + अन होगा। यह अयादि स्वर संधि है। इसके नियमानुसार ए, ऐ, ओ और औ के बाद जब कोई भिन्न स्वर आता है, तब 'ए' के स्थान पर 'अय्', 'ओ' के स्थान पर 'अव्', 'ऐ' के स्थान पर आय् तथा औ के स्थान पर आव् हो जाता है।

44. (c)
हिन्दी वर्तनी का महत्वपूर्ण नियम- 'सा', 'जैसा' आदि सारुप्य वाचकों के पूर्व हाइफन (- योजक चिन्ह) का प्रयोग किया जाना चाहिए; जैसे- तुम-सा, राम-जैसा। अतः विकल्प (c) बड़ा-सा, शुद्ध शब्द है।

45. (a)
जिस क्रिया के व्यापार का फल कर्त्ता पर पड़ता है तथा कर्म साथ में नहीं होता उसे अकर्मक क्रिया कहते है। अतः 'पानी बरस रहा है' में अकर्मक क्रिया है।

46. (a)
बोलने वाले वक्ता को 'उत्तम पुरुष' कहा जाता है। जैसे- मैं, हम परन्तु सर्वनाम में कारकों की विभक्तियाँ लगाने से इसके रूप में विकृति आ जाती है। जैसे- मैं- मुझे, मेरा, मुझसे, मुझको आदि। अतः 'मुझे' उत्तम पुरुष का सर्वनाम है।

47. (b)
अर्थ के आधार पर शब्द चार प्रकार के होते हैं-
(1) एकार्थी शब्द (2) अनेकार्थी शब्द (3) समानार्थी/पर्यायवाची शब्द (4) विपरीतार्थी/ विलोम शब्द

48. (d)
जो शब्द विदेशी भाषाओं से ज्यों के त्यों अथवा परिवर्तित रूप में हिन्दी में प्रयोग किये जाते है 'विदेशज शब्द' कहलाते हैं। जैसे- लालटेन, बोतल, तारपीन, आदमी, तोप, अमीर, टिन नोटिस इत्यादि।

49. (c)
यशोदा = यशः + दा, विसर्ग संधि है। इसमें यदि विसर्ग के पहले अ हो और वर्ग के प्रथम तथा द्वितीय वर्ण को छोड़कर अन्य कोई वर्ण अथवा य, र, ल, व, ह हो तो अ और विसर्ग मिलकर 'ओ' हो जाता है।

50. (d)
संज्ञा के जिस रूप से क्रिया के आधार का बोध होता है वह अधिकरण कारक कहलाता है। इसे में, पर, भीतर, चिन्हो द्वारा प्रकट करते हैं। जैसे-
- कुर्सी पर मास्टर जी बैठे हैं।
- मै पाँच मिनट में आ रहा हूँ।

51. (c)
बहुव्रीही समास- इस समास में कोई भी शब्द प्रधान नहीं होता, दोनों शब्द मिलकर एक नया अर्थ प्रकट करते हैं। जैसे- चतुर्भुज- चार है भुजाएँ जिसकी अर्थात विष्णु
जलज- जल में उत्पन्न होने वाला अर्थात कमल।

52. (a)
संस्कृत के ऐसे शब्द जिसे हम ज्यों का त्यों प्रयोग में लाते हैं, तत्सम शब्द कहलाते हैं। जैसे- तिलक, अग्नि, सूर्य, माता, पिता इत्यादि।

53. (d)
'अण्डे का शहजादा' लोकोक्ति का सही अर्थ '**अनुभवहीन व्यक्ति**' होता है।

54. (d)
जो तत्काल सोचकर उत्तर दे सके उसे '**प्रत्युत्पन्नमति**' कहते हैं।

55. (b) राजस्थानी बोलियों का प्रथम वर्णनात्मक दर्शक (1987-1988) में 'सर जार्ज अब्राहम ग्रियर्सन' ने अपने आधुनिक भारतीय भाषा विषयक विश्व कोष Linguistic Survay of India के दो खण्ड़ो में प्रकाशित किया था। यहाँ के भाषा के लिए राजस्थानी शब्द का प्रयोग भी पहली बार किया। उन्होंने राजस्थानी भाषा की चार उपशाखाएं बताई हैं जो इस प्रकार हैं-
पश्चिमी राजस्थान- मारवाडी, मेवाडी, बागड़ी, शेखावटी
पूर्वी राजस्थान- ढूंढाड़ी, हाड़ौती (जयपुरी)
उत्तरी राजस्थान- मेवाती, अहिरवाटी
दक्षिणी राजस्थान- मालवी, निमाड़ी

56. (c)
'मंगलसूत्र' प्रेमचन्द का अधूरा उपन्यास है। इनके अन्य उपन्यास हैं- सेवासदन, प्रेमाश्रय, रंगभूमि, कायाकल्प, निर्मला, गबन, कर्मभूमि, गोदान आदि।

57. (d) प्रश्नवाचक चिन्ह (?) का प्रयोग प्रश्नावाचक वाक्यों के साथ-साथ संदेह प्रकट करने वाले वाक्यों के अंत में भी किया जाता है। जैसे- आप शायद पटना के रहने वाले हैं? तुम कहाँ जा रहे हो?

58. (d) जिन ध्वनियों के उच्चारण में स्वरतंत्रियों में कम्पन उत्पन्न नहीं होता उन्हें अघोष वर्ण कहते हैं। जैसे- स, क, ख,च, छ, ट, ठ, त, थ, प, फ, श, ष, इत्यादि। (हर वर्ग का पहला और दूसरा व्यंजन + श, ष, स)

59. (c)
'एक ही समय में वर्तमान' को 'समसामयिक' कहते हैं।

60. (d)
जिसका सम्बन्ध पृथ्वी से है, वह पार्थिव कहलाता है।

61. (b)
'उद्धत' का विलोम '**विनीत**' है जबकि उत्तम, अधम का तथा कोमल, कठोर का विलोम शब्द है।

62. (d)
'घर' शब्द का पर्यायवाची शब्द '**गेह**' है। इसके अन्य पर्यायवाची शब्द- घर, सदन, भवन, मन्दिर, धाम, निकेतन, आगार, आलय, निलय, गेह, शाला, ओक, मकान आदि है।

63. (b)
'शोषक' शब्द का विपरीतार्थक शब्द '**पोषक**' होता है।

64. (d)
वे शब्दांश जो मूल शब्द के अन्त में जुडकर एक नया अर्थ पूर्ण शब्द बना देते हैं प्रत्यय कहलाते हैं। जैसे- कह शब्द में आवत प्रत्यय जोड़कर 'कहावत' तथा 'मह' शब्द में आवत प्रत्यय जोड़कर 'महावत' अर्थपूर्ण शब्द बनता है।

65. (d)
'वह खा रहा था' वाक्य में "**खा रहा था**" में सामान्य भूत काल है क्योंकि इस वाक्य में कार्य होता हुआ समाप्त हो रहा है।
1. सामान्य भूत–भूतकाल की क्रिया के विशेष समय का ज्ञान नहीं होता है। जैसे–राम आया।
2. संदिग्ध भूत–इसमें यह संदेह बना रहता है कि भूतकाल में कार्यपूरा हुआ था या नहीं। जैसे–आपने सिनेमा देखा होगा।
3. पूर्ण भूत–इसमें क्रिया की समाप्ति का स्पष्ट बोध होता है। जैसे–मोहन विद्यालय जा चुका था।
4. अपूर्ण भूत–इसमें क्रिया भूतकाल में हो रही थी, किन्तु उसकी समाप्ति का पता नहीं चलता है। जैसे–मोहन किताब पढ़ रहा था।

66. (a)
'पुस्तकें धड़ाधड़ बिक रही हैं में '**धड़ाधड़**' शब्द क्रिया-विशेषण है। जो शब्द किसी क्रिया की विशेषता बताते हैं, उन्हें क्रिया-विशेषण कहते हैं। यहाँ 'धड़ाधड़' शब्द 'बिकना' क्रिया की विशेषता बता रहा है।

67. (d)
'राम ने कहा कि मैं घर जाऊँगा' में '**घर जाऊँगा**' में क्रिया उपवाक्य निदर्शित है।

68. (b)
इलाहाबाद में बोली जाने वाली बोली अवधी है। यह भाषा विशेष रूप से मध्य काल में प्रचलन में थी। इसकी प्रथम कृति मुल्ला दाउद द्वारा 1370 ई. में रचित **चंदायन** है। इसे लोहरका के नाम से भी जाना जाता है। इस रचना के बाद उत्तरोत्तर अवधी साहित्य का विकास हुआ।
1. अवधी भाषा का प्रयोग क्षेत्र–अयोध्या, लखनऊ, इलाहाबाद, रायबरेली, सीतापुर, फैजाबाद, गोंडा, प्रतापगढ़ इत्यादि।
2. ब्रजभाषा का प्रयोग क्षेत्र–मथुरा, आगरा, अलीगढ़, मैनपुरी, धौलपुरी इत्यादि।
3. खड़ी बोली का प्रयोग क्षेत्र–मेरठ, बिजनौर, रामपुर, मुरादाबाद, सहारनपुर, देहरादून, अम्बाला इत्यादि।
4. भोजपुरी का प्रयोग क्षेत्र–भोजपुर, बनारस, जौनपुर, मिर्जापुर, गाजीपुर, बलिया, गोरखपुर, देवरिया, बस्ती, आजमगढ़ इत्यादि।

69. (d)
'ऐ' का उच्चारण स्थान कंठतालव्य है। अ, आ का उच्चारण स्थान कंठ है। उ, ऊ का उच्चारण स्थान ओष्ठ है।
तालव्य वर्ण–च, छ, ज, झ, ञ य, श, इ, ई।
दन्त्य वर्ण–त, थ, द, ध, न स।
कंठतालव्य वर्ण–ए, ऐ।
ओष्ठ वर्ण–प, फ, ब, भ, म, उ, ऊ
कण्ठोष्ठ्म वर्ण–ओ, औ, ऑ।

70. (a)
उड्डयन का सन्धि विच्छेद **उत् + डयन** होगा। यह व्यंजन संधि का उदाहरण है जब त् या द् के बाद ड या ढ हो तो त् या द् के स्थान पर ड् हो जाता है।

71. (d)
चूरन शब्द तद्भव शब्द है। इसका तत्सम शब्द चूर्ण होगा।
तत्सम-वे शब्द जो संस्कृत से सीधे हिन्दी में प्रयुक्त होते हैं तत्सम शब्द कहलाते हैं।
तद्भव-वे शब्द जो संस्कृत से उत्पन्न होकर हिन्दी में प्रयोग किए जाते हैं तद्भव शब्द कहलाते हैं।

72. (a)
"चौकड़ी भूल जाना" मुहावरे का अर्थ है–**राह न सूझना**।
जबकि **'ढाढ़स बधाना'** मुहावरे का अर्थ है, साहस देना।

73. (b)
वैमनस्य का विलोम शब्द सौमनस्य होगा। शेष सभी विकल्प असंगत हैं।

74. (b)
"जो कवि लोकप्रिय होता है, उसका सम्मान सभी करते हैं।" सम्प्रति वाक्य का सरल वाक्य होगा– लोकप्रिय कवि का सम्मान सभी करते हैं। ध्यातव्य है कि एक ही उद्देश्य और एक ही विधेय वाले वाक्य को सरल वाक्य कहते हैं।

75. (c)
सरासर में अव्ययीभाव समास है। अव्ययीभाव समास की विशेषता यह है कि इसमें पहला पद प्रधान होता है और सामसिक पद या समास पद अव्यय होता है।

76. (b)
तीन व्यक्तियों के वर्तमान आयु का अनुपात 4 : 7 : 9
अतः पहले व्यक्ति का आयु = 4x
∴ दूसरे व्यक्ति का आयु = 7x
∵ तीसरे व्यक्ति का आयु = 9x
आठ वर्ष पूर्व,
$\Rightarrow (4x-8)+(7x-8)+(9x-8)=56$
$\Rightarrow 20x-24=56 \Rightarrow 20x=24+56=80$
$\Rightarrow x=\frac{80}{20}=4$
∴ पहले व्यक्ति की वर्तमान आयु = 4x = 4×4 = 16 वर्ष
दूसरे व्यक्ति की वर्तमान आयु = 7x = 7×4 = 28 वर्ष
तीसरे व्यक्ति की वर्तमान आयु = 9x = 9×4 = 36 वर्ष

77. (a)
माना नदी की चाल = u kmph
∴ नाव की चाल = v kmph
∵ नदी में नीचे की ओर नाव की चाल = (u + v)
∴ नदी में ऊपर की ओर नाव की चाल = (v – u)
माना नाव द्वारा चली गई दूरी = x km.
प्रश्नानुसार,
$\Rightarrow 3\times\frac{x}{v+u}=\frac{x}{v-u}\Rightarrow v+u=3v-3u$
$\Rightarrow u+3u=3v-v \Rightarrow 4u=2v$
$\Rightarrow u=\frac{2v}{4}=\frac{v}{2}$
अतः v = 24 kmph तो $u=\frac{24}{2}=12$ kmph

78. (b)
$\text{औसत} = \frac{\text{पदो का योग}}{\text{पदो की संख्या}}$
पदो का योग = औसत × पदो की संख्या
P+Q = 5050 × 2 = 10100 ----------(i)
Q+R = 6250 × 2 = 12500 ----------(ii)
R+P = 5200 × 2 = 10400 ----------(iii)
समी. (i), (ii) और (iii) को जोड़ने पर
⇒ 2 (P+Q+R) = 33000
⇒ (P+Q+R) = 16500 ----------(iv)
समी. (iv) में समी (ii) घटाने पर
⇒ (P+Q+R) – (Q+R) = 16500 – 12500 = ₹ 4000
P की मासिक आय = 4000 रु.

79. (a)
चक्र की परिधि = π × व्यास
$=\frac{22}{7}\times 21 = 66$ सेमी. $= 66\times 10^{-2}$ मी.
अतः चक्रों की संख्या $=\frac{\text{तय की गयी दूरी}}{\text{चक्र की परिधि}}$
अतः चक्रों की संख्या $=\frac{396 \text{ मी.}}{66\times 10^{-2}\text{ मी.}} = 6\times 10^2$
∴ चक्र की संख्या = 600

80. (c)


पाइथागोरस प्रमेय से,
कर्ण^2 = आधार^2 + लम्ब^2
$\Rightarrow (10)^2=(x)^2+(x)^2$
$\Rightarrow 100=2x^2 \Rightarrow x^2=50$
वर्ग का क्षेत्रफल = भुजा^{2} = x^2 = 50 सेमी.^{2}

81. (a)

यदि $x = 5$ और $y = 7$

तो $\dfrac{x^2-14x+49}{25-10y+y^2}$

$=\dfrac{(x-7)^2}{(y-5)^2}=\dfrac{(5-7)^2}{(7-5)^2}=1$

82. (a)

माना कुल वेतन = 100

शिक्षा पर खर्च $=\dfrac{1}{5}\times 100 = 20\%$

घर पर खर्च = 20%

अन्य फुटकर खर्च = 10%

शेष बचा भाग =100% – (20%+20%+10%)

= 50% = 1/2 भाग

83. (b)

माना पहली संख्या = x

दूसरी संख्या = y

प्रश्नानुसार,

$x + y = 24 \Rightarrow x = (24-y)$

सूत्र- पहली संख्या × दूसरी संख्या = ल.स. × म.स.

$\Rightarrow x \times y = 70\times 2 \Rightarrow (24-y)\times y = 140$

$\Rightarrow 24y - y^2 = 140 \Rightarrow y^2 - 24y + 140 = 0$

$\Rightarrow y^2 - 14y - 10y + 140 = 0$

$\Rightarrow (y-14)(y-10) = 0$

$y = 14, 10$

अतः छोटी संख्या = 10

84. (b)

माना पहली संख्या = x

∴ दूसरी संख्या = y

प्रश्नानुसार

$\Rightarrow x \times \dfrac{40}{100} = y \times \dfrac{2}{3} \Rightarrow x \times \dfrac{2}{5} = y \times \dfrac{2}{3}$

$\Rightarrow \dfrac{x}{y} = \dfrac{2}{3}\times\dfrac{5}{2} = \dfrac{5}{3}$

85. (a)

M.Sc., B.Sc. तथा B.A. की सीटों का अनुपात

= 5 : 7 : 8

M.Sc. में 40%, B.Sc. में 50% तथा B.A. में 75% सीटों में वृद्धि के बाद अनुपात

$=5\times\dfrac{140}{100}:7\times\dfrac{150}{100}:8\times\dfrac{175}{100}$

= 700 : 1050 : 1400 (वृद्धि के बाद अनुपात)

= 2 : 3 : 4

86. (b)

मिश्रण में पानी की मात्रा $= 20\times\dfrac{20}{100} = 4$ लीटर

∴ दूध की मात्रा = 20 – 4 = 16 लीटर

अतः 5 लीटर पानी में मिश्रण मिलाने के बाद

दूध का प्रतिशत $=\dfrac{16}{(20+5)}\times 100 = 64\%$

87. (c)

मिश्रण में पेन्ट और पानी की मात्रा 4x तथा 3x ली. है

यदि 5 लीटर पानी जोड़ दिया जाए तो-

$\Rightarrow \dfrac{4x}{3x+5}=\dfrac{4}{5}$

$\Rightarrow 20x = 12x + 20 \Rightarrow 20x - 12x = 20$

$\Rightarrow 8x = 20$

$x = \dfrac{20}{8}$

अतः पेन्ट की मात्रा $= 4x = 4\times\dfrac{20}{8} = 10$ लीटर

88. (b)



$AC = \sqrt{(5)^2-(4)^2}$

$=\sqrt{25-16}$

$=\sqrt{9}$

AC = 3

आयत का क्षे. = ल. × चौ.

$= 4 \times 3 = 12\ cm^2$

89. (c)

निवल (नेट) कीमत $=50\times\left(\dfrac{100-15}{100}\right)\left(\dfrac{100-20}{100}\right)$

$=50\times\dfrac{85}{100}\times\dfrac{80}{100}=34$

90. (c)

$M_1 = 36$ आदमी

$H_1 = 25$ घंटे

$M_2 = 15$ आदमी

$H_2 = ?$

सूत्रः- $M_1 H_1 = M_2 H_2$

$\Rightarrow 36 \times 25 = 15 \times H_2$

$\Rightarrow H_2 = \dfrac{36\times 25}{15} = 60$ घंटे

91. (b)

$M_1 = 16$ आदमी

$H_1 = 7$ घंटे

$D_1 = 48$ दिन

$M_2 = 14$ आदमी

$H_2 = 12$ घंटे

$D_2 = ?$

सूत्र- $M_1 H_1 D_1 = M_2 H_2 D_2$

$\Rightarrow 16 \times 7 \times 48 = 14 \times 12 \times D_2$

$\Rightarrow D_2 = \dfrac{16\times 7\times 48}{14\times 12} = 32$ दिन

92. (d)

A, B और C के एक वर्ष के लाभ का अनुपात

लाभ = लगायी गयी पूँजी × समय

A द्वारा लगायी गयी पूँजी = x

B द्वारा लगायी गयी पूँजी = y

C द्वारा लगायी गयी पूँजी = z

अतः लाभ का अनुपात = 12x : 4y : 6z = 6 : 8 : 9

$12x = 6 \Rightarrow x = \frac{1}{2}$

$y = \frac{8}{4} \Rightarrow y = 2$

$z = \frac{9}{6} \Rightarrow z = \frac{3}{2}$

अतः उनके विनियोग का अनुपात $= \frac{1}{2} : 2 : \frac{3}{2} = 1 : 4 : 3$

93. (a) 5, 6, 4, 3 का ल.स.प. संख्या को पूर्णतः विभाजित करेगा।

अतः ल.स. = 2 × 2 × 3 × 5 = 60

60)2497(41

240

97

60

37

वह न्यूनतम संख्या (60 – 37) = 23 होगी, जिसको 2497 में जोड़ने पर 5, 6, 4 और 3 से पूर्णतः विभाजित हो जायेगी।

94. (b)

जब रेलगाड़ी किसी प्लेटफार्म को पार करती है, तब रेलगाड़ी द्वारा चली गई दूरी = रेलगाड़ी की लम्बाई + प्लेटफार्म की लम्बाई

= 500 + 221

= 721 मी.

रेलगाड़ी की चाल $= \frac{\text{दूरी}}{\text{समय}} = \frac{721}{35} = \frac{103}{5}$ मी./से.

अतः रेलगाड़ी की चाल $= \frac{103}{5} \times \frac{18}{5}$ किमी/घण्टा

$= \frac{1854}{25}$ किमी/घण्टा = 74.16 किमी/घंटा

95. (c)

शंकु की त्रिज्या (r) = 30 सेमी.



तिर्यक ऊँचाई $\ell = \sqrt{r^2 + h^2}$

$= \sqrt{(30)^2 + (40)^2} = \sqrt{900 + 1600} = \sqrt{2500}$

= 50 सेमी.

माना गोलक की त्रिज्या = R सेमी.

∵ गोलक का वक्र पृष्ठ = शंकु का वक्रपृष्ठ

$4\pi R^2 = \pi r \ell$

$4R^2 = 30 \times 50$

$R^2 = \frac{30 \times 50}{4}$

$R^2 = 15 \times 25$

$R = \sqrt{15 \times 25}$

$R = 5\sqrt{15}$ सेमी.

अतः गोलक की त्रिज्या $(R) = 5\sqrt{15}$ सेमी.

96. (a)



अतः इस समय शुरूआती स्थान से 3 किमी दूर है।

97. (d)

अभीष्ट डिग्री = मिनट और घण्टे के बीच की संख्या का अन्तर

$\times 30 - \left(\frac{\text{मिनट}}{2}\right)$

अभीष्ट डिग्री $= (4 - 2) \times 30^0 - \left(\frac{20^0}{2}\right)$

$= 2 \times 30^0 - 10^0 = 60^0 - 10 = 50^0$

98. (c)

अतः सिलेण्डर का आयतन = $\pi r^2 h$

∴ घनाभ का आयतन $= \frac{\pi r^2 h}{11}$

$= \frac{\frac{22}{7} \times 5^2 \times 700}{11} = 5000 \text{ cm}^3 = 50 \text{ m}^3$

99. (a)

2	2, 5, 6, 8, 9
2	1, 5, 3, 4, 9
2	1, 5, 3, 2, 9
3	1, 5, 3, 1, 9
3	1, 5, 1, 1, 3
5	1, 5, 1, 1, 1

अतः ल.स. = 2×2×2×3×3×5 = 360 सेकण्ड

$= \frac{360}{60} = 6$ मिनट

अतः 6 मिनट के अन्तराल पर घंटियाँ एक साथ बजेंगी।

1 घण्टे में वे एक साथ $\frac{60}{6}+1=11$ बार बजेंगी।

100.(a)

10 रुपये के शेयर में 9.50 के भाग से 4940 रुपये में खरीदे गये शेयरों की संख्या = 4940/9.50 = 520

अतः 520 शेयर का 10 रुपये की दर से

कुल मूल्य = 520×10 = 5200 रुपये

व्यक्ति को लाभ शेयर के मूल्य पर प्राप्त होगा, अतः 14% की दर से लाभ $= \frac{5200\times14}{100}$

= 728 रुपये वार्षिक

101.(a)

आयत का क्षेत्रफल = x×y = $20cm^2$

पाइथागोरस प्रमेय से,

$\Rightarrow AB^2 = AC^2 + BC^2$

$\Rightarrow 41 = x^2 + y^2$

$(x+y)^2 = x^2 + y^2 + 2xy$

$= 41 + 2\times20$

$= 81$

$x + y = 9$

$\therefore$ आयत की परिधि $= 2(x+y) = 2\times9$

$= 18$ cm

102.(b)

P द्वारा चलायी गयी कार = 7 घंटे

Q द्वारा चलायी गयी कार = 8 घंटे

R द्वारा चलायी गयी कार = 11 घंटे

अतः (7+8+11) = 520 ₹

26 घंटे चली कार का किराया = 520 ₹

1 घंटे चली कार का किराया $= \frac{520}{26} = 20$ ₹

अतः Q द्वारा चुकाया किराया = 8×20 = 160 ₹

103.(d)

जिस प्रकार अनाज का संग्रह "गोदाम" में किया जाता है उसी प्रकार जल का संग्रह "बांध" में किया जाता है।

104.(c)

जिस प्रकार,



उसी प्रकार,



अतः ? ⇒ NQST

105.(c)

जिस प्रकार

$(12)^2 = 144$

उसी प्रकार

$(20)^2 = 400$

अतः ? ⇒ 400

106.(c)

अन्य सभी समुद्र से सटे हुए स्थल है जबकि खाड़ी, सागर या महासागर के महत्वपूर्ण क्षेत्रफल वाले जलाशय को खाड़ी कहा जाता है।

107.(a)

फेडरेशन इंटरनेशनल डी फुटबाल ऐसाशिएशन (फीफा) रैंकिंग 2021 में भारत का स्थान 106वां है तथा फ्रांस शीर्ष स्थान पर है और दूसरे स्थान पर बेल्जियम है।

37. (d)
जर्मन स्पोर्ट्स वियर ब्रांड एडिडास ब्रांड ने भारतीय अभिनेत्री दीपिका पादुकोण को ग्लोब ब्रांड एंबेसडर बनाया है।

38. (c)
भारत निर्वाचन आयोग (Electrial Commission of India–ECI) ने सभी मतदान केन्द्रों की डिजिटल मैपिंग के लिए गरुड़ (Garuda) ऐप लॉन्च किया है, ताकि चुनाव कार्य तेजी, स्मार्ट, पारदर्शी और समय पर पूरा हो सके।

39. (c)
आविर्भाव का विपरीतर्थक शब्द 'तिरोभाव' है। आविर्भाव का शाब्दिक अर्थ है- उदय, अवतरण, या प्रकट होना। तिरोभाव का शाब्दिक अर्थ है- अदृश्य होना, अंतर्धान या लोप होना। जबकि प्रादुर्भाव, आविर्भाव का समानार्थी है, सम्भाव का अर्थ है- समान भाव एवं अभाव का अर्थ 'कमी' होता है।

40. (d)
उन्मूलन का विपरीतार्थक शब्द 'रोपण' है। 'उन्मूलन' शब्द का अर्थ है- 'जड़ से उखाड़ना' जबकि रोपण का अर्थ है 'लगाना'।

41. (a)
"बाघ और बकरी एकघाट पानी पीती है।" यह एक अशुद्ध वाक्य है जिसका शुद्ध रूप है - "बाघ और बकरी एक घाट पर पानी पीते हैं।" यदि वाक्य में दोनों लिंग के एकवचन के विभक्ति रहित अनेक कर्ता 'और' या इसी अर्थ में व्यवहृत किसी अन्य अव्यय से संयुक्त हो तो क्रिया प्रायः बहुवचन और पुलिंग होगी।

42. (c)
एक गाय, दो घोड़े और एक बकरी मैदान में चर रही हैं। शुद्ध वाक्य है। यदि वाक्य में दोनो लिंग और वचनों के अनेक विभक्तिरहित कर्ता और या किसी अन्य अव्यय से युक्त हों, तो क्रिया बहुवचन में होगी और उसका लिंग अन्तिम कर्ता के अनुसार होगा।

43. (c)
मैं आप पर श्रद्धा रखता हूँ। शुद्ध वाक्य है। श्रद्धा, भक्ति आदि के साथ 'करना' क्रिया नहीं प्रयोग की जाती है।

44. (b)
'घनिष्ठ' शुद्ध शब्द है। जबकि दिए गये अन्य विकल्प सही नहीं हैं।

45. (a)
'औद्योगिक' शुद्ध शब्द है। वर्तनी की दृष्टि से शेष सभी अशुद्ध शब्द हैं।

46. (b)
जंगल में लगने वाली आग के लिए एक शब्द 'दावानल' है। जबकि समुद्र में लगने वाली को 'बड़वानल' तथा पेट में लगने वाली आग को 'जठराग्नि' एक शब्द है।

47. (c)
'जहाँ लोगों का मिलन हो' के लिए एक शब्द 'सम्मेलन' होगा। जबकि दो लोगों के परस्पर मिलन को 'सम्मिलन', अनियमित ढंग से लोगों का इकट्ठा होना 'भीड़' तथा मनोरंजन के लिए विशिष्ट अवसर पर बाजार के रूप में लोगों का समूह 'मेला' कहलाता है।

48. (b)
पारितोषिक - किसी प्रतियोगिता में विजयी होने पर दिया जाता है, पुरस्कार - किसी कार्य या सेवा के लिए प्रदान किया जाता है तथा उपहार - अपने से बराबर या छोटों को भेंट स्वरूप प्रदान किया जाता है।

49. (d)
'साख्य भाव मिश्रित अनुराग को 'प्रणय' कहते हैं'। जबकि प्रेम - (सबसे) 'भाई बहन या अन्य लोगों से', स्नेह - अपने से छोटे या बच्चों से होता है। साख्यभाव - अपने दोस्तों या सखाओं के प्रति होता है।

50. (c)
'कुसंगति के कारण चरित्र पर दोष लगना' के लिए उपयुक्त शब्द 'कलंक' होगा। जबकि अपयश स्थायी रूप से बदनाम होना। दुश्चरित्र - दुष्टता के कारण चरित्र पर लगने वाला दोष एवं अपकीर्ति- ऐसे बुरे कार्य जिसे करने से कीर्ति कम होती हैं।

51. (b)
वह हथियार जो हाथ में थामकर चलाया जाता है उसे 'शस्त्र' कहते है। जबकि वह हथियार जो फेंककर चलाया जाता है उसे 'अस्त्र' कहते है।

52. (a)
'जिसमें संसार के प्रति मोह न रहा हो' वाक्यांश के लिए उपयुक्त शब्द 'वीतरागी' होगा। जबकि 'जिसमें संसार के प्रति मोह हो' के लिए उपयुक्त शब्द 'अनुरागी' होगा।

53. (b)
'जो कभी बूढ़ा न हो' के लिए उपयुक्त शब्द 'अजर' है। जबकि जो कभी मृत्यु को प्राप्त न हो - 'अमर' तथा युवा अवस्था को प्राप्त करने वाला - तरुण, एवं प्रत्येक परिस्थिति में एक समान बने रहना के लिए उपयुक्त शब्द 'सदाबहार' होगा।

54. (d)
'जो कानून के विरुद्ध हो' के लिए उपयुक्त शब्द 'अवैध' होगा। जबकि जो संविधान के अधीन हो- 'संवैधानिक' तथा जो विधि के अधीन हो 'वैधानिक' उपयुक्त शब्द होगा।

55. (b)
'खेत' का सही तत्सम शब्द 'क्षेत्र' है। 'तत्सम' (तत + सम) शब्द का अर्थ है - उसके समान अर्थात संस्कृत के समान। हिन्दी में अनेक शब्द संस्कृत से सीधे आए है और आज भी उसी रूप में प्रयोग हो रहे हैं। अतः संस्कृत के ऐसे शब्द जिसे हम ज्यों का त्यों प्रयोग में लाते हैं, तत्सम शब्द कहलाते हैं। जैसे- अग्नि, वायु, पत्र, सूर्य आदि।

56. (b)
'घोटक' का सही तद्भव शब्द **'घोड़ा'** है। जबकि 'गर्दभ' का गधा (गदहा) तथा 'घट' का घड़ा तद्भव शब्द है।

57. (c)
'चौकी' का तत्सम शब्द 'चतुष्पादिका' है। संस्कृत के ऐसे शब्द जिसे हम ज्यों का त्यों प्रयोग में लाते है, तत्सम शब्द कहलाते है।

58. (b)
'सूचिका' का तद्भव शब्द 'सूई' है।

59. (d)
'त्वरित' का तद्भव शब्द 'तुरन्त' या तुरंत दोनों होता है। जबकि दिए गये विकल्प में 'शीघ्र' शब्द तत्सम शब्द है।

60. (d)
इस गद्यांश का मूल कथ्य निशस्त्रीकरण और विश्वशान्ति है।

61. (c)
भयंकर विनाशकारी आधुनिक शस्त्रास्त्रों को बनाने की प्रेरणा जापान पर गिराये गये "अणु बम" ने दी। द्वितीय महायुद्ध में एटम बम की शक्ति द्वारा कुछ ही क्षणों में ही जापान को पराजित करना विनाशकारी शस्त्रास्त्रों को बनाने की प्रेरणा है।

62. (a)
एटम बम की अपार शक्ति का प्रथम अनुभव जापान में हुई भयंकर विनाशलीला से हुआ है।

63. (d)
बड़े-बड़े देश आधुनिक विनाशकारी शस्त्र पारस्परिक भय के कारण बना रहे हैं।

64. (b)
आधुनिक युग भयंकर व विनाशकारी होते हैं, क्योंकि अधिकांश जनता और उनकी सम्पत्ति नष्ट हो जाती है।

65. (c)
हिन्दी भाषा 'देवनागरी लिपि' में लिखी जाती है। 'ब्राह्मी लिपि' से देवनागरी लिपि का विकास हुआ। पंजाबी भाषा 'गुरुमुखी' लिपि में लिखी जाती है। ब्राह्मी लिपि 'ऋग्वेद' की लिपि है।

66. (d)
अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ऋ, ए, ऐ, ओ, औ स्वर हैं। बाकी सभी अक्षर व्यंजन हैं अतः ञ व्यंजन है।
'ञ' 'च' वर्ग का पंचमाक्षर है यह व्यंजन है।

67. (b)
सर्वनाम छः प्रकार के होते हैं।
1. पुरुषवाचक 2. निजवाचक 3. निश्चय वाचक 4. अनिश्चय वाचक 5. प्रश्न वाचक 6. सम्बन्ध वाचक

68. (a)
'तेज' शब्द क्रिया विशेषण है। बुद्धिमान, मीठा - गुणवाचक विशेषण हैं एवं पहला क्रमसूचक विशेषण है।

69. (c)
'सहायता' हमेशा एक वचन में प्रयुक्त होता है। जबकि पौधा, पुस्तक, लड़का, लिंग, वचन कारक के कारण बहुवचन में भी प्रयोग होते हैं। जैसे - पौधा - पौधे, पुस्तक - पुस्तकें, लड़का - लड़के।

70. (b)
'भूर्ध्व' का संधि विच्छेद- भू + ऊर्ध्व है। इसमें दीर्घ स्वर संधि है। जब ह्रस्व या दीर्घ अ, इ, उ के बाद समान स्वर (अ, इ, उ) ह्रस्व या दीर्घ आये तो उनका दीर्घीकरण (आ, ई, ऊ) हो जाता है, इसे ही दीर्घ संधि कहते हैं।

71. (d)
'हथियाना' नामधातु क्रिया है। वह क्रिया जो संज्ञा, सर्वनाम या विशेषण में प्रत्यय जोड़कर बनायी जाती है, नामधातु क्रिया कहलाती है।
जैसे- हाथ से – हथियाना, लात से - लतियाना
बात से – बतियाना, शर्म से - शरमाना

72. (c)
उच्चारण का संधि विच्छेद 'उत् + चारण' होगा। यह व्यंजन संधि है। जब 'त्' के बाद 'च' अथवा 'छ' हो तो 'त्' का 'च्' हो जाता है। इसके अन्य उदाहरण हैं- सत् + चरित्र = सच्चरित्र, शरत् + चन्द्रशरच्चन्द्र

73. (c)
दिये गये वाक्यों का सही क्रम इस प्रकार होगा–
'व' का उच्चारण स्थान दन्तोष्ठ है। जबकि त, थ, द, ध, न, ल, स, का उच्चारण स्थान दन्त, उ, ऊ, प, फ, ब, भ, म का उच्चारण स्थान ओष्ठ तथा ओ, औ का उच्चारण स्थान कण्ठोष्टय है।

74. (b)
'राम ने खाना खाया' में 'खाया होगा' में संदिग्ध भूतकाल की क्रिया है।

75. (c)
दिये गये वाक्यों का सही क्रम इस प्रकार होगा-
(1) एक (व) भौगोलिक सीमा में (य) एक राष्ट्रीय चेतना (ल) लेकर रहने वाले व्यक्तियों (र) की समीष्ट ही (6) देश है।

76. (b)
माना भरी टंकी को खाली होने में x घंटे का समय लगता है
∴ प्रश्नानुसार,

$$\frac{1}{2}-\frac{1}{x}=\frac{1}{2\frac{1}{2}}$$

$$\frac{1}{2}-\frac{1}{x}=\frac{2}{5}$$

$$\frac{1}{2}-\frac{2}{5}=\frac{1}{x}$$

$$\frac{5-4}{10}=\frac{1}{x}$$

$$\frac{1}{10}=\frac{1}{x}$$

$$\therefore x=10 \text{ घंटे}$$

द्वितीय विधि:–

पूरी भरी टंकी को खाली होने में लगा समय $=\frac{xy}{y-x}$

$$=\frac{2\times 2\frac{1}{2}}{2\frac{1}{2}-2}$$

$$=\frac{2\times\frac{5}{2}}{\frac{5}{2}-2}=\frac{5}{\frac{5-4}{2}} \quad =\frac{5\times 2}{1}=10 \text{ घंटे}$$

77. (c)

प्रश्नानुसार,

विक्रयमूल्य = अंकित मूल्य $\left(1-\frac{\text{छूट}\%}{100}\right)$

$$9250 = \text{M.P.}\left(1-\frac{7\frac{1}{2}}{100}\right)$$

$$9250 = \text{M.P.}\left(1-\frac{15}{200}\right)$$

$$9250 = \text{M.P.}\times\frac{185}{200}$$

$$\therefore \text{M.P.} = \frac{9250\times200}{185}$$

$$= 50\times200$$

$$= ₹\ 10000$$

अतः वस्तु का अंकित मूल्य = ₹ 10000

78. (a)

माना कि धन राशि = ₹x

A तथा B के राशियों का अनुपात = 5 : 6

∴ प्रश्न से

$$\text{B की राशि} = \frac{6}{5+6}\times x$$

$$360 = \frac{6}{11}\times x$$

$$\therefore x = \frac{360\times11}{6}$$

$$= 60\times11$$

$$= 660$$

अतः धन राशि = ₹660

79. (a)

$$\text{चौड़ाई में कमी } \% = \frac{(\text{लम्बाई में वृद्धि}\%)}{(100+\text{लम्बाई में वृद्धि }\%)}\times100\%$$

$$= \left(\frac{25}{100+25}\right)\times100$$

$$= \frac{25}{125}\times100$$

$$= 20\%$$

80. (b)

$$\text{पहली कार की चाल} = \frac{\text{दूरी}}{\text{समय}}$$

$$= \frac{100}{5} = 20 \text{ कि.मी./घंटा}$$

∴ दूसरी कार की चाल = 20 कि.मी./घंटा

लिया गया समय = 3 घंटा

अतः दूसरी कार द्वारा तय की गई दूरी = समय × चाल

$$= 3\times20$$

$$= 60 \text{ कि.मी.}$$

81. (c)

प्रश्न से,

5 वर्ष के उपरांत कुल देय राशि = 264 × 5

= ₹ 1320

∵ मिश्रधन = मूलधन + ब्याज

$$\therefore \quad 1320 = 1200+\frac{1200\times5\times R}{100}$$

$$1320-1200 = 60R$$

$$120 = 60R$$

$$R = \frac{120}{60} = 2$$

अतः वार्षिक ब्याज दर = 2%

82. (a)

लाभ = 1200 – 1000 = 200 रूपये

$$\therefore \quad \text{प्रतिशत लाभ} = \frac{\text{लाभ}}{\text{क्रय मूल्य}}\times100$$

$$= \frac{200}{1000}\times100$$

$$= 20\ \%$$

∴ अभीष्ट प्रतिशत लाभ = 20%

83. (c)

माना इमारत की मूल कीमत = ₹ 100x

∴ 2001 में इमारत का मूल्य = ₹ 80x

तथा 2002 में इमारत का मूल्य = ₹ 60x

∴ कमी = 80x–60x

= ₹ 20x

$$\text{कमी प्रतिशत} = \frac{20x}{80x}\times100 = \frac{100}{4} = 25\%$$

84. (d)

माना आयत की ल. = l, चौ. = b

प्रश्नानुसार,

$$l\times b = 60 \text{ cm}^2$$

$$2(l+b) = 34$$

$$l+b = 17$$

$$\because \quad (l+b)^2 = l^2+b^2+2lb$$

$$(17)^2 = l^2+b^2+2\times60$$

$$289-120 = l^2+b^2$$

$$169 = l^2+b^2$$

विकर्ण की ल. $= \sqrt{169} \Rightarrow 13 \text{ cm}$

85. (b)

∵ 1 मीटर कपड़े का मूल्य = ₹ 32

∴ 25 % छूट पर,

1 मी. कपड़े का मूल्य $= 32\times\left(\frac{100-25}{100}\right)=\frac{32\times75}{100}\Rightarrow ₹24$

1 मीटर कपड़े के मूल्य पर छूट $= 32-24$

$= ₹\ 8$

∵ ₹ 8 छूट होती है = 1 मीटर कपड़े पर

∴ ₹ 40 की छूट होगी $= \frac{1}{8}\times 40$ मी.

= 5 मीटर

86. (d)

$A : B = \frac{1}{3}:\frac{1}{5}\Rightarrow 5:3$

माना A को लाभ 5x तथा B को 3x है।

∵ $5x+3x=960$

$8x=960$

$x=120$

∴ अभीष्ट अन्तर

$(5x-3x)=2x$

$\Rightarrow 2\times120$

⇒ ₹240

87. (b)

औसत मासिक वेतन $= \frac{16000\times19+20000}{20}$

$= \frac{304000+20000}{20}$

$= \frac{324000}{20} = ₹16200$

88. (a) ∵ (10 - 5)% = 1000

5% = 1000

∴ 100 % $= \frac{1000}{5}\times100$

⇒ ₹ 20000

89. (d)

वृद्धि % $= \frac{x}{100-x}\times100\%$

$= \frac{10}{100-10}\times100$

$= \frac{10}{90}\times100$

$= \frac{100}{9}$

$= 11\frac{1}{9}\%$

90. (d) जिस प्रकार,

$(7\times5)+5=40$

और $(8\times6)+6=54$

उसी प्रकार,

$(9\times7)+7=70$

91. (c) जिस प्रकार,

$9\times8=\frac{72}{2}=36$

और,

$10\times12=\frac{120}{2}=60$

उसी प्रकार,

$12\times13=\frac{156}{2}=78$

92. (a)

20, तथा 60 के बीच संख्याएँ जिनके अंकों का योग 9 है–

{27, 36, 45, 54}

ये सभी संख्यायें 3 से पूर्णतः विभाज्य है–

अतः संख्यायें (4) होगी।

93. (c)

माना दो अंकों की संख्या = 10x + y

प्रश्नानुसार, x+ y = 6 ..... (i)

अंकों को आपस में बदलने पर बनी संख्या = 10y +x

पुनः प्रश्नानुसार, 10x +y – (10y+x) = 18

$9x-9y=18$

$x-y=2$ ..... (ii)

सभी. (i) व सभी. (ii) को हल करने पर–

x = 4, y = 2

अतः संख्या = 10x + y = 10 × 4 + 2

= 42

94. (c)

a → ×

b → ÷

C→ +

d → –

21 C 3 d 6 a 8 b 2 =

[BODMAS] के नियम से–

$= 21+3-6\times8\div2$

$= 21+3-6\times4$

$= 21+3-24$

$= 24-24=0$

95. (c)



96. (a)

यदि माह 30 दिन का है तथा पहला दिन बुधवार है तो माह में-

5- बुधवार, 5 बृहस्पतिवार, तथा अन्य दिन 4 होंगे।

2 शनिवार + 4 रविवार = 6 दिन छुट्टी

अतः कार्य दिवसों की संख्या =30 – 6 = 24

97. (b)

वृत्त– प्रोफेसरों को

त्रिभुज – शल्य चिकित्सक

आयत – चिकित्सा विशेषज्ञ

चिकित्सा विशेषज्ञ, प्रोफेसर उस भाग में होंगे जो वृत्त और आयत दोनों हो किन्तु त्रिभुज में न हों–

अतः (x) होगे

98. (c)

शल्य चिकित्सक, एवं चिकित्सा विशेषज्ञ–

आयत और त्रिभुज में होंगे किन्तु वृत्त में नहीं होंगे–

अतः (Z) होगा।

99. (a)

आरेख का C-भाग केवल Δ में है

अतः केवल शल्य चिकित्सकों को निरुपित करेगा

100. (b) जिस प्रकार, उसी प्रकार,



101. (d)

जिस प्रकार, उसी प्रकार,



102. (d)

शृंखला निम्नवत है -



103. (a)

शृंखला निम्नवत है -



104. (b)

शृंखला निम्नवत है -



105. (d)

शृंखला निम्नवत है -



106. (c)

शृंखला निम्नवत है -

2^2 4^2 6^2 8^2 10^2 12^2

↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓

4, 16, 36, [64], 100, 144

107. (a)

शृंखला निम्नवत है-

[140], 121, 100, 81, 64,

↑ ↑ ↑ ↑ ↑

12^2 11^2 10^2 9^2 8^2

अतः स्पष्ट है कि 140 के स्थान पर 144 होगा।

108. (c)

शृंखला निम्नवत है –



अतः स्पष्ट है कि 104 के स्थान पर 102 होगा।

109. (a)

प्रथम स्तम्भ से, 3×2×6 = 36

द्वितीय स्तम्भ से, 4×5×7 = 140

तृतीय स्तम्भ से, 9×2×? = 18

18×? = 18

$? = \frac{18}{18} = 1$

अतः [? = 1]

110. (b)



अतः वह प्रा. स्थान से उत्तर दिशा में है

111. (a) प्रश्नानुसार,



केवल निष्कर्ष I सही है।

112. (a)

एक सतह Common नियम से, फलक I और फलक III में दो बिन्दु Common है। Common वाले बिन्दु को लेकर Clockwise घुमाकर लिखने के बाद–

फलक I 2 3 1

फलक III 2 5 6

अतः एक बिन्दु के विपरीत 6 बिन्दु होगें

113. (b)

प्रथम स्तम्भ में $\rightarrow (7\times8)+4 \Rightarrow 60$

द्वितीय स्तम्भ में $\rightarrow (9\times9)+9 \Rightarrow 90$

तृतीय स्तम्भ में $\rightarrow (8\times ?)+6 \Rightarrow 70$

$(8\times ?) = 70-6$

$? = \frac{64}{8} \Rightarrow 8$

अतः $\boxed{? \Rightarrow 8}$

114. (c)

बाँसुरी एक आर्गन-पाइप की संरचना होती है जिसमें एक सिरे से फूँक-मारने पर ध्वनि तरंगों का पाइप के भीतर संचरण होता है और दूसरे खुले सिरे से मधुर ध्वनि सुनाई पड़ती है, जबकि गिटार, सारंगी और वीणा की संरचना एक जैसी है जो कि बांसुरी की संरचना से भिन्न है।

115. (d)



कविता की A से दूरी, AD के बराबर है -

Δ AXD एक समकोण त्रिभुज है

अतः पाइथागोरस प्रमेय से -

कर्ण^2 = लम्ब^2 + आधार^2

$AD^2 = AX^2 + DX^2$

$= 4^2 + 3^2$

$= 16 + 9$

$AD^2 = 25$

$AD = \sqrt{25}$

AD = 5 फीट

116. (b)



कला और संगीत दोनों में बच्चों की संख्या = 2

केवल संगीत में बच्चों की संख्या = 18 – 2 = 16

केवल कला में बच्चों की संख्या = 26 – 2 = 24

कुल पंजीकृत छात्रों की संख्या = 2 + 16 + 24 = 42

अतः शेष जो छात्र पंजीकृत नहीं हैं उनकी संख्या = कुल छात्रों की संख्या – पंजीकृत छात्रों की संख्या

= 50 – 42 = 8

117. (a)

घड़ी की सुई की दिशा में = + 120

घड़ी की सुई के विपरीत दिशा में = – 165

कुल परिवर्तन = 120 – 165

$= -45^0$ (घड़ी के विपरीत)



अतः मुँह <u>उत्तर-पूर्व</u> दिशा में होगा।

118. (a)

कक्षा में विद्यार्थियों की संख्या

= ऊपर से स्थान + नीचे से स्थान –1

= 10 + 28 – 1

= 37

119. (a)

त्रिभुज OAB समकोण है

अतः पाइथागोरस प्रमेय से -

कर्ण^2 = लम्ब^2 + आधार^2

$OB^2 = AB^2 + OA^2$

$= 8^2 + 6^2$

$= 64 + 36$

$= 100$

कर्ण^2 $= \sqrt{100} = 10$ मी.



प्रारंभिक बिन्दु =O

अंतिम बिन्दु =B

120. (b)

[+45^0 (घड़ी की सुई की दिशा)]

[–90^0 (घड़ी की विपरीत दिशा)]

अतः परिणामी = + 45 – 90

$= -45^0$ (घड़ी की विपरीत दिशा में)

= (उत्तर-पश्चिम दिशा)



121. (a)
इलाहाबाद, वाराणसी तथा पुणे जिले है, जबकि नई दिल्ली केन्द्र शासित राज्य है तथा भारत की राजधानी है।

122. (c)
गाय एक पालतू जानवर है, जबकि बाघ, शेर तथा लोमड़ी जंगली जानवर है।

123. (b)
जिस प्रकार

R	*A*	*H*	*U*	*L*
+1↓	+1↓	+1↓	+1↓	+1↓
S	*B*	*I*	*V*	*M*

उसी प्रकार

A	*N*	*M*	*O*	*L*
+1↓	+1↓	+1↓	+1↓	+1↓
B	*O*	*N*	*P*	*M*

124. (b)
शृंखला निम्नवत है -

J	L	N	P	R	T
1	3	5	7	9	11
K	M	O	Q	S	U

(+2 प्रत्येक तीर पर)

अतः प्रश्नचिन्ह के स्थान पर T 11 U होगा।

125. (a)
शृंखला निम्नवत है -

A 12 —(×4)→ E 48 —(–2)→ I 46 —(×4)→ O 184 —(–2)→ U 182

AEIOU (लगातार Vowel) के क्रम में U अगला अक्षर होगा और गणितीय संक्रिया के आधार पर 182 आएगा।

126. (c)
यात्रियों, रेलगाड़ी एवं बस के बीच सबसे अच्छा संबंध होगा -



क्योंकि यात्रियों के यात्रा का माध्यम रेलगाड़ी व बस दोनों हैं, इसके अतिरिक्त यात्री अन्य साधनों से भी यात्रा कर सकते हैं।
अतः विकल्प (c) सही उत्तर है।

127. (b)
शिक्षक, चिकित्सक एवं पुलिस के बीच विकल्प (b) सही सम्बन्ध दर्शाता है -



क्योंकि ये तीनों अलग-अलग व्यवसाय के लोग है।

128. (c)
भोजन पर व्यय = 20%
शिक्षा पर व्यय = 15%
भोजन तथा शिक्षा के व्यय में अंतर = 20–15 = 5%
अतः भोजन एवं शिक्षा पर व्यय में अंतर की राशि

$$= 60{,}000 \times \frac{5}{100} = ₹3000$$

129. (d)
परिवार की बचत = 18%

$$\text{अतः बचत राशि} = 60{,}000 \times \frac{18}{100} = ₹10{,}800$$

अतः व्यय राशि = 60,000 – 10,800
= ₹49,200

130. (c)
एक आकृति वाले त्रिभुजों की संख्या = 9
चार आकृति वाले त्रिभुजों की संख्या = 3
नौ आकृति वाले त्रिभुजो की संख्या = 1
अतः कुल त्रिभुजों की संख्या = 13

131. (b)
संख्या 5 महिलाओ को दर्शाती है, जो स्नातक और उपनिरीक्षक है।

132. (b)
जिस प्रकार 'नाटक' में 'अभिनेता' का होना जरूरी है, उसी प्रकार 'संगीत गोष्ठी' में 'संगीतकार' का होना जरूरी हैं।

133. (c)
जिस प्रकार,
E —(+1)→ F
G —(+2)→ I
I —(+3)→ L
K —(+4)→ O
उसी प्रकार,
F —(+1)→ G
H —(+2)→ J
J —(+3)→ M
L —(+4)→ P

134. (b)
जिस प्रकार, 583 = 5 + 8 + 3 = 16
तथा 295 = 2 + 9 + 5 = 16
उसी प्रकार, 486 = 4 + 8 + 6 = 18
तथा 378 = 3 + 7 + 8 = 18
अतः सम्बन्धित संख्या 378 है।

135. (d)
पानी द्रव है जबकि अन्य तीनों (आग, रोशनी, गैस) द्रव नही है। अतः पानी अन्य तीनों से विषम है।

136. (b)
(a) E —(-2)→ C —(-1)→ B —(-3)→ Y
(b) R —(-2)→ P —(-1)→ U —(+3)→ X
(c) G —(-2)→ E —(-1)→ D —(-3)→ A
(d) W —(-2)→ U —(-1)→ T —(-3)→ Q
अतः RTUX अन्य तीनों से विषम है।

137. (a)

(a) $52 \xrightarrow{+9} 61$

(b) $43 \xrightarrow{+11} 54$

(c) $72 \xrightarrow{+11} 83$

(d) $18 \xrightarrow{+11} 29$

अतः स्पष्ट है कि, विकल्प (a) अन्य तीनों से भिन्न है।

138. (b)

शब्दों का शब्द कोष के अनुसार क्रम निम्नवत है –

4. Franchise → 5. Frantic → 3. Fraternity →
1. Fraudulent → 2. Fraught

अतः क्रम– 4, 5, 3, 1, 2

139. (a)

निम्न अक्षर समूह, अक्षर श्रृंखला के खाली स्थान पर क्रमवार रखने पर श्रृंखला को पूरा करता है।

H I J H / H I J H / H I J H / H I J H

अतः अक्षर समूह = I H J I

अतः विकल्प (a) सही है।

140. (b) श्रृंखला को पूरा करने वाली संख्या निम्न है–

63 72 81 90 **99** 108

+9 +9 +9 +9 −9 +9

अतः संख्या 99 इस श्रृंखला को पूरा करती है। इसलिये विकल्प (b) सही है।

141. (a)



अतः ऊपर दिये ग्राफ से स्पष्ट है कि राजीव, सुनील का भांजा (Nephew) है।

142. (c)

माना पुत्री की वर्तमान आयु x वर्ष है।

∴ माँ की वर्तमान आयु = 5x वर्ष

5 वर्ष बाद पुत्री की आयु = (x+5) वर्ष

5 वर्ष बाद माँ की आयु = (5x + 5) वर्ष है।

प्रश्नानुसार–

$(5x + 5) = 3 (x + 5)$

$\Rightarrow 5x+5 = 3x+ 15$

$\Rightarrow 5x - 3x = 15-5$

$\Rightarrow 2x = 10$

$\Rightarrow x = 10/2$

$\Rightarrow x= 5$

माँ की वर्तमान आयु = 5x

$5\times 5 = 25$

143. (c)

दिये गये शब्द PRONOUNCEMENT

में अक्षर A का प्रयोग नहीं हुआ हैं इसलिए दिए गये शब्द से शब्द PAVEMENT नहीं बनाया जा सकता है।

144. (a)

जिस प्रकार–

S —(-1)— R
Y —(-1)— X
S —(-1)— R
T —(-1)— S
E —(-1)— D
M —(-1)— L

उसी प्रकार–

C —(-1)— B
O —(-1)— N
R —(-1)— Q
R —(-1)— Q
E —(-1)— D
C —(-1)— B
T —(-1)— S

अतः विकल्प (a) सही है।

145. (b)

दिया है–

$A \Rightarrow +$

$B \Rightarrow \times$

$C \Rightarrow \div$

$D \Rightarrow -$

समीकरण = 9A2B6D4C2

$= 9 + 2 \times 6 - 4 \div 2 = 9 + 12 - 2 = 19$

146. (b)

जिस प्रकार,

$4 \times 3 \Rightarrow (4 + 3)\times 2 = 14$

$5 \times 4 \Rightarrow (5 + 4)\times 2 = 18$

$5 \times 6 \Rightarrow (5 + 6)\times 2 = 22$

उसी प्रकार–

$7 \times 6 \Rightarrow (7 + 6)\times 2 = 26$

147. (c)

जिस प्रकार,

$7 \times 8 = 56$

तथा $11 \times 9 = 99$

उसी प्रकार,

$9 \times ? = 45$

$? = 45 / 9 = 5$

148. (a)



माना रीता बिन्दु 'P' से चलना प्रारम्भ करती है। तथा बिन्दु 'Q' तक चलती है। अतः ऊपर चित्र से स्पष्ट है कि बिन्दु 'Q' प्रारम्भिक बिन्दु 'P' से पूर्व दिशा में है।

149. (a)

दिये गये कथन के अनुसार निष्कर्ष (I) सही निकाला जा सकता है। क्योंकि कथन से स्पष्ट है कि आर्थिक विकास कठिन परिश्रम से होता है।

150. (b)



[ΔABC, ΔAHF, ΔAHD, ΔBHG, ΔBHE, ΔHFG, ΔHIF, ΔHJG, ΔHJF, ΔHIJ, ΔHIG, ΔHGE, ΔHDF, ΔHDE, ΔDEC, ΔFGC, ΔIFD, Δ GJE]

दिए गए चित्र से त्रिभुज की संख्या 18 है जो इस प्रकार है।

PRACTICE SET - 9

सामान्य जानकारी

1. किस दर पर, भारतीय रिजर्व बैंक वाणिज्य बैंकों से धन उधार लेता है?
   (a) बैंक दर (b) रेपो दर
   (c) रिवर्स रेपो दर (d) सांविधिक तरलता दर
2. भारत का उप-राष्ट्रपति बनने के लिए न्यूनतम आयु कितनी होनी चाहिए?
   (a) 30 वर्ष (b) 35 वर्ष
   (c) 40 वर्ष (d) 37 वर्ष
3. निम्नलिखित में से कौन सा 'न्यायिक आदेश' उच्च न्यायालय द्वारा किसी व्यक्ति की किसी सार्वजनिक कार्यालय पर अधिकार करने से रोकने के लिए जारी किया जाता है?
   (a) उत्प्रेषण लेख (b) परमादेश
   (c) निषेधाज्ञा (d) अधिकार पृच्छा
4. चन्द्रगुप्त मौर्य का पुत्र कौन था?
   (a) बिंदुसार (b) चन्द्रगुप्त II
   (c) अशोक (d) बिंबसार
5. भारत में तुगलक वंश के बाद कौन सा वंश शासन में आता है?
   (a) गुप्त वंश (b) खिलजी वंश
   (c) मुगल वंश (d) सय्यद वंश
6. किस ग्रह को बौना ग्रह माना जाता है?
   (a) पृथ्वी (b) बृहस्पति
   (c) प्लूटो (d) शनि
7. बलुआ पत्थर किस प्रकार की चट्टान है?
   (a) चूनेदार चट्टान (b) आग्नेय चट्टान
   (c) कायान्तरित चट्टान (d) अवसादी चट्टान
8. गेहूँ एक..... है।
   (a) बेल (b) औषधि
   (c) झाड़ी (d) वृक्ष
9. साँप, कछुआ, छिपकली तथा मगरमच्छ जंतुओं की किस श्रेणी में आते है?
   (a) मत्स्य (b) जल-स्थलचर
   (c) सरीसृप (d) पक्षी
10. मृदा में जल तनाव मापने के लिए प्रयोग किये जाने वाले यंत्र को क्या कहा जाता है?
    (a) प्रकाशमापी (b) उत्तापमापी
    (c) शुष्कार्द्रतामापी (d) तनावमापी
11. बल का एस आई मात्रक क्या है?
    (a) पास्कल (b) बॉयल
    (c) न्यूटन (d) वॉट
12. निम्नलिखित में से कौन-सा एक बुरा ऊष्मा परिचालक है?
    (a) एल्युमिनियम (b) ताँबा
    (c) शीशा (d) चाँदी
13. निम्नलिखित में से कौन कम्प्यूटर से स्थायी रूप से डाटा संचित करता है?
    (a) ए. एल. यू. (b) कैश मैमोरी
    (c) रैम (d) रोम
14. जंग लगना.....है।
    (a) विद्युत अपघटन
    (b) ऑक्सीकरण
    (c) रेडॉक्स अभिक्रिया (ऑक्सीकरण और अपचयन)
    (d) अपचयन
15. निम्नलिखित में से कौन सा एक धूम-कोहरे का घटक नहीं है?
    (a) परिवर्तनशील जैविक यौगिक
    (b) नाइट्रोजन ऑक्साइड
    (c) सल्फर डाईऑक्साइड
    (d) क्लोरीन ऑक्साइड
16. नीति आयोग का निर्माण निम्नलिखित में से किस संस्था के स्थान पर किया गया है?
    (a) योजना आयोग (b) आई.आर.डी.ए.
    (c) दूरसंचार विभाग (d) सूचना प्रौद्योगिकी विभाग
17. पहली काम करने वाली लेजर का अविष्कार किसने किया था?
    (a) ए. एच. टेलर (b) डब्लू. के. रॉटजन
    (c) टी.एच. मैमन (d) फ्रेड मॉरिसन
18. निम्नलिखित का मिलान कीजिए।

कलाकार		कला
1. गौरी शंकर देवीलाल	a.	बाँसुरी
2. हरी प्रसाद चौरसिया	b.	चित्रकला
3. एम. एफ. हुसैन	c.	कथक
4. जाकिर हुसैन	d.	तबला

    (a) 1-a, 2-d, 3-b, 4-c (b) 1-b, 2-c, 3-a, 4-d
    (c) 1-c, 2-a, 3-b, 4-d (d) 1-c, 2-b, 3-a, 4-d
19. पास्कल इकाई है
    (a) आर्द्रता की (b) दाब की
    (c) वर्षा की (d) तापमान की
20. "दि सेलआऊट" नामक पुस्तक के लेखक कौन है?
    (a) पॉल बेट्टी (b) अरविंद अडीगा
    (c) एलिनोर कैटन (d) हॉवर्ड जैकबसन

21. केंद्रीय बजट 2021-22 के अनुसार भारत का कुल सार्वजनिक स्वास्थ्य क्षेत्र आवंटन (जीडीपी का %) कितना है।
(a) 1.2 प्रतिशत
(b) 1.5 प्रतिशत
(c) 1.9 प्रतिशत
(d) 2.3 प्रतिशत

22. राष्ट्रपति रेसेप तईप एर्दोगन ने अमेरिका, फ्रांस और जर्मनी समेत 10 राजदूतों को देश छोड़ने का आदेश दिया है, वह किस देश के राष्ट्रपति है?
(a) सूडान
(b) इजरायल
(c) तुर्की
(d) बांग्लादेश

23. वह राज्य सरकार, जिसने प्रदेश में 'श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर योजना' की शुरुआत की है?
(a) छत्तीसगढ़
(b) पंजाब
(c) राजस्थान
(d) दिल्ली

24. हाल की में मीनू मुमताज का 79 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है वह किस क्षेत्र में संबंधित थी?
(a) संगीत
(b) अभिनय
(c) लेखन
(d) चित्र कला

25. हाल ही में किस तिथि को विश्व पोलियों दिवस मनाया गया?
(a) 22 अगस्त
(b) 23 सितम्बर
(c) 24 अक्टूबर
(d) 25 नवंबर

26. निम्नलिखित में से किस डायरेक्टर को भारत में रूसी फिल्म महोत्सव का ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त किया गया है?
(a) सलीम खान
(b) राजकुमार हिरानी
(c) कबीर खान
(d) इम्तियाज अली

27. लखनऊ में ..... क्षेत्रीय केन्द्र, प्रिंटमेकिंग, मूर्तिकला, मिट्टी के बरतन और चित्रकला के विषयों में कलाकारों को कार्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए स्थापित किया गया है।
(a) जवाहर कला (b) ललित कला अकादमी
(c) वास्तु कला (d) कोरी कला

28. उत्तर प्रदेश की भौगोलिक सीमा सर्वाधिक राज्यों को स्पर्श करती है। निम्नलिखित में से कौन सा राज्य इनमें शामिल नहीं है?
(a) उत्तराखंड (b) ओडिशा
(c) मध्य प्रदेश (d) झारखंड

29. ..... को उत्तर प्रदेश के हिमालयी पहाड़ी क्षेत्र में उत्तराखण्ड नामक एक नया राज्य अस्तित्व में आया।
(a) 7 दिसम्बर 1999 (b) 9 नवंबर 2000
(c) 23 अक्टूबर 2000 (d) 4 मार्च 2000

30. उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार ने केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्रालय के साथ मिलकर उत्तर प्रदेश में "..... सुधार के लिए महत्वपूर्ण ढांचा" विकसित करने का कदम उठाया है।
(a) विद्यालय शिक्षा (b) पर्यावरण संरक्षण
(c) सड़क सुरक्षा (d) सब के लिए बिजली

31. ..... उत्तर प्रदेश के सबसे शानदार लोक नृत्यों में से एक है। इस शैली में एक मुश्किल संतुलन नृत्य शामिल है जिसमें एक घूंघट काढ़े महिला नर्तकी सिर पर लकड़ी के पिरामिड के मंच पर एक साथ 108 लैंप रख कर नृत्य करती है।
(a) रासलीला (b) रामलीला
(c) खयाल (d) चारकुला

32. उत्तर प्रदेश के ..... में बुद्ध ने अपना पहला उपदेश दिया और अपने कार्यविधि की नींव रखी।
(a) कुशीनगर (b) संकिशा
(c) सारनाथ (d) श्रावस्ती

33. निम्नलिखित कौन सा पदार्थ बिजली का कुचालक है परंतु ताप का सुचालक?
(a) ऐस्बेस्टस (b) सेलुलॉयड
(c) पन स्पेक (d) अभ्रक

34. अधिकांश कीट किस प्रकार श्वास लेते हैं?
(a) त्वचा के द्वारा (b) गलफड़ के द्वारा
(c) फेफड़े के द्वारा (d) ट्रेकिया प्रणाली के द्वारा

35. एक एकड़ में कितने वर्ग गज होते हैं?
(a) 4840 वर्ग गज (b) 4550 वर्ग गज
(c) 5248 वर्ग गज (d) 4482 वर्ग गज

36. रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया की स्थापना किस वर्ष में हुई है?
(a) 1941 (b) 1940
(c) 1937 (d) 1935

37. उत्तर प्रदेश राज्य का राज्य पक्षी कौन सा है?
(a) मोर (b) हंस
(c) कोयल (d) सारस

38. किसी ग्राम पंचायत द्वारा उप प्रधान को पद से हटाने के लिए कम से कम कितने पंचायत सदस्यों का समर्थन आवश्यक है?
(a) $\frac{1}{4}$ (b) $\frac{1}{2}$
(c) $\frac{1}{3}$ (d) $\frac{2}{3}$

सामान्य हिन्दी

39. धीरे-धीरे का समास :
(a) द्वन्द्व (b) अव्ययीभाव
(c) कर्मधारय (d) द्विगु समास

40. 'आँख न दीदा काढ़े कसीदा' लोकोक्ति का अर्थ क्या है?
(a) बहुत निपुण बनना
(b) साधन न होने पर भी काम कर लेना
(c) सर्वथा अयोग्य
(d) योग्यता न रहने पर भी काम करने की शेखी भरना

41. 'वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे' पंक्ति में कौन सा अलंकार है?
(a) अनुप्रास (b) यमक
(c) श्लेष (d) रुपक

42. 'वागेश्वरी' का पर्यावाची शब्द क्या है?
(a) कमला (b) शारदा
(c) सुखदा (d) प्रेमदा

43. अव्यवस्थित वाक्य खंडो से क्रमबद्ध वाक्य बनाइए और उचित क्रम चुनिये:
(i) भारतीय
(ii) बिना हिंसक विरोध के
(iii) शुरु से ही
(iv) सहते
(v) आर्थिक और सामाजिक अन्याय को
(vi) चले आये हैं
(a) ii, iii, v, iv, i, vi (b) v, ii, iii, iv, vi, i
(c) ii, v, iii, iv, vi, I, (d) iii, v, ii, i, iv, vi

44. 'तीन बेर खाती थी वे तीन बेर खाती हैं' में प्रयुक्त अलंकार :
(a) अनुप्रास (b) श्लेष
(c) यमक (d) अन्योक्ति

45. 'विस्मय' स्थायी भाव किस रस में होता है?
(a) हास्य (b) शांत
(c) अद्‌भुद (d) बीभत्स

46. यद्यपि मोहन धनी है तथापि बहुत दु:खी है :
(a) साधारण वाक्य (b) संयुक्त वाक्य
(c) मिश्र वाक्य (d) उपरोक्त में से कोई नही

47. जिसके बराबर कोई न हो :
(a) विलक्षण (b) अनुपम
(c) असाधारण (d) लोकातीत

48. 'बन्दर' का तत्सम रूप है –
(a) मरकट (b) कपि
(c) वानर (d) हरी

49. 'चरण कमल बंदौ रघुराई' में अलंकार :
(a) श्लेष (b) उपमा
(c) रूपक (d) रुपकातिश्योक्ति

50. 'तीन लोक से मथुरा न्यारी' का अर्थ :
(a) तीनों लोकों में मथुरा न होना।
(b) सबसे निराला।
(c) मथुरा का बखान तीनों लोकों में हैं।
(d) बहुत सुन्दर मथुरा का होना।

51. मिथिलेश कुमारी किन्हे कहते है?
(a) राधा (b) सीता
(c) सत्यभामा (d) द्रौपदी

52. खड़ी बोली का प्रथम महाकाव्य कौन सा था?
(a) कामायनी (b) प्रिय प्रवास
(c) साकेत (d) नीरजा

53. 'अत:' शब्द का समानार्थी पहचानिए?
(a) अन्यथा (b) अतएव
(c) परिणामत (d) अस्तु

54. 'वृक्षों से पत्ते झड़ते हैं' में कौन सा कारक है?
(a) कर्ता (b) संप्रदान
(c) अपादान (d) अधिकरण

55. 'विचार' में 'इक' प्रत्यय लगाने से बनता शब्द:
(a) वेचारिक (b) विचारिक
(c) विचौरिक (d) वैचारिक

56. शुद्ध वाक्य पहचानिये :
(a) मेरी 5 बहनें और एक भाई हैं।
(b) मेरी पाँच बहनें और एक भाई हैं।
(c) मेरा एक भाई और पाँच बहनें हैं।
(d) मेरी एक भाई और पाँच बहनें हैं।

57. 'बुढ़ापा एक प्रकार का अभिशाप है।' रेखांकित शब्द की संज्ञा:
(a) जातिवाचक (b) भाववाचक
(c) व्यक्तिवाचक (d) समूहवाचक

58. 'मीनाक्षी' का अर्थ क्या होता है?
(a) मोरनी
(b) मछली की तरह गोल आँखों वाली
(c) यमुना नदी
(d) पूनम की चाँदनी

59. सम्पन्नता का विलोम शब्द, कौन सा है?
(a) आपत्ति (b) निर्धनता
(c) आफत (d) विपत्ति

60. निम्न में से कौन-सा अज्ञानी का पर्याय नही है?
(a) अज्ञ (b) भिज्ञ
(c) मूर्ख (d) अनभिज्ञ

61. 'जैसा काम वैसा दाम' में 'जैसा' किस व्याकरणात्मक कोटि का है?
(a) विशेषण (b) विशेष्य
(c) सर्वनाम (d) अव्यय

62. निम्न में से कौन-सा 'लुटेरा' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय है?
(a) एरा (b) रा
(c) आ (d) इरा

63. निम्न में से कौन-सा 'निस्संकोच' शब्द में प्रयुक्त संस्कृत उपसर्ग है?
(a) निस् (b) निःस
(c) नि (d) निः

64. निम्न में से कौन-सा 'पीछे चलने वाला' शब्द समूह हेतु एक शब्द है?
(a) अनुगत (b) पिछलग्गू
(c) पिच्छल (d) आगत

65. निम्न में से कौन-सा 'आधि-व्याधि' शब्द युग्म में आधि का अर्थ है?
(a) मानसिक कष्ट (b) आधा
(c) पागलपन (d) अधकपारी जैसे रोग

66. निम्न में से कौन-सा 'काटना' का तत्सम है?
(a) कटन (b) कटित
(c) कर्तन (d) कट्टित

67. रुपये_____हैं। (रिक्त स्थान हेतु शब्द चुनिए)
(a) बोलते (b) बजते
(c) खनकते (d) आवाज करते

68. 'निशा' का विशेषण रूप है –
(a) निशाचर (b) निशीथ
(c) निशान्त (d) नैश

69. 'आँठ कनौजिया नौ चूल्हे' लोकोक्ति का अर्थ क्या होता है?
(a) मस्त रहना (b) फाँका करना
(c) अलगाव की स्थिति (d) संपन्नता की स्थिति

70. निम्न में से कौन-सा 'चक्रपाणि' में प्रयुक्त समास है?
(a) अव्ययीभाव (b) तत्पुरुष
(c) बहुब्रीहि (d) कर्मधारय

71. निम्न में से कौन-सा 'उच्छ्वास' का संधि विच्छेद है?
(a) उत् + 'छ्वास' (b) उच् + श्वास
(c) उच्छ + वास (d) उत् + श्वास

72. इनमें से कौन संयुक्त व्यंजन नही है?
(a) क्ष (b) त्र
(c) ज्ञ (d) फ

73. 'निः + कलंक' का सही संधि शब्द कौन-सा है?
(a) निस्कलंक (b) निश्कलंक
(c) नीष्कलंक (d) निष्कलंक

74. निम्न में से कौन-सा कर्मधारय समास है?
(a) नीलगगन (b) त्रिफला
(c) पतझड़ (d) गाँव-शहर

75. निम्न में से कौन-सा 'कौमुदी' का पर्यावाची शब्द है?
(a) चाँदनी (b) चंद्रहास
(c) ज्योति (d) रोश्नी

संख्यात्मक एवं मानसिक क्षमता

76. A और B मिल कर एक काम को 30 दिन में समाप्त कर सकते है। उन्होंने 20 दिन काम किया, उसके बाद B ने काम छोड़ दिया। शेष काम A ने अकेले किया जिसमें 20 दिन का समय और लगा। बताइए A अकेला वह काम कितने दिन में कर सकता है?
(a) 48 दिन (b) 50 दिन
(c) 54 दिन (d) 60 दिन

77. किसी समबाहु त्रिभुज ABC का केन्द्रक G है। यदि AB = 6 से.मी. है तो AG की लम्बाई क्या होगी?
(a) √3 सेमी. (b) 2√3 सेमी.
(c) 3√2 सेमी. (d) 2√2 सेमी.

78. किसी व्यापारी ने अपने व्यवसायी बट्टे की दर 25% से 15% कर दी। इससे विक्रय मूल्य में कितनी वृद्धि होगी?
(a) $3\frac{1}{3}\%$ (b) $6\frac{1}{6}\%$
(c) $13\frac{1}{3}\%$ (d) $16\frac{1}{3}\%$

79. यदि 177 को 1/2 : 2/3 : 4/5 के अनुपात में तीन भागों में विभक्त किया जाए तो बताएं दूसरा भाग क्या होगा?
(a) 75 (b) 45
(c) 72 (d) 60

80. किसी वस्तु को ₹ 69 में बेचने के बजाय ₹ 78 में बेचने से लाभ का प्रतिशत दुगुना होता है वस्तु का क्रय मूल्य बताइए –
(a) 49 (b) 51
(c) 57 (d) 60

81. राम और रहीम की आयु में 10:11 का अनुपात है। राम की आयु से रहीम की आयु का प्रतिशत बताइए ?
(a) $109\frac{1}{11}\%$ (b) 110%
(c) $111\frac{1}{9}\%$ (d) 111%

82. गौतम 32 कि.मी./घंटा की चाल से 160 कि.मी. चलता है और 40 कि.मी./घंटा की चाल से लौटता है। औसत चाल बताइए?
(a) 72 कि.मी./घण्टा (b) 71.11 कि.मी./घंटा
(c) 36 कि.मी./घंटा (d) 35.55 कि.मी./घंटा

83. राम और हरी 12 किग्रा. गिरी 2 दिन में काट सकते हैं। 5 दिन बाद हरी काम छोड़ कर चला जाता है। राम को शेष गिरी काटने में 8 दिन और लगे। यदि कुल 58 कि.ग्रा गिरी काटी गई तो हरी को 10 कि.ग्रा. गिरी काटने में कितना समय लगा ?
(a) 1 दिन (b) 2 दिन
(c) 3 दिन (d) 4 दिन

84. एक व्यापारी अपने माल पर इतना मूल्य अंकित करता है कि 10% की छूट देने के बाद उसे 15% का लाभ होता है। यदि किसी वस्तु की लागत उसे ₹ 720 पड़ती है तो उसका अंकित मूल्य कितना होगा ?
(a) ₹ 920 (b) ₹ 900
(c) ₹ 820 (d) ₹ 950

85. यदि कोई निश्चित राशि A, B और C में पूरी तरह इस प्रकार वितरित की जाती है कि A को राशि का 1/2 भाग, B को राशि का 1/3 भाग और C को ₹1200. मिलते हैं तो A को कितनी राशि मिलेगी ?

(a) ₹4000 (b) ₹1600
(c) ₹3600 (d) ₹1800

86. किसी वस्तु का बिक्री मूल्य उसके लागत मूल्य का 8/5 है, तो लाभ प्रतिशत कितना है?
(a) 20% (b) 28%
(c) 60% (d) 68%

87. यदि मनोज का वेतन सुभाष के वेतन से 40% कम है, तो सुभाष का वेतन मनोज के वेतन से कितना प्रतिशत अधिक है?
(a) 60% (b) $66\frac{1}{4}\%$
(c) $66\frac{2}{3}\%$ (d) 65%

88. 80 कि.मी./घण्टा की गति से चल रही यात्री गाड़ी, मालगाड़ी के स्टेशन छोड़ने के 6 घण्टे बाद रेलवे स्टेशन छोड़ती है और 4 घण्टे में उससे आगे निकल जाती है। मालगाड़ी की गति बताइए।
(a) 32 कि.मी./घण्टा (b) 50 कि.मी./घण्टा
(c) 45 कि.मी./घण्टा (d) 65 कि.मी./घण्टा

89. ₹ 4000 पर 18 माह में 12% वार्षिक ब्याज की दर से कितना साधारण ब्याज अर्जित होगा ?
(a) ₹ 216 (b) ₹ 360
(c) ₹ 720 (d) ₹ 960

90. यदि $a+\frac{1}{a}=2$, तो $a^5+\frac{1}{a^5}$ का मान क्या होगा ?
(a) 0 (b) 1
(c) 3 (d) 2

91. एक आदमी के पास कुछ मुर्गियाँ और कुछ गाय है। यदि मुर्गियों और गायों के सिरों की कुल संख्या 50 है और मुर्गियों एवं गायों के पैरों की संख्या 142 है, तो गायों की संख्या कितनी है?
(a) 21 (b) 25
(c) 27 (d) 29

92. $\frac{3\sqrt{7}}{\sqrt{5}+\sqrt{2}}-\frac{5\sqrt{5}}{\sqrt{2}+\sqrt{7}}+\frac{2\sqrt{2}}{\sqrt{7}+\sqrt{5}}$ का सरलीकृत मान क्या है?
(a) 0 (b) 1
(c) 5 (d) 6

निर्देश : (93–96) : दिए गए पाई–चार्ट में देश में चावल, गेहूँ, चीनी और चाय के उत्पादन का तुलनात्मक अध्ययन किया गया है। निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर ग्राफ को पढ़कर दीजिए।



93. इस आरेख के अनुसार गेहूँ और चीनी के कुल उत्पादन तथा चावल और चाय के उत्पादन के अन्तर का अनुपात कितना है?
(a) 4 : 5 (b) 5 : 4
(c) 6 : 1 (d) 1 : 6

94. चावल और चाय का उत्पादन गेहूँ के उत्पादन से कितना ज्यादा है?
(a) 50% (b) 100%
(c) 75% (d) 66.6%

95. गेहूँ % का मध्य कोण कितने डिग्री का है?
(a) 48^0 (b) 98^0
(c) 110^0 (d) 108^0

96. चावल, गेहूँ, चीनी और चाय का कुल उत्पादन 500000 कि.ग्रा. है। देश में चावल का उत्पादन कितना है?
(a) 175000 कि.ग्रा. (b) 395000 कि.ग्रा.
(c) 275000 कि.ग्रा. (d) 27500 कि.ग्रा.

97. किसी दूसरे ग्रह पर पृथ्वी, जल, प्रकाश, वायु और आकाश के लिए वहाँ के स्थानीय शब्द हैं क्रमशः 'आकाश', 'प्रकाश', 'वायु', 'जल' और 'पृथ्वी'। यदि वहाँ कोई प्यासा है, तो वह क्या पियेगा?
(a) आकाश (b) जल
(c) वायु (d) प्रकाश

98. निम्न चित्र में लुप्त संख्या कौन सही है?

169	64	81	30
625	?	49	50
1296	576	100	70

(a) 324 (b) 289
(c) 441 (d) 361

99. AZ, CX, FU, ... शृंखला में अगला जोड़ा कौन सा है?
(a) JQ (b) KP
(c) IR (d) IV

100. शृंखला C 81 E 64 ? 49 I ? K में लुप्त संख्या एवं अक्षर क्या है?
(a) G, 36 (b) F, 36
(c) G, 32 (d) H, 24

101. अंजु प्रीति से छोटी है। मोहन और जयन्त प्रीति से बड़े हैं परंतु सुधा से छोटे हैं जो श्रीधर के उम्र के ही बराबर हैं। अतः श्रीधर है
(a) अंजु से बड़ा (b) अंजु से छोटा
(c) मोहन से छोटा (d) प्रीति से छोटा

102. यदि A = 1 और AID = 36 तो BELL = ?
(a) 16690 (b) 2210
(c) 1440 (d) 1210

103. किसी सांकेतिक भाषा में SOLID को WPSLPIMFHA लिखा गया है। सांकेतिक शब्द ATEXXQIBVO क्या दर्शाता है?
(a) EAGER (b) WAFER
(c) WAGER (d) WATER

104. चित्र में दी गई तालिका में छूटे हुए अक्षर की पूर्ति कीजिए

A	C	E
N	K	H
R	?	Z

(a) S (b) T
(c) V (d) W

105. जब एक दीवार-घड़ी में समय अपराह्न 3 : 25 दिखाता है तो घंटे की सुई और मिनट की सुई के बीच न्यून कोण क्या होगा?

(a) 60^0 (b) 52.5^0
(c) 47.5^0 (d) 42^0

106. यदि SNOOKER = 8 और ROBE = 5 तो CRICKET = ?

(a) 8 (b) 9
(c) 5 (d) 7

107. एक काम 100 दिनों में पूरा हो सकता है। तथापि, 10 कामगारों की अनुपस्थिति के कारण यह 110 दिनों में पूरा हुआ। असल में कामगारों की संख्या कितनी थी?

(a) 100 (b) 110
(c) 55 (d) 50

108. 'x' हफ्तों और 'x' दिनों में कुल कितने दिन होंगे?

(a) $7x$ (b) $8x$
(c) $14x$ (d) 7

109. निम्न शृंखला में से गलत संख्या ज्ञात कीजिए :

3, 10, 36, 180, 1080, 7560, 60480

(a) 10 (b) 180
(c) 1080 (d) 60480

110. पाँच लड़कियों में नेहा, राधा से ज्यादा लम्बी है परन्तु अनु से छोटी है। राधा अंजू से छोटी है परन्तु पूनम से लम्बी है। बताइये पाँचों में से सबसे छोटी कौन है?

(a) अनु (b) राधा
(c) पूनम (d) अंजू

111. रवि और किशोर को कक्षा में ऊपर से क्रमशः 13वां और 14वां स्थान प्राप्त हुआ। यदि कक्षा में कुल 39 छात्र हो तो नीचे से दोनों का कौन सा स्थान होगा?

(a) 26वां एवं 25वां (b) 27वां एवं 26वां
(c) 29वां एवं 28वां (d) 27वां एवं 28वां

112. यदि 13 * 45 = 29,
24*58 = 41,
74*32 = 53, हो,
तो 97*47 का मान क्या होगा?

(a) 73 (b) 72
(c) 63 (d) 64

113. एक कूट भाषा में ABCD को 2468 और EFGH को 1357 लिखा जाता है तो उसी कूट भाषा में CAGE को क्या लिखेंगे?

(a) 6453 (b) 6251
(c) 6521 (d) 6215

मानसिक अभिरूचि परीक्षा/बुद्धि लब्धि परीक्षा/तार्किक परीक्षा

114. कौन सी उत्तर आकृति निम्नलिखित प्रश्न में दिए गए शब्दों के बीच सही सम्बन्ध को दर्शाती हैं?
कमीज, वस्त्र, कपड़े

(a)  (b) 
(c)  (d) 

115. कौन सी उत्तर आकृति प्रश्न आकृति के प्रतिरूप को पूरा करती है?



(a)  (b) 
(c)  (d) 

116. दी गई उत्तर आकृतियों में से उसे चुनिए जिसमें प्रश्न आकृति निहित है?

(a) (b)
(c) (d)

117. प्रश्न आकृति में दिखाए अनुसार कागज़ को मोड़कर छेद करने तथा खोलने के बाद यह किस उत्तर आकृति जैसा दिखाई देगा?





(a) (b) (c) (d)

118. नीचे एक शब्द का दर्पण प्रतिबिम्ब दिखाया गया है। वास्तविक शब्द क्या होगा?



(a) ENIRAM (b) MAREIN
(c) ENIMAR (d) MARINE

119. निम्नलिखित प्रश्न में विकल्पों में दिए गए संख्या–समूह, अक्षरों के दो वर्गों द्वारा दर्शाए गए हैं, जैसे कि नीचे दिए गए दो आव्यूहों में है। आव्यूह I के स्तम्भ और पंक्ति की संख्या 0 से 4 तक दी गई है, और आव्यूह II के 5 से 9 तक, इन आव्यूहों से एक अक्षर को पहले उसकी पंक्ति और बाद में स्तम्भ संख्या द्वारा दर्शाया जा सकता है। उदाहरण के लिए, B को 00, 13, आदि द्वारा दर्शाया जा सकता है तथा A को 55, 69, आदि द्वारा दर्शाया जा सकता है। इसी तरह से आपको दिए शब्द LION के लिए समूह को पहचानना है।

MATRIX I

	0	1	2	3	4
0	B	N	G	L	D
1	G	L	D	B	N
2	D	B	N	G	L
3	N	G	L	D	B
4	L	D	B	N	G

MATRIX II

	5	6	7	8	9
5	A	I	K	O	R
6	I	K	O	R	A
7	K	O	R	A	I
8	O	R	A	I	K
9	R	A	I	K	O

(a) 03, 55, 76, 33 (b) 11, 65, 77, 22
(c) 23, 79, 85, 43 (d) 11, 88, 99, 22

120. यदि निम्नलिखित संख्याओं को बढ़ते क्रम में लगाया जाये, तो दूसरी संख्या का अंतिम अंक क्या होगा?
394, 287, 512, 463, 958
(a) 4 (b) 7
(c) 2 (d) 8

121. वह संख्या ज्ञात कीजिये जिसके अंकों का गुणनफल उसके अंकों के योग से दुगुना है
(a) 18 (b) 22
(c) 36 (d) 45

122. निम्नलिखित प्रश्न में दिए गए विकल्पों में से संबंधित शब्द युग्म को चुनिए।
ऊर्जा : वॉट : : ? : ?
(a) दाब : न्यूटन (b) बल : पास्कल
(c) प्रतिरोध : सेल्सियस (d) कार्य : जूल

123. निम्नलिखित प्रश्न में दिए गए विकल्पों में से संबंधित अक्षरों को चुनिए।
NPBG : OQCH :: AJOT : ?
(a) BKPU (b) BUPK
(c) BHKP (d) HBKU

124. निम्नलिखित प्रश्न में दिए गए विकल्पों में से संबंधित संख्या को चुनिए–
101 : 10201 : : 107 : ?
(a) 10707 (b) 10749
(c) 11449 (d) 11407

125. निम्नलिखित प्रश्न में दिए गए विकल्पों में से विषम शब्द को चुनिए–
(a) सिंह (b) तेन्दुआ
(c) साँप (d) बाघ

126. निम्नलिखित प्रश्न में दिए गए विकल्पों में से विषम अक्षरों को चुनिए–
(a) NPR (b) TVW
(c) FHJ (d) KMO

127. निम्नलिखित प्रश्न में दिए गए विकल्पों में से विषम अक्षरों को चुनिए–
(a) 69 (b) 59
(c) 61 (d) 53

128. निम्नलिखित शब्दों को शब्दकोश में आने वाले क्रम के अनुसार लिखें–
1. Ropped 2. Roster 3. Roasted
4. Road 5. Roller
(a) 35412 (b) 45312
(c) 34512 (d) 43512

129. एक अनुक्रम दिया गया है, जिसमें से एक पद लुप्त है। दिए गए विकल्पों में से वह सही विकल्प चुनिए, जो अनुक्रम को पूरा करें।
BCF, CDG, DEH, ?
(a) EFI (b) EFG
(c) DFI (d) EGI

130. निम्नलिखित प्रश्न में दिए गए विकल्पों में से लुप्त अंक ज्ञात कीजिए।
2, 5, 12, 27, ?
(a) 53 (b) 56
(c) 57 (d) 58

131. 'A' और 'B' भाई हैं। 'C' और 'D' बहनें हैं। A का पुत्र D का भाई है। B का C से क्या संबंध है?
(a) पिता (b) भाई
(c) पितामह (d) चाचा

132. राखी की सगाई 10 वर्ष पहले हुई थी। राखी की वर्तमान आयु उसकी सगाई के समय की आयु की 5/3 है। यदि राखी की माँ की वर्तमान आयु उसकी वर्तमान आयु की दोगुनी है, तो राखी की सगाई के समय उसकी माँ की आयु (वर्षों में) क्या थी?
(a) 50 (b) 40
(c) 30 (d) 60

133. दिए गए प्रश्न में, निम्नलिखित विकल्पों में से वह शब्द चुनिए जो दिए गए शब्दों के अक्षरों का प्रयोग करके नहीं बनाया जा सकता है।
SUSPENSEFULNESS
(a) SENSE (b) FUELS
(c) USEFUL (d) FULLNESS

134. एक विशिष्ट कोड भाषा में, "BAD" को "7" लिखा जाता है तथा "SAP" को "9" लिखा जाता है। इस कोड भाषा में "BAN" को किस प्रकार लिखा जाएगा?
(a) 8 (b) 3
(c) 4 (d) 6

135. निम्नलिखित प्रश्न में, किन्हीं दो गणितीय संक्रियाओं को आपस में परस्पर बदलकर दिए गए समीकरण को सही कीजिए।
$9 \times 3 + 8 \div 4 - 7 = 28$
(a) × तथा − (b) + तथा −
(c) ÷ तथा + (d) × तथा ÷

136. यदि 4* 5 % 3 = 8000 तथा 2 * 3 % 2 = 36 हो, तो 4 * 3 % 3 = ?
(a) 432 (b) 1728
(c) 36 (d) 144

137. निम्नलिखित प्रश्न में दिए गए विकल्पों में से प्रश्न चिन्ह (?) के स्थान पर आने वाली संख्या को चुनिए–



(a) 43 (b) 49
(c) 59 (d) 71

138. दी गई आकृति में कितने त्रिभुज हैं?

(a) 20 (b) 22
(c) 28 (d) 32

139. नीचे दिए गए प्रश्न में कुछ कथन और उनके बाद उन कथनों पर आधारित कुछ निष्कर्ष दिए गए हैं, हालांकि उनमें सामान्य ज्ञात तथ्यों से भिन्नता हो सकती है। सभी निष्कर्ष पढ़ें और फिर निर्धारित करें कि दिए गए कौन से निष्कर्ष, दिए गए कथनों के आधार पर युक्तिसंगत हैं।

कथन : I. कुछ कलम पेंसिल हैं।
II. सभी पेंसिल रबर हैं।
निष्कर्ष: I. कुछ कलम रबर हैं।
II. कोई कलम रबर नहीं है।
III. कुछ रबर पेंसिल हैं।
(a) केवल निष्कर्ष (II) सही है
(b) केवल निष्कर्ष (I) तथा निष्कर्ष (II) सही हैं
(c) केवल निष्कर्ष (I) तथा निष्कर्ष (III) सही है
(d) कोई भी निष्कर्ष सही नहीं है

140. वह आरेख चुनिए जो नीचे दिए गए वर्गों के बीच सही सम्बन्ध को दर्शाता है ? सम्पादक, प्रोफेसर और पुरुष:



141. दी गई आकृति में, कितने पेन नीले हैं?



(a) 23 (b) 19
(c) 12 (d) 15

142. कौन सी उत्तर आकृति प्रश्न आकृति के प्रतिरूप को पूरा करेगी?
प्रश्न आकृति :



उत्तर आकृतियाँ :



143. दी गई उत्तर आकृतियों में से उस उत्तर आकृति को चुनिए जिसमें प्रश्न आकृति निहित है।
प्रश्न आकृति :



उत्तर आकृतियाँ :



(a) (b) (c) (d)

144. यदि एक दर्पण को AB रेखा पर रखा जाए, तो दी गई उत्तर आकृतियों में से कौन सी आकृति प्रश्न आकृति की सही प्रतिबिम्ब होगी?

प्रश्न आकृति :



उत्तर आकृतियाँ :

(a) (b) (c) (d)

145. नीचे के प्रश्न आकृतियों में दिखाए अनुसार कागज को मोड़कर छेदने तथा खोलने के बाद वह किस उत्तर आकृति जैसा दिखाई देगा?

प्रश्न आकृतियाँ :



उत्तर आकृतियाँ :



(a) (b) (c) (d)

146. निम्नलिखित प्रश्न में एक या दो वक्तव्य दिये गये हैं, जिसके आगे चार निष्कर्ष/मान्यताएँ I, II, III और IV निकाले गये हैं। आपको विचार करना है कि वक्तव्य सत्य है चाहे वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होता हो। आपको निर्णय करना है कि दिए गए वक्तव्य में से कौन–सा निश्चित रूप से सही निष्कर्ष/मान्यता निकाला जा सकता है?

वक्तव्य I. सभी खगोलशास्त्री, वैज्ञानिक हैं।

वक्तव्य II. कुछ वैज्ञानिक दुकानदार हैं।

निष्कर्ष I. सभी खगोलशास्त्री दुकानदार हैं।

निष्कर्ष II. कुछ दुकानदार खगोलशास्त्री हैं।

निष्कर्ष III. कुछ दुकानदार वैज्ञानिक हैं।

निष्कर्ष IV. सभी वैज्ञानिक खगोलशास्त्री हैं।

(a) केवल I निष्कर्ष निकलता है

(b) निष्कर्ष I, II और III निकलते हैं

(c) केवल III निष्कर्ष निकलता है

(d) निष्कर्ष II और IV निकालते हैं

147. जिस पृष्ठ पर 2 बिन्दु है उसके ठीक सामने वाले पृष्ठ पर कितने बिन्दु होंगे?



(a) 1 (b) 5

(c) 4 (d) 6

148. निम्नलिखित में से कौन–सी आकृति 'कम्प्यूटर–कुशल', 'कम्प्यूटर–निरक्षर', 'कर्मचारियों' को दर्शाती है?

(a)

(b)

(c)

(d)

149. कौन–सी उत्तर आकृति प्रश्न आकृति के प्रतिरूप को पूरा करेगी?



(a) (b) (c) (d)

150. एक व्यक्ति ने पश्चिम की ओर चलना शुरू किया और 15 मीटर की दूरी तय की। फिर वह दांए मुड़कर 10 मीटर चला। उसके बाद दांए मुड़कर 5 मीटर चला और अंत में वह बाएं मुड़कर 15 मीटर चला। अब उस व्यक्ति का मुँह किस दिशा में है?

(a) उत्तर (b) दक्षिण

(c) पूर्व (d) पश्चिम

SOLUTION: PRACTICE SET-9

ANSWER

1. (c)	2. (b)	3. (d)	4. (a)	5. (d)	6. (c)	7. (d)	8. (b)	9. (c)	10. (d)
11. (c)	12. (c)	13. (d)	14. (c)	15. (d)	16. (a)	17. (c)	18. (c)	19. (b)	20. (a)
21. (a)	22. (c)	23. (a)	24. (b)	25. (c)	26. (d)	27. (b)	28. (b)	29. (b)	30. (a)
31. (d)	32. (c)	33. (d)	34. (d)	35. (a)	36. (d)	37. (d)	38. (d)	39. (b)	40. (d)
41. (b)	42. (b)	43. (d)	44. (c)	45. (c)	46. (c)	47. (b)	48. (c)	49. (c)	50. (b)
51. (b)	52. (b)	53. (c)	54. (c)	55. (d)	56. (c)	57. (b)	58. (b)	59. (b)	60. (b)
61. (a)	62. (a)	63. (d)	64. (a)	65. (a)	66. (c)	67. (c)	68. (d)	69. (c)	70. (c)
71. (d)	72. (d)	73. (d)	74. (a)	75. (a)	76. (d)	77. (b)	78. (c)	79. (d)	80. (d)
81. (b)	82. (d)	83. (d)	84. (a)	85. (c)	86. (c)	87. (c)	88. (a)	89. (c)	90. (d)
91. (a)	92. (a)	93. (a)	94. (b)	95. (d)	96. (c)	97. (d)	98. (a)	99. (a)	100. (a)
101. (a)	102. (c)	103. (d)	104. (c)	105. (c)	106. (a)	107. (b)	108. (b)	109. (a)	110. (c)
111. (b)	112. (b)	113. (b)	114. (a)	115. (d)	116. (a)	117. (b)	118. (d)	119. (d)	120. (a)
121. (c)	122. (d)	123. (a)	124. (c)	125. (c)	126. (b)	127. (a)	128. (d)	129. (a)	130. (d)
131. (d)	132. (b)	133. (d)	134. (a)	135. (d)	136. (b)	137. (d)	138. (b)	139. (c)	140. (a)
141. (a)	142. (a)	143. (a)	144. (c)	145. (b)	146. (c)	147. (d)	148. (b)	149. (d)	150. (a)

SOLUTION

1. (c)

अल्पकालिक अवधि के लिए रिजर्व बैंक द्वारा वाणिज्यिक बैंकों से जिस ब्याज दर पर नकदी (उधार) प्राप्त की जाती है, रिवर्स रेपो दर कहलाती है। वर्तमान रिवर्स रेपो दर–3.35%

रेपो दर- अल्पकालिक आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु (ओवर नाइट हेतु भी) जिस ब्याज दर पर वाणिज्यिक बैंक रिजर्व बैंक से नकदी ऋण प्राप्त करते है, रेपो दर कहलाती है। वर्तमान रेपो दर– 6.25%

बैंक दर- बैंक दर वह दर है, जिस पर केन्द्रीय बैंक व्यापारिक बैंकों को प्रथम श्रेणी की प्रतिभूतियों पर ऋण सुविधायें प्रदान करता है। वर्तमान बैंक दर– 4.25%

सांविधिक/वैधानिक तरलता अनुपात (Statutory Liquidity Rate)–किसी भी वाणिज्यिक बैंक में कुल जमा राशि का वह भाग (प्रतिशत) जो नकद स्वर्ण व विदेशी मुद्रा के रूप में उसे अपने पास अनिवार्य रूप से रखना पड़ता है, वैधानिक तरलता अनुपात (SLR) कहलाता है। बैंकों को वित्तीय संकट का सामना करने के लिए ऐसी व्यवस्था की गई है। वर्तमान सांविधिक तरलता अनुपात– 19.5%

2. (b)

उपराष्ट्रपति देश का दूसरा सर्वोच्च पद होता है। अनु. 66(3) में उपराष्ट्रपति के चुनाव हेतु योग्यताओं का वर्णन इस प्रकार है–(1) वह भारत का नागरिक हो (2) वह 35 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुका हो। (3) वह राज्यसभा सदस्य बनने के योग्य हो। (4) वह केन्द्र सरकार अथवा राज्य सरकार अथवा किसी स्थानीय प्राधिकरण या अन्य किसी सार्वजनिक प्राधिकारी के अन्तर्गत किसी लाभ के पद पर न हो। ध्यातव्य है कि वर्तमान राष्ट्रपति अथवा उपराष्ट्रपति, किसी राज्य का राज्यपाल और संघ अथवा राज्य का मंत्री किसी लाभ के पद पर नहीं माने जाते अतः वह उपराष्ट्रपति की उम्मीदवारी के योग्य होते है।

3. (d)

उच्चतम न्यायालय अनु-32 के अन्तर्गत तथा उच्च न्यायालय अनु-226 के अन्तर्गत रिट जारी कर सकते है। ये है- बंदी प्रत्यक्षीकरण, परमादेश, प्रतिबंध, उत्प्रेषण एवं अधिकार पृच्छा। 'अधिकार पृच्छा' न्यायालय द्वारा किसी व्यक्ति द्वारा सार्वजनिक कार्यालय में दायर अपने दावे की जांच के लिए जारी किया जाता है। अतः यह किसी व्यक्ति द्वारा लोक कार्यालय के अवैध अनाधिकार ग्रहण करने को रोकता है।

4. (a)

शासक	पिता	वंश
बिम्बिसार	भट्टिय	हर्यक वंश (544-412 ई.पू.)
बिन्दुसार	चन्द्रगुप्त मौर्य	मौर्य वंश (323-184 ई.पू.)
अशोक	बिन्दुसार	मौर्य वंश
चन्द्रगुप्त द्वितीय	समुद्रगुप्त	गुप्त वंश (320-550 ई.पू.)

यूनानी लेखों में बिन्दुसार को अभित्रोकोरिज, वायुपुराण में भद्रसार या वारिसार तथा जैन ग्रंथों में सिंहसेन कहा गया है।

5. (d)

राजवंशों का क्रम		संस्थापक
गुलाम वंश (1206-1290 ई.)	-	कुतुबुद्दीन ऐबक
खिलजी वंश (1290-1320 ई.)	-	जलालुद्दीन खिलजी
तुगलक वंश (1320-1414 ई.)	-	गयासुद्दीन तुगलक
सैय्यद वंश (1414-1451 ई.)	-	खिज्र खां
लोदी वंश (1451-1526 ई.)	-	बहलोल लोदी

6. (c)

पूर्व में प्लूटो भी सौरमण्डल का ग्रह था किन्तु चेक गणराज्य के प्राग शहर में अन्तर्राष्ट्रीय खगोलीय संघ (IAU) ने 24 अगस्त 2006 को प्लूटो को ग्रहों की श्रेणी से निकाल दिया क्योंकि यह यूरेनस की कक्षा का अतिक्रमण करता है। अतः इसे बौने ग्रहों की श्रेणी में डाल दिया गया एवं इस श्रेणी का नाम प्लूटोन्स रखा गया। अन्य ज्ञात बौने ग्रह है- एरिस, मेकमेक, सेरेस, हॉमी।

7. (d)

चट्टान (शैल)		उदाहरण
(1) अवसादी	–	चूना पत्थर, डोलोमाइट, बांग्लोमरेट, बलुआ पत्थर
(2) आग्नेय	–	ग्रेनाइट, बेसाल्ट, पेग्माटाइट, ग्रेबो, पिचस्टोन
(3) रूपान्तरित	–	क्वार्ट्जाइट स्लेट, संगमरमर

8. (b)

गेहूँ एक औषधि (शाक) के अन्तर्गत आता है। गेहूँ घास कुल (Graminlal Pamilr) का एक वर्षीय पौधा है। इसका वंश (Genus) ट्रिटिकम है। गेहूँ के दाने में सामान्यतः 8-15% प्रोटीन्स, 67-75% कार्बोहाइड्रेट, 1.5% वसा तथा 2.0% खनिज पाये जाते है। गेहूँ में ग्लूटिन नामक प्रोटीन अधिक मात्रा में पाया जाता है। गेहूँ में विटामिन B_1, B_2, B_6 व E पाये जाते है। इन विटामिनों का पिसाई के समय ह्रास हो जाता है।

9. (c)

सरीसृप (Reptialia) वर्ग के सभी जन्तु जमीन, दीवारों तथा पेड़ पर रेंगकर चलते है। अतः इन्हे रेप्टाइल कहते है। इसमें विभिन्न प्रकार के जन्तु जैसे-छिपकली, कछुआ, साँप, मगरमच्छ, स्फेनेडॉन आदि आते हैं। इन वर्ग के जन्तुओं के शरीर का ताप वातावरण के ताप के अनुसार घटता-बढ़ता रहता है अर्थात ये असमतापी (Cold blooded) होते हैं। इनकी त्वचा सूखी, खुरदरी तथा हार्नी शल्कों से ढकी रहती है। इसमें मादा अण्डे देती है।

10. (d)

मापक यंत्र		प्रयोग
1. तनावमापी	–	मृदाजल में तनाव मापना
2. पायरोमीटर	–	सुदूर स्थित ताप युक्त पिण्डों (सूर्य, तारा) का ताप मापना।
3. फोटोमीटर	–	विभिन्न प्रकार स्रोतों की तीव्रता की तुलना करने वाला उपकरण।
4. शुष्कार्द्रतामापी	–	वातावरण की आर्द्रता मापने वाला उपकरण।

11. (c)

राशि		मात्रक
बल	-	न्यूटन या किग्रा. मी./से.^{2}
दाब	-	पास्कल या न्यूटन/ मी.^{2}
शक्ति	-	वाट

12. (c)

जिन पदार्थों के अन्दर से ऊष्मा का संचरण (transmission) बहुत कम या मुश्किल से होता हैं उन्हे ऊष्मा का कुचालक (Bad Conductor) कहते है। जैसे- काँच (शीशा), लकड़ी, वायु, कपड़ा, ऊन आदि। जबकि जिन पदार्थों के अन्दर से ऊष्मा का संचरण बहुत तीव्रता या सुगमता से हो जाता है उन्हे ऊष्मा का सुचालक (Good Conductor) कहते हैं। जैसे- ताँबा, लोहा, एल्युमिनियम, चाँदी व मानव शरीर आदि।

13. (d)

रोम (ROM- Read Only Memory) कंप्यूटर की प्राथमिक स्टोरेज डिवाइस है। यह कंप्यूटर में डाटा को स्थायी रूप से संचित करती है। ध्यातव्य है कि (RAM-Random Access Memory) भी कंप्यूटर की प्राथमिक स्टोरेज डिवाइस है। यह कंप्यूटर में डाटा को अस्थायी रूप से संचित करता है।

14. (c)

रेडॉक्स अभिक्रिया (Redix Reaction) में ऑक्सीकरण व अपचयन की प्रक्रियाएँ साथ-साथ होती है। जंग लगना भी एक रेडॉक्स अभिक्रिया है। जंग फेरिक ऑक्साइड व फेरिक हाइड्रॉक्साइड का मिश्रण होता है। जो वातावरण में खुला रखे लोहे पर ऑक्सीजन व नमी की अभिक्रिया द्वारा मन्द गति से बनता रहता है। इस प्रकार कुछ ही वर्षों में खुली रखी लोहे की वस्तु नष्ट हो सकती है।

15. (d)

कोहरे का धुएँ के साथ मिश्रण धूम्र कोहारा (Smog) कहलाता है नगरीय एवं औद्योगिक केन्द्रों में धुएँ की अधिकता के कारण ये इन क्षेत्रों में प्रमुखता से बनता है। धूम्र कोहरे के घटक है- परिवर्तनशील जैविक यौगिक, नाइट्रोजन ऑक्साइड एवं सल्फर डाई ऑक्साइड।

16. (a)

1950 में गठित योजना आयोग के स्थान पर 1 जनवरी 2015 को नीति आयोग (National Institution for Transforming India- NITI) का गठन किया गया प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाला यह आयोग सरकार के थिंक टैंक (बौद्धिक संस्थान) के रूप में कार्य करेगा तथा केन्द्र सरकार के साथ-साथ राज्य सरकारों के लिए भी नीति निर्माण वाले संस्थान की भूमिका निभायेगा। सभी राज्यों के मुख्यमंत्री तथा केन्द्रशासित क्षेत्रों के उपराज्यपालों को नीति आयोग की अधिशासी परिषद (Governing Council) में शामिल किया गया है।

17. (c)

वैज्ञानिक	कार्य
(1) टी. एच. मैमन	- प्रथम कार्य करने वाली लेजर
(2) डब्लू. के रॉटजन	- X-किरणों की खोज
(3) ए. एच. टेलर	- राडार के विकास में योगदान

18. (c)

कलाकार		कला
गौरी शंकर देवीलाल	-	कथक
हरी प्रसाद चौरसिया	-	बाँसुरी
एम. एफ. हुसैन	-	चित्रकला
जाकिर हुसैन	-	तबला

19. (b)
ब्लेज पास्कल एक फ्रांसीसी वैज्ञानिक और गणितज्ञ थे। ब्लेज पास्कल ने दाब का पास्कल नियम दिया। इन्हीं के नाम पर दाब का मात्रक पास्कल रखा गया।

20. (a)
'दि सेल आउट' नामक पुस्तक के लेखक पॉल बेट्टी है। अरविन्द अडिगा द्वारा 'द व्हाइट टाइगर' नामक उपन्यास, एलिनोर कैटन द्वारा 'द लुमिनरीज' तथा हॉवर्ड जैकबसन द्वारा 'द फिकंलर क्वेश्चन' नामक उपन्यास लिखा गया है।

21. (a) : केन्द्रीय बजट 2021-22 के अनुसार भारत का कुल सार्वजनिक स्वास्थ्य क्षेत्र का आवंटन (जीडीपी का) 1.2 प्रतिशत है।

22. (c) : तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तईप एर्दोगन ने अमेरिका, फ्रांस और जर्मनी समेत 10 देशों के राजदूतों को देश छोड़ने का आदेश दिया उन्होंने तुर्की के घरेलू मामलो में दखल देने का आरोप लगाया।

23. (a) : छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कम लागत वाली जेनेरिक दवाएं प्रदान करने और राज्य के कमजोर लोगों को निर्बाध स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए श्री धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल योजना नाम से एक नई योजना शुरू की।

24. (b) : मीनू मुमताज बॉलीवुड के दिग्गज कलाकार और कॉमेडियन महमूद की बहन थी उनका 79 वर्ष की उम्र में हाल ही में निधन हो गया वे अभिनय के क्षेत्र से सम्बन्धित थी।

25. (c) : हाल ही में 24 अक्टूबर को विश्व पोलियों दिवस बनाया गया। भारत में सन्दर्भ में बात की जाए तो साल 2014 से भारत में अभी तक एक भी पोलियों का केस सामने नहीं आया है। साल 2014 में ही विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने भारत को पालियों मुक्त घोषित किया था।

26. (d) : इम्तियाज अली (डायरेक्टर) को भारत में रूसी फिल्म महोत्सव का ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त किया गया।

27. (b)
भारत सरकार द्वारा देश-विदेश में भारतीय कला के प्रति समझ बढ़ाने और प्रचार-प्रसार के लिए नई दिल्ली में 5 अगस्त 1954 को ललितकला अकादमी (राष्ट्रीय कला अकादमी) की स्थापना की गई थी। अकादमी के लखनऊ, कोलकाता, चेन्नई, नई दिल्ली, शिमला, भुवनेश्वर में क्षेत्रीय केन्द्र हैं, जिन्हें राष्ट्रीय कला केन्द्र के नाम से जाना जाता है। इन केन्द्रों पर पेंटिंग, मूर्तिकला मिट्टी के बर्तन और चित्रकला के विषयों में कलाकारों को कार्य सुविधाएँ प्रदान करने के लिए स्थापित किया गया है।

28. (b)
उत्तर प्रदेश की भौगोलिक सीमा कुल 9 राज्य (8 राज्य + 1 केन्द्रशासित) प्रदेश को स्पर्श करती है। ये राज्य उत्तराखण्ड, हिमांचल प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार तथा झारखण्ड है।

29. (b)
उत्तराखण्ड, उत्तर भारत में स्थित एक राज्य है जिसका गठन 9 नवम्बर 2000 को उत्तर प्रदेश से अलग कर 27वें राज्य के रूप में किया गया।

30. (a)
उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार ने केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्रालय के साथ मिलकर उत्तर प्रदेश में विद्यालय शिक्षा' सुधार के लिए महत्वपूर्ण ढांचा विकसित करने के लिए कदम उठाया है।

31. (d)
चारकुला नृत्य उत्तर प्रदेश के ब्रज क्षेत्र का नृत्य है। इस शैली में एक मुश्किल संतुलन नृत्य शामिल है जिसमें एक घूंघट काढ़े महिला नर्तकी सिर पर लकड़ी के पिरामिड के मंच पर एक साथ 108 लैंप रख कर नृत्य करती है। ऐसा विश्वास किया जाता है कि इस दिन राधा का जन्म हुआ है यह होली के तीसरे दिन किया जाता है।

32. (c)
महात्मा बुद्ध ने ज्ञान प्राप्ति के बाद अपना पहला उपदेश उत्तर प्रदेश के सारनाथ में पांच शिष्यों को दिया और अपने कार्यविधि की नींव रखी। इसे धर्म चक्र प्रवर्तन कहा जाता है।

33. (d)
अभ्रक पदार्थ बिजली का कुचालक है परन्तु ताप का सुचालक है। कुचालक में विद्युत धारा का प्रवाह नहीं होता है। इनकी विद्युत चालकता $10^{-10}-10^{-22}$ ओम$^{-1}$ सेमी$^{-1}$ कोटि की होती है।

उदाहरण–अधिकांश कार्बनिक (ग्रेफाइट को छोड़कर) तथा अकार्बनिक ठोस, लकड़ी, काँच, अभ्रक आदि जबकि जिनमें विद्युत धारा प्रवाहित होता है वे धातुये अच्छी चालक (सुचालक) होती हैं। जैसे–कॉपर, चाँदी आदि।

34. (d) अधिकांश कीट ट्रेकिया प्रणाली के द्वारा श्वास लेते हैं।

35. (a)
1 एकड़ = 4840 वर्ग गज = 4046.98 m^2
= 43560 $Feet^2$
= 0.4047 हेक्टेयर

36. (d)
रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया की स्थापना 1 अप्रैल 1935 ई॰ को हुई थी तथा इसका राष्ट्रीयकरण 1 जनवरी 1949 ई॰ में किया गया। सन ऑसबोर्न स्मिथ आर॰बी॰आई के प्रथम गर्वनर थे।

37. (d)
उत्तर प्रदेश के राज्य प्रतीक निम्नवत हैं–

राज्य पशु	–	बारहसिंहा
राज्य मछली	–	चीतल
राज्य पक्षी	–	सारस
राज्य वृक्ष	–	अशोक
राज्य पुष्प	–	पलाश/ढाक/टेसू

38. (d)
ग्राम पंचायत द्वारा उप प्रधान को उसके पद से हटाने के लिए ग्राम सभा के कुल सदस्यों में से कम से कम $\frac{2}{3}$ सदस्य के समर्थन की आवश्यकता पड़ती है। यह प्रस्ताव जिला पंचायत राज्य अधिकारी को भेजा जाता है। अविश्वास प्रस्ताव एक वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के पश्चात ही प्रस्तावित होता है। यदि एक बार प्रस्ताव निरस्त हो गया तो दोबारा ऐसा प्रस्ताव एक वर्ष तक नही लाया जा सकता।

39. (b)
शब्द 'धीरे-धीरे' में 'अव्ययी भाव समास है। जिस समास का **प्रथम पद प्रधान हो,** अव्यय भी हो तथा दूसरा पद संज्ञा हो उसे अव्ययी भाव समास कहते हैं। जैसे-प्रत्येक = एक-एक के प्रति यहाँ प्रति प्रधान (अव्यय) तथा 'एक' संज्ञा है। जिस शब्द का दोनों पद प्रधान हो वह द्वन्द्व समास होता है। जैसे भाई-बहन, माता-पिता। जिस शब्द का प्रथम पद विशेषण तथा दूसरा पद विशेष्य (संज्ञा) हो 'कर्मधारय समास' होता है, जैसे- 'परम ईश्वर'। जिस शब्द में प्रथम पद संख्यावाची तथा दूसरा पद संज्ञा हो 'द्विगु समास' होता है। जैसे- इकतारा, दुगुना।

40. (d)
'आँख न दीदा काढ़े कसीदा' लोकोक्ति का अर्थ है - योग्यता न रहने पर भी काम करने की शेखी भरना।

41. (b)
'वही मनुष्य है जो मनुष्य के लिए मरे' में यमक अलंकार है। यमक अलंकार में एक ही शब्द दो या दो से अधिक बार आता है और प्रत्येक बार उसके अर्थ भिन्न-भिन्न होते हैं, इस पंक्ति में भी मनुष्य शब्द दो बार प्रयोग हुआ है और प्रत्येक बार उसके अर्थ अलग-अलग है।

42. (b)
'वागेश्वरी' का पर्यायवाची 'शारदा' है।
शारदा के अन्य पर्यायवाची शब्द हैं– भारती, बाह्मी, गिरा, सरस्वती, वीणापाणि आदि।

43. (d)
वाक्य का उचित क्रम होगा–
शुरु से ही /आर्थिक और सामाजिक अन्याय को
(iii) (v)
/बिना हिंसक विरोध के /भारतीय /सहते /चले आये हैं।
(ii) (i) (iv) (vi)

44. (c)
'तीन बेर खाती थी वे तीन बेर खाती हैं' में 'यमक अलंकार है। जहाँ पर वाक्य में कोई शब्द एक से अधिक बार आये किन्तु उनका अर्थ अलग-अलग हो यमक अलंकार होता है, यहाँ पहले 'तीन बेर' का अर्थ तीन बेर अर्थात् संख्यावाची से है तथा दूसरे 'तीन बेर' का अर्थ समय (सुबह दोपहर, शाम) में खाने से है।

45. (c)
'विस्मय' अद्भुद रस का स्थायी भाव है। शांत रस का स्थायी भाव 'निर्वेद', हास्य रस का स्थायी भाव 'हास' तथा वीभत्स रस का स्थायी भाव जुगुप्सा (घृणा) है।

46. (c)
प्रस्तुत पंक्ति में 'मिश्र वाक्य' है। ऐसे वाक्य जिनमें सरल वाक्य के साथ कोई दूसरा उपवाक्य शामिल हो, उन वाक्य को मिश्र वाक्य कहते हैं।

47. (b)
'जिसके बराबर कोई न हो' के लिए एक शब्द अनुपम होता है।

48. (c)
'बन्दर' का तत्सम रूप 'वानर' होता है। मरकट, कपि, हरि आदि बन्दर के पर्यायवाची शब्द है।

49. (c)
प्रस्तुत पंक्ति में 'रूपक अलंकार' है। जहाँ उपमेय को उपमान के रूप में मान लिया जाए वहाँ रूपक अलंकार होता है। जहाँ एक ही शब्द के अनेक अर्थ निकले, वहाँ 'श्लेष अलंकार' होता है। जहाँ एक वस्तु की तुलना दूसरे वस्तु से समान गुण भाव के कारण की जाए वहाँ 'उपमा अलंकार' होता है जहाँ केवल 'उपमान' के कथन द्वारा 'उपमेय' का बोध कराया जाए रूपकातिश्योक्ति अलंकार होता है।

50. (b)
'तीन लोक से मथुरा न्यारी' का अर्थ 'सबसे निराला' है।

51. (b)
मिथिलेश कुमारी 'सीता' को कहा जाता है। इनके अन्य नाम (पर्यायवाची) भूमिजा, वैदेही, जानकी, रामप्रिया, जनक सुता आदि है।

52. (b)
खड़ी बोली का प्रथम महाकाव्य अयोध्या प्रसाद 'हरिऔध' द्वारा रचित काव्य 'प्रिय प्रवास' है।

53. (c)
'अतः' शब्द का समानार्थी शब्द 'परिणामत' है। इसका शुद्ध रूप परिणामतः होगा।

54. (c)
'वृक्षों' से पत्ते झड़ते है' में अपादान कारक है।

	कारक		चिह्न
1.	कर्ता	-	ने
2.	कर्म	-	को
3.	करण	-	से, द्वारा
4.	सम्प्रदान	-	को, के लिए, हेतु
5.	अपादान	-	से (अलग होने अर्थ में)
6.	सम्बन्ध	-	का, की, के, रा, री, रे
7.	अधिकरण	-	में, पर, विषय में
8.	सम्बोधन	-	हे! अरे! ऐ!

55. (d)
'विचार' में 'इक' प्रत्यय लगाने से 'वैचारिक' शब्द बनेगा। प्रत्यय का अर्थ है 'पीछे लगना' अर्थात् वे शब्द जो किसी शब्द में पीछे जुड़कर नये शब्द बनाते है प्रत्यय कहलाते हैं।

56. (c)
मेरा एक भाई और पाँच बहनें हैं। शुद्ध वाक्य है।

57. (b)
'बुढ़ापा' भाववाचक संज्ञा है। जिन संज्ञा शब्दों से गुण-दोष, भाव का बोध होता है उन्हें भाववाचक संज्ञा कहते हैं। जिस शब्द से व्यक्तियों या वस्तुओं की पूरी जाति का बोध हो उसे जातिवाचक संज्ञा कहा जाता है। जैसे- लड़का, गाय, घर, शिक्षक, मंत्री। जिस शब्द से एक ही व्यक्ति या वस्तु का बोध हो उसे व्यक्तिवाचक संज्ञा कहा जाता है। जैस- राम, गंगा, पटना, रामायण। जिस शब्द से अनेक वस्तुओं या प्राणियों के समूह का बोध हो उसे समूहवाचक संज्ञा कहा जाता है, जैसे- परिवार, संघ, ढेर।

58. (b)
'मीनाक्षी' का अर्थ मछली की तरह गोल आँखों वाली होता है।

59. (b)
'सम्पन्नता' का विलोम निर्धनता, 'आपत्ति' का विलोम अनापत्ति, 'विपत्ति' का विलोम 'सम्पत्ति' तथा 'आफत' का विलोम 'शांत' होता है।

60. (b)
अज्ञानी का पर्याय - अज्ञ, मूर्ख, अनभिज्ञ, पागल मूढ़ आदि है जबकि 'भिज्ञ' का विलोम 'अनभिज्ञ' होता है।

61. (a)
'जैसा' विशेषण व्याकरणात्मक कोटि का है। जिस शब्द से संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता का बोध हो उसे विशेषण कहा जाता है।

62. (a)
लुटेरा में 'एरा' प्रत्यय है। एरा प्रत्यय वाले अन्य वाक्य चितेरा, बटेरा सँपेरा, कैंसेरा आदि हैं।

63. (d)
निस्संकोच में प्रयुक्त उपसर्ग 'निः' है उपसर्ग का अर्थ है उप (समीप) + सर्ग (सृष्टि करना) - किसी शब्द के समीप आकर नया शब्द बनाना। नि - उपसर्ग से बने शब्द हैं - 'निवारण, निपात, नियोग, निषेध।

64. (a)
'पीछे चलने वाले' शब्द के लिए एक शब्द 'अनुगत' होता है।

65. (a)
'आधि' का अर्थ मानसिक कष्ट होता है। उदाहरण गाँव के लोग आधि-व्याधि से पीड़ित हैं।

66. (c)
'काटना' का तत्सम रूप 'कर्तन' होता है। तत्सम संस्कृत के शुद्ध शब्दों को कहते हैं।

67. (c)
रुपये 'खनकते' हैं।

68. (d)
'निशा' का विशेषण रूप 'नैश' होगा। जबकि निशाचर से तात्पर्य रात में विचरण करने वाला, निशीथ का तात्पर्य मध्य रात्रि से तथा निशान्त से तात्पर्य निशा का अंत (रात का चौथा पहर) से है।

69. (c)
'आठ कनौजिया नौ चूल्हे' लोकोक्ति का अर्थ 'अलगाव की स्थिति' होता है।

70. (c)
'चक्रपाणि' अर्थात् विष्णु में बहुब्रीहि समास है। जब दो शब्द मिलकर तीसरे शब्द की प्रधानता बताते हैं तो वहाँ बहुब्रीहि समास होता है। जैसे- चतुर्भुज अर्थात् चार हैं भुजाएँ जिसकी।

71. (d)
'उच्छ्वास' का संधि विच्छेद उत् + श्वास है यह एक व्यंजन संधि है।

72. (d)
क्ष, त्र, ज्ञ, श्र संयुक्त व्यंजन है। जबकि 'फ' स्पर्शी व्यंजन है।

73. (d)
निः+कलंक का संधि 'निष्कलंक' होगा। यह विसर्ग संधि है।

74. (a)
'नील गगन' में कर्मधारय समास है। जिस समास में पहला पद विशेषण तथा दूसरा पद विशेष्य (संज्ञा) हो वहाँ कर्मधारय समास होता है। जैसे 'नील गगन' में नील विशेषण तथा गगन विशेष्य है।

75. (a)
'कौमुदी' चाँदनी का पर्यायवाची शब्द है। चाँदनी के अन्य पर्यायवाची शब्द– चन्द्रिका, ज्योत्स्ना, जुन्हाई आदि हैं।

76. (d)

A तथा B द्वारा 1 दिन में किया गया काम $= \frac{1}{30}$ भाग

A तथा B द्वारा 20 दिन में किया गया काम $= \frac{20}{30} \Rightarrow \frac{2}{3}$ भाग

$\therefore$ शेष काम $= 1 - \frac{2}{3} \Rightarrow \frac{1}{3}$ भाग

प्रश्नानुसार,

A द्वारा 20 दिन में किया गया काम $= \frac{1}{3}$ भाग

$\therefore$ A काम पूरा करेगा $= 20 \times 3$

$= 60$ दिन

77. (b)
ΔABC एक समबाहु त्रिभुज है।



भुजाएँ AB = BC = CA = 6 से.मी.

$\therefore AD = \frac{\sqrt{3}}{2} \times AB$

$= \frac{\sqrt{3}}{2} \times 6 = 3\sqrt{3}$

$\because$ समबाहु त्रिभुज में AG : GD = 2 : 1

$\therefore AG = \frac{2}{3} AD$

$= \frac{2}{3} \times 3\sqrt{3}$

$\Rightarrow 2\sqrt{3}$ से.मी.

78. (c)

माना अंकित मूल्य = 100

25% बट्टे का विक्रयमूल्य

$$=100\times\left(1-\frac{25}{100}\right)$$

$$=100\times\frac{75}{100}=75$$

पुनः 15% बट्टे पर विक्रयमूल्य

$$=100\times\left(1-\frac{15}{100}\right)$$

$$=100\times\frac{85}{100}=85$$

अतः विक्रयमूल्य में प्रतिशत वृद्धि $=\frac{85-75}{75}\times100\%$

$$=\frac{10}{75}\times100\%$$

$$=\frac{40}{3}\%$$

$$\Rightarrow 13\frac{1}{3}\%$$

79. (d)

अनुपात $=\frac{1}{2}:\frac{2}{3}:\frac{4}{5}$

$$=15:20:24$$

$\therefore$ दूसरा भाग $=\frac{20}{15+20+24}\times177$

$$=\frac{20}{59}\times177$$

$$=60$$

80. (d)

माना कि लाभ = x% है।

$\because$ 69रु. में बेचने से x % का लाभ होता है

तथा 78 रु. में बेचने से 2x% का लाभ होता हे।

$\therefore$ प्रश्न से,

$$(2x-x)\% = 78-69$$

$$x\% = 9$$

अतः वस्तु का क्रयमूल्य = विक्रयमूल्य − लाभ

$$=69-9$$

$$=₹\ 60$$

81. (b)

माना कि राम और रहीम की आयु क्रमशः 10x और 11x हैं।

प्रश्नानुसार,

रहीम की आयु का प्रतिशत $=\frac{11x}{10x}\times100\%$

$$=110\%$$

82. (d)

$$\text{औसत चाल} = \frac{\text{कुल तय की गई दूरी}}{\text{कुल लिया गया समय}}$$

$$=\frac{2\times160}{\frac{160}{32}+\frac{160}{40}}$$

$$=\frac{320}{5+4}\Rightarrow\frac{320}{9}$$

$\Rightarrow$ 35.55 कि.मी./घंटा

83. (d)

राम और हरी के द्वारा 1 दिन में काटी गयी गिरी $=\frac{12}{2}=6$ कि.ग्रा.

5 दिन में दोनों के द्वारा काटी गई गिरी = 5 × 6 = 30 कि.ग्रा.

शेष बची गिरी = 58 − 30 = 28 कि.ग्रा.

अब 8 दिन में राम के द्वारा काटी गई गिरी = 28 कि.ग्रा.

$\therefore$ 1 दिन में $=\frac{28}{8}=3.5$ कि.ग्रा.

तथा 1 दिन में हरी के द्वारा काटी गई गिरी = 6 − 3.5

= 2.5 कि.ग्रा.

$\therefore$ 10 कि.ग्रा. गिरी काटने में हरी के द्वारा लिया

गया समय $=\frac{10}{2.5}=4$ दिन

84. (a)

माना अंकित मूल्य = ₹ 100x

$\therefore$ विक्रय मूल्य $=100x\times\frac{90}{100}=₹\ 90x$

लागत मूल्य = ₹ 720.

$\therefore$ प्रश्नानुसार,

विक्रय मूल्य $=\frac{(100+\text{लाभ}\%)}{100}\times\text{क्रयमूल्य}$

$$90x=\frac{(100+15)}{100}\times720$$

$$x=\frac{115\times720}{100\times90}=\frac{115\times8}{100}=\frac{46}{5}$$

अतः वस्तु का अंकित मूल्य = 100x

$$=100\times\frac{46}{5}=₹\ 920$$

85. (c)

माना राशि = ₹x

प्रश्नानुसार,

A की राशि = $₹\frac{x}{2}$

B की राशि = $₹\frac{x}{3}$

C की राशि = ₹ 1200

$\therefore \frac{x}{2}+\frac{x}{3}+1200 = x$

$x-\frac{x}{2}-\frac{x}{3}=1200$

$\frac{6x-3x-2x}{6}=1200$

$\frac{x}{6}=1200$

$x = ₹7200$

अतः A की राशि $=\frac{x}{2}=\frac{7200}{2}=₹3600$

86. (c)

माना लागत मूल्य = ₹ 100x

∴ प्रश्नानुसार,

बिक्री मूल्य $=100x\times\frac{8}{5}=₹160x$

लाभ % $=\frac{\text{बिक्री मूल्य - लागत मूल्य}}{\text{लागत मूल्य}}\times 100$

$=\frac{160x-100x}{100x}\times 100$

$=\frac{60x}{100x}\times 100 = 60\%$

87. (c)

माना सुभाष का वेतन = ₹100

∴ मनोज का वेतन = ₹60

दोनों के वेतन का अन्तर = 100 – 60 = ₹40

अतः प्रतिशत बढ़ोत्तरी $=\frac{40}{60}\times 100$

$=\frac{200}{3}\% = 66\frac{2}{3}\%$

88. (a)

4 घण्टे में यात्री गाड़ी द्वारा तय की गयी कुल दूरी

= 80 × 4 = 320 किमी.

तथा मालगाड़ी द्वारा 320 किमी. की दूरी तय करने में लगा कुल समय = 6 + 4 = 10 घण्टे

∴ मालगाड़ी की गति $=\frac{320}{10}$

= 32 किमी./घण्टा

89. (c)

साधारण ब्याज $=\frac{\text{मूलधन}\times\text{समय}\times\text{दर}}{100}$

$=\frac{4000\times 18\times 12}{100\times 12}\quad\left(\because \text{समय}=\frac{18}{12}\text{ वर्ष}\right)$

= ₹ 720

90. (d)

$\because a+\frac{1}{a}=2$

$\frac{a^2+1}{a}=2$

$a^2+1-2a=0$

$(a-1)^2=0$

$\therefore a = 1$

अतः $a^5+\frac{1}{a^5}=1^5+\frac{1}{1^5}=2$

91. (a)

माना मुर्गियों की संख्या x तथा गायों की संख्या y है।

∴ कुल पैर = 2x + 4y = 142

x + 2y = 71 .....(1)

और कुल सिर = x + y = 50 .....(2)

दोनों समी. को हल करने पर x = 29, y = 21

∴ गायों की संख्या = 21

92. (a)

$=\frac{3\sqrt{7}}{\sqrt{5}+\sqrt{2}}-\frac{5\sqrt{5}}{\sqrt{2}+\sqrt{7}}+\frac{2\sqrt{2}}{\sqrt{7}+\sqrt{5}}$

$=\frac{3\sqrt{7}(\sqrt{5}-\sqrt{2})}{(\sqrt{5}+\sqrt{2})(\sqrt{5}-\sqrt{2})}-\frac{5\sqrt{5}(\sqrt{2}-\sqrt{7})}{(\sqrt{2}+\sqrt{7})(\sqrt{2}-\sqrt{7})}+\frac{2\sqrt{2}(\sqrt{7}-\sqrt{5})}{(\sqrt{7}+\sqrt{5})(\sqrt{7}-\sqrt{5})}$

$=\frac{3\sqrt{35}-3\sqrt{14}}{5-2}-\frac{5\sqrt{10}-5\sqrt{35}}{2-7}+\frac{2\sqrt{14}-2\sqrt{10}}{7-5}$

$=\frac{3(\sqrt{35}-\sqrt{14})}{3}+\frac{5(\sqrt{10}-\sqrt{35})}{5}+\frac{2(\sqrt{14}-\sqrt{10})}{2}$

$=\sqrt{35}-\sqrt{14}+\sqrt{10}-\sqrt{35}+\sqrt{14}-\sqrt{10}=0$

93. (a)

गेहूँ और चीनी का कुल उत्पादन = 30 + 10 = 40%

चावल और चाय के उत्पादन में अंतर = 55–5 = 50%

दोनों में अनुपात = 40% : 50% = 4 : 5

94. (b)

चावल और चाय का उत्पादन = (55+5)% = 60%

गेहूँ का उत्पादन = 30 %

दोनों के उत्पादन का अंतर = 60 – 30 = 30%

अभीष्ट % $=\frac{30\times 100}{30}$

$=100\%$

95. (d)

$\because 100\% = 360^0$

$$\therefore 1\% = \frac{360^0}{100}$$

$$30\% = \frac{360^0}{100} \times 30$$

$$= 108^0$$

अत: गेहूँ % का मध्य कोण = 108^0

96. (c)

सूत्र से,

100% = 500000 किग्रा.

$$1\% = \frac{500000}{100} \text{ किग्रा.}$$

$$55\% = \frac{500000}{100} \times 55$$

= 275000 किग्रा

अत: देश में चावल का उत्पादन = 275000 किग्रा.

97. (d)

प्यासा जल पीता है। प्रश्न में जल को प्रकाश कहा गया है। अतः वह प्रकाश पियेगा।

98. (a)

जिस प्रकार,

$$\sqrt{169} + \sqrt{64} + \sqrt{81}$$

$$= 13 + 8 + 9 = 30$$

एवं

$$\sqrt{1296} + \sqrt{576} + \sqrt{100}$$

$$= 36 + 24 + 10 = 70$$

उसी प्रकार,

$$\sqrt{625} + \sqrt{x} + \sqrt{49} = 50$$

$$25 + \sqrt{x} + 7 = 50$$

$$\sqrt{x} = 50 - 32$$

$$\sqrt{x} = 18$$

$$x = 324$$

99. (a)

$A \xrightarrow{+2} C \xrightarrow{+3} F \xrightarrow{+4} J$

$Z \xrightarrow{-2} X \xrightarrow{-3} U \xrightarrow{-4} Q$

अतः शृंखला का अगला जोड़ा JQ होगा।

100. (a)

शृंखला इस प्रकार है–



101. (a)

प्रश्नानुसार,

श्रीधर = सुधा > मोहन, जयन्त > प्रीति > अंजु

अतः श्रीधर अंजु से बड़ा है।

102. (c)

जिस प्रकार,

A = 1

तथा A I D

1 × 9 × 4 = 36

उसी प्रकार,

B E L L

2 × 5 × 12 × 12 = 1440

103. (d)

जिस प्रकार,



उसी प्रकार,

WATER = ATEXXQIBVO

104. (c)

जिस प्रकार,

$A \xrightarrow{+2} C \xrightarrow{+2} E$

$N \xrightarrow{-3} K \xrightarrow{-3} H$

उसी प्रकार,

$R \xrightarrow{+4} V \xrightarrow{+4} Z$

अतः ? = V

105. (c)

सूत्र $M = \frac{2}{11}(H \times 30 \pm A^0)$

प्रश्नानुसार M = 25 तथा H = 3

$$\Rightarrow 25 = \frac{2}{11}(3 \times 30 \pm A^0)$$

$$\Rightarrow 25 = \frac{180 \pm 2A^0}{11}$$

$$\Rightarrow 2A^0 = 275 - 180$$

$$2A^0 = 95$$

$$A^0 = 47.5^0$$

106. (a)

जिस प्रकार,

शब्द SNOOKER में 7 अक्षर हैं 7 में एक जोड़कर = 8 कोड किया गया है। एवं शब्द ROBE में 4 अक्षर हैं, 4 में एक जोड़कर = 5 कोड किया गया है।

उसी प्रकार,

शब्द CRICKET में 7 अक्षर हैं, 7 में एक जोड़कर = 8 कोड किया जायेगा।

107. (b)

माना कामगारों की संख्या x थी ।

$M_1D_1 = M_2D_2$

$x \times 100 = (x - 10) \times 110$

$10x = 1100$

$x = 110$ व्यक्ति

108. (b)

चूँकि सप्ताह में दिनों की संख्या = 7

अतः $7x + x =$ $\boxed{8x \text{ दिन}}$

109. (a)

3, 10, 36, 180, 1080, 7560, 60480

$\times 3, \times 4, \times 5, \times 6, \times 7, \times 8$

अतः स्पष्ट है कि 10 के स्थान पर 9 होना चाहिए। अतः विकल्प (a) गलत हैं।

110. (c)

अनु > नेहा > राधा

अंजू > राधा > पूनम अतः पूनम सबसे छोटी है।

111. (b)

रवि का नीचे से स्थान = कुल संख्या – ऊपर से स्थान + 1

= 39 – 13 + 1 = 27वाँ

किशोर का नीचे से स्थान = कुल संख्या – ऊपर से स्थान + 1

= 39 – 14 + 1 = 25 + 1 = 26वाँ

112. (b)

जिस प्रकार,

$\frac{13+45}{2} = 29$

$\frac{24+58}{2} = 41$

तथा $\frac{74+32}{2} = 53$

उसी प्रकार, $\frac{97+47}{2} = 72$

अतः $\boxed{? \Rightarrow 72}$

113. (b)

A B C D = 2 4 6 8 }
E F G H = 1, 3, 5, 7 } अक्षर कोडिंग विधि से

तो C A G E = 6, 2, 5, 1 होगा।

114. (a)



उत्तर आकृति विकल्प (a) प्रश्न में दिये गये शब्दों के बीच सही सम्बन्ध दर्शाती है।

115. (d)

उत्तर आकृति विकल्प (d) प्रश्न आकृति के प्रतिरूप को पूरा करती है।

116. (a)

उत्तर आकृतियों को देखने से स्पष्ट है कि उत्तर आकृति विकल्प (a) में प्रश्न आकृति निहित है।

117. (b)

प्रश्न आकृति में दिखाए अनुसार कागज को माड़कर छेद करने तथा खोलने के बाद वह उत्तर आकृति विकल्प (b) जैसा दिखाई देगा।

118. (d)

दर्पण में दिखाए गये शब्द का वास्तविक शब्द MARINE है। क्योंकि किसी शब्द को दर्पण में देखने पर बायाँ, दायाँ हो जाता है तथा दायाँ, बायाँ हो जाता है।

119. (d)

व्याख्या में दिया गया शब्द LION

विकल्प–

(a)	03	55	76	33	गलत
	L	A	O	D	
(b)	11	65	77	22	गलत
	L	I	R	N	
(c)	23	79	85	43	गलत
	G	I	O	N	
(d)	11	88	99	22	सही
	L	I	O	N	

120. (a)

बढ़ता क्रम –

287, 394, 463, 512, 958

↑ दूसरी संख्या

अंतिम अंक = (4)

121. (c)

माना x y,

$\boxed{x \times y = 2(x + y)}$

विकल्प से जाँच करने पर–

$\boxed{3 \times 6 = 2(3 + 6)}$

18 = 18

अतः 36 होगा।

122. (d)

जिस प्रकार ऊर्जा का मात्रक वॉट है, उसी प्रकार कार्य का मात्रक जूल है।

123. (a)

जिस प्रकार,

$N \xrightarrow{+1} O$

$P \xrightarrow{+1} Q$

$B \xrightarrow{+1} C$

$G \xrightarrow{+1} H$

उसी प्रकार,

$A \xrightarrow{+1} \boxed{B}$

$J \xrightarrow{+1} \boxed{K}$

$O \xrightarrow{+1} \boxed{P}$

$T \xrightarrow{+1} \boxed{U}$

124. (c)

जिस प्रकार, $(101)^2 = 10201$

उसी प्रकार, $(107)^2 = 11449$

125. (c)

सिंह, तेन्दुआ और बाघ स्तनधारी वर्ग के प्राणी हैं जबकि साँप सरीसृप वर्ग का प्राणी है।

126. (b)

(a) $N \xrightarrow{+2} P \xrightarrow{+2} R$ (b) $T \xrightarrow{+2} V \xrightarrow{+1} W$

(c) $F \xrightarrow{+2} H \xrightarrow{+2} J$ (d) $K \xrightarrow{+2} M \xrightarrow{+2} O$

अतः विकल्प (b) अभीष्ट उत्तर होगा।

127. (a)

69 एक भाज्य संख्या है जबकि अन्य अभाज्य संख्याएँ है।

128. (d)

शब्दकोश में आने वाले क्रम के अनुसार लिखने पर,

(4) Road → (3) Roasted → (5) Roller → (1) Ropped → (2) Roster

129. (a)

अक्षर शृंखला का क्रम निम्नवत् है–

$B \xrightarrow{+1} C \xrightarrow{+1} D \xrightarrow{+1} \boxed{E}$

$C \xrightarrow{+1} D \xrightarrow{+1} E \xrightarrow{+1} \boxed{F}$

$F \xrightarrow{+1} G \xrightarrow{+1} H \xrightarrow{+1} \boxed{I}$

130. (d)

संख्या शृंखला का क्रम निम्नवत् है–

2 5 12 27 $\boxed{58}$

×2−1 ×2+2 ×2−3 ×2+4

131. (d)

सही सम्बन्ध–



अतः B, C का चाचा है।

132. (b)

माना राखी की वर्तमान आयु = x वर्ष

सगाई के समय राखी की आयु = (x − 10) वर्ष

प्रश्नानुसार,

$\therefore \quad x = \frac{5}{3}(x-10)$

$\Rightarrow \quad 3x = 5x - 50 \Rightarrow \quad 2x = 50 \Rightarrow \quad x = 25$

∴ राखी की माँ की वर्तमान आयु = 50 वर्ष

∴ राखी की सगाई के समय उसकी माँ की आयु

= 50 − 10 = 40 वर्ष

133. (d)

FULLNESS को दिए गए शब्द के अक्षरों से नहीं बनाया जा सकता क्योंकि उसमें Single 'L' का प्रयोग हुआ है।

134. (a)

जिस प्रकार,

B + A + D = 7

↓ ↓ ↓

2 1 4

S + A + P = 36 ⟶ 3 + 6 = 9

↓ ↓ ↓

19 1 16

उसी प्रकार,

B + A + N = 17 ⟶ 1 + 7 = 8

↓ ↓ ↓

2 1 14

135. (d)

$9 \times 3 + 8 \div 4 - 7 = 28$ दिया गया पद

× तथा ÷ को आपस में बदलने पर,

$9 \div 3 + 8 \times 4 - 7$

$= 3 + 32 - 7$

$= 28$

136. (b)

जिस प्रकार,

$4 * 5\% \ 3 = (4 \times 5)^3 = 8000$

$2 * 3\%\ 2 = (2\times3)^2 = 36$

उसी प्रकार,

$4 * 3\%\ 3 = (4\times3)^3 = 1728$

137. (d)

जिस प्रकार,

$(2\times3\times1\times5)+1 = 31$

$(2\times4\times6\times3)+1 = 145$

उसी प्रकार,

$(1\times2\times7\times5)+1 = 71$

अतः $\boxed{? = 71}$

138. (b)



अभीष्ट त्रिभुज = 10 त्रिभुज + Δ ABC + Δ AHC + Δ ABH + Δ BCH + Δ FHD + Δ DEF + Δ EFH + Δ DHE + Δ FDC + Δ FAC + Δ AFD + Δ ACD = 22 त्रिभुज

139. (c)



दिए गए कथन से स्पष्ट है कि– निष्कर्ष (I) तथा निष्कर्ष (III) सही है।

140. (a)



141. (a)

नीले पेन की संख्या = 19 + 4 = 23

142. (a)

विकल्प (a) में दी गई आकृति प्रश्न आकृति के प्रतिरूप को पूरा करेगी।

143. (a)

विकल्प (a) में दी गई आकृति में प्रश्न आकृति निहित है।

144. (c)

दर्पण प्रतिबिम्ब विकल्प (c) में दी गई आकृति के समान होगा।

145. (b)

प्रश्नानुसार, कागज को मोड़कर, छेदने तथा खोलने के बाद वह विकल्प (b) में दी गई आकृति के समान दिखेगा।

146. (c) प्रश्नानुसार,



केवल निष्कर्ष (iii) निकलता है।

147. (d)

सतह (3) और सतह (4) में एक बिन्दु उभयनिष्ठ (Common) लेकर clocke-wise घुमाने पर,

सतह III	1	2	3
सतह IV	1	6	4

अतः बिन्दु 2 के विपरीत बिन्दु 6 होगा।

148. (b)



इस प्रश्न का उत्तर आयोग विकल्प (d) को माना है। जबकि जो कम्प्यूटर कुशल होगा वह कम्प्यूटर निरक्षर नहीं होगा।

149. (d) प्रश्न आकृति को उत्तर आकृति (d) पूरा करेगी।

150. (a)



अतः अब उस व्यक्ति का मुँह उत्तर दिशा में है।

PRACTICE SET - 10

सामान्य जानकारी

1. किस शहर को अभी तक "राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र" में सम्मिलित नहीं किया गया है?
   (a) जींद (b) करनाल
   (c) अलीगढ़ (d) मुजफ्फरनगर
2. वर्तमान में उत्तर प्रदेश राज्य में कितने ग्राम पंचायत हैं?
   (a) लगभग 25000 (b) लगभग 32000
   (c) लगभग 42000 (d) लगभग 52000
3. निम्न में से किसने कभी भी भारत के उप-प्रधानमंत्री के रूप में कार्यभार नहीं संभाला?
   (a) मोरारजी देसाई (b) देवी लाल
   (c) वी॰पी॰ सिंह (d) लाल कृष्ण आड़वाणी
4. 'सामान्य संतुलन सिद्धांत' किसने प्रतिपादित किया था?
   (a) जे. एम. कीन्स (b) लिऑन वालरस
   (c) डेविड रिकार्डो (d) एडम स्मिथ
5. भारत के राष्ट्रपति के पद के लिए कौन शपथ दिलाता है?
   (a) भारत के गवर्नर जनरल
   (b) भारत के मुख्य न्यायाधीश
   (c) भारत के प्रधानमंत्री
   (d) भारत के उपराष्ट्रपति
6. निम्नलिखित में से किसने सम्प्रभुता के अद्वैत सिद्धांत दिए थे।
   (a) ऑस्टिन (b) डॉर्विन
   (c) अरस्तु (d) मार्क्स
7. निम्नलिखित घटनाओं का उनके घटनाक्रमानुसार सही क्रम क्या है?
   I. भारत छोड़ो आंदोलन II. शिमला सम्मेलन
   III. पूना समझौता IV. कैबिनेट मिशन
   (a) II, IV, I, III (b) III, IV, II, I
   (c) III, I, II, IV (d) IV, II, III, I
8. वर्ष 1917 में महात्मा गांधी द्वारा चंपारण से कौन सा आंदोलन शुरू किया गया था?
   (a) सत्याग्रह (b) असहयोग आंदोलन
   (c) भारत छोड़ो आंदोलन (d) स्वदेशी आंदोलन
9. वह देश, जो लगातार तीसरे साल भी फाइनेंशियल टास्क फोर्स (FATF) की ग्रे लिस्ट में बरकरार है?
   (a) अफगानिस्तान (b) बांग्लादेश
   (c) पाकिस्तान (d) दक्षिणी सूडान
10. मानव शरीर के गुर्दे इनमें से कौन सा कार्य करते हैं?
    (a) उत्सर्जन (b) श्वसन
    (c) पाचन (d) परिवहन
11. जब प्रकाश किसी किनारे या किसी दरार से गुजरती है, तो.....की वजह से तिरछी हो जाती है।
    (a) प्रतिबिम्ब (b) अपवर्तन
    (c) विवर्तन (d) पूर्ण आंतरिक प्रतिबिम्ब
12. मरूस्थल में मरीचिका या मृगतृष्णा बनने का मुख्य कारण क्या है?
    (a) प्रकाश अपवर्तन
    (b) प्रकाश का प्रतिबिम्ब
    (c) प्रकाश का पूर्ण आंतरिक प्रतिबिम्ब
    (d) प्रकाश का अपवर्तन तथा पूर्ण आंतरिक प्रतिबिम्ब दोनो
13. एफ.ओ.आर.टी.आर.ए.एन. का प्रयोग.....के लिए नहीं होता है।
    I. चित्र बनाने के लिए
    II. गणित संगणना के लिए
    (a) केवल (I)
    (b) केवल (II)
    (c) (I) तथा (II) दोनों
    (d) न तो (I) और न ही (II)
14. टेलिविजन का आविष्कार किसने किया था?
    (a) माइकल फेराडे (b) जोसेफ हेनरी
    (c) अब्बे कासीली (d) जॉन बेयर्ड
15. बॉलीबाल की एक टीम में कितने खिलाड़ी होते हैं?
    (a) 2 (b) 4
    (c) 6 (d) 5
16. निम्नलिखित का मिलान कीजिए।

मंदिर	भगवान
1 लिंगराज मंदिर, उड़ीसा	i. भगवान महावीर
2. तिजारा मंदिर, राजस्थान	ii. भगवान विष्णु
3. वेंकटेश्वर मंदिर तिरूपति	iii. भगवान शिव

    (a) 1-ii, 2-iii, 3-i (b) 1-iii, 2-i, 3-b
    (c) 1-a, 2-iii, 3-ii (d) 1-ii, 2-i, 3-iii
17. वैश्विक पेंशन सूचकांक-2021 की 42 देशों की सूची में भारत का स्थान है?
    (a) 32 (b) 36
    (c) 38 (d) 40
18. हाल ही में बंदुला वर्णपुरा का एक बीमारी के कारण निधन हो गया, वह किस देश के प्रथम टेस्ट कप्तान थे?
    (a) केन्या (b) श्रीलंका
    (c) बांग्लादेश (d) भारत
19. मॉस्मई गुफा में जिओरिसा मॉस्मईन्सिस (Georissa mawsmaiensis) नामक एक सूक्ष्म घोंघे की प्रजाति की खोज की गई है। यह गुफा किस राज्य में स्थित है?
    (a) मेघालय (b) मणिपुर
    (c) सिक्किम (d) त्रिपुरा
20. हाल ही में किस तिथि को विश्व आयोडीन अल्पता दिवस मनाया गया?
    (a) 19 अक्टूबर (b) 20 अक्टूबर
    (c) 21 अक्टूबर (d) 22 अक्टूबर
21. अगस्त 2018 में भारत-भारती सम्मान से पुरस्कृत साहित्यकार कौन है?
    (a) रमेश चन्द्र शाह (b) डा. आनंद प्रकाश दीक्षित
    (c) डा. रामचन्द्र शुक्ल (d) जयप्रकाश कर्दम

22. 'मुख्यमंत्री रोशन आपके द्वार' योजना किस राज्य सरकार की योजना है?
(a) मिजोरम (b) उत्तर प्रदेश
(c) मध्य प्रदेश (d) बिहार

23. निम्नलिखित में से किस सोशल मीडिया कंपनी पर ब्रिटेन के प्रतिस्पर्धा नियामक ने 6.94 करोड़ डॉलर का जुर्माना लगाया है?
(a) ह्वाट्सअप (b) फेसबुक
(c) ट्विटर (d) इन्स्टाग्राम

24. सांसद निधि की वर्तमान राशि कितनी है?
(a) पाँच करोड़ रुपये (b) एक करोड़ रुपये
(c) दो करोड़ रुपये (d) तीन करोड़ रुपये

25. 'डॉटर ऑफ द ईस्ट' नामक प्रसिद्ध पुस्तक की लेखिका कौन हैं?
(a) बेनज़ीर भुट्टो (b) अनिता देसाई
(c) अरुंधती राय (d) मेधा पाटकर

26. भारत में सर्वप्रथम मेडिकल कॉलेज कहाँ खुला था?
(a) लखनऊ (b) मद्रास (चेन्नई)
(c) वाराणसी (d) कलकत्ता (कोलकाता)

27. आत्महत्या की दर भारत में सर्वाधिक किस राज्य में है?
(a) सिक्किम (b) आन्ध्र प्रदेश
(c) ओडिशा (d) महाराष्ट्र

28. हाल ही में किस बैंक ने अपनी 51 शाखाओं को बंद करने की घोषणा की
(a) बैंक ऑफ बड़ौदा (b) बैंक ऑफ महाराष्ट्र
(c) बैंक ऑफ त्रावणकोर (d) इनमें से कोई नहीं

29. अधिवर्ष (लीप इयर) का जनक इनमें से किसे माना जाता है?
(a) नक्षत्रवेत्ता सोसीजेंस (b) पोप ग्रेगोरी XIII
(c) जुलियस सीज़र (d) इनमें से कोई नहीं

30. 'ग्लैसियर एक्सप्रेस' निम्नलिखित में से किस देश की प्रसिद्ध रेलगाड़ी है?
(a) अमरीका (b) नॉर्वे
(c) भारत (d) स्वीट्जरलैण्ड

31. 'बिनसर का जंगल' भारत के किस प्रदेश/केन्द्रशासित क्षेत्र में अवस्थित है?
(a) मध्य प्रदेश (b) हिमाचल प्रदेश
(c) लक्षद्वीप (d) उत्तराखण्ड

32. हाल ही में दुनिया की कौन-सी कंपनी 'ट्रिलियन डॉलर' वाली कंपनी बन गयी?
(a) रिलायंस (b) एयरटेल
(c) एप्पल (d) टाटा

33. निम्नलिखित में से मौर्य कला का सर्वोत्तम प्रतिमान कौन-सा है?
(a) स्तम्भ (b) स्तूप
(c) चैत्य (d) बारादरी

34. नेपाल के राष्ट्रगान के रचयिता कौन हैं?
(a) सुरेन्द्र मोहन (b) शांता सिन्हा
(c) पी.के. राय (d) जोहरा सहगल

35. "राजनैतिक प्रजातंत्र का तात्पर्य उस जीवन विधा से है जो जीवन में सैद्धांतिक रूप से उदारता, समानता और भ्रातृत्व को स्वीकारती है।" यह किसका कथन है?
(a) डॉ. बी.आर. अम्बेडकर (b) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
(c) डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् (d) डॉ. राममनोहर लोहिया

36. हाल ही में सुप्रीम कोर्ट में नियुक्त तीन जजों में शामिल नहीं है?
(a) न्यायमूर्ति इंद्रा बनर्जी
(b) न्यायमूर्ति डी.वाई. चंद्रचूड़
(c) न्यायमूर्ति विनीत सरन
(d) न्यायमूर्ति के.एम. जोसेफ

37. पाँच बार तामिलनाडु के मुख्यमंत्री रह चुके एम. करुणानिधि का निधन 7 अगस्त, 2018 को हो गया। वे किस पार्टी से संबंधित थे?
(a) द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (b) अन्नाद्रमुक
(c) भाजपा (d) कांग्रेस

38. 'घूमर' लोकनृत्य है :
(a) बिहार का (b) राजस्थान का
(c) मध्य प्रदेश का (d) छत्तीसगढ़ का

सामान्य हिन्दी

39. हिन्दी भाषा की कितनी विख्यात बोलियाँ हैं?
(a) चार (b) दस
(c) आठ (d) पाँच

40. हिन्दी भाषा का प्रथम प्रामाणिक ग्रंथ कौन-सा है?
(a) सतसई (b) रामलला नहछू
(c) पृथ्वीराज रासो (d) आल्हा उदल

41. निम्नलिखित में से कौन-सा हिन्दी साहित्य का काल-विभाजन नहीं है?
(a) आधुनिक काल (b) भक्ति काल
(c) रीति काल (d) संयुक्त काल

42. क्रियापरक व्याकरणिक कोटि चिन्हित कीजिए।
(a) कारक (b) लिंग
(c) वचन (d) पक्ष

43. 'चूड़ी अच्छी थी' में 'थी' कौन-सी क्रिया है?
(a) योजक क्रिया (b) अधिकारद्योतक क्रिया
(c) औचित्यबोधक क्रिया (d) अप्रत्यक्ष क्रिया

44. मूल अकर्मक धातुओं के साथ प्रत्यय जोड़कर बनाई गई क्रिया-धातुएँ क्या कहलाती हैं?
(a) संयुक्त धातु (b) द्विकर्मक धातु
(c) साधित सकर्मक धातु (d) समस्त धातु

45. "सारंग लै सारंग चल कई सारंग की ओट
सारंग झीनो पाइकें सारंग कई गई चोट।"
उक्त पद्य में कौन-सा अलंकार विद्यमान है?
(a) उत्प्रेक्षा अलंकार (b) श्लेष अलंकार
(c) यमक अलंकार (d) रूपक अलंकार

46. जुगुप्सा का स्थाई भाव किस रस से सम्बन्धित है?

(a) करुण रस (b) रौद्र रस
(c) वीभत्स रस (d) अद्भुत रस

47. निम्नलिखित में से कौन-सा छंद-प्रकार नहीं है?

(a) दृष्टांत (b) चौपाई
(c) दोहा (d) सोरठा

48. दीर्घ सन्धि, गुण सन्धि, वृद्धि सन्धि, यण् सन्धि व अयादि सन्धि-सन्धि के किस मूल भेद के अन्तर्गत सन्निहित हैं?

(a) व्यंजन सन्धि (b) स्वर सन्धि
(c) विसर्ग सन्धि (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

निर्देश (प्रश्न संख्या 49 और 50) : उपयुक्त समास चिह्नित कीजिए।

49. पथभ्रष्ट

(a) अव्ययीभाव (b) द्वन्द्व
(c) तत्पुरुष (d) कर्मधारय

50. अष्टाध्यायी

(a) बहुव्रीहि (b) द्विगु
(c) कर्मधारय (d) तत्पुरुष

51. सुमित्रानन्दन पंत को किस कृति पर ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला?

(a) स्वर्णधूलि (b) लोकायतन
(c) युगवाणी (d) चिदाम्बरा

52. ब्रजभाषा का विकास किस अपभ्रंश से हुआ?

(a) शौरसेनी (b) पैशाची
(c) मागधी (d) अर्द्ध-मागधी

निर्देश : (प्रश्न संख्या 53 से 57) : निम्नलिखित अवतरण पर आधारित पाँच प्रश्न दिए गए हैं। अवतरण को ध्यान से पढ़िए तथा प्रत्येक प्रश्न के उत्तर के लिए दिए गए चार विकल्पों में से उचित विकल्प का चयन कीजिए तथा निर्देशानुसार चिह्न लगाइए।

राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिए चरित्र निर्माण परम आवश्यक है। जिस प्रकार वर्तमान में भौतिक निर्माण का कार्य अनेक योजनाओं के माध्यम से तीव्र गति के साथ सम्पन्न हो रहा है, वैसे ही वर्तमान की सबसे बड़ी आवश्यकता यह है कि देशवासियों के चरित्र निर्माण के लिए भी प्रयत्न किया जाए। उत्तम चरित्रवान व्यक्ति ही राष्ट्र की सर्वोच्च संपदा है। जनतंत्र के लिए तो यह एक महान कल्याणकारी योजना है। जन-समाज में राष्ट्र, संस्कृति, समाज एवं परिवार के प्रति हमारा क्या कर्तव्य है इसका पूर्ण रूप से बोध कराना एवं राष्ट्र में व्याप्त समग्र भ्रष्टाचार के प्रति निषेधात्मक वातावरण का निर्माण करना ही चरित्र निर्माण का प्रथम सोपान है।

पाश्चात्य शिक्षा और संस्कृति के प्रभाव से आज हमारे मस्तिष्क में भारतीयता के प्रति 'हीन भावना' उत्पन्न हो गई है। चरित्र निर्माण, जो कि बाल्यावस्था से ही ऋषिकुल, गुरुकुल, आचार्यकुल की शिक्षा के द्वारा प्राचीन समय से किया जाता था, आज की लॉर्ड मेकाले की शिक्षा पद्धति से संचालित स्कूलों एवं कॉलेजों के लिए एक हास्यास्पद विषय बन गया है। आज यदि कोई पुरातन संस्कारी विद्यार्थी संध्यावंदन या शिखा-सूत्र रख कर भारतीय संस्कृतिमय जीवन बिताता है, तो अन्य छात्र उसे 'बुद्धू' या अप्रगतिशील कहकर उसका मजाक उड़ाते हैं। आज हम अपने भारतीय आदर्शों का परित्याग करके पश्चिम के अंधानुकरण को ही प्रगति मान बैठे हैं। इसका घातक परिणाम चारित्र्य-दोष के रूप में आज देश में सर्वत्र दृष्टिगोचर हो रहा है।

53. चरित्र निर्माण की परम आवश्यकता है

(a) समाजोपयोगी कार्यों के लिए
(b) राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिए
(c) राष्ट्र की योजनओं के संचालन के लिए
(d) मानवमात्र के कल्याण के लिए

54. जनतंत्र के लिए लाभकारी हो सकते हैं

(a) निष्ठावान श्रमिक (b) धनवान व्यक्ति
(c) उत्तम चरित्रवान व्यक्ति (d) शक्तिशाली सिपाही

55. उन्नत राष्ट्र के लिए विकास का प्रथम सोपान है?

(a) भ्रष्टाचार के प्रति निषेधात्मक वातावरण
(b) जनता में सांप्रदायिक सद्भाव
(c) राजनीति के कुशल दाँव-पेंच
(d) चरित्र निर्माण के लिए शैक्षिक वातावरण

56. अप्रगतिशील रूप में मजाक उड़ाया जाता है, जो

(a) पाश्चात्य संस्कृति को हृदय से अपनाता है
(b) सत्संग में अधिक समय नहीं बिताता
(c) धार्मिक वातावरण में जीवन बिताता है
(d) भारतीय संस्कृतिमय जवन बिताता है

57. भारतीयता के प्रति हीन भावना का कारण है :

(a) पुरातन संस्कारी संस्कृतिमय जीवन
(b) लॉर्ड मेकाले की शिक्षा पद्धति
(c) प्राचीन गुरुकुल की शिक्षा पद्धति
(d) वर्तमान वैज्ञानिक शिक्षा पद्धति

निर्देश (प्रश्न संख्या 58 से 62) : निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न में तीन वाक्य दिए गए हैं। त्रुटि वाले वाक्यांश को चुनिए और उसके अनुरूप (a), (b), (c) पर चिह्न लगाइए। यदि वाक्य त्रुटिहीन हो, तो (d) पर चिह्न लगाइए।

58.

(a) 'रामचरितमानस' भक्तिकाल (b) की सबसे श्रेष्ठतम
(c) रचना मानी जाती है (d) कोई त्रुटि नहीं

59.

(a) ठंड के दिनों में (b) प्रातःकाल के समय
(c) सर्दी काफी बढ़ जाती है (d) कोई त्रुटि नहीं

60.

(a) जब मोहन सभा स्थल (b) पर पहुँचा तब सभा
(c) विसर्जन हो चुकी थी (d) कोई त्रुटि नहीं

61.

(a) मैं जिस बस से (b) जा रहा था वह
(c) बहुत भरी हुई थी (d) कोई त्रुटि नहीं

62.

(a) उसने लिखा था कि (b) उसकी दुकान पर शुद्ध गाय
(c) का घी मिलता है (d) कोई त्रुटि नहीं

निर्देश : (प्रश्न संख्या 63 से 67) : निम्नलिखित प्रत्येक कहावत के लिए चार-चार समानार्थक वाक्यांश दिए गए हैं। उनमें से सही उत्तर के रूप में विकल्प का चयन कीजिए और उत्तर-पत्र पर चिह्न लगाइए।

63. पत्थर को जोंक नहीं लगती

(a) सबल का शोषण नहीं होता
(b) मजबूत चीज़ आसानी से खराब नहीं होती
(c) दो धूर्तों में प्रायः टकराव नहीं होता
(d) हठी पर कोई प्रभाव नहीं होता

64. विहंगम दृष्टि
(a) गहरी नज़र (b) तीखी नज़र
(c) मंद नज़र (d) सरसरी नज़र

65. 'वाणी + औचित्य' का सही संधि शब्द कौन-सा है?
(a) वाण्यौचित्य (b) वाणौचित्य
(c) वाण्यैचित्य (d) वाणौचित्य

66. 'अन्वीक्षण' का संधि-विच्छेद कौन-सा है?
(a) अनु + ईक्षण (b) अन + वीक्षण
(c) अनू + ईक्षण (d) अनु + इक्षण

67. 'शीतर्तु' का संधि-विच्छेद कौन-सा है?
(a) शि + रतु (b) शिता + रुतु
(c) शीत + ऋतु (d) शित + रितु

निर्देश : (प्रश्न संख्या 68 से 70) : निम्नलिखित वाक्यों में उनके प्रथम तथा अन्तिम अंश संख्या 1 और 6 के अन्तर्गत दिए गए हैं। बीच वाले चार अंश (य), (र), (ल), (व) के अन्तर्गत बिना क्रम के हैं। चारों अंशों को उचित क्रमानुसार व्यवस्थित कर सही विकल्प चुनिए।

68. 1. समय को परखने वाला
(य) और समय की (र) रंक से धनाढ्य
(ल) करोड़पति से भिखारी (व) उपेक्षा करने वाला
6. हो जाता है।
(a) र ल य व (b) ल य र व
(c) र य व ल (d) ल र य व

69. 1. भारतीय गाँवों के
(य) अभी भारत सरकार को
(र) सुधार के लिए
(ल) और राज्य सरकारों को
(व) बहुत प्रयत्न
6. करना होगा
(a) ल र य व (b) र य ल व
(c) र य व ल (d) ल य र व

70. 1. समाचार – पत्रों में
(य) प्रकाशित विज्ञापनों (र) आवश्यक तथा उत्तमोत्तम
(ल) पदार्थों से (व) द्वारा लोग उपयोगी
6. परिचित होते हैं।
(a) र य व ल (b) र ल य व
(c) य र ल व (d) य व र ल

71. "राम सीता से सुंदर है।" इस वाक्य में कौन-सा कारक है?
(a)करण कारक (b) अपादान कारक
(c)संप्रदान कारक (d) संबंध कारक

72. निम्न में से कौन-सा व्यंजन स्पर्शसंघर्षी है?
(a) ज (b) र
(c) ह (d) ष

73. हिन्दी आकृति की दृष्टि से निम्नलिखित में से किस प्रकार की भाषा है?
(a) प्रश्लिष्ट योगात्मक (b) आयोगात्मक
(c) श्लिष्ट योगात्मक (d) अश्लिष्ट योगात्मक

74. सकल-शकल का अर्थ क्या होता है?
(a) कला और कृति (b) सन् और संवत्
(c) संपूर्ण और अंश (d) सबल और निर्बल

75. "ऐ राकेश! यहाँ आओ" इस वाक्य में कौन सा कारक है?
(a) अधिकरण कारक (b) सम्बोधन कारक
(c) कर्त्ता कारक (d) करण कारक

संख्यात्मक एवं मानसिक क्षमता

76. A किसी काम को 9 दिन में पूरा कर सकता है। जबकि B उसे 12 दिन में कर सकता है। A और B मिलकर उसे कितने दिन में पूरा कर सकेंगे?
(a) $5\frac{1}{7}$ दिन (b) $5\frac{2}{7}$ दिन
(c) $6\frac{1}{7}$ दिन (d) $6\frac{2}{7}$ दिन

77. एक फुटकर विक्रेता किसी वस्तु के अंकित मूल्य पर 40% की छूट प्राप्त करता है। यदि फुटकर विक्रेता उसे अंकित मूल्य पर बेचता है तो उसे प्रतिशत लाभ होगा?
(a) 40% (b) 55%
(c) $66\frac{2}{3}\%$ (d) 75%

78. एक मिश्रण में स्पिरिट और पानी 3:2 के अनुपात में है। यदि इसमें पानी की तुलना में 3 लीटर अधिक स्पिरिट हो, तो मिश्रण में स्पिरिट की मात्रा कितनी है?
(a) 12 लीटर (b) 10 लीटर
(c) 9 लीटर (d) 8 लीटर

79. यदि 25 पेनों का लागत मूल्य 20 पेनों के बिक्री मूल्य के बराबर हो, तो कितने प्रतिशत लाभ होगा?
(a) 20% (b) 25%
(c) 15% (d) 5%

80. एक संख्या को 10% कम किया जाता है और परिणामी संख्या को फिर 20% कम किया जाता है, तो अंत में कमी का प्रतिशत क्या होगा?
(a) 25% (b) 26%
(c) 27% (d) 28%

81. दो स्थानों A और B के बीच की दूरी 60 कि.मी. है। दो कारें एक ही समय में A और B से चलना शुरू करती है और क्रमशः 35 कि.मी. प्रतिघंटा और 25 कि.मी. प्रतिघंटा की गति से चलती है। यदि दोनों कारें एक ही दिशा में चलती है तो वे कितने समय (घंटे) बाद मिलेगी?
(a) 6.5 (b) 6.2
(c) 6 (d) 6.52

82. वह राशि क्या होगी जिस पर 5 वर्षों में 6% प्रति वर्ष के दर पर 60 रु. साधारण ब्याज मिलेगा?
(a) ₹ 200 (b) ₹ 225
(c) ₹ 175 (d) ₹ 300

83. A और B के काम करने की दर 2:3 के अनुपात में है। उनके द्वारा काम को पूरा करने में लिए गए दिनों का अनुपात क्या होगा?
(a) 2:3 (b) 4:9
(c) 3:2 (d) 9:4

84. दो धनात्मक संख्याओं का अनुपात 3:4 है। उनके वर्गों का योग 400 है। संख्याओं का योग कितना है?

(a) 28 (b) 22
(c) 24 (d) 26

85. यदि बिक्री मूल्य पर 10% की हानि होती है, तो लागत मूल्य पर हानि की दर क्या होगी?

(a) $11\frac{1}{9}\%$ (b) $9\frac{1}{11}\%$
(c) 10% (d) 11%

86. यदि "आधार बिन्दुओं" को इस प्रकार परिभाषित किया जाए कि 1 प्रतिशत 100 आधार बिन्दुओं के बराबर है तो कितने आधार बिन्दु 62.5 प्रतिशत से 82.5 प्रतिशत अधिक है?

(a) 0.2 (b) 20
(c) 200 (d) 2000

87. ध्वनि 330 मीटर प्रति सेकेण्ड की गति से यात्रा करती है। यदि बादलों के गर्जने की आवाज बिजली चमकने के 10 सेकेंड बाद सुनाई दे तो उसकी दूरी (किलोमीटर में) कितनी होगी?

(a) 0.33 km (b) 3.3 km
(c) 33 km (d) 33.3 km

88. कितनी राशि पर 2 वर्ष की R% पर साधारण ब्याज R होगा?

(a) ₹ 100 (b) ₹ 25
(c) ₹ 50 (d) ₹ 200

89. यदि $P^2+\frac{1}{P^2}=47$, हो, तो $P+\frac{1}{P}$ का मान बताएँ?

(a) 5 (b) 6
(c) 7 (d) 8

90. यदि 28 वस्तुओं का लागत मूल्य 21 वस्तुओं के बिक्री मूल्य के बराबर है, तो लाभ प्रतिशत कितना है ?

(a) 12% (b) $33\ ^1/_3\%$
(c) 20% (d) 22%

91. पिछले वित्त वर्ष में एक कार कंपनी ने 41,800 कारें बेची। इस वर्ष 51,300 कारें बेचने का लक्ष्य है। बिक्री को कितने प्रतिशत बढ़ाना होगा ?

(a) $11\frac{9}{22}\%$ (b) $8\frac{9}{22}\%$
(c) $8\frac{11}{23}\%$ (d) $22\frac{8}{11}\%$

92. यदि स्थिर जल में नौका की गति 20 कि0मी0/ घण्टा है और धारा की गति 5 किमी./घण्टा हो तो धारा की गति के साथ 100 किमी की यात्रा तय करने में नौका को कितना समय लगेगा?

(a) 2 घंटे (b) 3 घंटे
(c) 4 घंटे (d) 7 घंटे

93. कोई धनराशि 8 वर्ष में स्वतः दुगुनी हो जाती है, तो ब्याज दर (प्रतिशत में) कितनी है ?

(a) $8\frac{1}{2}\%$ (b) 10 %
(c) $10\frac{1}{2}\%$ (d) $12\frac{1}{2}\%$

निर्देश (प्रश्न संख्या 94 से 95) : लुप्त संख्या को ज्ञात कीजिए।

94. नीचे अक्षरों की एक शृंखला दी गई है, जो कुछ निश्चित क्रम में है। इस क्रम का निर्धारण कीजिए और विकल्पों में से शृंखला के अगले दो अक्षरों का चयन कीजिए:

ZAXDVGTJRMP

(a) PR (b) PS
(c) PN (d) NS

95. नीचे दी गई शृंखला में कौन-सी संख्या गलत है?

3, 13, 31, 58, 91, 111

(a) 111 (b) 58
(c) 31 (d) 91

96. एक व्यक्ति 4 किमी. लम्बी सुरंग में एक रेलगाड़ी को घुसते हुए देखता है। यदि रेलगाड़ी की लम्बाई सुरंग की लम्बाई का आठवाँ भाग हो और वह 6 मिनट में सुरंग से बाहर निकल गई हो, तो उसकी रफ्तार कितनी है?

(a) 48 किमी./घंटा (b) 40 किमी./घंटा
(c) 45 किमी./घंटा (d) 50 किमी./घंटा

निर्देश (प्रश्न संख्या 97 से 98): एक शब्द के बाद चार अन्य शब्द दिए गए हैं, जिनमें से एक शब्द का दिए गए शब्द के अक्षरों का उपयोग करके गठन नहीं किया जा सकता है। चार विकल्पों में से वह शब्द ज्ञात कीजिए।

97. ENTERTAINING

(a) TERTIARY (b) INERTIA
(c) TANNING (d) TREATING

98. PERSEVERANCE

(a) ENERVATE (b) PRESERVE
(c) SEVERE (d) SERENE

99. निम्नलिखित प्रश्न में एक वक्तव्य दिये गये हैं, जिनके आगे दो निष्कर्ष/मान्यताएँ, I और II निकाले गये है। आपको विचार करना है कि वक्तव्य सत्य है, चाहे व सामान्यतः ज्ञात तथ्यो से भिन्न प्रतीत होता हो। आपको निर्णय करना है कि दिए गये वक्तव्य में से कौन-सा निश्चित रूप से सही निष्कर्ष/मान्यता निकाला जा सकता है।

वक्तव्य : अहिंसा मानव जीवन का मूल सिद्धान्त होना चाहिए। हम सभी को अहिंसा अपनानी चाहिए।

निष्कर्ष :

I. हम सभी अहिंसा का वास्तविक अर्थ जानते हैं।

II. अहिंसा वैश्विक सौहार्द को बढ़ावा देती है।

(a) केवल निष्कर्ष I सही है
(b) केवल निष्कर्ष II सही है
(c) निष्कर्ष I और II दोनों सही हैं।
(d) ना तो निष्कर्ष I सही है और ना ही निष्कर्ष II सही है।

निर्देश: (प्रश्न संख्या 100 और 101) : यदि '–' है गुणन, '+' है विभाजन, '.' है घटाव तथा '+' है जोड़ना, तो सही समीकरण ज्ञात कीजिए।

100.(a) $5 \div 8 - 3 \,.\, 3 = 36$ (b) $9 + 3 - 1 \div 9 = 10$
(c) $15 \,.\, 2 - 3 + 3 = 39$ (d) $9 - 7 \div 7 + 7 = 64$

101.(a) $17 \,.\, 1 - 4 \div 8 = 29$ (b) $15 - 7 \,.\, 5 + 20 = 104$
(c) $25 \div 7 \,.\, 2 - 5 = 22$ (d) $10 + 5 \,.\, 2 \div 13 = 15$

102.हनीफ़ को इच्छा होती है कि वह अपने दोस्त जोसेफ़ की घर का पता लगाए, जिसका घर उसके घर से 20 किमी. पूर्व की ओर है। हनीफ़ अपने घर से उत्तर की ओर 5 किमी. चल पड़ता है और दाहिना मोड़ लेते हुए और 11 किमी. चलता है। फिर वह दाहिना मोड़ लेता है और 9 किमी. चलता है। फिर वह बायाँ मोड़ लेता है और 9 किमी चलता है। उस जगह पर आकर वह जोसेफ़ को ढूँढनें में मुश्किल में पड़ जाता है और रुक जाता है। वहाँ से कितनी दूरी और किस दिशा में हनीफ़ को चलना चाहिए ताकि वह जोसेफ़ का घर पता कर सके?

(a) उसे बाईं ओर मुड़कर 9 किमी. चलना चाहिए
(b) उसे दाईं ओर मुडकर 4 किमी. चलना चाहिए
(c) उसे बाईं ओर मुड़कर 4 किमी. चलना चाहिए
(d) उसे सीधा 9 किमी. चलना चाहिए

103.यदि *A* गणित के लिए चुने छात्रों की संख्या का *B* जीवविज्ञान की संख्या का तथा *C* भौतिक विज्ञान की संख्या का प्रतिनिधित्व करता है, तो कितने छात्रों ने दोनों भौतिक विज्ञान और जीवविज्ञान को चुना है (वृत्त के अन्दर का आँकड़ा छात्रों की संख्या को निरूपित करता है)?



(a) 38 (b) 10
(c) 26 (d) 32

104.यदि किसी महीने का 10वाँ दिन शनिवार होता है, तो उस महीने का 27वाँ दिन होगा।

(a) शनिवार (b) मंगलवार
(c) सोमवार (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

